3 राजधानी
एलडीए में नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

6 अभिमत
भूमि संबंधी विवाद निपटाने का तरीका

10 विदेश
रूस ने ब्रितानी दावे को किया खारिज

11 विविध
भव्य संगीत यात्रा

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 97
लखनऊ, मंगलवार, 25 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मंधाना को आईसीसी सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# सपा ने 159 उम्मीदवारों की जारी की सूची

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## एमवाई समीकरण को किया मजबूत, 30 मुसलमान और 12 यादवों को बनाया प्रत्याशी

**समाजवादी** पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को 159 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। इस सूची में सपा का एम और वाई फैक्टर काफी मजबूत नजर आ रहा है। लिस्ट के हिसाब से सपा ने 30 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है। साथ ही 12 यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। सपा ने 9 महिला उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है। उम्मीदवारों की सूची में सपा मुखिया अखिलेश यादव का नाम सबसे ऊपर है। अखिलेश यादव करहल सीट से चुनाव लड़ेंगे, इसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। सपा की नई लिस्ट में भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे का नाम नहीं हैं। रामपुर सीट से सपा सांसद आजम खां को उम्मीदवार बनाया है जो कि मौजूदा समय में जेल में है। इसके साथ ही स्वार विधानसभा सीट से आजम के बेटे अब्दुल्ला को प्रत्याशी बनाया गया है।

शामली जिले की कैराना विधानसभा सीट से नाहिद हसन को सपा ने उम्मीदवार बनाया है जो कि मौजूदा समय में जेल में है। इसके अलावा जसवंत नगर से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, ऊंचाहार से मनोज पांडेय,नकुड़ से धर्मपाल सैनी पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अलावा घोषित प्रत्याशियों में समाजवादी पार्टी ने सहारनपुर जनपद की बेहटा विधानसभा सीट सीट से उमर अली खान, सहारनपुर नगर से संजय गर्ग, सहारनपुर देहात से आशु मलिक, देवबंद से कार्तिकेय राणा, गंगोह से इंद्रसेन को प्रत्याशी बनाया गया है। मुजफ्फरनगर जनपद की चरथावल विधानसभा सीट से पंकज कुमार मलिक, बिजनौर जनपद की नजीबाबाद से तस्लीम अहमद, नगीना से मनोज कुमार पारस, बढ़ापुर से कपिल कुमार, धामपुर से नईम उल हसन, चांदपुर से स्वामी ओमवेश, नूरपुर से राम अवतार सिंह को प्रत्याशी बनाया है। मुरादाबाद की कांठ विधानसभा सीट से कमाल अख्तर, ठाकुरद्वार से नवाब जान, मुरादाबाद से मोहम्मद नासिर, मुरादाबाद नगर से मोहम्मद यूसुफअंसारी, कुंदरकी से जियाउर रहमान, बिलारी से मोहम्मद फहीम इरफान को सपा ने फिर से प्रत्याशी घोषित किया है। इसे प्रकाश संभल जनपद की चंदौसी विधानसभा सीट से कुमारी कमलेश, असमोली से पिंकी सिंह, संभल से इकबाल मसूद, गन्नौर से रामखिलाड़ी सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा रामपुर जनपद की चमरव्वा सीट से नसीर अहमद खान, बिलासपुर से अमरजीत सिंह, मिलक से विजय सिंह को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। अमरोहा





जनपद की धनऔर सीट से विवेक सिंहए नौगांवा सादात से समर पाल सिंह, अमरोहा से महबूब अली, हसनपुर से मुखिया गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा मेरठ जनपद की सरधना से अतुल, हस्तिनापुर से योगेश वर्मा, किठौर से शाहिद मंजूर, मेरठ से रफीक अंसारी, मेरठ दक्षिण से मोहम्मद आदिल को प्रत्याशी बनाया गया है। गाजियाबाद जनपद की साहिबाबाद से अमरपाल, खास गाजियाबाद से विशाल वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। हापुड़ जनपद की धौलाना से असलम अली, गढ़मुक्तेश्वर से रविंद्र चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। गौतमबुध नगर जनपद की नोएडा विधानसभा सीट से सुनील चौधरी, दादरी से राजकुमार को प्रत्याशी घोषित किया गया है। बुलंदशहर जनपद की सिकंदरा से राहुल यादव, डिबाई से हरीश कुमार, खुर्जा से बंसी सिंह को प्रत्याशी बनाया है। अलीगढ़ जनपद की अतरौली से वीरेश यादव छपरा से लक्ष्मी धनगर स्कूल से शायद इस हाल अलीगढ़ से जफर आलम को समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। हाथरस जनपद की हाथरस सीट से बृजमोहन को प्रत्याशी घोषित किया गया है जबकि मथुरा की मार्ट सीट से संजय लाठर व मथुरा खास से देवेंद्र अग्रवाल को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। आगरा जनपद की एत्मादपुर से डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, आगरा कैंट से कुंवर चंद, आगरा दक्षिण से विनय अग्रवाल, आगरा उत्तरी से ज्ञानेंद्र, फतेहाबाद से रूपाली दीक्षित, बाह से मधुसूदन शर्मा को समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है। फिरोजाबाद जनपद की टूंडला से राकेश बाबू, जसराना से सचिन यादव, फिरोजाबाद से सैफउर रहमान, शिकोहाबाद से मुकेश वर्मा, सिरसागंज से सर्वेश सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी प्रकार कासगंज जनपद की कासगंज विधानसभा सीट से मान पाल सिंहए अमापुर से सत्यभान सिंह शाक्य, एटा जनपद की अलीगढ़ विधानसभा सीट से रामेश्वर सिंह यादव, एटा से जुगेंद्र सिंह यादव, जलेसर से रणजीत सुमन को प्रत्याशी बनाया गया है। मैनपुरी जनपद की मैनपुरी विधानसभा सीट से राजकुमार उर्फ राजू यादव, भोगांव से आलोक शाक्य, किशनी से बृजेश कठेरिया को प्रत्याशी घोषित किया गया है। बदायूं जनपद की बिसौली विधानसभा सीट से आशुतोष मौर्य, सहसवान से बृजेश यादव, बिल्सी से चंद्र प्रकाश मौर्य, शेखपुर से हिमांशु यादव, दांतगंज से अर्जुन सिंह को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। बरेली जनपद की बहेड़ी से अताउर रहमान, मीरगंज से सुल्तान बैग, भोजपुरा से सहजिल इस्लाम अंसारी, नवाबगंज से भगवत शरण गंगवार, फरीदपुर से विजय पाल सिंह, बिथरी चैनपुर से अगम मौर्य, बरेली से राजेश कुमार अग्रवाल, बरेली कैंट से सुप्रिया ऐरन, आंवला से पंडित राधा कृष्ण शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। पीलीभीत जनपद के पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र से डॉक्टर शैलेंद्र गंगवार, बरखेड़ा से हेमराज वर्मा, पूरनपुर से आरती को प्रत्याशी घोषित किया गया है। शाहजहांपुर की कटरा विधानसभा सीट से राजेश यादव, जलालपुर से नीरज नलिनी, तिलहर से रोशन लाल वर्मा, पुवाया से उपेंद्र पाल सिंह, शाहजहांपुर से तनवीर खान, गजरौला से राजेश कुमार वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। लखीमपुर जनपद की पलिया से विपिन पाल सिंह काकू, निघासन से आर एस कुशवाहा, गोला गोकरण से विनय तिवारीए, श्रीनगर से रामशरण, लखीमपुर से उत्कर्ष वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसी प्रकार सीतापुर जनपद की महोली से अनूप गुप्ता, सीतापुर से राधेश्याम जयसवाल, हरगांव से रामहित भारती, बिसवां से अफजाल कौसर, सेवता से महेंद्र सिंह झीन बाबू, महमूदाबाद से पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है। हरदोई जनपद की शाहाबाद से आसिफ खान बब्बू, हरदोई से अनिल वर्मा, गोपामऊ से राजेश्वरी, बिलग्राम मल्लावां से बृजेश कुमार वर्मा टिल्लू भैया को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह से उन्नाव जनपद की सफीपुर विधानसभा सीट से सुधीर रावत, मोहान से डॉक्टर आंचल वर्मा, उन्नाव से अभिनव कुमार, भगवंत नगर से अंकित परिहार, पुरवा से उदय राज को प्रत्याशी बनाया है। जनपद रायबरेली की हरचंदपुर से राहुल लोधी, सरेनी से देवेंद्र प्रताप सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। फर्रुखाबाद जनपद की कायमगंज से सर्वेश अंबेडकर, अमृतपुर से डॉक्टर जितेंद्र यादव, फर्रुखाबाद से सुमन मौर्या, भोजपुर से अरशद जमाल को प्रत्याशी घोषित किया गया है। कन्नौज जनपद की छिबरामऊ से अरविंद यादव, तिर्वा से अनिल कुमार पाल, कन्नौज सीट से अनिल कुमार को समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है। इटावा जनपद की भरथना से राघवेंद्र कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है जबकि औरैया जनपद की दिबियापुर से प्रदीप यादव, औरैया से जितेंद्र दोहरे को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। कानपुर देहात जनपद की रसूलाबाद विधानसभा सीट से कमलेश चंद्र दिवाकर, अकबरपुर रनिया से आरती कुशवाहा, भोगनीपुर से नरेंद्र पाल सिंह, बिठूर से मुनिंद्र शुक्ला को प्रत्याशी घोषित किया गया है। (शेष पेज 9)

# पाकिस्तान को भारत का असली दुश्मन नहीं मानते अखिलेशः पात्रा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने एक साक्षात्कार को लेकर सपा प्रमुख पर साधा निशाना

**बीजेपी** के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संबित पात्रा ने लखनऊ में एक प्रेस वार्ता करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि जो पाकिस्तान से करे प्यार, वो पाकिस्तान से कैसे करे इनकार!

डॉ. पात्रा ने कहा कि आज सुबह-सुबह हम सब ने एक प्रमुख समाचार पत्र में अखिलेश यादव का एक इंटरव्यू पढ़ा जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत का असली दुश्मन पाकिस्तान नहीं है। यह तो भाजपा है जो पाकिस्तान को अपना दुश्मन मानती है और वोट बैंक के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधती है। उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस के दिन अखिलेश यादव का यह संदेश कि पाकिस्तान भारत का दुश्मन नहीं है, बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है। अखिलेश यादव का पाकिस्तान से प्यार का इजहार करने वाला यह बयान उनकी मानसिकता को दिखाता है। अखिलेश यादव को इस दुर्भाग्यपूर्ण बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए और अपनी इस नापाक हरकद के लिए देश से क्षमा मांगनी चाहिए।

पाकिस्तान को भारत का दुश्मन नहीं बताने वाले बयान पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अखिलेश यादव पर हमले की धार को और तेज करते हुए कहा कि क्या कश्मीर के लोग हमारे भाई नहीं हैं? जिन कश्मीर के लोगों पर रोज पाकिस्तान की गोली चलती है जो निर्दोष कश्मीरी पाकिस्तान की ओर से भेजे जाने वाले आतंकवादी की हरकतों से मारे जाते हैं, क्या उनका जीवन, जीवन नहीं है? पात्रा ने कहा कि जो पाकिस्तान हर समय भारत के खिलाफषड्यंत्र कर आतंकवादी हमला की कोशिश करता है, क्या भारत का दुश्मन पाकिस्तान नहीं है? डॉ पात्रा ने कहा कि जिन्ना का नाम लेते हुए अखिलेश यादव चुनावी मैदान में उतरे थे और आज वह पाकिस्तान तक पहुंच गए हैं। हमने इस बार चुनाव में यह बात नहीं कही। जिन्ना को भी यूपी के चुनाव में लेकर अखिलेश यादव ही आये थे और अब पाकिस्तान को भी अखिलेश यादव ही यूपी के चुनाव में लेकर आये हैं। (शेष पेज 9)

# इस सप्ताह के अंत तक टाटा की हो जाएगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** एयर इंडिया को इस सप्ताह के अंत तक टाटा समूह को सौंपा जा सकता है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने एक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिए पिछले साल आठ अक्टूबर को टाटा संस की एक कंपनी की तरफ से लगाई गई बोली को स्वीकार कर एयर इंडिया के अधिग्रहण को मंजूरी दी थी। एयर इंडिया के साथ उसकी किफायती विमान सेवा एयर इंडिया एक्सप्रेस की भी शत-प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री की जाएगी। साथ ही उसकी ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी एआईएसएटीएस की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह को दी जाएगी। उस समय सरकार की तरफ से कहा गया था कि इस अधिग्रहण से जुड़ी औपचारिकताओं को दिसंबर के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा, हालांकि बाद में इसमें देरी हुई। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि इस सौदे को लेकर बाकी औपचारिकताएं अगले कुछ दिनों में पूरी होने की उम्मीद है और इस सप्ताह के अंत तक विमानन कंपनी को टाटा समूह को सौंप दिया जाएगा।

# पंजाब में भाजपा 65, कैप्टन की पार्टी 37 सीटों पर लड़ेगी

## गठबंधन के तीसरे सहयोगी शिअद (संयुक्त) के खाते में आईं 15 सीटें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आगामी** पंजाब विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 65 सीटों पर जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली पंजाब लोक कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन के तीसरे सहयोगी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा नीत शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के खाते में 15 सीटें आई हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सोमवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि पंजाब सीमा पर स्थित राज्य है और देश की सुरक्षा के लिए यहां स्थिर और मजबूत सरकार बनना आवश्यक है।



नई दिल्ली में पंजाब विधान सभा के लिए सीटों के विभाजन की घोषणा के समय उपस्थित कैप्टन अमरिंद सिंह, अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

पाकिस्तान द्वारा पंजाब में ड्रग्स और हथियारों की तस्करी और ड्रोन के माध्यम से देश की सुरक्षा को चुनौती देने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का ही माध्यम नहीं है। सरकार बदलना ही इस चुनाव का उद्देश्य नहीं है। यह चुनाव आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए और पंजाब को स्थिरता देने के लिए है, क्योंकि पंजाब सुरक्षित रहता है तो देश सुरक्षित रहता है। पंजाब की 117 विधानसभा सीटों के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था और उसने 23 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। हालांकि वह मात्र तीन सीटें ही जीत सकी थी। वर्तमान में उसके दो ही विधायक हैं, क्योंकि एक सीट पर उपचुनाव में उसके उम्मीदवार को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। नड्डा ने कहा कि पंजाब में एनडीए गठबंधन हुआ है। इसके तहत भाजपा, पंजाब लोक कांग्रेस और शिअद (संयुक्त) मिलकर पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। (शेष पेज 9)

# लखनऊ की आईपीएल टीम का नाम होगा लखनऊ सुपर जायंट्स

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) की लखनऊ फ्रेंचाइजी का नाम लखनऊ सुपर जायंट्स रखा गया है। टीम के मालिक संजीव गोयनका ने सोमवार को एक वीडियो संदेश में इसका नाम साझा किया। आरपीएसजी समूह की स्वामित्व वाली लखनऊकी टीम ने प्रशंसकों से नाम को लेकर राय मांगी थी, जिसके बाद टीम का नाम लखनऊ सुपर जायंट्स रखने का फैसला किया गया। गोयनका ने नाम की घोषणा करते हुए कहा, नाम बनाओ नाम कमाओ प्रतियोगिता को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। लाखों लोगों ने प्रतिक्रिया दी, जिसके आधार पर हम लखनऊआईपीएल टीम के लिए नाम चुनकर बहुत खुश हैं। न्होंने कहा, आपकी सिफारिशों के आधार पर हमने जो नाम चुना है वह है लखनऊ सुपर जायंट्स। आपकी प्रतिक्रिया और प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। भविष्य में भी हमें अपना समर्थन देना जारी रखें। (शेष पेज 9)

# सेंसेक्स 1546 अंक धड़ाम, दो माह में सबसे बड़ी गिरावट

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार में सोमवार को करीब दो महीने में किसी एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच घरेलू बाजार में चौतरफा बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 1,546 अंक का गोता लगाकर 58,000 अंक से नीचे आ गया। बीएसई सेंसेक्स की शुरुआत गिरावट के साथ हुई और एक समय बिकवाली दबाव से यह 2,050 अंक से ज्यादा टूटकर 56,984 अंक के स्तर तक नीचे आ गया था। पर बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 1,545.67 अंक यानी 2.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,491.51 पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 468.05 अंक यानी 2.66 प्रतिशत का गोता लगाकर 17,149.10 अंक पर बंद हुआ। पिछले साल 26 नवंबर के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में किसी एक दिन में अबतक की यह सबसे बड़ी गिरावट है। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है, जब बाजार नीचे आया है। टाटा स्टील का शेयर करीब छह प्रतिशत टूटकर सर्वाधिक




नुकसान में रहा। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, विप्रो, टेक महिंद्रा, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचसीएल टेक में भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। जूलियस बेयर के कार्यकारी निदेशक मिलिंद मुचाला ने कहा, भारतीय बाजार पिछले कुछ दिनों से उल्लेखनीय दबाव में हैं। हाल के उच्चतम स्तर से यह सात प्रतिशत नीचे आ चुका है...गिरावट चौतरफा है। हाल के आईपीओ वाले नए जमाने की कंपनियों में गिरावट ज्यादा तीव्र है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता है। साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर बढ़ाने को लेकर भी चिंता है जिससे दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में गिरावट के साथ घरेलू बाजार नीचे आए हैं। (शेष पेज 9)

# कोर्ट ने शरजील इमाम के खिलाफ राजद्रोह का अभियोग तय किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की अदालत ने वर्ष 2019 में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कथित भड़काऊ भाषण देने के मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र शरजील इमाम के खिलाफ सोमवार को राजद्रोह का अभियोग तय किया और साथ ही इस मामले में उसे जमानत देने से इंकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने अपने आदेश में कहा, मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा-124 (राजद्रोह), धारा-153ए (दो अलग समूहों में धर्म के आधार पर विद्वेष को बढ़ावा देना), धारा-153बी (राष्ट्रीय एकता के खिलाफ अभिकथन), धारा-505 (सार्वजनिक अशांति के लिए बयान), गैरकानूनी गतिविधि (निषेध) अधिनियम (यूएपीए) की धारा-13 (गैरकानूनी गतिविधि के लिए सजा) के तहत आरोप तय किया जाता है। अलग आदेश के तौर पर देखें, नियमित जमानत के लिए शरजील इमाम द्वारा दी गई अर्जी खारिज की जाती है। (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,491 | ↓ | 1546 | |
| निफ्टी | 17,149 | ↓ | 468 | |
| सोना | 48,441 | ↑ | 192 | /10g |
| चांदी | 65,241 | ↓ | 196 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भाजपा में शामिल हुए जलालपुर से सपा विधायक सुभाष राय

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के आंबेडकरनगर जिले की जलालपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक सुभाष राय सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में उन्होंने उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में भगवा दल की सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने राय का पार्टी में स्वागत करते हुए दावा किया कि उत्तर में आज कानून का राज है तथा वहां राष्ट्रवाद और विकास की बयार चल रही है। उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश में जो वातावरण निर्मित हुआ है, उसे देखते हुए सुभाष राय भाजपा में शामिल हुए है। यह उनकी घर वापसी है।

# वोकल फॉर लोकल को आगे बढ़ाएं बच्चेः प्रधानमंत्री

## मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं के साथ किया संवाद

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का बहुत बड़ा श्रेय बच्चों को देते हुए सोमवार को उनसे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देने के लिए वोकल फॉर लोकल अभियान को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं के साथ संवाद के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का बहुत बड़ा श्रेय भी मैं भारत के बच्चों को देता हूं क्योंकि उन्होंने घर-घर में बाल सैनिक बनकर अपने परिवार को स्वच्छता अभियान के



लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, जैसे आप स्वच्छता अभियान के लिए आगे आए, वैसे ही आप वोकल फॉर लोकल अभियान के लिए भी आगे आइए। उन्होंने बच्चों को सुझाव दिया कि वह घर में उपयोग होने वाली वस्तुओं की एक सूची बनाएं और देखें कि उनमें से कितने ऐसे उत्पाद हैं, जो भारत में नहीं बने हैं और वह विदेशी हैं।

उन्होंने कहा, इसके बाद घर के लोगों से आप आग्रह करें कि भविष्य में जब वैसा ही कोई उत्पाद खरीदा जाए तो वह भारत में बना हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत में बनी चीजों की खरीददारी बढ़ेगी तो इससे देश में उन भारतीय उत्पादों का उत्पादन बढ़ने लग जाएगा और जब उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार के भी नए अवसर भी बनेंगे। उन्होंने कहा, जब रोजगार बढ़ेंगे तो आपका जीवन भी आत्मनिर्भर बनेगा। इसलिए आत्मनिर्भर भारत का अभियान, हमारी युवा पीढ़ी, आप सभी से भी जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 सालों में देश जिस उंचाई पर होगा और जो उसका सामर्थ्य बनेगा, उसमें बहुत बड़ी भूमिका युवा पीढ़ी की होगी। उन्होंने कहा, आज देश में जो नीतियां बन रही है और जो प्रयास हो रहे हैं, इन सब के केंद्र में युवा पीढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उन्हें गर्व होता है जब वह देखते हैं कि दुनिया की बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भारतीय हैं, स्टार्टअप की दुनिया में भारत परचम फहरा रहा है, जब नए-नए नवोन्मेष हो रहे हैं और देश के युवा गगनयान मिशन के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यही वह नया भारत है। हिम्मत और हौंसला आज भारत की पहचान है। आज भारत अपनी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की नींव को मजबूत करने के लिए निरंतर कदम उठा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ब्लॉकचैन प्रौद्योगिकी के उपयोग के जरिए वर्ष 2022 और 2021 के पीएमआरबीपी पुरस्कार विजेताओं को डिजिटल प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। (शेष पेज 9)

# पूरे सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत में रहेगी शीतलहर

## अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर** पश्चिम और मध्य भारत में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है, जिससे दिल्ली में ठंडा दिन जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है और पंजाब, हरियाणा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात तथा महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में शीतलहर चल सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि अगले दो से तीन दिनों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों में कड़ाके की ठंड



कड़ाके की ठंड में नई दिल्ली में एक छत पर एक-दूसरे से सट कर बैठे बंदर

पड़ने की संभावना है और इससे ठंडा दिन एवं अत्यंत ठंडा दिन जैसी स्थिति होने का अनुमान है। इसने कहा कि अगले पांच दिनों में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर से भीषण शीतलहर की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों में पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, सिक्किम, मेघालय और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में घना और बहुत घना कोहरा छाने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, एक ठंडा दिन तब होता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो और अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस कम हो, जबकि अत्यंत ठंडा दिन तब होता है जब अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 6.5 डिग्री कम होता है। वहीं, शून्य से 50 मीटर के बीच दृश्यता होने पर कोहरा बेहद घना, 51 से 200 मीटर दृश्यता के बीच घना, 201 से 500 के मीटर दृश्यता के बीच मध्यम और 501 से 1000 मीटर के बीच दृश्यता होने पर कोहरे को हल्का माना जाता है।

## भाजपा सरकार में असुरक्षा की भावना व भेदभाव बढ़ा: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर एक बार फिर से निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकाल में भय, भ्रष्टाचार, भेदभाव व जान-माल, मजहब को लेकर असुरक्षा की भावना और भेदभाव बढ़ा है। सोमवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि भय, भ्रष्टाचार, भेदभाव व जान-माल, मजहब की असुरक्षा अर्थात् यूपी की बदतर कानून व्यवस्था, बेरोजगारी व लाखों पलायन आदि विशाल आबादी वाले इस राज्य की सबसे बड़ी समस्याएं हैं, जो लगातार बढ़ती ही जा रही हैं एवं लोगों में कुण्ठा पैदा कर रही हैं तथा समाज व प्रदेश पिछड़ रहा हैए अति.दु:खद। उन्होंने आगे कहा कि यूपी में बीएसपी की रही सरकार में लगभग ढाई लाख गरीब परिवारों को बुनियादी सुविधाएं युक्त आवास उपलब्ध कराया व करीब 15-20 लाख मकानों की तैयारी चल रही थी, किन्तु सरकार बदलने के कारण यह कार्य अधूरा रह गया, जिसे ही भाजपा भुनाने का प्रयास कर रही है। इन्होंने अपना क्या किया।

# सपा की लिस्ट से उसका चरित्र उजागर

## सपा ने उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रदेशवासियों को अपमानित किया

● **बालिका दिवस पर बलात्कारियों को टिकट देकर मंसूबा जाहिर किया**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कहा कि आज उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की सूची ने यूपी के गौरव को धूल धूसरित करने वालों, अस्मिता का मान मर्दन करने वालों का नाम घोषित कर प्रदेशवासियों और उत्तर प्रदेश का अपमान किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने आज ही सवाल किया था कि अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी की चोरी-चोरी चुपके-चुपके जारी की जाने वाली सूची को सार्वजनिक करें। हम समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जी को बहुत धन्यवाद कि उन्होंने अपने समाजवादी दंगाराज, गुण्डाराज, भ्रष्टराज के ब्रांड अम्बेस्डरों की सूची जारी कर दी है। सपा के कई उम्मीदवार है, उनपर मुकदमों की भरमार है। आज की सूची तो बस झांकी है, पूरी पिक्चर अभी बाकी है। प्रदेश में डर और दहशत फैलाने का इन्होंने आज ट्रेलर दिया है। इन्होंने दंगाई, लुटेरे, हत्यारे, बलात्कारी, फ्रॉड के अलंकरण से अलंकृत हैं। उन्होंने जोड़ा कि आज बालिका दिवस है और इनकी सूची में बलात्कारी, महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराध, यौन हिंसा करने वाले लोगों के नाम शामिल हैं। इन्होंने बहन बेटियों को अपमानित करने वालों को टिकट देकर समाज विरोधी चेहरा दिखाया है। हिस्ट्रीशीटर, गैंगेस्टर, दंगाई, बलात्कारियों और मनी लांड्रिंग करने वाले लोगों के नाम जारी कर इन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अपराधियों को टिकट देने सपा की मजबूरी थी, क्योंकि इनके दम पर ही ये प्रदेश में दंगाराज, गुण्डाराज और भ्रष्टाचार का अपना मंसूबा पूरा कर सकते हैं। इनके दम पर ही 2012 में। समाजवादी लूट योजना की नींव रखी गई थी। नाहिद हसन, अब्दुल्ला आजम, आजम खान, सुल्तान बेग, महबूब अली, असलम चौधरी, इरफान सोलंकी जैसे नाम बच्चे बच्चे की जुबान पर हैं। केवल यही नहीं इनकी सूची में ऐसे ऐसे कुख्यात चेहरे हैं जिन्होंने अपराध में विशेषज्ञता अर्जित की हो। इनके उम्मीदवारों ने सीआरपीसी के तहत गंभीरतम धाराओं में अपराध किये हैं। कहा कि समाजवादी पार्टी की लिस्ट नयी है लेकिन अपराधी वही है, ये वही सपा है जिससे यूपी की जनता खफा है। आज दुर्दांत अपराधियों, गुंडों, हिस्ट्रीशीटरों की लिस्ट जारी कर समाजवादी पार्टी ने अपना खतरनाक और डरावना चेहरा जनता को दिखाया है। जिसका जवाब जनता अपने वोट की ताकत से भाजपा को 300 सीटों से ज्यादा देकर देगी।

## जनता में भाजपा सरकार के प्रति भारी आक्रोश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा दुनिया की सबसे ज्यादा झूठ बोलनेवाली पार्टी है। भाजपा ने किसानों, नौजवानों को बड़े बड़े सपने दिखाए लेकिन सबके साथ छल किया। समाजवादी सरकार के कामों के अलावा उसने कुछ किया नहीं सिर्फ रंग बदलती गयी। उसका दूसरा प्रिय काम समाजवादी पार्टी के प्रति भ्रम फैलाना और जनता को गुमराह करना है। जनता ने भी इसलिए ठान लिया है कि वह इस विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया करेगी। अखिलेश ने कहा कि जिस तरह की अभद्र भाषा और अशिष्ट व्यवहार भाजपा द्वारा प्रदर्शित किया जा रहा है उससे लोकतंत्र की मर्यादा गिरती है। भाजपा ने चीन का मुद्दा उठाकर अपने पर ही आत्मघाती हमला किया है। पाकिस्तान के मुकाबले चीन से ज्यादा सुरक्षा को खतरा है यह कथन तो पूर्व चीफ डिफेन्स स्टाफ जनरल विपिन रावत का है। इस मामले में भाजपा नेतृत्व को कम से कम जनरल रावत की प्रतिष्ठा का ख्याल रखना चाहिए था। अनर्गल आरोप लगाने से पहले उन्हें सत्यता की जांच कर लेनी चाहिए थी। इस मामले में भाजपा ने वही भ्रम फैलाया है जैसे अपने विज्ञापनों में वह कलकत्ता, चीन के चित्र दिखाकर अपने विकास का खोखला ढोल पीटता दिखाते है।

इसमें दो राय नहीं कि समाजवादी सरकार के तमाम विकास कार्यों पर भाजपा खोखले दावे करके जनता को भटकाना चाहती है। अभी समाजवादी पार्टी ने 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने और राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों को पुरानी पेंशन बहाल करने का भरोसा दिलाया तो भाजपा नेता बौखला गए। चूंकि भाजपा ने अपने पूरे कार्यकाल में कुछ किया ही नहीं इसलिए उसे समाजवादी इरादों पर भरोसा कैसे होगा जबकि यह सच्चाई सभी जानते हैं कि समाजवादी जो कहते हैं, वह करते हैं। समाजवादियों की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं होता है। अखिलेश ने कहा कि आज स्थिति यह है कि जनता में भाजपा सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। समाज का हर वर्ग दु:खी और परेशान है। भाजपा ने सिवाय महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ाने के कुछ और नहीं किया है। उसके समय में महिलाएं अपमानित और दुष्कर्म की शिकार हुई है। नौजवान परेशान हुए है। किसान को न एमएसपी मिली है, नहीं उसकी आय दुगनी हुई। भाजपा के संकल्प पत्र का एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। भाजपा सिर्फ झूठ नफरत और अफवाहों के सहारे सत्ता चलाती आयी है।

## तीसरे चरण की आज जारी होगी अधिसूचना

● **नामांकन के समय जुलूस की अनुमति नहीं**

● **तीसरे चरण में कुल 21575430 मतदाता**

**विधान सभा चुनाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**तीसरे** चरण के विधान सभा चुनाव के लिए मंगलवार करे अधिसूचना जारी की जाएगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन के लिए तृतीय चरण के मतदान के लिए 25 जनवरी को अधिसूचना जारी की जायेगी। इसके साथ ही तीसरे चरण के 16 जिलों में हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, मैनपुरी, फर्रूखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर एवं महोबा की 59 विधान सभा सीटों के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी। तीसरे चरण की 59 विधान सभा सीटों में 15 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। 5 जनवरी को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार तीसरे चरण में कुल 21575430 मतदाता हैं। इसमें 11612010 पुरूष मतदाता, 9962324 महिला मतदाता तथा 1096 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान का समय प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के नामांकन की अन्तिम 1 फरवरी मंगलवार है। नामांकन की जॉच 2 फरवरी, 4 फरवरी को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। तीसरे चरण का मतदान 20 फरवरी रविवार को सम्पन्न होगा। तीसरे चरण की जिन 59 विधान सभा सीटों के लिये नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी, इसमें हाथरस अजा, सादाबाद, सिकन्दराराऊ, टुण्डला अजा, जसराना, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, सिरसागंज, कासगंज, अमॉपुर, पटियाली, अलीगंज, एट, मारहरा, जलेसर अजा, मैनपुरी, भोगांव, किशनी अजा, करहल, कायमगंज, अजा, अमृतपुर, फर्रूखाबाद, भोजपुर, छिबरामऊ, तिर्वा, कन्नौज अजा, जसवन्तनगर, इटावा, भरथना, अजा, बिधूना, दिबियापुर, औरैया अजा, रसूलाबाद अजा, अकबरपुर रनिया, सिकन्दरा, भोगनीपुर, बिल्हौर अजा, बिठूर, कल्याणपुर, गोविन्दनगर, सीसामऊ, आर्यनगर, किदवई नगर, कानपुर कैण्ट, महाराजपुर, घाटमपुर अजा, माधौगढ़, कालपी, उरई अजा, बबीना, झांसी नगर, मऊरानीपुर अजा, गरौठा, ललितपुर, महरौनी अजा, हमीरपुर, राठ अजा, महोबा एवं चरखारी विधान सभा सीट शामिल हैं। प्रत्याशी सुविधा वेब पोर्टल सुविधा के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की कॉपी रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा कर सकते हैं।

## गणतंत्र दिवस पर रखे जाएं सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम: मुकुल गोयल

● **डीजीपी ने पुलिस को किया अलर्ट, मानव रहित वायुयान, ग्लाइडर व ड्रोन की उड़ानों पर सतर्क दृष्टि रखने को कहा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डीजीपी** मुकुल गोयल ने गणतंत्र दिवस के मौके पर यूपी पुलिस को अलर्ट करते हुए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने अभिसूचना, सुरक्षा और जीआरपी के शीर्ष अधिकारियों के साथ ही सभी जोनल एडीजी, रेंज के आईजी-डीआईजी सभी जिलों के पुलिस कप्तान और लखनऊ गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी व कानपुर नगर कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर को परिपत्र जारी किया है। डीजीपी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोविड.19 के दृष्टिगत विभिन्न आयोजन के सम्बन्ध में दिये गये गाइड लाइन्स व दिशा निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के साथ ही प्रभावी सुरक्षा सम्बन्धी दिशा निर्देशों के संबंध में भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, बाजार, सिनेमाहाल, मॉल, मल्टीप्लेक्स जैसे मनोरंजन के स्थानों आदि पर विशेष रूप से सुरक्षा प्रबन्ध किए जाएं तथा सुरक्षा कर्मियों को विधिवत ब्रीफकरने के उपरान्त ड्यूटी पर लगाया जाए। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा योजना के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अवैध शस्त्रों, कारतूसों, शराब एवं विस्फोटक पदार्थो की तस्करी रोकने एवं संदिग्ध व्यक्तियों के आवागमन पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए स्थायी चेक पोस्ट के अतिरिक्त अस्थायी चेक पोस्ट लगाकर व्यक्तियों एवं वाहनों की आकस्मिक चेकिंग करायी जाए। चेक पोस्टों को विशेष रूप से सर्तक एवं सक्रिय किया जाए। गेस्ट हाउस, होटल, धर्मशालाओं, सरायों की प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित की जाए। नये किरायेदारों के सत्यापन की कार्यवाही अवश्य करा ली जाए। मानव रहित वायुयान, ग्लाइडर एवं ड्रोन आदि की उड़ानों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। केमिकल्स की दुकानों के सत्यापन एवं चेकिंग की व्यवस्था करायी जाए। समारोह स्थलों पर एण्टी सैबोटॉज चेकिंग एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## कांग्रेस ने प्रथम चरण के चुनाव के लिए जारी की 30 स्टार प्रचारकों की सूची

● **सोनिया, राहुल और प्रियंका के अलावा डॉ. मनमोहन सिंह का नाम भी शामिल**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण को लेकर कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी की ओर से जारी की गई 30 स्टार प्रचारकों की सूची में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी, हार्दिक पटेल और कन्हैया कुमार भी शामिल हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, आराधना मिश्रा मोना, गुलाम नबी आजाद, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद, राज बब्बर, प्रमोद तिवारी, पीएल पुनिया, आरपीएन सिंह, सचिन पायलट, प्रदीप जैन आदित्य, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, आचार्य प्रमोद कृष्णम, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, वर्षा गायकवाड, हार्दिक पटेल, फूलो देवी नीतम, सुप्रिया, इमरान प्रतापगढ़ी, कन्हैया कुमार, प्रनीति शिंदे, धीरज गुर्जर, रोहित चौधरी और तौकीर आलम शामिल हैं।

**पायनियर वर्गीकृत**

**सूचना**

मैं, नीरज पुत्री प्रेम शंकर नि0 धरेरा, आगरा उ0प्र0 283202 मेरा फार्मेसी ग्रीन बुक जिसका नंबर 58621 है। वास्तव में कहीं खो गया है, जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**सूचना**

मैं, रश्मि गुप्ता, निवासी 148/117, दुगावां, रानीगंज, लखनऊ यह सूचित करती हूं कि मेरे द्वारा ओमेक्स लि० में बुक कराये गये फ्लैट की रसीद सं. 1656804, दि. 22.8.2018 की मूल प्रति कहीं खो गई हैं। जिसका उपयोग अवैध होगा।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा यू0पी0 बोर्ड इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0940644 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। शुभम कुमार सिंह पुत्र प्रमोद कुमार सिंह निवासी-द्वितीय वाहिनी पी0ए0सी0 तहसील व जिला-सीतापुर (उ0प्र0)

**सूचना**

मैं, अंकित गुप्ता, निवासी 148/117, दुगावां, रानीगंज, लखनऊ यह सूचित करता हूं कि मेरे द्वारा ओमेक्स लि० में बुक कराये गये फ्लैट की रसीद सं. 1656810 दि. 22.8.2018, 169311 दि. 15.3.2019 व 1740433 दि. 17.1.2020 की मूल प्रति कहीं खो गई हैं। जिनका उपयोग अवैध होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि विक्रान्त जादौन पुत्र श्री संजय कुमार सिंह की बी0 टेक की मार्कशीट जिसका रोल नं0 A7605217042 है वास्तव में खो गया है। जिस किसी को प्राप्त हो निम्न पते पर सूचित करें। विक्रान्त जादौन पुत्र संजय कुमार सिंह निवासी ठाकुर विहार कालोनी, पिकनिक स्पाट रोड, फरीदीनगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रेखा सक्सेना पत्नी राजीव कुमार सक्सेना निवासी :- 2, मायाविहार, मोहिब्बुलापुर, सीता. पुर रोड, लखनऊ, मेरा महिन्द्रा एवं महिन्द्रा का शेयर सर्टिफिकेट जिसका Folio No. R 013781 Certificate No. 415841 वास्तव में कहीं खो गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SHETA था, जो अब बदलकर SHWETA SHARMA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SHWETA SHARMA D/o Bir Singh Sharma, 2/88, MIG, Avas Vikas Colony, Sec-2, Yojna-3, Jhunsi, Allahabad.

## सपा ने चुनाव आयोग से की एसपी सीतापुर को हटाने की मांग

**लखनऊ।** मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन नई दिल्ली को पत्र लिखकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने जनपद सीतापुर के पुलिस अधीक्षक व कोतवाली प्रभारी देहात द्वारा सत्तारूढ़ दल भाजपा के पक्ष में मतदान का दबाव बनाने के विरूद्ध शिकायत करते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें जनपद से स्थानान्तरित करने की मांग की है। श्री पटेल के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में जनपद सीतापुर के पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह तथा कोतवाली प्रभारी देहात ओपी तिवारी द्वारा ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व कोटेदारों पर सत्तारूढ़ दल भाजपा के पक्ष में मतदान करने का दबाव बनाया जा रहा है जिससे प्रधान, पंचायत सदस्य व नागरिकों में भय व्याप्त हो गया है।

## चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रही भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के दरवाजे पर अपने चुनाव चिन्ह का स्टीकर लगाना साबित करता है कि बीजेपी को चुनाव आचार संहिता एवं चुनाव आयोग की कोई परवाह नहीं है। भाजपा अन्य एजेंसियों की तरह चुनाव आयोग को भी अपना एक फ्रंटल संगठन समझने की भूल कर रही है।

मोना ने कहा कि भाजपा द्वारा यह कृत्य निश्चित रूप से लोकतंत्र की हत्या व आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। चुनाव आयोग को इस प्रकरण को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहाए प्रयागराज में भाजपा सदस्यों द्वारा घर घर जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभान्वित लोगों के घरों पर बिना उनकी सहमति के स्टीकर लगाये जा रहें हैंए यह नियमों का खुला उल्लंघन है। मोना ने कहा कि चुनाव आयोग इतने गंभीर प्रकरण पर यदि कार्यवाही नहीं करता है, तो माना जाए कि परोक्ष रूप से चुनाव आयोग भाजपा की मदद कर रहा है। उसकी निष्पक्षता संदेह के घेरे में है। कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा गरीबों में बांटी गई मदद पर फोटो लगाई गई हो। यहां तो वैक्सीनेशन के सर्टिफिकेट पर भी पीएम की फोटो लगाकर प्रचार किया गया। उन्होंने कहा सरकार द्वारा जो भी चीजें जनता को मुहैया करायी जाती हैं, वह जनता पर एहसान नहीं होता बल्कि सरकारें अपना कर्तव्य पूरा करतीं हैं। चुनी हुई सरकार का कर्तव्य होता है कि जनता के द्वारा दिए गए टैक्स का सही सदुपयोग हो और सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार यह कह रही है कि जनता को सुविधा मुहैया कराकर हमने उपलब्धि हासिल की है, तो इस बात की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि साढ़े तेरह करोड़ लोग इस सरकार में गरीबी रेखा के नीचे आ गये, नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में 37.79 प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं।

## प्रशासन पूरी तरह से दबाव में काम कर रहा है: नसीमुद्दीन

● **राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आरक्षण मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी को दिया समर्थन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतीश अजमानी एवं पूर्व मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी की मौजूदगी में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आरक्षण मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद परवेज सिद्दीकी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने की घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। प्रशासन पूरी तरह से प्रदेश और केन्द्र के दबाव में कार्य कर रहा है। अधिकारी पूरी तरह से सरकार के रिमोट कन्ट्रोल से संचालित हो रहें हैं। उन्होंने कहा गृहमंत्री अमित शाह कैराना में सैकड़ों लोगों के साथ कोविड प्रोटोकॉल तोड़कर प्रचार कर रहे हैं। क्या यह सत्तारूढ़ दल पर चुनाव आयोग कि मेहरबानी मानी जाए। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कल बहराइच में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती एक सभागार में मनायी जानी थी, जिसकी क्षमता 500 कुर्सियों की है लेकिन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मात्र 90 लोग उपस्थित थे। इसके बावजूद कोविड प्रोटोकॉल के नाम पर पुलिस द्वारा परेशान किया गया। वहीं परवेज सिद्दीकी ने कहा कि मौजूदा सरकार में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों का बेहिसाब पलायन हुआ। लोगों में भय का माहौल पैदा किया गया। परवेज सिद्दीकी ने कहा कि अखिलेश यादव कभी भी मुसलमानों के हितैषी नहीं रहे। इनके शासनकाल में सैकड़ों दंगे हुए और आरोपी बरी होते रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि मेरे मुअक्किल इंडोस्टार होमफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ, ऋण द्वारा अपने ग्राहक श्रीमती किरन गुप्ता पत्नी श्री होरी लाल गुप्ता सम्पत्ति एक किता आवासीय भूखण्ड जोकि भूमि खसरा सं.-1298, 1299 का मिन. पैमाईशी रकबा 1000 वर्गफिट अर्थात 92.936 वर्गमीटर स्थित ग्राम-अलीनगर सुनहरा, वार्ड-सरोजनी नगर, परगना-बिजनौर तहसील व जिला-लखनऊ, को क्रय किया जो उपनिबंधक-सरोजनी नगर में बही सं.-1 जिल्द सं.-3345 पृष्ठ सं.-167 से 188 पर क्रमांक सं.-2792 दिनांक 16.04.2007 में पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था एवं सहखातेदार को इस प्रस्तावित बंधक किये जाने के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो उस आपत्ति के विधिक आधार एवं साक्ष्यो के साथ मुझसे सात दिन के अंदर संपर्क कर सकता है, उक्त अवधि में कोई विधिक व पोष्णीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे मुअक्किल द्वारा उक्त आवासीय ऋण प्रदान किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर मेरे मुअक्किल का विधिक प्रभार होगा।
Naveen Kumar Verma-Advocate
Ch.No.9, LGF-3, Krishna Tower, Chakbast Road, Qaiserbagh, Lucknow, U.P.

## आईटी क्षेत्र में नए व्यवसाय शुरू करने को लेकर हुआ मंथन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) लखनऊ, एपीवी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट के सहयोग से पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उत्तर प्रदेश चैप्टर और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) लखनऊ ने सोमवार को आईटी क्षेत्र में नए व्यवसाय शुरू करने के अवसर पर एक सत्र का आयोजन किया।

सत्र का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उन लाभों के बारे में शिक्षित करना था जो वे आईटी क्षेत्र में उद्यमिता के साथ स्वयं का लाभ उठा सकते हैं और इसके लिए सिडबी द्वारा की गई पहलों के बारे में ताकि जीवन स्तर में सुधार हो और न केवल धन सृजन किया जा सके न केवल उद्यमियों के लिए बल्कि राज्य के लिए भी। सत्र में मनीष सिन्हा महाप्रबंधक सिडबी लखनऊ, विजय चोपड़ा प्रबंध निदेशक एपीवी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ, विनायक नाथ प्रबंध निदेशक यूनिकॉर्न एंजेल नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, लखनऊ, डॉ बिंदु सिंह, सहायक प्रोफेसर और प्रभारी इनक्यूबेशन सेंटर आईआईआईटी लखनऊ और अतुल श्रीवास्तव रेजिडेंट डायरेक्टर यूपी चैप्टर पीएचडीसीसीआई ने सहभागिता की। महाप्रबंधक सिडबी मनीष सिन्हा ने आज के समय में आईटी व्यवसायों के लिए उपलब्ध विशाल दायरे के बारे में एक व्यापक अवलोकन दिया। उन्होंने कहा कि यह आईटी व्यवसायों के लिए सबसे अच्छा समय है जिसमें नवोदित स्टार्टअप शामिल हैं और चमत्कार करते हैं क्योंकि महामारी ने पारंपरिक सेवाओं का उपयोग करते हुए सामाजिक दूरियों के मानदंडों और प्रतिबंधों के कारण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग में अपरिहार्य वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि हमारे देश में सूचना प्रौद्योगिकी का जबरदस्त दायरा है क्योंकि भारत दुनिया भर में 750 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। उन्होंने यह भी बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी का क्षेत्र कई प्रकार के अवसर प्रदान करता है जो स्वास्थ्य सेवा से लेकर शिक्षा से लेकर विनिर्माण और कृषि तक विभिन्न क्षेत्रों को पूरा करता है, जिससे प्रभावकारिता और डेटा सटीकता में बहुत सुधार होता है, जबकि व्यवसाय कई गुना बढ़ सकते हैं और अधिक राजस्व और रिटर्न उत्पन्न कर सकते हैं।

प्रबंध निदेशक एपीवी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड विजय चोपड़ा ने अपने अनुभव के आधार पर छात्रों को सार्थक सिफारिशें दीं कि वे अपना स्टार्ट अप कैसे शुरू कर सकते हैं। उन्होंने उद्यमी बनने के कुछ लाभों पर भी प्रकाश डाला। जो थे, आत्म सम्मान को पूरा करना और बढ़ावा देना, स्वयं के लिए धन बनाना और व्यवसाय से जुड़ना, लोगों के लिए व्यवसाय और नौकरी के अवसर पैदा करना, अर्थव्यवस्था का विकास करना, सामाजिक प्रभाव पैदा करना आदि। श्री चोपड़ा ने भी सफल उद्यमी की प्रमुख विशेषताओं जैसे आत्म प्रेरणा, एक दूरदृष्टि और जुनून के साथ काम करना, आत्मविश्वासी, एक जोखिम लेने वाला, नेतृत्व गुण, प्रबंधकीय कौशल, अच्छी नेटवर्किंग, ग्राहक केंद्रित बाजार के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि एंजेल नेटवर्क अन्य उधारदाताओं की तुलना में अधिक अनुकूल शर्तें प्रदान करते हैं क्योंकि वे आमतौर पर व्यवसाय की व्यवहार्यता के बजाय व्यवसाय शुरू करने वाले उद्यमी में निवेश करते हैं। डॉ. बिंदु सिंह सहायक प्रोफेसर और प्रभारी इनक्यूबेशन सेंटर आईआईआईटी लखनऊ ने इस सार्थक सत्र के लिए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ के साथ सहयोग करने और अपनी अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए आमंत्रित करने के लिए पीएचडीसीसीआई को धन्यवाद दिया। उन्होंने आईआईआईटीए लखनऊ का एक सिंहावलोकन दिया। अतुल श्रीवास्तव रेजिडेंट डायरेक्टर यूपी चैप्टर पीएचडीसीसीआई ने वेबिनार सत्र के दौरान उपस्थित सभी प्रख्यात वक्ताओं और प्रतिनिधियों का स्वागत और अभिवादन किया और पूरे सत्र को उत्कृष्ट रूप से संचालित किया।

**भागवन्ती एजूकेशन सेन्टर डिग्री कालेज**
मन्धना बिठूर रोड, कानपुर
(सम्बद्धः- सी.एस.जे.एम.विश्वविद्यालय, कानपुर)

आवश्यकता है बी.एस.सी. (भौतिक विज्ञान,रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित) हेतु सहायक आचार्य की शैक्षिक योग्यता विश्वविद्यालय के मानकानुसार होगीं। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय के परिसर कार्यालय में समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित आवेदन करें या ई-मेलः becdc.kanpur@gmail.com

Fullerton Grihashakti
Iraada hai toh Raasta hai

**फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालय : तल 5 एवं 6, बी-विंग, सुप्रीम आईटी पार्क, सुप्रीम सिटी, पोवाई, मुंबई-400076
पंजी. कार्यालय : मेघ टावर्स, तल 3, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनामल्ली हाई रोड, मदुरावोयाल, चेन्नई-600095

**कब्जा सूचना [(परिशिष्ट 4) नियम 8(1)]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, एक हाउसिंग फाइनैंस कम्पनी (राष्ट्रीय आवास बैंक (आरबीआई द्वारा पूर्ण स्वाधिकृत) के साथ विधिवत पंजीकृत) (इसमें आगे "एफआईएचएफसीएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय मेघ टावर्स, तल 3, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनामल्ली हाई रोड, मदुरावोयाल, चेन्नई-600095 में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना निम्नवर्णित तिथि को जारी की गई थी, जिसमें आप संबंधित कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) से उक्त सूचना में वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।
इसमें नीचे वर्णित कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों) को और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा प्राप्त कर लिया है।
उक्त कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की यहां नीचे वर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदारों का नाम और ऋण खाता संख्या | मांग सूचना की तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता सं. : 610 5 0 7510 617872 (1) संदीप कुमार मिश्रा, पुत्र अखिलेश मिश्रा, (2) सुनीता मिश्रा, पत्नी अखिलेश मिश्रा, (3) अमिता मिश्रा पत्नी संदीप कुमार मिश्रा पता 1 : एच. नंबर 3/316, आवास विकास, हंसपुरम नौबस्ता, निकट केपीवाई इंटर कालेज, कानपुर-208021, उत्तर प्रदेश, पता 2 : 3/316, आवास विकास, हंसपुरम नौबस्ता, निकट केपीवाई इंटर कालेज, कानपुर-208021, उत्तर प्रदेश, | तिथि : 12-08-2021 एवं रू. 27,87,960.88 (रू. सत्ताईस लाख सतासी हजार नौ सौ साठ तथा पैसे अठासी मात्र) | 19-01-2022 (सांकेतिक कब्जा) |
| | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन निम्नानुसार है :- भू खंड अराजी नंबर 17/7 का हिस्सा (परिमाप क्षेत्रफल : 301.66 वर्ग गज), स्थित ग्राम बुधपुर मछरिया, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश चौहद्दी :- पूरब : 30 फीट रोड, पश्चिम : रवीन्द्र पाल का मकान उत्तर : जगपाल कुशवाहा का मकान, दक्षिण : 30 फीट रोड | | |
| 2 | ऋण खाता सं. : 610 5 0 7510 4 5 335 8 (1) मनीष कपूर पुत्र कृष्ण गोपाल कपूर (2) जयप्रीत कपूर पत्नी मनीष कपूर पता 1 : एमआईजी-12, एसबीआई कालोनी, बारा-3, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208027 | तिथि : 15-09-2021 एवं रू. 21,54,027.05 (रू. इक्कीस लाख चौवन हजार सत्ताईस तथा पैसे पांच मात्र) | 19-01-2022 (सांकेतिक कब्जा) |
| | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन निम्नानुसार है :- फ्लैट नंबर डी-6, द्वितीय तल परिसर सं. 117/एन/76 एन ब्लॉक, काकादेव, कानपुर नगर, कवर्ड एरिया 50.976 वर्ग मीटर, अविभाजित भूमि अंश 13.779 वर्ग मीटर सहित। चौहद्दी :- उत्तर : फ्लैट नंबर डी-7, दक्षिण : खुला आकाश, पूरब : प्लॉट नंबर 75, पश्चिम : फ्लैट नंबर डी-5 | | |

स्थान : कानपुर, उत्तर प्रदेश
तिथि : 24-01-2022

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कोविड प्रोटोकॉल के पालन के लिए लोगों को निरंतर जागरूक करें

● **एक्टिव केस और पॉजिटिविटी दर में लगातार गिरावट आ रही है, यह अच्छे संकेत हैं**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संक्रमण से बचाव के लिए विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरते जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराये जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को वर्चुअल माध्यम से आहूत टीम-9 की बैठक में प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव की प्रदेश सरकार की ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण की नीति आशातीत सफलता देने वाली रही है। यह नीति प्रदेश में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर पर भी प्रभावी नियंत्रण में सहायक सिद्ध हो रही है। एक ओर जहां नए मामलों की संख्या दिनों-दिन कम हो रही है, वहीं संक्रमण से स्वस्थ होने वालों की संख्या भी उत्साहवर्धक है। उन्होंने कहा कि एक्टिव केस और पॉजिटिविटी दर में लगातार गिरावट आ रही है। यह अच्छे संकेत हैं। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल के पालन के लिए निरन्तर जागरूक किया जाए। सतर्कता-सावधानी बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगरानी समितियां सभी जरूरतमंद व्यक्तियों के सहयोग के लिए लगातार सक्रिय रहें। प्रत्येक जरूरतमंद को मेडिसिन किट, कोरोना जांच, उपचार आदि की सुविधाएं तत्काल सुनिश्चित कराई जाएं। ट्रेसिंग का कार्य सतत जारी रखा जाए। उन्होंने टीकाकरण की गति को बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन और टीकाकरण कोरोना से बचाव का सबसे सहज माध्यम है। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचित ड्यूटी पर लगाए जाने वाले कार्मिकों को प्रिकॉशन डोज देने की तैयारी कर ली जाए। वैक्सीन की उपलब्धता के लिए केंद्र सरकार से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें।

संक्रमण की दृष्टि से संदिग्ध अथवा लक्षण युक्त व्यक्तियों की आवश्यकतानुसार कोरोना जांच कराई जाएगी। कोरोना टीकाकरण न कराए लोगों को चिन्हित कर तत्काल उन्हें टीकाकवर दिया जाएगा। इसके अलावा नियमित टीकाकरण से छूट गए नवजात बच्चों का विवरण भी संकलित किया जाएगा। परिवार के हर सदस्य के स्वास्थ्य का हाल चाल लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अभियान की शासन स्तर से दैनिक मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करें। प्रत्येक जनपद में डीएम, सीडीओ तथा सीएमओ द्वारा आईसीसीसी में प्रतिदिन बैठक कर स्थिति की समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री हेल्प लाइन के माध्यम से अस्पताल में उपचार करा रहे कोविड पॉजिटिव लोगों के परिजनों से नियमित अन्तराल पर संवाद किया जाए।

## यूपी बना 25 करोड़ से अधिक डोज देने वाला पहला राज्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश 25 करोड़ से अधिक डोज देने वाला देश मे पहला राज्य बन गया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल 23 जनवरी, 2022 को एक दिन में कुल 12,08,921 डोज दी गयी है। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक लोंगों को पहली डोज 14,41,55,861 दी गई जो उनकी जनसंख्या का 97.78 प्रतिशत है। 18 वर्ष से अधिक लोंगों को दूसरी डोज 9,62,76,962 दी गयी,जो उनकी जनसंख्या का 65.31 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 15 से 18 वर्ष के बच्चों को अब तक 79,74,745 वैक्सीन की प्रथम डोज दी गयी है, जो उनकी जनसंख्या का लगभग 57 प्रतिशत है। प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में टेस्ट पॉजिटिव दर में गिरावट आ रही है। 19 जनवरी 2022 को संक्रमण दर 7.78 प्रतिशत थी, जो घटकर 23 जनवरी 2022 को 6.19 प्रतिशत तक आ गई है। उन्होंने बताया कि आज 24 जनवरी 2022 से स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर घर जाकर कोविड लक्षण वाले लोगो को दवा की किट उपलब्ध करा रही है। इसके साथ साथ 60 वर्ष से अधिक जिन लोगो ने वैक्सीन की डोज नही ली है उनका तथा 2 साल से कम बच्चो का जिनका नियमित टीकाकरण छूट गया है उनको सूचीबद्ध कर रही है। यह अभियान 29 जनवरी 2022 तक चलेगा।

## एकेटीयू ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओं को किया स्थगित

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओ को मार्च के मध्य तक स्थगित कर दिया हैं। यह परीक्षाएं फरवरी के अन्तिम सप्ताह में होने वाली थीं। परीक्षा नियंत्रक प्रो अनुराग त्रिपाठी के अनुसार परीक्षा को लेकर मार्च के मध्य में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार फैसला लिया जाएगा। एकेटीयू से सम्बद्ध इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेजों के तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाए जनवरी में पूरी हो गई थी लेकिन कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रथम सेमेस्टर सहित अन्य विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं फरवरी के अन्तिम सप्ताह से शुरू करने का कार्यक्रम था। कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। ऐसे में एकेटीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो अनुराग त्रिपाठी ने आज आदेश जारी कर स्पष्ट किया कि बची हुई विषम सेमेस्टर परीक्षा अब फरवरी के अन्तिम सप्ताह में नहीं होंगी।

# लखनऊ में मिले कोरोना के 1754 नए मरीज

● **प्रदेश में 11095 नए केस, 17 की मौत**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** में कोरोना संक्रमण की रफ्तार में उतार चढ़ाव जारी है। सोमवार को पूरे प्रदेश में 11161 कोरोना के नए मामले सामने आए हैं। वहीं लखनऊ में 1754 केस मिले हैं। जबकि 17 मरीजों की मौत पूरे प्रदेश में हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक वर्तमान में 93924 केस एक्टिव हैं। प्रमुख रूप से आज गौतमबुद्ध नगर में 501 गाजियाबाद में 537 मेरठ में 432 कानपुर में 498 केस सामने आए हैं। जनपद लखनऊ में पाए गए कोविड पॉजिटिव मरीजों में 1034 पुरूष एवं 720 महिला रोगी है। आज कुल 2042 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए। जबकि एक रोगी की मौत हुई है। उक्त रोगी पुरूष आयु 71 वर्ष क्रानिक लीवर डिजीज से पीडित था और विवेकानन्द पालीक्लीनिक मे भर्ती था।

आज जनपद के आलमबाग में 251 चिनहट में 245 अलीगंज में 244 इन्दिरानगर में 181 सिल्वर जुबली में 169 एनके रोड में 95 सरोजनीनगर में 95 एवं टूडियागंज में 83 कोविड धनात्मक रोगी मिले। इसके अतिरिक्त उपरोक्त धनात्मक रोगियों के सापेक्ष ट्रेवल के 132 कान्टैक्ट के 563 आईएलआई के 372 प्री.सर्जिकल के 61 एचसीडब्लू के 21 एएनसी के 6 एवं कमाण्ड हास्पिटल के 32 श्रेणियों में कोविड धनात्मक रोगी पाये गये हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,86,697 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 9,81,13,556 सैम्पल की जांच की गयी हैं।

## क्विक न्यूज

### जाली भारतीय नोटों की सप्लाई करने के मामले में अदालत ने आरोप पत्र पर लिया संज्ञान

**लखनऊ(विसं)।** एटीएएस-एनआईए की विशेष जज कल्पना ने देश के विभिन्न स्थानों पर जाली नोट की सप्लाई करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिमों शरीफुल इस्लाम व सोहराब हुसैन के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र पर आईपीसी की धारा 120बी व 489बी के साथ ही विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 16 व 18 के तहत संज्ञान लिया है। यह दोंनो पश्चिम बंगाल के माल्दा के रहने वाले हैं। उन्होंने आरोप पत्र की नकल देने के लिए मुल्जिम शरीफुल को आठ जबकि सोहराब को नौ फरवरी को जेल से पेश करने का आदेश दिया है। 25 नवंबर 2019 को एटीएस ने सीतापुर रोड पर जाली नोटों की खेप के साथ एक महिला समेत तीन मुल्जिमों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से एक लाख 79 हजार का जाली भारतीय नोट बरामद हुआ था। एनआईए की विवेचना के दौरान इस मामले में सोहराब हुसैन का नाम भी सामने आया। उधर 11 दिसंबर 2019 को एटीएस ने गाजियाबाद से मुल्जिम मुराद आलम को गिरफ्तार किया। इसके पास से दो लाख 49 हजार 500 का जाली भारतीय नोट बरामद हुआ था। विवेचना के दौरान शरीफुल इस्लाम का नाम भी सामने आया। 16 जुलाई 2021 को एनआईए ने सोहराब हुसैन जबकि 19 जुलाई 2021 को शरीफुल इस्लाम को गिरफ्तार किया।

### प्रो. विनय कुमार पाठक को आगरा विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक को डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के कुलपति पद का अतिरिक्त कार्यप्रभार सौपा है। प्रो पाठक नियमित नियुक्ति तक कुलपति बने रहेंगे।

### प्रो. आलोक कुमार राय को मिला भाषा यूनिवर्सिटी का अतिरिक्त प्रभार

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति पद का अतिरिक्त कार्यप्रभार सौपा है। प्रो राय नियमित नियुक्ति तक कुलपति बने रहेंगे।

### केजीएमयू में शुरू होंगे डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स

**लखनऊ।** हड्डी रोगों सहित दुर्घटना के मामलों में मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने को लेकर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी टेक्नीशियन तैयार करेगा। इसके लिए संस्थान की तरफसे डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जाएंगे। बच्चों के टेढ़े मेढ़े पैर संबंधी समस्या बढ़ती जा रही है। इसका इलाज पीडियाट्रिक आर्थोपैडिक्स विभाग में होता है। इसमें बच्चों के पैरों में प्लास्टर चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। डॉक्टरों का कहना है कि कई बार प्लास्टर चढ़ाकर बच्चे के पैर को सही आकार दिया जाता है। डॉक्टर की सलाह पर टेक्नीशियन प्लास्टर चढ़ाते हैं। बढ़ती बीमारी के बीच अच्छे टेक्नीशियन तैयार करने का फैसला किया गया है। इसके लिए डिप्लोमा इन आर्थोपैडिक्स एंड प्लास्ट टेक्नीशियन का कोर्स संचालित किया जाएगा। साथ ही ऑडियो एंड स्पीच थेरेपी टेक्नीशियन कोर्स का भी संचालन किया जाएगा। इससे बोल व सुन पाने में अक्षम बच्चों को और बेहतर इलाज मिलने की उम्मीद बढ़ेगी।

### पेपर लीक प्रकरण में दो डॉक्टरों को जारी होगी नोटिस

**लखनऊ।** संस्थान के दंत संकाय में एसआर प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामला शांत नहीं हो रहा है। मंडलायुक्त की जांच पूरी हो गई है। अब कार्रवाई का सिलसिला शुरू हो गया है। मंडलायुक्त की जांच में दोषी तीन में दो शिक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा। नोटिस देने के मसले को केजीएमयू की कार्यपरिषद के समक्ष रखा जाएगा।

### मारपीट से क्षुब्ध युवक ने विधानभवन के सामने काटी हाथ की नस

**लखनऊ।** पेपर मिल कॉलोनी स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले 32 वर्षीय शेखू ने करीब दोपहर करीब 12 बजे विधानभवन गेट नंबर 1 के पास पहुंचकर अपने हाथ की नस काट ली। शेखू को खून से लथपथ देख पुलिस कर्मियों ने सूचना इंस्पेक्टर हजरतगंज श्यामबाबू शुक्ला को दी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर शेखू को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसके परिवार के लोग भी पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद शेखू को महानगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि शेखू के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी।

# लेन-देन को लेकर हुई थी प्रापर्टी डीलर संदीप की हत्या

● **तीन गिरफ्तार, मुख्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**काकोरी के** नरौरा गांव निवासी प्रापर्टी डीलर संदीप पाल की हत्या का पारा पुलिस ने खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि इस घटना में अपचारी किशोर भी शामिल है। मुख्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। इन लोगों ने रुपयों के लेनदेन को लेकर संदीप की जान ली थी। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश श्रीवास्तव के मुताबिक पारा क्षेत्र के सलेमपुर पतौरा गांव के पास काकोरी निवासी संदीप पाल की हत्या एक अपचारी सहित पांच लोगों ने रुपयों के लेनदेन को लेकर की थी। उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल एक अपचारी, काकोरी के नरौरा गांव निवासी मनीष गौतम, विकास गौतम, पारा क्षेत्र के बादल खेड़ा गांव निवासी सचिन रावत को इंस्पेक्टर पारा दधिबल तिवारी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया जबकि इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी बादल खेड़ा गांव निवासी संतोष लोधी अभी फरार है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल एक अल्टो कार व मृतक के मोबाइल सहित पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में मारी टक्कर, दो दोस्तों की मौत

● **गोसाईगंज थाना क्षेत्र के आशिक अली रसूलपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की घटना**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बाराबंकी** में दोस्त के घर शादी समारोह में शामिल होकर रविवार की देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से नगराम स्थित घर जाने के लिये निकले दो युवकों की स्कूटी में गोसाईगंज थाना क्षेत्र के आशिक अली रसूलपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी की परखच्चे उड़ गये ओर उसमें सवार दोनो दोस्तो की मौत हो गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतको के परिजनों को सूचना देने के साथ मृतकों के शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। सोमवार की शाम दोनों मृतक दोस्तो के शव पीएम के बाद उनके घर पहुंचे तो कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगराम थाना क्षेत्र के करोरवा गांव निवासी शुभम साहू (23वर्ष) व रंजीत वर्मा (25वर्ष) साथ में ही प्लम्बरिंग का काम करते थे( रविवार को रंजीत वर्मा अपनी स्कूटी से शुभम के साथ बाराबंकी के परीवां गांव में एक दोस्त के घर वैवाहिक कार्यक्रम में गये थे, जहां से देर रात दोनो पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से होकर वापस घर आ रहे थे। दोनो स्कूटी से जैसे ही गोसाईगंज थाना क्षेत्र आशिक अली रसूलपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गये ओर शुभम व रंजीत की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतको के पास मिले मोबाइल से परिजनो को सूचना देने के साथ ही शवो को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

## एलडीए में नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** तालकटोरा पुलिस ने एलडीए में नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है। एक वृद्ध ने परिचित के खिलाफ आरोप लगाते मुकदमा दर्ज कराया है। राजाजीपुरम ई.ब्लॉक निवासी विनोद कुमार की पहचान गौरी बाजार निवासी अजय से थी। जो एलडीए में ठेकेदारी करने का दावा करता था। जून महीने में अजय ने मुसीबत में फंसे होने की बात कहते हुए डेढ़ लाख की मदद मांगी थी। पूर्व परिचित होने के चलते विनोद ने बताए गए खाते में रुपये जमा कर दिए थे। अजय ने दो महीने बाद रुपये लौटाने का भरोसा दिया था। तय वक्त पर रुपये वापस नहीं मिलने पर विनोद ने तकादा करना शुरू किया। इस पर जालसाज ने विनोद से कहा कि 50 हजार रुपये मांगते हुए कहा कि आपकी बेटी का एलडीए में नौकरी लगवा दूंगा।

## सेना के पूर्व जवान को धन उपलब्ध कराने वाले अनस याकूब की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एनआईए** की विशेष जज कल्पना ने देश की सुरक्षा की जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को देने के एवज में सेना के पूर्व जवान सौरभ शर्मा को धन मुहैया कराने वाले मुल्जिम अनस याकूब गितैली की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को बेहद गंभीर करार दिया है। एनआईए के विशेष वकील एमके सिंह ने ने जमानत अर्जी का जोरदार विरोध करते हुए कहा कि इसके द्वारा सेना के पूर्व जवान सौरभ शर्मा की पत्नी के बैंक खाते में चार हजार की रकम जमा की गई थी। सौरभ शर्मा को यह रकम भारतीय सेना की गोपनीय जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एंजेसी को मुहैया कराने के एवज में दी गई थी। गितैली ने अपने मोबाइल से इस रकम की जमा पर्ची आईएसआई एंजेट नेहा शर्मा को व्हाट्सएप पर भेजा था। नेहा शर्मा ने उसे सौरभ शर्मा को भेजा। कहा गया कि भारत की एकताए अखंडता एवं सुरक्षा को खतरा पहुंचाने के आशय से किए गए इस काम की जानकारी मुल्जिम अनस याकूब गितैली को भलीभांति थी। आठ जनवरीए 2021 को इसे गुजरात से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। इस मामले में सौरभ के साथ ही उसके खिलाफभी आरोप पत्र दाखिल है।




# अस्सी लाख में सौदाकर थमाए दस लाख और करा लिया जमीन का बैनामा

● **चिनहट कोतवाली में सुनवाई न होने पर पीड़ित छोटेलाल ने कोर्ट में दायर की अर्जी, इंस्पेक्टर बोले मुकदमा दर्ज कर की जा रही जांच**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** की चिनहट पुलिस ने अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कराया है। चिनहट जुग्गौर निवासी छोटे लाल यादव की साढ़े तेरह हजार वर्ग फीट जमीन है। कुछ वक्त पहले सुनील कुमार यादव ने छोटेलाल से मुलाकात की थी। आरोपी का कहना था कि एलडीए चिनहट में जमीन अधिग्रहित कर रही है। ऐसे में अगर तुम्हारी जमीन एलडीए में चली गई तो कम रुपये मिलेंगे। इसलिए यह जमीन मुझे 80 लाख रुपये में बेच दो। सौदा तय होने पर उन्हें दस लाख रुपये दिए गए थे। इसके बाद सुनील उन्हें एग्रीमेंट कराने की बात कहते हुए कचहरी ले गया था। जहां आरोपी ने दबाव बना कर उनसे जमीन का बैनामा करा लिया। वहीं बचे हुए 70 लाख रुपये भी नहीं दिए। पीड़ित ने चिनहट कोतवाली में तहरीर दी थी।

जहां सुनवाई नहीं होने पर छोटेलाल ने कोर्ट में अर्जी दायर की थी। इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम त्रिपाठी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं बाराबंकी बड्डूपुर निवासी राम कुमार शर्मा के मुताबिक हनोमान प्रसाद ने चिनहट देवा रोड पर प्लॉट दिलाने की बात कही थी। सौदा तय होने पर राम कुमार शर्मा ने 60 हजार रुपये पेशगी दिए थे। जिसके बाद उन्होंने जमीन के कागज चेक कराए थे। छानबीन करने पर पता चला कि हनोमान प्रसाद ने बनवारीए गयादीन और पुरनवासी के साथ मिल कर फर्जी खतौनी बनाई थी।

## जमीन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**लखनऊ।** जमीन दिलवाने का झांसा देते हुए प्रॉपर्टी डीलर और रियल एस्टेट कम्पनी संचालकों ने तीन लोगों से 21 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ितों ने चिनहट और इन्दिरानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। संतकबीर नगर निवासी महेंद्र प्रताप सिंह सीएचसी गोण्डा में तैनात थे। उनके साथ अनिल मिश्रा भी काम करता था। जिसने छोटे भाई अमित मिश्रा के साथ प्रॉपर्टी डीलर होने की बात कही थी। जो कम कीमत में अच्छी जमीन दिलवा देगा। महेंद्र के सेवानिवृत्त होने पर अनिल जमीन खरीदने के लिए कहा। जिसके बाद महेंद्र बेटे अखिलेश के साथ बाराबंकी फतेहपुर स्थित प्लॉट देखने के लिए गए थे। उन्होंने 10 लाख 25 हजार में सौदा तय कर लिया था। जिसका भुगतान भी महेंद्र ने अनिलए अमित, सिद्धार्थ विक्रम सागर और ससिया रानी के खातों में किया था। उन्हें एमक्यूब गोल्ड इंफ्रा के नाम से प्लॉट खरीदने की रसीद दी गई थी। लेकिन आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की थी। महेंद्र ने अनिल से रुपये लौटाने के लिए कहा था। जिस पर आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज की थी। इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सफलता के लिए निरंतर परिश्रम जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन से जननायक विश्वविद्यालय, बलिया के तृतीय दीक्षांत समारोह का वर्चुअल शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उपाधि प्राप्त सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता की सीढ़ी कठिन श्रम से निर्मित होती है। कर्मक्षेत्र कोई भी हो सकता है, सफलता के लिए निरंतर परिश्रम करना होगा।

राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में युवाओं को आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की ओर ले जाने वाले कौशल विकास से युक्त पाठ्यक्रमों का विस्तार किए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि यह स्थानीय सिन्होरा एवं काष्ट शिल्प तथा कृत्रिम आभूषण निर्माण को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा हैए जिससे स्थानीय स्तर पर युवा स्वरोजगार खड़ा कर सकते हैं। राज्यपाल ने समारोह में 23 जनवरी, 2022 को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर नमन कर सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह अति विशिष्ट अवसर है। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने समारोह के मुख्य अतिथि प्रो रमेश चन्द्र श्रीवास्तव के सुखेत मॉडल की विशेष चर्चा की और कहा कि सुखेत मॉडल के द्वारा कृषि अवशेषों के प्रयोग से कई ग्रामीणों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर रहे डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, समस्तीपुर बिहार के कुलपति एवं वैज्ञानिक प्रो रमेश चन्द्र श्रीवास्तव ने जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया की तीन वर्ष में हुई प्रगति की सराहना की और शोध कार्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो कल्पलता पाण्डेय ने समारोह में विश्वविद्यालय की तीन वर्षीय प्रगति तथा आगामी लक्ष्यों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं को उपाधि, मेडल प्रदान करने के साथ साथ विश्वविद्यालय की स्मारिका सृजन समाचार पत्रिका अन्वीक्षण तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा रचित एवं सम्पादित चार पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

# शताब्दी समारोह उत्साह और आत्ममंथन का मौकाः मुख्य सचिव

● डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के स्तंभ का लोकार्पण व पत्रिका का विमोचन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डिप्लोमा** इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग का विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में आयोजित शतवार्षिकीय स्थापना दिवस समारोह का उदघाटन प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग नितिन रमेश गोकर्ण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि निश्चित तौर पर सौ वर्ष पूरे करने के अवसर पर उत्साह का महौल और उत्साह मनाने के साथ आत्म मंथन करने का मौका होता है। संगठन को यह सोचना चाहिए कि हम और कैसे आगे बढ़े और प्रभावशाली बने। देश में अमृत महोत्सव मनााया जा रहा है। देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश ने अगर थ्री ट्रिलियन डालर से फाईव थ्री ट्रिलियन तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है तो हमने भी केवल यूपी से वन ट्रिलियन डालर लक्ष्य हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आप लोगों मे उतनी ताकतए हौसला है तभी आपकों आईएसओं प्रमाण पत्र मिला है। आप में आकांक्षा भी है, ताकत भी, इरादा भी है। यह समय हमें सोचना के है अब हमें अगले सौ सवा सौ साल के बारे में सोचना है। तकीनिक का अधिकाधिक प्रयोग कर हमें देश के विकास के साथ आम आदमी के सुविधाजनक बनाना है। कोई भी संस्था लोगों से ताकतवर बनती है। संघ के अध्यक्ष इं एनडी द्विवेदी ने मुख्य सचिव से आग्रह किया कि लोक निर्माण विभाग का जो अस्तित्व है उसे बनाया रखना ही इस विभाग की गरिमा है। लोक निर्माण विभाग की मूलभूत संरचना यथावत रखकर सड़क निगम जैसी अवधारणा, कार्मिकों और विभागीय अधिकारियों विचलन पैदा करती है। नितिन रमेश गोकर्ण ने कहा कि शतायु एक आर्शीवाद की तरह है। डिप्लोमा इंजीनियर्स लोक निर्माण विभाग की रीढ़ है। अभियंत्रण सेवा में लोक निर्माण विभाग जननी है। संघ की तमाम उपलब्धियाँ इस बॉत का प्रमाण है कि संघ में कार्य करने वालों की कार्यशैली मेहनती और ईमानदारी से परिपूर्ण रही। संघ द्वारा शताब्दी पूरी किये जाने पर बनाए गए शताब्दी स्तंभ का डिजीटल लोकार्पण, संघ की पत्रिका एकता सूत्र विशेषांक का विमोचन करने के साथ ही संघ को क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम पर प्राप्त आईएसओ 9001:2015 का विमोचन किया गया।

इस दौरान संघ द्वारा शुरू किए गए संघ रत्नाकार अलंकरण इं दिनेश प्रसाद सिंह, कपिल देव द्विवेदी, अमरनाथ, देश पाल सिंह पंवार, लक्ष्मी नारायण सचान, अरूण कुमार मिश्र, वीरेन्द्र कुमार कुशवाहा और संघ रत्न पुरस्कार अरूण कुमार जायसवाल को प्रमाण पत्र एवं मेण्डल दिलाकर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त हुए महामंत्री सुनील कुमार श्रीवास्तव, वीके कुशवाहा और वीके सिंह को सम्मानित किया गया।

## ई-चालान के जरिए सलाखों के पीछे पहुंचा बाइक चोर

**मोहनलालगंज।** ट्रैफिक नियम तोड़ने की गलती ने मोहनलालगंज में बाइक चोर को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पीड़ित बाइक मालिक के घर पहुंची ई.चालान की नोटिस के सहारे पुलिस टीम ने बाइक चोर को दबोचकर जेल भेज दिया। जुर्माने की रकम भी अब आरोपी से ही वसूली जाएगी। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया समेसी निवासी गंगा प्रसाद फल विक्रेता हैं। 13 दिसंबर को वह करोरा गांव के मेले में गए थे। जहां से उनकी बाइक चोरी हो गई थी। काफी तलाशने पर भी बाइक नहीं मिली थी। 16 दिसंबर को गंगा प्रसाद ने नगराम थाने पहुंच कर बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस चोरी हुई बाइक को तलाश रही थी कि 22 दिसंबर को मोहनलालगंज पुलिस ने चोरी हुई बाइक का ई.चालान काट दिया था। गंगा प्रसाद के मुताबिक दस जनवरी को उनके घर डाक से 8500 रुपये का ई.चालान आया जिसमें उनकी चोरी गई बाइक का नंबर पड़ा था।

# सहायक कुलसचिव व कुलपति के बीच विवाद गहराया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की महिला अधिकारी का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। महिला अधिकारी का कहना है कि राज्यपाल से मुलाकात के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उन्होंने कुलपति पर आरोपियों को बचाने और गलत बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। उधर राजभवन ने मामले के जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। पिछले दिनों विश्वविद्यालय की सहायक कुल सचिव बिन्दू त्रिपाठी ने कुल सचिव अमित सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ अमित राय, उपकुल सचिव अरिवन्द कुमार सिंह और प्रोफेसर हिमाशु झा के खिलाफमानसिक और शारीरिक शोषण किए जाने सम्बन्धी एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को भी पत्र भेज कर न्याय की गुहार लगाई थी। जिसके बाद राज्यपाल ने महिला अधिकारी को बुलाकर उनकी बात सुनकर उन्हें भरोसा दिया था कि उनके साथ अन्याय नहीं होगा। लेकिन राज्यपाल से मिलने के बाद सहायक कुल सचिव की मुश्किले कम होने की जगह बढ़ गई। बकौल महिला अधिकारी कुलपति की ओर से दबाव बनाने की नियत से यह कहा जा रहा है कि हमने राज्यपाल को पत्र कैसे लिख दिया। साथ ही कुलपति ने पांच संकायाध्यक्षों से हमारे खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात लिखवाई है। इसकी सूचना 11 जनवरी को राजभवन को दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुलपति प्रो राणा कृष्ण पाल सिंह गलत बयानबाजी कर रहे हैं। साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से राजभवन को गुमराह कर रहे हैं। वह आरोपियों को बचाने का काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि कुलपति ने समाचार पत्रों में कहा कि कमेटी की जांच का इंतजार किए बिना ही एफआईआर दर्ज कराई है जबकि सच्चाई है कि कमेटी की संस्तुतियां 24 नवम्बर को मिलने के बाद एफआईआर के लिए प्रार्थना पत्र 30 नवम्बर को दिया था।



लखनऊ मध्य विधानसभा के नरही क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क के दौरान मंत्री बृजेश पाठक ने एक दुकान पर पूड़ी भी तली

## दबंग से परेशान महिला ने की आत्मदाह की कोशिश


**लखनऊ ।** गौतमपल्ली थाना क्षेत्र में सोमवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी ऑफिस से अपने घर के लिए रवाना हो रहे थे। इसी दौरान उनकी फ्लीट के आगे उन्नाव की एक महिला ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की। महिला को पेट्रोल डालते देख मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने महिला को रोका और किनारे ले आई। महिला का आरोप है कि 8 दिसंबर 2021 से उसकी बेटी को उन्नाव जिले के दबंग राजोल सिंह उर्फ अरुण कुमार ने अपने घर पर बंधक बना रखा है। इस बात की शिकायत उसने थाने से लेकर पुलिस कप्तान तक कि थी लेकिन उसे कहीं से मदद नहीं मिली। पीड़िता ने यह भी बताया कि उनके परिवार को लगातार आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। राजोल का संबंध समाजवादी पार्टी से है, ऐसा पता चलने पर सेमवार को वह सपा कार्यालय आई थी और अखिलेश यादव से मिलने की कोशिश कर रही थी लेकिन उन्हें किसी ने मिलने नही दिया।

# भावी पीढ़ी ही विश्व समाज की आधारशिला हैः जगदीश गांधी

● सीएमएस में यूएन इण्टरनेशनल डे ऑफ एजूकेशन का भव्य आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) द्वारा आयोजित 'यू.एन. इण्टरनेशनल डे ऑफ एजूकेशन' का वर्चुअल उद्घाटन आज प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि यह शैक्षिक समारोह छात्रों के व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि आज की भावी पीढ़ी ही विश्व समाज की आधारशिला है। ऐसे में हम सभी का यह दायित्व है कि नई पीढ़ी को इस प्रकार शिक्षित व मार्गदर्शन प्रदान किया जाए जिससे आदर्श विश्व समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस अवसर पर प्रख्यात समाज सेविका एवं पद्मश्री अवार्डी जनक पाल्टा मैक्गिलन, अमेरिका की दारा फेडमैन एवं रूस की नीना गोन्चार्वा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। विदित हो कि सीएमएस द्वारा आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक महोत्सव में कुवैत, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों के छात्रों ने एक से बढ़कर रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं द्वारा अपनी शैक्षिक एवं सृजनात्मक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन किया। इससे पहले, जूम वर्चुअल प्लेटफार्म पर स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना व विश्व शान्ति प्रार्थना से 'इण्टरनेशनल डे ऑफ एजूकेशन' का विधिवत शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन एवं चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर श्री रोशन गाँधी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इण्टरनेशनल डे ऑफ एजूकेशन की संयोजिका एवं अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) की प्रधानाचार्या संविदा अधिकारी ने सभी प्रतिभागी छात्रों व शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शैक्षिक समारोह छात्रों के मनोबल को बढ़ाने में अत्यन्त सफल साबित हुआ है।

## गर्भवती व धात्री का कोविड टीकाकरण जरूरी, सभी निभाएं जिम्मेदारी

**लखनऊ।** कोविड टीकाकरण आम लोगों की तरह ही गर्भवती व धात्री माताओं के लिए भी बहुत ही जरूरी है। गर्भवती व धात्री माताओं की बेहतर देखभाल के लिए घर परिवार के सदस्य भी बराबर उनके निकट संपर्क में होते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए भी गर्भवती का कोविड टीकाकरण जरूरी है। प्रसव पूर्व जांच व अन्य गतिविधियों और प्रसव के दौरान चिकित्सक, एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उनके संपर्क में आते हैं। इस लिहाज से गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ ही कई अन्य की भी कोविड से सुरक्षा की दृष्टि से गर्भवती का टीकाकरण बहुत जरूरी हो जाता है। कोविड का टीका गर्भवती व गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए पूरी तरह सुरक्षित व कारगर है, इसके लिए केंद्र सरकार की गाइडलाइन भी आ चुकी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के महाप्रबंधक मातृत्व स्वास्थ्य व टीकाकरण डॉ मनोज शुकुल का कहना है कि कोविड टीकाकरण के साथ ही गर्भवती और धात्री महिलाएं अपने खानपान का भी पूरा ख्याल रखें ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे और उनका शरीर संक्रामक बीमारियों से आसानी से लड़ सके। वह अपने भोजन में हरी साग सब्जियों को जरूर शामिल करें और चिकित्सक के बताए अनुसार आयरन व कैल्शियम की गोलियों का भी सेवन करें।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर गोष्ठी आयोजित




**लखनऊ।** बक्शी का तालाब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सोमवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम (पीसीपीएनडीटी एक्ट) के नोडल अधिकारी डा केडी मिश्रा ने कहा कि लिंग समानुपात व बालिकाओं की बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर हर वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। डा मिश्रा ने कहा कि बेटियाँ बेटों से कम नहीं हैंए वह हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। इस अवसर पर बालिका इंटर कॉलेजए बक्शी का तालाब की छात्राओं को शिक्षा एवं खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर सीएचसी बीकेटी के चिकित्सा अधीक्षक डा जेपी सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर बीपीएम पूनम शुक्ला, ब्लॉक समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक बीसीपीएम अजीत कुमार यादव, पीसीपीएनडीटी के विधिक सलाहकर प्रदीप मिश्रा सहित पीसीपीएनडीटी सेल के अन्य सदस्य, बीकेटी के बाल विकास परियोजना अधिकारी जय प्रताप सिंह, सीएचसी के अन्य कर्मचारी, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा वात्सल्य संस्था से अंजू मौर्य उपस्थित रहीं।

## ज्योति सिंह लोधी ललितपुर जिला अध्यक्ष नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा ज्योति सिंह लोधी निवासी ग्राम व पोस्ट जखौरा ललितपुर को समाजवादी पार्टी जनपद ललितपुर का जिलाध्यक्ष नामित किया गया है। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो फ़हद द्वारा मनीष कुशवाहा देवरिया को युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि द्वारा अनिल कुमार सिंह सिन्टू एटा को युवजन सभा उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। समाजवादी छात्र सभा उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव द्वारा सतवीर चौहान उर्फकलुआ भैया अमरोहा को प्रदेश सचिव नामित किया गया है। सुनील तन्तुआ लखनऊ को समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ में तथा मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड में समीर खान सुल्तान लखनऊ को प्रदेश सचिव बनाया गया है।

## बसपा के कई नेता रालोद में शामिल

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद के समक्ष जिलाध्यक्ष रण विजय मौर्य के अथक प्रयासों से दर्जनों बसपा नेताओं ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ जयंत सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये रालोद की सदस्यता ग्रहण की। यह जानकारी देते हुये राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने बताया कि बक्शी का तालाब के बसपा नेता मनोज कुमार यादव जितेन्द्र कुमार, डॉ अजय कुमार, अंकित मिश्रा, अनूप कुमार सहित अपने दर्जनों समर्थकों के साथ दल में शामिल हुये हैं। उनके शामिल होने से निश्चित ही राष्ट्रीय लोकदल को मजबूती मिलेगी।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में समाजवादी आंदोलन के वरिष्ठ नेता, जननायक के नाम से लोकप्रिय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के सभी जिला, महानगर कार्यालयों में भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती सादगी से मनायी गयी। अखिलेश यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर डॉ लोहिया, जय प्रकाश नारायण के साथ समाजवादी आंदोलन में जातिवादी और सांप्रदायिक राजनीति के विरूद्ध संघर्षरत रहे। समाजवादी पार्टी उनके दिखाये रास्ते पर चलते हुए सामाजिक न्याय और समाजवादी व्यवस्था के लिये लगातार काम करते हुए सबको सम्मान दिलाने की लड़ाई लड़ रही हैं। श्री यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिन पर समाजवादियों को सामाजिक न्याय, आबादी की हिस्सेदारी के साथ समाज के कमजोर वर्ग को मुख्यधारा में लाने का संकल्प लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय में कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण हुआ। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी, लीलावती कुशवाहा, शशांक यादव, संजय सविता विद्यार्थी, राहुल भारती, राहुल सविता, श्यामू शर्मा, नवीन धवन, देवेन्द्र सिंह जीतू, मोहन साहू, राहुल सिंह, लक्ष्मीनाथ कश्यप, सिद्धार्थ पाण्डेय, कृष्ण दास लोधी, सम्राट यादव, अमरजीत सिंह पप्पू, अनीता द्विवेदी, आदित्य कुमार, अविनाश सिंह लोधी सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

## रमेश राही समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत

**निगोहां।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के पुराने कार्यकर्ता व कई पदों पर रह चुके मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले रमेश राही को समाजवादी पार्टी अम्बेडकर वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया।मनोनयन पत्र समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम एल भारती ने दिया। रमेश राही को समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर मोहनलालगज विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, पूर्व विद्यायक इंदल रावत, पूर्व विधायक गोमती यादव, पूर्व सांसद सुशीला सरोज एसीएल वर्मा, पूर्व मंत्री आर केचौधरी, पूर्व मंत्री देवकली प्रसाद रावत, प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमेश वर्मा, बृजेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष आशिक अली, अशोक यादव, प्रदेश सचिव मायाराम वर्मा, जिलापंचायत सदस्य अरुण यादव, विजय लक्ष्मी, अरुण रावत, पन्ना लालरावत, महेश रावत, भारत यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, विजय यादव, हरिशंकर रावत, सन्तराम रावत, अशर्फीलाल धीमान, सन्तोष रावत, रईस अहमद सहित सैकड़ों पदाधिकारियों ने बधाई दी ।

# खुझौली में डीसीएम व पिकप लोडर में भिड़न्त, दस जख्मी

संवाददाता। मोहनलालगंज




**कोहरे और** धुंध में रविवार की रात खुझौली चौराहे पर डीसीएम और पिकप लोडर आपस में टकरा गए। डीसीएम बेकाबू होकर पुलिस चौकी की दीवार तोड़कर अन्दर घुस गई और पिकप मिठाई की दुकान की दीवार तोड़कर अन्दर घुस गई। हादसे में कुल दस लोग जख्मी हो गए। गनीमत रही कि भयानक हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर मोहनलालगंज अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया रविवार रात करीब 11 बजे खुजौली चौराहे पर गोसाईंगंज की ओर से आ रही डीसीएम निलमथा की ओर से आ रही महिन्द्रा पिकप से टकरा गई। भिड़ंत के बाद दोनों वाहन अनियंत्रित हो गए जिससे डीसीएम पुलिस चौकी में जा घुसी। जबकि पिकप लोडर यादव मिष्ठान भंडार की दीवार तोड़ते हुए अंदर चला गया। ग्रामीणों की सूचना पर मोहनलालगंज और गोसाईंगंज पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को डीसीएम और पिकप से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में डीसीएम ड्राइवर उन्नाव निवासी विशालए क्लीनर अयोध्या निवासी धर्मेंद्र घायल हुए हैं। जबकि पिकप ड्राइवर मंशाराम निवासी बाराबंकी, राकेश, सरयू प्रसाद, नगराम निवासी पवन, मनीष कुमार, राजू, लोनी कटरा निवासी अमरेश और लवकुश घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा गया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक वाहनों के बीच हुई भिड़ंत के कारण जाम लग गया था। ऐसे में क्रेन की मदद से वाहनों को रास्ते से हटवाया गया। जिसके बाद यातायात सुचारु रुप से चल सका। उन्होंने बताया फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है।

## राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया सैनिटाइजेशन



**लखनऊ।** शहर में कोरोना के लगातार बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा सैनिटाइजेशन कार्य कराया गया। इंदिरानगर, गोमतीनगर, अलीलगंज, पुराने लखनऊ में अभियान चलाते हुए सैनिटाइज किया गया। अभियान में 22 मैकेनाइज टैंकर्स, 40 हैंड हेल्ड स्प्रे मशीनें और चार दर्जन से अधिक कर्मियों ने गली, मोहल्ले और वीआईपी कालोनियों में छिड़काव कर सैनिटाइज किया गया। सोमवार को पुराने लखनऊ के ऐशबाग, इंदिरानगर सहित दूसरे क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। नगर निगम द्वारा रामलीला मैदान, नक्खास बाजार, बिल्लौचपुरा में पुराने लखनऊ को सैनिटाइज किया गया है। जीपीओ, बहुखंडी, लालबत्ती चौराहा, अमीनाबाद,पीजीआई, अपोलो मेडिक्स अस्पताल के आस पास सैनिटाइज्ड किया गया।

# आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस


● चुनाव को समावेशी, सुगम और सहभागी बनाना विषय पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** निर्वाचन आयोग ने एक मजबूत लोकतंत्र और इसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 25 जनवरी को 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्देश दिया है। आयोग के अनुसार 25 जनवरी के दिन 12 जी नेशनल वोटर्स डे को संपूर्ण देश में चुनाव को समावेशी, सुगम और सहभागी बनाना विषय की मूल भावना को लेकर मनाया जाएगा। मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी जाएगी। यूपी में विधान सभा चुनाव को देखते हुए मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिससे कि मतदान के प्रति मतदाताओं में जागरूकता आए। सबकी भागीदारी से हमारे देश में लोकतंत्र को मजबूती मिले। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लखनऊ में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में किया जायेगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि 25 जनवरी को संपूर्ण प्रदेश में आयोग द्वारा निर्धारित थीम पर कोविड.19 की गाइडलाइन के अनुरूप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए सभी मंडलायुक्तों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, जिलाधिकारियों को जहां तक संभव हो सके, ऑनलाइन मोड पर इस उत्सव को मनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों के साथ वयोवृद्ध, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर तथा महिलाओं एवं नवयुवकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# भाजपा के एजेंडे से कभी नहीं जाएगा राम मंदिर का मुद्दा

● राममंदिर के मुख्य पुरोहित सतेंद्र दास ने कहा, हमने रामलला से पूछकर योगी आदित्यनाथ को अयोध्या से चुनाव न लड़ने की दी थी सलाह


फाइल फोटो

भाषा। अयोध्या

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के अयोध्या से चुनाव लड़ने की अटकलों का पटाक्षेप होने के बाद राम मंदिर के मुख्य पुरोहित आचार्य सतेंद्र दास ने कहा कि अच्छा हुआ योगी यहां से चुनाव नहीं लड़े वरना उन्हें जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ता। दास ने दावा किया कि उन्होंने रामलला से पूछ कर योगी को सलाह दी थी कि वह अयोध्या के बजाय गोरखपुर से चुनाव लड़ें। पिछले 30 वर्षों से राम मंदिर के मुख्य पुरोहित का दायित्व निभा रहे दास ने सोमवार को बातचीत में कहा "यह अच्छा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। मैंने उन्हें सुझाव दिया था कि बेहतर होगा कि वह अयोध्या के बजाय गोरखपुर की किसी सीट से चुनाव लड़ें। दास ने कहा कि वह महसूस करते हैं कि भाजपा राम मंदिर को कभी अपने एजेंडे से बाहर नहीं निकालेगी।

इस सवाल पर कि उन्होंने योगी को अयोध्या से चुनाव न लड़ने की सलाह क्यों दी दास ने कहा "हम तो रामलला से पूछ कर बोलते हैं। हम राम लला की प्रेरणा से बोले थे। यहां के साधू एकमत नहीं हैं। विकास परियोजनाओं के लिए जिन लोगों के मकान तोड़े गए हैं, वे सब योगी के खिलाफ हैं। इसके अलावा जिन लोगों की दुकानें तोड़ी जानी हैं वह सब भी योगी से नाराज हैं। उन्होंने कहा "सभी कह रहे हैं कि यह योगी का काम है। इतना विरोध देखने के बाद मैंने योगी जी से कहा कि बेहतर होगा कि वह गोरखपुर से चुनाव लड़ें। वैसे योगी यहां से भी चुनाव जीत जाते लेकिन उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता। गौरतलब है कि राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा सरगर्म थी कि योगी अयोध्या से चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन भाजपा नेतृत्व ने उन्हें गोरखपुर नगर सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। अयोध्या की चुनावी फिजा के बारे में पूछे जाने पर दास ने कहा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता क्योंकि सभी पार्टियों ने अभी यहां अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। आने वाले समय में जनता का मिजाज पता लगेगा। इस सवाल पर कि अयोध्या में हो रहे राम मंदिर निर्माण का मामला क्या आगामी विधानसभा चुनाव में मुद्दा बनेगा आचार्य दास ने कहा "राम मंदिर का मुद्दा कभी नहीं जाएगा। नाम जरूर लेंगे। यह नहीं जाएगा भाजपा के एजेंडे से। मात्र 20 साल की उम्र में अयोध्या आए दास को उम्मीद है कि वह अपने जीवन में मुकम्मल राम मंदिर देख पाएंगे। उन्होंने कहा "देखते हैं, मंदिर का निर्माण कब पूरा होता है। मेरे साथ जो भी लोग आए थे उनमें से ज्यादातर की मृत्यु हो गई है। जब तक मैं जिंदा हूं यहां सेवा करूंगा। इस सवाल पर कि क्या अयोध्या में विवादित स्थल पर बनी मस्जिद ढहा जाने के वक्त वह मौके पर मौजूद थे दास ने कहा "हां, मैं वहीं था। वह सब मेरे सामने हुआ। तीन गुंबदों में से उत्तरी और दक्षिणी गुंबद को कारसेवकों ने ढहाया था। मैं रामलला को उनके सिंहासन समेत अपने हाथ में उठाए था। इस सवाल पर कि क्या स्थानीय राजनेताओं ने उनका आशीर्वाद लेने के लिए आना शुरू कर दिया है, पुरोहित ने कहा "अभी तक समाजवादी पार्टी नेता पवन पांडे की पत्नी यहां आई हैं। पांडे सपा के मजबूत उम्मीदवार हैं। पवन पांडे वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में अयोध्या सीट पर विजई हुए थे।

## सपा के दो पूर्व विधायकों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

बहराइच। जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) के दो पूर्व विधायकों और उनके सैकड़ों समर्थकों के खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रविवार को पुलिस ने आदर्श आचार संहिता और कोविड प्रोटोकाल उल्लंघन के मामले दर्ज किए हैं।अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक एवं सपा नेता मुकेश श्रीवास्तव के आवास पर शनिवार देर रात बड़ी संख्या में दोपहिया, चौपहिया वाहन खड़े थे। इस दौरान सपा नेता पंडाल में 400-450 लोगों की भीड़ एकत्रित कर चुनाव की चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रविवार को इस मामले में पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव तथा 400- 450 अन्य के खिलाफ बगैर अनुमति चुनाव प्रचार और कोविड-19 प्रोटोकाल का उल्लंघन एवं महामारी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया। मोटर वाहन कानून के तहत एक जीप भी जब्त की गई है।

सिंह ने बताया कि दूसरा मामला रविवार को ही जरवल रोड थाना क्षेत्र में सपा नेता एवं पूर्व विधायक रामतेज यादव और उनके 25-30 समर्थकों के खिलाफ बगैर अनुमति चुनाव प्रचार करने और कोविड प्रोटोकाल उल्लंघन के लिए दर्ज हुआ है। प्रदेश में विधान सभा चुनाव घोषित होने के साथ ही चुनावी आचार संहिता लागू है। बहराइच जिले में 27 फरवरी को मतदान होना है। यहां पहले से ही धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

## बबुआ ही रह जाएंगे अखिलेश

● कैबिनेट मंत्री ने सपा अध्यक्ष पर साधा निशाना



**प्रयागराज।** कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रयागराज में सोमवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। आवास पर मीडिया द्वारा उठाए गए सवाल कि अखिलेश यादव के प्रश्न यूपी में बिजली का उत्पादन नहीं हुआ का जबाव देते हुए काबीना मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव रोज सोचते हैं कि कौन सा झूठ आज चलेगा। सुबह उठते ही एक झूठ फेंकते हैं। फिर प्रेस वार्ता कर दिन भर कहानियां रचते रहते हैं।

वास्तविकता यह है कि यूपी को आप अंधकार में छोड़ कर चले गए थे। योगी सरकार में हम बिजली दे रहे 24 घण्टे शहरों में ब्लॉक लेवल पर 20 घंटे जा रहा है गांव में 18 घंटे बिजली रहती हैं। यह 5 साल का रिकॉर्ड है। आप कहते हैं कि भाजपा बिजली नहीं देती है। आपका जमाना बदल गया। आप झूठ बोलते हैं रोज झूठ मत फेंकों। अब झूठ बोलना बंद करिए। नहीं तो आप बबुआ हैं और बबुआ ही रह जायेंगे। अखिलेश यादव के पाकिस्तान परस्त बयान पर करारा प्रहार करते सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव कुछ तो इंसानियत दिखाओ। उत्तर प्रदेश में आप पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं। उत्तर प्रदेश से कितने वीर सैनिक हैं। जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया है शहीद हुए हैं। चाहे 1947 1965 1971 और कारगिल युद्ध रहा हो। आज भी हमें सुरक्षित रखने के लिए बलिदान दे रहे हैं। सैनिक किससे लड़ रहे हैं पाकिस्तान से आज आपको पाकिस्तान दिखता है भारत नहीं दिखता है।

## योग छात्रा को कुलाधिपति पदक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का 16वां दीक्षान्त समारोह 28 जनवरी को सरस्वती परिसर स्थित नवनिर्मित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। दीक्षान्त समारोह भारतीय पारम्परिक परिधान में होगा। छात्र छात्राओं के लिए सफेद धोती कुर्ता या पाजामा पीली साड़ी या सलवार सूट निर्धारित है। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। जबकि मुख्य अतिथि प्रो रमाशंकर दुबे कुलपति गुजरात केन्द्रीय विवि गाँधीनगर दीक्षान्त भाषण देंगे। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि दीक्षान्त में विभिन्न विद्या शाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 21 स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगें। जिनमें 10 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 11 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलेंगे। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2020 तथा जून 2021 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 19151 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी। 11225 पुरूष तथा 7926 महिला शिक्षार्थी शामिल हैं। उपाधि प्राप्त करने के लिये लगभग 400 शिक्षार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है। प्रो सिंह ने बताया कि 16वें दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय अध्ययन केन्द लखनऊ की छात्रा मोनिका पाण्डेय को दिया जायेगा। मोनिका पाण्डेय ने एमए योग विषय की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है तथा समस्त विद्या शाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातक परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वश्रेष्ठ रही हैं। कुलपति प्रो सिंह ने बताया कि विवि स्वर्ण पदक इस बार स्नातकोत्तर वर्ग में विद्या शाखाओं के 06 टापर्स को दिए जाएंगे।

## तालाब में मछली पकड़ने गई चाची-भतीजे सहित दो की डूबने से मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के थाना मानधाता क्षेत्र के खूझी गांव में तालाब में मछली पकड़ने गई चाची और भतीजे की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। मानधाता के थाना प्रभारी उदयबीर ने सोमवार को बताया कि खूझी गांव के तालाब में लोग जाल डाल कर मछली पकड़ते हैं। उन्होंने बताया कि गांव का दिलशाद (10) रविवार को तालाब में जाल डाला था, जहां जाल निकालने के लिए शाम सात बजे वह तालाब पर गया था। उन्होंने बताया कि जाल निकलने के दौरान पैर फिसलने से वह डूबने लगा तो उसको बचाने के लिए उसकी चाची शब्बो (30) तालब में कूद गई और दोनों डूब गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि देर रात तक वापस न आने पर परिजनों एवं अन्य ग्रामीणों ने तालाब से दोनों शवों को निकाल कर पुलिस को बिना सूचित किए सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया।

## गोमांस के साथ गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो बोरी में रखे दो क्विंटल गोमांस बरामद कर उसके विरुद्ध गोवध नियम अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार मिश्र ने बताया कि अपराध नियंत्रण के लिए चलाए गए अभियान के तहत जब सोमवार को गोसाईगंज थाने की पुलिस गश्त पर थी, तभी जानकारी मिली कि कि ग्राम तियरी मछरौली से एक गोकस अभियुक्त जार कुरैशी दो बोरे में गोमांस लेकर जा रहा है। पुलिस ने कुरैशी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो क्विंटल गोमांस बरामद कर गोवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।


## माघमेले में अव्यवस्थाओं पर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जताई सख्त नाराजगी

# शासन-प्रशासन पर कसा तंज

● कहा- अनिश्चित प्रवाह से तमाम कैंपों में भर रहा पानी, कल्पवासी मेला छोड़ने को मजबूर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**संगम** तीरे हर वर्ष लगने वाले माघमेला में इस बार अव्यवस्था जमकर हावी है। रविवार को जहाँ मठ मछली बंदर में बैठक कर स्वामी विमलदेव आश्रम और तमाम साधु संतों ने मेले की बदतर व्यवस्था को लेकर जहां सवाल खड़े किए वहीं सोमवार को जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के उत्तराधिकारी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने माघमेले में फैली अव्यवस्था को लेकर शासन और प्रशासन पर तंज कसा। उन्होंने माघमेला के त्रिवेणी रोड पर लगे अपने शिविर में शासन प्रशासन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि माघमेले के दो स्नान पर्व बीत चुके हैं लेकिन अभी भी साधु संत और कल्पवासी मेले में सुविधाओं के लिए भटक रहे हैं। मेला प्रशासन कार्यालय जाने पर उन्हें बजट की कमी बताई जाती है। जबकि सरकार कह रही है कि बजट की कोई कमी नहीं होगी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि अगर वास्तव में बजट की कमी है तो प्रशासन इसकी जानकारी संतों के बीच सार्वजनिक करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अर्धकुंभ को कुंभ किया जा सकता है तो संत समाज यह मानता रहा है कि माघमेले का स्वरूप भी कुंभ से कम नहीं होगा। इसे कुंभ की तरह ही आयोजित कराया जाएगा। जिस तरह की अव्यवस्था मेले में देखने को मिल रही है। उसे शासन और प्रशासन की विफलता ही कहा जाएगा। इसके साथ ही साथ गंगा नदी में पानी का अनिश्चित प्रवाह छोड़े जाने को लेकर भी उन्होंने मेला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गंगा पर सरकारों ने बांध बनाकर नियंत्रण कर रखा है। माघमेले के समय अनिश्चित प्रवाह से तमाम कैंपों में पानी भर रहा है। जिससे साधु संतों और कल्पवासियों को परेशानी हो रही है। मेला क्षेत्र में कोरोना के खतरे के नाम पर मास्क न पहनने पर हजारों रुपए का चालान किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी कोरोना संक्रमण को लेकर कई तरह की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं। इसलिए मेला प्रशासन को इस मामले में भी लोगों को सही जानकारी देनी चाहिए।



## माघ मेला दुर्व्यवस्था का शिकार सिर्फ हो रहा प्रचारः रेवती रमण

**प्रयागराज।** राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने माघमेला को दुर्व्यवस्था का शिकार बताया है। माघमेला क्षेत्र का भ्रमण कर सांसद ने इस पर रोष प्रकट किया। गुड्डू मिश्रा द्वारा संचालित दाल भात शिविर और माघमेला क्षेत्र का भ्रमण करने पर क्षेत्रीय लोगों और कल्पवासियों ने व्यवस्था को लेकर सांसद से शिकायत किया। जिस पर सांसद ने कमिश्नर और डीएम से बात की जहाँ सभी ने पल्ला झाड़ लिया। भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। सिर्फ बड़े बड़े स्क्रीन पर अपना प्रचार प्रसार करने में कोई कटौती नहीं कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि जो लोग सालों साल से संगम तट पर माघ में कल्पवास करते हैं वो आस्था का विषय है। इसको योगी मोदी सरकार ने इवेंट मेला बना दिया है। कल्पवासियों ने बताया कि ऐसी दुर्व्यवस्था पहले कभी नहीं हुई। बड़ी संख्या में लोग इस बीच कल्पवास में अपना शिविर छोड़ कर जाने को मजबूर हो रहे हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि 59 करोड़ के बजट में अफसर बंदरबांट कर रहे हैं कल्पवासी शिविर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। सपा जिला उपाध्यक्ष विनय कुशवाहा ने कहा कि संगम तीरे लूट का मेला चल रहा है।

## मातृशक्ति ही संस्कार का भाव पैदा करने में निभा सकती है महत्वपूर्ण भूमिकाः अनिल




### विश्व हिंदू परिषद के माघमेला शिविर में मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी का दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन संपन्न

**प्रयागराज।** विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के माघमेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड स्थित शिविर में मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी का दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन सोमवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री हरिशंकर मातृशक्ति की अखिल भारतीय सह प्रमुख सरोज सोनी ने भारत मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। पहले दिन कुल चार सत्र हुए। आज समापन के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल ने माताओं और बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृशक्ति ही समाज में सुरक्षा एवं संस्कार का भाव पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। आज हिंदू धर्म एवं संस्कृति कि चर्चा पूरे दुनिया में है। हमारी पहचान संस्कृति एवं संस्कार से होती है। हम सभी पदाधिकारियों को हिंदू समाज के जागरण में अहम् भूमिका निभानी चाहिए। जिससे हिंदू समाज में समरसता का भाव जागृत हो। अपने निरीह असहाय जो मुख्यधारा से अलग हुए हैं वह भी समाज के मुख्यधारा से जुड़ कर हिंदू समाज को मजबूत करें। आने वाले समय में हिंदू समाज के सामने धर्मांतरण लव जिहाद की समस्या ही न रह जाए। इसके लिए मातृशक्ति के बल पर हिंदू समाज का जागरण की कार्य योजना हम सबको प्रत्येक गली मोहल्ले में संस्कारशाला सत्संग एवं समिति बनाकर तैयार करनी है। जिससे हिंदू समाज की सभी समस्याओं का समाधान होगा। आज हम सब को यह संकल्प करना है कि हमें एक जागृत समाज की कल्पना में हमारा क्या योगदान होगा। विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने कहा कि आज संगम के किनारे विश्व हिंदू परिषद की साधना के बल पर सम्मेलन में आए हुए मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की माताओं बहनों को हिंदू समाज के आस्था एवं मान बिंदुओं की रक्षा के संकल्प के लिए यह एकत्रीकरण हुआ है। हमें गौ गंगा गायत्री जो हमारे धर्म के मुख्य बिंदु हैं इसको केंद्र में रखकर हमें हिंदू समाज के एकत्रीकरण के लिए निरंतर कार्य करना है। जो हमारे कार्य का आधार है। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कुमार प्रांत मातृशक्ति प्रमुख कमला मिश्रा रीता दिव्या पूनम पाण्डेय वर्षा गुप्ता आभा तिवारी चित्रा बत्रा गुड़िया गिरि विनीता जायसवाल ममता वैश्य सीमा कौशिक पूनम गुप्ता पूजा आदि उपस्थित रहीं।

## आपत्तिजनक भाषण देने के आरोप में भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** चुनावी सभा में भड़काऊभाषण देने और निर्वाचन आयोग के प्रचार संबंधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मीरापुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। ककरोली थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि बिना अनुमति के रविवार को सभा करने के आरोप में प्रशांत गुज्जर और उनके 40 समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने कोविड-19 संबंधी स्थिति के मद्देनजर सभी प्रकार की जनसभाओं और रैलियों पर रोक लगा दी है। एक वीडियो क्लिप में गुज्जर चौरावाला गांव के लोगों से उन्हें समर्थन देने की अपील करते दिख रहे हैं। गुज्जर वीडियो में कहते सुनाई दे रहे हैं कि भाजपा हिंदुओं की और विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) मुस्लिम पार्टी है। शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो की जांच करने के बाद गुज्जर और उनके समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि गुज्जर जिस चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे, वह निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए और जिला प्राधिकारियों की अनुमति के बिना आयोजित की गई थी।

शर्मा ने कहा कि गुर्जर और उनके 40 समर्थकों के खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 (चुनाव के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), महामारी रोग अधिनियम की धारा तीन और आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (विधिवत रूप से घोषित लोक सेवक के आदेश की अवज्ञा) और धारा 269 एवं धारा 270 के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा उनके खिलाफ धारा 505 (2), धारा 171 के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। मीरापुर विधानसभा क्षेत्र में सात चरणीय उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले चरण में 10 फरवरी को मतदान होगा।

## चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय की नई कुलपति के एक माह के कार्यकाल का लेखा-जोखा

# ऐतिहासिक और उपयोगी साबित होंगे कई फैसले

संवाददाता। मेरठ

**चौ. चरण सिंह** विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने सोमवार को अपने एक माह के कार्यकाल का लेखा.जोखा मीडिया के सामने रखा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापरक शोध, नवाचार, शैक्षिक वातावरण एवं अकादमिक प्रोत्साहन हेतु कई ऐसे निर्णय लिए गये हैं जो अत्यंत महत्वपूर्ण एवं विश्वविद्यालय के लिए दूरगामी दृष्टि से ऐतिहासिक एवं उपयोगी सिद्ध होंगे। इनमें सबसे अधिक फोकस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने पर रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को समग्रता के साथ लागू करने के लिए कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने छह प्रकोष्ठों का गठन किया। इनमें रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसीए आईटी पॉलिसी , इन्वायरन्मेंटल पॉलिसीए मोरल एंड इथिक्स पॉलिसी, इन्क्यूवेशन सेंटर और सेंटर फॉर वोकेशनल एजूकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट हैं। यह सभी प्रकोष्ठ विश्वविद्यालय में अकादमिकए शोधए कौशल विकासए नवाचार को प्रोत्साहन देने के साथ.साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को पूरा करेगें।

**इंडस्ट्री अकादिमक इंटरफेसः** प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने बताया कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में उद्योग स्थापित हैं। नोयडाए गाजियाबादए मेरठए हापुड़ उद्योगों के बड़े केन्द्र हैं। इसकी महत्ता को ध्यान में रखते हुए इंडस्ट्री अकादिमक इंटरफेस के अन्तर्गत उद्योगों की प्रत्यक्ष भागीदारी से हमारे विद्यार्थियों को सीधे लाभ मिलेगा और वे इंडस्ट्री की आवश्यकता के हिसाब से प्रशिक्षित हो सकेंगे। इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैंए इसलिए विश्वविद्यालय अच्छे औद्योगिक समूहों से एम0ओ0यू0 साइन करेगा।

**नैक मूल्यांकन एवं एनआईआरएफ** कुलपति ने बताया कि नैक मूल्यांकन की प्रगति का अवलोकन कर इस प्रक्रिया में कई आवश्यक कार्य किये गए हैं । इस प्रक्रिया में गठित विभिन्न समितियों की समीक्षा कर यह प्रतिबद्धता दर्शायी कि विश्वविद्यालय को नैक द्वारा श्एश् ग्रेड प्राप्त हो। साथ ही एन आई आर एफ की रैंकिंग के लिए भी विश्वविद्यालय अपने आप को तैयार कर रहा है और इससे सम्बन्धित सभी आवश्यक कार्य प्रगति पर हैं।उन्होंने



आशा जताई कि विश्वविद्यालय एन आई आर एफ में भी अच्छी रैंक प्राप्त करेगा।

**शोध प्रोत्साहनः**गुणवत्तापरक शोध को प्रोत्साहन देना कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने अपनी प्राथमिकता में बताया। उन्होंने बताया कि शोध छात्रों को अब 2500 रूपये के स्थान पर 5000 रूपये प्रतिमाह फैलोशिप देने का निर्णय लिया गया है । इसके अतिरिक्त यह फैलोशिप पूर्व में 36 शोधर्थियों को प्राप्त होती थी इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए अब यह फैलोशिप 56 शोधार्थियों को देने का भी निर्णय लिया है ।

**सेन्ट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटीः** कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के पास उपलब्ध मंहगे उपकरण अथवा भविष्य में खरीदे जाने वाले सोफिस्टिकेटेड उपकरणों के समुचित उपयोग के लिए सेन्ट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी का प्रावधान किया गया है। इसके लिए दो करोड़ रूपये की धनराशि भी आवंटित कर दी गयी है। इस सेन्ट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी को विश्वविद्यालय के नवीन मूल्यांकन भवन के भूतल पर स्थापित किया गया है। जिसका नाम बॉटनी के पूर्व प्रोफेसर एवं लब्ध प्रतिष्ठित प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रोफेसर बी0 पुरी के नाम पर रखा गया। यह सेन्ट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को शोध एवं पठन.पाठन में अभूतपूर्व योगदान करेगी।

**विद्यार्थियों की समस्याओं का निवारणः**कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने विश्वविद्यालय में कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही सबसे पहले छात्र.छात्राओं की समस्याओं को समझने का प्रयास किया और सभी सम्बन्धित अधिकारियोंए कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्रीवेंन्स सेल मैनेजमेंट सिस्टम को सुचारू कर एक निश्चित समय सीमा में छात्र.छात्राओं की समस्याओं का निवारण किया जाए। प्रवेश एवं परीक्षा इत्यादि कार्यो में संलग्न बाह्य कम्पनियों के भी प्रेजेन्टेशन लिए और उन्हें भी छात्र.छात्राओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये।

**सत्र का नियमितिकरणः** कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य कार्य विद्यार्थियों का समय से प्रवेशए परीक्षा एवं परिणाम देना है। प्रोफेसर शुक्ला ने बताया कि कई ऐसे निर्णय लिए हैं जिससे सत्र नियमित होगा। कहा कि परीक्षा समिति की गत पांच जनवरी को हुई बैठक में कई ऐसे निर्णय लिए गये जो सत्र को नियमित करने में अत्यंत सहायक होंगे। इसमें कोरोना के चलते परीक्षाओं के समय को कम करना एवं लम्बे समय तक चलने वाली परीक्षाओं को कम दिनों में आयोजित करना जैसे महत्वपूर्ण निर्णय सम्मिलित हैं।

**रोजगारपरक एवं कौशल विकास सम्बन्धी पाठ्यक्रमः**कुलपति प्रोफेसर संगीता ने कहा कि आगामी सत्र ;2022.23 से विश्वविद्यालय में रोजगारपरक एवं कौशल विकास से संबंधित पाठ्यक्रम का संचालन किया जायेगा। इसकी शुरूआत करते हुए गत 21 जनवरी को हुयी विवि विद्वत परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय परिसर स्थित सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में एमटेक ;कम्प्यूटर सांइस एंड इंजीनियरिंगद्ध, एमटेक ;इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग उत्तर प्रदेश शासन के कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार के क्रियान्वयन हेतु पोस्ट हार्वेस्ट प्रबन्धन और प्रौद्योगिकी में दो वर्षीय स्नातोकत्तर पाठ्यक्रम व एक वर्षीय स्नोतोकत्तर डिप्लोमा शुरू करने का निर्णय हो चुका है।

## कांग्रेसी रणनीति

### देवताओं की कसम

**यह** राजनीतिक निराशा की पराकाष्ठा है। गोवा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों से एक या दो नहीं, बल्कि तीन देवताओं के सामने कसम खाने को कहा गया कि वे चुनाव में जीतने पर वे पांच साल तक कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे। नेतृत्व की यह रणनीति गोवा के मतदाताओं को अश्वस्त करने की है जिनको विश्वास है कि कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देना भाजपा उम्मीदवारों को वोट देने के समान है। जनता की यह समझ 2017 चुनाव के बाद कांग्रेस से बड़े पैमाने पर पालाबदल से बनी है। 2017 में 17 सीटें जीतने वाली पार्टी अंततः घट कर 2 तक पहुंच गई। 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' को निश्चित रूप से भगवान से प्रार्थना करने की जरूरत है ताकि उसके लोग एकजुट रहें। उसके विधायक न केवल गोवा में, बल्कि 2014 के बाद से देश के अनेक राज्यों में पाला बदल चुके हैं। अधिकांश मामलों में पालाबदल से भाजपा को लाभ हुआ है। पालाबदल का सबसे खराब मामला अरुणाचल प्रदेश में हुआ जहां मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू समेत 44 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा समर्थित एक क्षेत्रीय पार्टी में शामिल हो गए। नवंबर में मेघालय में कांग्रेस के 17 विधायकों में से 12 तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। इसके परिणामस्वरूप उसका प्रमुख विपक्षी दल का दर्जा चला गया। 2016 में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा आठ अन्य विद्रोही कांग्रेस विधायकों के साथ सदन की सदस्यता से अयोग्य सिद्ध होने के बाद भाजपा में शामिल हो गए।



लेकिन केवल कांग्रेस को ही पालाबदल करने वाले विधायकों से नुकसान नहीं उठाना पड़ रहा है। सिक्किम में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के 10 विधायक भाजपा में शामिल हो गए। असम में अनेक भाजपा विधायक और मंत्री तक कांग्रेस से आए हैं। त्रिपुरा में भी यही स्थिति है। मणिपुर की भी स्थिति अलग नहीं है। यहां तक कि बिहार में भाजपा की सहयोगी जदयू को उस समय धक्का लगा जब अरुणाचल प्रदेश में उसके 7 विधायकों में से 6 भाजपा में चले गए। उत्तर प्रदेश में वर्तमान विधानसभा चुनाव के पहले 36 विधायकों ने पाला बदला जिससे ज्यादातर समाजवादी पार्टी को लाभ हुआ, पर भाजपा और रालोद भी इससे लाभान्वित हुए। ऐसे में जब विधायक सत्ता के लालच या अन्य कारणों से पाला बदल करते हैं तो कोई नैतिकता या आदर्श उनको अपने घर में नहीं बांधे रख पाते हैं। 1960 व 1970 के दशक में राज्य विधायिकाओं में भारी पालाबदल की ऐसी ही घटनायें सामने आई थीं। इसका सबसे शानदार उदाहरण हरियाणा के एक निर्दलीय विधायक गया लाल थे जिन्होंने कुछ ही घंटों में दो बार पार्टियां बदलीं और कुछ ही दिनों में तीसरी बार पालाबदल किया। 'आया राम, गया राम' कहावत ने उन्हें अमर बना दिया है। पालाबदल की इन घटनाओं के कारण दलबदल-विरोधी कानून बनाया गया, पर विधायकों ने इसकी अनेक कमियों का लाभ उठाया। कर्नाटक में 2019 में विधायकों ने दंड से बचने के लिए पालाबदल का एकदम नया तरीका खोजा। किसी गतिविधि से अयोग्य ठहराने जाए जाने के पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पालाबदल से लोकतंत्र विकृत होता है। इससे निर्वाचित प्रतिनिधि जनादेश का मजाक उड़ाते हैं। यदि इस्तीफा या पुनः चुनाव पालाबदल-विरोधी कानून से बचने के लिए काफी है तो कानून में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में विधायकों को कसम दिलाने के बजाय एक कठोर कानून लाना ज्यादा अच्छा होगा जिससे मतदाताओं का विश्वास बहाल होगा।

# भूमि संबंधी विवाद निपटाने का तरीका

आंध्र प्रदेश सरकार ने एक नई शुरुआत की है। उसने भूमि अधिकार में स्वच्छता लाने के लिए सभी भूमि रिकार्डों के पुनः सर्वेक्षण का आदेश दिया है।



**अमर देवुलापल्ली**
(लेखक आंध्र प्रदेश सरकार के मीडिया सलाहकार हैं)



जमीन संबंधी मुकदमेबाजी देश में एक भयानक विभीषिका है। भूमि रिकार्ड आसाने सी उपलब्ध नहीं हैं या उनको अद्यतन नहीं बनाया जाता है। भूमि का पंजीकरण एक परेशान करने वाली प्रक्रिया है तथा भूमि का स्वामित्व सिद्ध करना कठिन है। आंध्र प्रदेश सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए चरणबद्ध तरीके से भूमि रिकार्डों के पुनः सर्वेक्षण का फैसला किया है ताकि 2023 के अंत तक संपत्ति स्वामियों को विधिक अधिकार दिए जा सकें। पहले चरण में भूमि का सर्वेक्षण कुछ गांवों में कर नए भूमि रिकार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरे राज्य में की जाएगी तथा जून, 2023 तक पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी द्वारा शुरू की गई इस प्रक्रिया पर 1,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे जिसमें सर्वे टीमों के साथ ही नवीनतम जियो टैगिंग व सेटेलाइट मैपिंग तकनीकों का प्रयोग हो रहा है। भूमि रिकार्ड को अंतिम रूप मिलने के बाद डिजिटल तरीके से निर्धारित भूमि माप के परिचय पत्र जारी किए जाएंगे। इस कार्ड में भूमि के नक्शे के साथ ही एक क्यूआर कोड भी होगा। भूमि विवाद का मुख्य कारण भूमि रिकार्ड हैं जो औपनिवेशिक युग के हैं और स्वामित्व की वैधता जांचने के लिए उनका कोई पुनः सर्वेक्षण नहीं हुआ। मजेदार बात है कि कुछ समय पहले किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, सिविल विवादों में अदालती सुनवाई पर औसतन लगभग 497 रुपये प्रति दिन खर्च होते हैं। विश्व बैंक के एक अध्ययन से पता चलता है कि अदालतों में ये भूमि विवाद भूमि स्वामित्व रिकार्डों तथा विधिक स्वामियों से संबंधित हैं जिससे मामले निपटाने में सालों का समय लगता है। नीति आयोग के एक अध्ययन के अनुसार औसतन भूमि विवाद हल करने में 20 साल का समय लगता है। समुचित भूमि दस्तावेजों के अभाव में बेनामी लेनदेन होता है। 2012 में काले धन पर जारी श्वेत पत्र में कहा गया था कि देश में काले धन का निवेश बेनामी संपत्तियों में होता है। हालांकि, देश भर में यही स्थिति है, पर आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी भूमि रिकार्ड हमेशा के लिए ठीक करने का कदम उठाया था। उल्लेखनीय है कि भूमि रिकार्डों की यह व्यवस्था जमींदारी व्यवस्था से विरासत में मिली तथा स्वतंत्रता के बाद भूमि प्रशासन व लेनदेन को राज्यों को हस्तांतरित किया गया। देश के 6.4 लाख गांवों का सर्वेक्षण कर 19वीं शताब्दी के अंत व 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में उनके नक्शे बनाए गए। आंध्र प्रदेश में 1927-28 में ब्रिटिश शासन ने दो बार भूमि सर्वेक्षण कराए थे।

जगनमोहन रेड्डी द्वारा विधिक स्वामियों को स्थाई भूमि रिकार्ड देने के लिए शुरू यह योजना देश में अपने किस्म की पहली है। इसका उद्देश्य विधिक रूप से भूमि संरक्षण है। इस पहल का लक्ष्य भूमि लेनदेन को सहज व विवाद-मुक्त बनाना है जिससे भूमि स्वामियों को मिले स्थाई भूमि अधिकार की राज्य सरकार गारंटी करेगी। जगन्ना शाश्वत भूहाक्कलू-स्थाई भूमि अधिकार भू रक्षा योजना में भूमि रिकार्डों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है जिनको पारदर्शी तरीके से रखा जाएगा। 6 नवंबर, 2017 से 9 जनवरी, 2019 तक चली 'प्रजा संकल्प यात्रा' के दौरान वाईएससीआरपी प्रमुख ने वैध भूमि स्वामियों की समस्यायें समझीं जो सालों से मुकदमेबाजी में फंसे थे। उन्होंने देखा कि लोग अपनी मेहनत का पैसा लगाने के बाद सालों से प्लाट, घर, खेत व अन्य भूमि संबंधी विवादों में फंसे थे। इस यात्रा ने 341 दिन में राज्य के 134 विधानसभा क्षेत्रों के 2,516 गांवों का हालचाल जाना तथा 3,468 किलोमीटर की पदयात्रा की। मुख्यमंत्री बनने के बाद जगनमोहन रेड्डी ने इस विवाद के समाधान को प्राथमिकता देते हुए ऐतिहासिक योजना शुरू की। इसकी शुरुआत 21 दिसंबर, 2020 को कृष्णा जिले के जगय्यापेट के निकट टेकलापड्डु गांव में हुई। मुख्यमंत्री द्वारा औपचारिक सर्वेक्षण प्रक्रिया शुरू करने के दस दिन पहले आंध्र प्रदेश सरकार ने भारतीय सर्वेक्षण के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर कर इस सबसे बड़े भूमि सर्वेक्षण व भवन स्वामित्व सर्वेक्षण को शुरू किया। भूमि सर्वेक्षण के लिए 1,000 करोड़ का बजट रखा गया है। सरकार ने लगभग 14,000 सर्वेक्षक रखे हैं जिनको भातरीय सर्वेक्षण ने प्रशिक्षण दिया है। सर्वेक्षण में 17,000 गांवों की 1.26 करोड़ एकड़ जमीन, 13,371 गांवों में सरकार व निजी स्वामियों की 85 लाख एकड़ गैर-कृषि जमीन तथा 110 शहरी क्षेत्रों में 40 लाख सरकारी व निजी संपत्तियां तथा 10 लाख प्लाट शामिल हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद सर्वेक्षण की गई जमीन के हर टुकड़े को एक यूनीक आइडेंटीफिकेशन नंबर दिया जाएगा। इस श्रमसाध्य प्रक्रिया को देखते हुए पूरा कार्यक्रम तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में लगभग 5,000 गांव, दूसरे चरण में 6,500 गांव तथा तीसरे चरण में 5,500 गांव शामिल होंगे।

राज्य सरकार ने मौके पर भूमि विवाद निपटाने के लिए मोबाइल न्यायाधिकरण भी स्थापित किए हैं। इस पहल को शुरू करते हुए मुख्यमंत्री ने टीमों को स्पष्ट कर दिया है कि 'हर नए सर्वेक्षण के साथ हर अचल संपत्ति के सटीक राजस्व रिकार्ड तैयार किए जाएंगे जिनमें ठीक-ठीक अक्षांश व देशांतर शामिल होंगे। इसके लिए ड्रोन, कांटीनुअस आपरेटिंग रिफ्रेंस स्टेशन-सीओआरएस व रोवर्स जैसे अद्यतन उपकरणों का प्रयोग किया जाएगा।' भूमि की पहचान निर्धारित होने के बाद सर्वे पत्थर लगाए जांएगे। सर्वेक्षण पूरा होने पर एक डिजिटल कडास्ट्रल तैयार किया जाएगा तथा गांव में जमीनों के सारे विवरण नक्शे में दिखेंगे।

इस प्रकार 18 जनवरी को मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी का एक और ड्रीम प्रोजेक्ट उस समय अस्तित्व में आ गया जब पहले चरण में गुंटूर जिले के 37 गांवों में पंजीकरण शुरू हुआ। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि 51 गांवों में 29,563 एकड़ का पुनः सर्वेक्षण पूरा हो गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि पुनः सर्वेक्षण से भविष्य में मुकदमेबाजी की संभावना नहीं बचेगी तथा योजना पूरी होने के बाद भूमि समझौते गांव के स्तर पर किए जा सकेंगे। मंडल मोबाइल मजिस्ट्रेट टीमों ने 51 गांवों की 3,304 आपत्तियों का निपटारा कर अधिकारियों को स्थाई भूमि अधिकार सार्टीफिकेट देने में सहायता की। कार्यक्रम के अनुसार सर्वेक्षण पूरा होने पर पंजीकरण ग्राम सचिवालय स्तर पर हो जाएंगे। पहले चरण की प्रक्रिया पूरी होने के पहले ही महाराष्ट्र सरकार ने योजना में दिलचस्पी प्रकट करते हुए 11 वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम भेजी है।

महाराष्ट्र सर्वे सेटलमेंट कमिश्नर निरंजन कुमार सुधांशु के नेतृत्व वाली यह टीम भूमि व सर्वेक्षण परियोजना का अध्ययन कर रही है। उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भूमि के पुनः सर्वेक्षण के बाद दशकों पुरानी सर्वेक्षण संबंधी समस्यायें हल हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने वाईएसआर जगन्ना शाश्वत भूहक्कू व भू रक्षा योजना को एक महान सुधार व क्रान्तिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि 100 साल बाद सरकार जमीनों का पुनः सर्वेक्षण करा रही है ताकि समुचित व वैज्ञानिक सर्वेक्षण के बाद विधिक स्वामियों को स्पष्ट भूमि अधिकार मिल सके।

# अंततः कांग्रेस ने नहीं नेताजी बोस ने दिलायी जीत!

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली और पश्चिम बंगाल के तत्कालीन कार्यवाहक राज्यपाल न्यायमूर्ति पीबी चक्रवर्ती के बीच बातचीत हुई। 1956 में क्लेमेंट एटली भारत दौरे पर आए थे और तत्कालीन गवर्नर के अतिथि के रूप में रुके थे। याद रखें, एटली वह व्यक्ति थे, जिन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में, भारत को स्वतंत्रता देने के निर्णय पर हस्ताक्षर किए थे।

चक्रवर्ती ने तब आरसी मजूमदार की किताब ए हिस्ट्री ऑफ बंगाल के प्रकाशक को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में, मुख्य न्यायाधीश ने लिखा, ''जब मैं कार्यवाहक गवर्नर था, लॉर्ड एटली, जिन्होंने भारत से ब्रिटिश शासन को हटाकर हमें स्वतंत्रता दी थी, अपने भारत दौरे के दौरान गवर्नर के महल में दो दिन बिताए। उस समय, मैंने उनके साथ उन वास्तविक कारकों के बारे में लंबी चर्चा की, जिन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए प्रेरित किया था।'' चक्रवर्ती कहते हैं, ''एटली से मेरा सीधा सवाल यह था कि चूंकि गांधी का भारत छोड़ो आंदोलन कुछ समय पहले बंद हो गया था और 1947 में ऐसी कोई नई मजबूर स्थिति पैदा नहीं हुई थी, जिसके लिए जल्दबाजी में ब्रिटिश प्रस्थान की आवश्यकता होगी, उन्हें क्यों छोड़ना पड़ा? ..'' एटली ने कई कारणों का हवाला दिया, उनमें से प्रमुख नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश ताज के प्रति वफादारी का क्षरण था। वह सब कुछ नहीं हैं। चक्रवर्ती कहते हैं, हमारी चर्चा के अंत में, मैंने एटली से पूछा कि भारत छोड़ने के ब्रिटिश फैसले पर गांधी के प्रभाव का क्या प्रभाव था। इस सवाल को सुनकर, एटली के होंठ एक व्यंग्यात्मक मुस्कान में मुड़ गए क्योंकि उन्होंने धीरे-धीरे इस शब्द को चबाया - मि..नी..मा..ला।

यह चौंकाने वाली बातचीत पहली बार 1982 में लेखक रंजन बोरा द्वारा ऐतिहासिक समीक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित की गई थी, नेताजी, भारतीय राष्ट्रीय सेना और भारत की मुक्ति के युद्ध पर उनके लेख में। एटली के दावे के महत्व को समझने के लिए हमें 1945 के समय में वापस जाना होगा। द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हो चुका था। ब्रिटेन और अमेरिका के नेतृत्व में मित्र देशों की शक्तियों ने जीत हासिल की थी। हिटलर के जर्मनी के नेतृत्व वाली धुरी शक्तियों को परास्त कर दिया गया था। विजेता पराजित सेनाओं पर न्याय थोपना चाहते थे।



भारत में, नेताजी बोस के आईएनए के अधिकारियों पर राजद्रोह, यातना और हत्या का मुकदमा चलाया गया। कोर्ट मार्शल की इस श्रृंखला को लाल किला परीक्षण के रूप में जाना जाने लगा।

ब्रिटिश सशस्त्र बलों में सेवारत भारतीय लाल किले के परीक्षणों से भड़क गए थे। फरवरी 1946 में, 78 जहाजों पर सेवारत रॉयल इंडियन नेवी के लगभग 20,000 नाविकों ने साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह कर दिया। वे नेताजी के चित्रों के साथ मुंबई और कराची में घूमे और अंग्रेजों को %जय हिंद% और अन्य आईएनए नारे लगाने के लिए मजबूर किया। विद्रोहियों ने यूनियन जैक को अपने जहाजों पर उतारा और अपने ब्रिटिश आकाओं की बात मानने से इनकार कर दिया। इस विद्रोह के बाद रॉयल इंडियन एयर फ़ोर्स और जबलपुर में ब्रिटिश इंडियन आर्मी यूनिट्स में भी इसी तरह के विद्रोह हुए। अंग्रेज डरे हुए थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, 25 लाख भारतीय सैनिकों को ब्रिटिश सेना से हटा दिया जा रहा था।

1946 में सैन्य खुफिया रिपोर्टों ने संकेत दिया कि भारतीय सैनिकों में आग लग गई थी और उनके ब्रिटिश अधिकारियों की बात मानने पर भरोसा नहीं किया जा सकता था। उस समय भारत में केवल 40,000 ब्रिटिश सैनिक थे। अधिकांश घर जाने के लिए उत्सुक थे और 25 लाख युद्ध-कठोर भारतीय सैनिकों से लड़ने के मूड में नहीं थे, जिन्हें ध्वस्त किया जा रहा था। इन्हीं परिस्थितियों में अंग्रेजों ने भारत को स्वतंत्रता प्रदान करने का निर्णय लिया।

विचार किसी भी तरह से महात्मा गांधी या पंडित नेहरू के महत्वपूर्ण योगदान को स्वतंत्रता के मूल्य के प्रति जागरूक करने के लिए नहीं बल्कि नेताजी सुभाष के वास्तविक योगदान और उनके और आईएनए द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में एक बहस छेड़ने के लिए है। अहिंसक आंदोलन द्वारा निभाई गई भूमिका में स्कूली पाठ्यपुस्तकों का बोलबाला है, जबकि आईएनए की भूमिका कुछ सरसरी अनुच्छेदों में खारिज कर दी गई है। समय आ गया है कि हम आधुनिक भारतीय इतिहास पर दोबारा गौर करें और भारत को आजादी दिलाने में नेताजी के अपार योगदान को स्वीकार करें।

1938 में बोस कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में इतने लोकप्रिय थे कि सदस्यों ने उन्हें 1939 में फिर से चुनाव लड़ा। गांधीजी ने फिर से चुनाव को मंजूरी नहीं दी और समय के साथ युवा नेता को पार्टी से बाहर कर दिया। 1940 में, नेताजी को कलकत्ता में नजरबंद कर दिया गया, जहाँ से उन्होंने जर्मनी में शामिल होने के लिए फरार होने का फैसला किया, जो ब्रिटेन के खिलाफ द्वितीय विश्व युद्ध लड़ रहा था। रास्ते में कई वीज़ा की आवश्यकता के साथ भूमि मार्ग कठिन था। एक कठिन संघर्ष के बाद, कलकत्ता छोड़ने के तीन महीने बाद, अप्रैल 1941 में नेताजी बर्लिन पहुँचे।

जापान द्वारा अमेरिका और ब्रिटेन पर युद्ध की घोषणा के बाद, हिटलर ने सुझाव दिया कि नेताजी अंग्रेजों के खिलाफ अधिक उपयोगी हो सकते हैं। इसलिए वह पनडुब्बी से आधी दुनिया में आगे बढ़ने के लिए तैयार हो गया। देशभक्त रास बिहारी घोष द्वारा स्थापित एक प्रारंभिक आईएनए को संभालने के लिए जल्द ही वह 1943 के मध्य तक टोक्यो के रास्ते सिंगापुर पहुंचे। 10,000 से भी कम की भीड़ से, नेताजी ने कुछ ही हफ्तों में ब्रिटिश भारतीय युद्धबंदियों को राजी करके 50,000 सैनिकों की अनुशासित सेना में सेना का निर्माण किया, जो युद्ध के अंत तक लड़ी।

दु:ख की बात है कि इसने एक आकस्मिक हवाई दुर्घटना में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जान ले ली। भारत की देशभक्ति का सबसे चमकीला दीप बुझ गया।

## आप की बात

### लोगों की पसंद पर ध्यान दें

**महात्मा** गांधी के पसंदीदा भजन 'अबाइड विद मी' को इस साल के गणतंत्र दिवस के समापन समारोह से हटा दिया गया है। भारतीय सेना की कार्यक्रम पत्रिका के अनुसार इसके बजाय 'सारे जहां से अच्छा' यह धुन बजायी जाएगी। क्या इसका मतलब यह है कि उस समारोह में अभी तक 'सारे जहां से अच्छा' यह धुन नहीं बजायी गई? समापन समारोह में कितनी और कौन सी धुन बजाई जाती है, बहुतों को पता नहीं। कई भारतीय कवियों ने देश के सुंदर वर्णन के साथ कविताएँ लिखी हैं। उनकी एक कविता 'अबाइड विद मी' की जगह 1950 से शामिल की जा सकती थी। जो व्यक्ति इस मिट्टी से जुड़ा है, वह कविता के माध्यम से भारत का सबसे अच्छा वर्णन कर सकता है। 'सारे जहां से अच्छा' की धुन सुनते ही अंग रोमांचित हो जाता हैं। यह धुन आसानी से समझ में आती है। 'अबाइड विद मी' को बजाए जाने पर भी देश के लोगों को उसे समझना आसान नहीं है। ऐसे में उसका अर्थ समझना तो दूर की बात है। एक भारतीय व्यक्ति द्वारा लिखी गई कविताएँ जिन्हें आसानी से समझा जा सकता है, उन्हें धुन के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि गांधीजी के विचारों के बारे में देश में अलग-अलग मत हैं।

– **जयेश राणे**, मुंबई

### जवानों की मस्ती का विरोध क्यों?

**इंडियन** नेवी के जवानों की गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल का एक विडियो बहुत लोकप्रिय हो रहा है। जिसमें जवान लंबी और उबाऊ रिहर्सल के बाद एक पुराने जमाने की एक बहुत लोकप्रिय फिल्म के गाने की धुन पर नियंत्रित और संयमित रूप से थिरकते दिख रहे हैं। इस वीडियो में नौसेना की मर्यादा और जवानों की गरिमा का भरपूर ध्यान रखा गया है। देखने पर यह वीडियो कहीं से भी मन को व्यथित नहीं करता। इसके उलट जवानों के हल्के -फुल्के मनोरंजक क्षणों को दर्शाता यह वीडियो मन को प्रफुल्लित करता है। साथ ही यह नौ-सेना बैंड की रचनात्मकता को दर्शाते हुए यह जनता को मेहनत को देखने आने को प्रोत्साहित भी करता है। लंबे समय से कोरोना महामारी की वेदना और उबाऊ अंतराल के बाद और एक अदृश्य भय से ध्यान हटाने के उद्देश्य से बनाया गया यह वीडियो सराहनीय कदम है। लेकिन लगता है विपक्ष को जवानों की यह प्रसन्नचित मस्ती रास नहीं आ रही। वे जवानों को एक पत्थर की मूर्ति और उबाऊ रूप में ही देखना पसंद करते हैं। शायद वे नहीं चाहते कि अपना कोई जवान हल्के क्षणों में भी आनंदित हो! जवान कोई रोबोट नहीं हैं।

– **युवराज पल्लव**, हापुड़


### तालिबानियों की गुहार

**अफ़गानिस्तान** के तालिबानी कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के नेतृत्व में तालिबान के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिमी सरकार के अधिकारियों और अफगान नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ, ओस्लो में तीन दिवसीय वार्ता शुरू की है। बंद कमरे में तालिबान के प्रतिनिधि एक प्रकार के भिखारी के समकक्ष नज़र आ रहे हैं। उन लोगों ने विदेशी बैंकों में जो पैसा जब्त किया गया है उसे वापस करने तथा विदेशी सहायता को फ़ौरन शुरू करने की मांग कर रहे हैं। पश्चिमी वार्ताकार इन मांगो के बदले वहां मानवाधिकारों की बहाली खासकर महिलाओं को उनके अधिकार वापस किये जाने की मांग रख रहे हैं। मगर ध्यान देने की बात ये है की इस समय वह देश दुनिया का सबसे बड़े त्रासदी के दहलीज़ पर खड़ा है। भुखमरी, बीमारी, बेरोजगारी का दुनिया का सबसे बड़ा संकट से गुजर रहा है। ऐसे में तालिबान नहीं, दुनिया को आम अफ़ग़ानियों का ख्याल करना होगा। वहां की जनता ने कोई गलती नहीं की है, इसलिए उन्हें सजा नहीं मिलना चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**एक** समय की बात है, वे दोस्त थे। भाजपा के साथ गठबंधन में हमारे 25 साल बर्बाद हो गए।

– **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

**यह** विचार कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण करना चाहता है, बकवास है... पुतिन सम्मान के पात्र हैं।

– **के अचिन स्कूमबैच**
जर्मन नौसेना प्रमुख





**मुझे** 2021 के लिए असम बैभव पुरस्कार प्रदान करने के असम सरकार के फैसले से मैं बहुत प्रभावित हूं।

– **रतन टाटा**
उद्योगपति



# पश्चिम में इतिहास दोहराने की जुगत में बीजेपी

- कृषि कानून वापसी के बाद जाटलैंड में अब हिन्दुत्व का कार्ड
- बीजेपी के गीतों में अयोध्या, काशी के बाद मथुरा सजाने का भी जिक्र

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ



**उप्र के** विधान सभा चुनाव के लिए बीजेपी ने एक बार फिर तीन सौ पार का नारा दिया है। इसमें बीजेपी के सामने चुनाव के पहले फेज में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की बड़ी चुनौती है। 10 फरवरी को पहले चरण के तहत 58 सीटों पर मतदान होना है। 2017 के चुनाव में बीजेपी ने इनमें से 53 सीटों पर जीत हासिल की थी। इन 58 सीटों पर पिछली बार समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी को दो-दो सीट और राष्ट्रीय लोक दल को एक सीट पर जीत मिली थी। पश्चिम यूपी के 16 जिलों में कुल 136 विधानसभा सीटें हैं। 2017 में भाजपा इनमें से केवल 27 पर चुनाव हारी थी। राष्ट्रीय लोकदल और समाजवादी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। इस बार अखिलेश बाजी को पलटना चाहते हैं। 10 फरवरी को पहले चरण में जहां चुनाव होना है उनमें से अधिकांश इलाके तीन कृषि कानूनों के खिलाफआंदोलित रहे किसानों के प्रभाव वाले इलाके माने जाते हैं। यहां चुनाव में किसानों के अलावा कैराना से एक समुदाय का कथित पलायन, गन्ना किसान और भगवान कृष्ण के मुद्दे पर जोर आजमाइश के आसार नजर आ रहे हैं। इस बीच बीजेपी के प्रचार में जो गीत गाए जा रहे हैं उसमें कहा जा रहा है कि यूपी में हम फिर से भगवा लहराएंगे और अयोध्या, काशी के बाद मथुरा भी सजाएंगे। जाहिर है कि हिन्दुत्व का मुद्दा भी इस क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा। केंद्र सरकार ने केंद्रीय कृषि कानून को वापस ले लिया है इसलिए किसानों व जाटलैड में बीजेपी अब भगवाकरण पर जोर दे रही है। पिछले विधान सभा चुनाव में मोदी लहर से भगवाकरण से बीजेपी को काफी फायदा हुआ था। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम यूपी में हिन्दुत्व को धार देनी शुरू कर दी है। इन दो बड़े नेताओं के दौरे भी पश्चिम यूपी में शुरू हो गए हैं। सपा मुखियाा अखिलेश यादव ने रालोद के जयंत चौधरी के साथ मिलकर इस क्षेत्र में संयुक्त प्रत्याशी उतारे हैं। कांग्रेस, सपा, बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है जबकि बीजेपी ने अपने एजेंडे के तहत पश्चिम यूपी में एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया है। विपक्षी दलों ने यहां किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। बीजेपी का दावा है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने गन्ना बहुल इलाके के किसानों के बकाया भुगतान के साथ ही कैराना से पलायन समाप्त करने और नोएडा में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा समेत क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। इस इलाके में अभी हाल ही में हुए आंदोलनों पर नजर डालें तो मुजफ्फरनगर में पिछले साल सितंबर के पहले हफ्ते में तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों की एक बड़ी महापंचायत हुई और इसमें भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों के उत्पीड़न के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर दंगा कराने का आरोप लगाया था। इस बार पश्चिम यूपी में कई चुनौतियां भाजपा के सामने हैं लेकिन बीजेपी ने इस क्षेत्र के लिए 2014, 2017 और 2019 में जो रणनीति अपनाई थी उसी पर काम कर रही है। 2013 में मुजफ्फरनगर में हुए साम्प्रदायिक दंगों के बाद पश्चिमी उप्र में एसपी के लिए चुनौतियां खड़ी हो गई थीं और 2014 के लोकसभा चुनाव, 2017 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को इसका फायदा मिला था। मुख्यमंत्री से लेकर बीजेपी के शीर्ष नेता दावा करते हैं कि 2017 में बीजेपी की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। इस बात को भाजपा अपने चुनाव प्रचार में जोर-शोर से उठा रही है। विपक्ष लगातार इस बात का आरोप लगा रहा है कि बीजेपी सरकार ने किसानों की बात सुने बिना काले कृषि कानून थोप दिए और एक साल बाद उन्हें वापस लिया लेकिन सात सौ से अधिक किसानों की जान चली गई। इसका हिसाब किसान बीजेपी सरकार से लेंगे। पश्चिम यूपी में विकास की उपलब्धियां गिनाने के साथ योगी अपनी सभाओं में यह भी दावा करते हैं कि उन्होंने कैराना को माफिया से मुक्त कराया और पलायन करने वाले परिवार वापस अपने घरों में लौटे हैं। मुख्यमंत्री गन्ना किसानों के भुगतान को भी सरकार की उपलब्धियों में गिनाते हैं। बीजेपी ने 2012 में सपा सरकार में इसी अंचल के शामली जिले के कैराना से पलायन के मुद्दे को हवा दी थी और बीजेपी के दिवंगत सांसद हुकुम सिंह ने इसे लोकसभा में भी उठाया था। पश्चिम के इसी क्षेत्र मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पिछले साल दिसंबर के शुरू में ट्वीट किया था कि अयोध्या काशी भव्य मंदिर निर्माण जारी है, मथुरा की तैयारी है। इसके बाद सपा समेत विपक्षी राजनीतिक दलों ने हिंदुत्व के एजेंडे पर बीजेपी पर ध्रुवीकरण का आरोप लगाया था। अखिलेश यादव ने इसे एक नया मोड़ देने की कोशिश की और कहा कि भगवान श्रीकृष्ण हर रोज उनके सपने में आते हैं और कहते हैं कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। प्रदेश के गन्ना मंत्री के अनुसार पश्चिम यूपी गन्ना किसानों की बड़ी बेल्ट है जिनके लिए योगी सरकार ने एक लाख 55 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वह ऐतिहासिक है। कभी कैराना में माफिया का राज था और वहां के लोग आतंक के साये में पलायन कर रहे थे, आज कैराना माफिया से मुक्त है, पलायन कर रहे लोग लौट आए हैं। यह कई बड़े कारण हैं जो बीजेपी की बड़ी जीत की वजह बनेंगे।

# फिर मिलेगा बहुमत या विधानसभा होगी त्रिशंकु

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में चुनावी बिसात बिछ चुकी है। राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव चरण वार प्रत्याशियों के रूप में अपने अपने पासे भी डालने शुरू कर दिए हैं लेकिन अब देखना यह है कि क्या उत्तर प्रदेश की जनता पिछले तीन विधानसभा चुनावों की भांति पूर्ण बहुमत की सरकार देती है या फिर वर्ष 2002 की तरह त्रिशंकु सरकार को न्योता देने वाली है।

उत्तर प्रदेश के पिछले तीन विधानसभा चुनावों क्रमशः 2007, 2012 व 2017 के नतीजों पर नज़र डालें तो एक बात के संकेत मिलते हैं कि यूपी के मतदाता किसी एक पार्टी को बहुमत देते चले आ रहे हैं। वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव ने बसपा प्रमुख मायावती को 206 सीटों के साथ सत्ता के शीर्ष पर पहुंचाया, 2012 के चुनाव ने समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव को 224 सीटों के साथ प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया और 2017 में 312 सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में जीत का परचम लहराकर योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया। देखा जाए तो पिछले विधानसभा चुनावों में बड़ी पार्टियों ने स्पष्ट बहुमत हासिल ज़रूर किया है लेकिन इस बार के मौजूदा चुनाव में चाहे सत्तापक्ष भारतीय जनता पार्टी हो या विपक्ष का सबसे बड़ा दल समाजवादी पार्टी ही क्यों न हो सभी चुनाव से पहले ही छोटी पार्टियों को अपने साथ लाने में जुट गए थे। विधानसभा चुनाव को देखते हुए मौजूदा समय में स्थिति यह है कि सत्तापक्ष भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त देने के लिए जहां समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय लोक दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी समेत एक दर्जन से ऊपर दलों को अपने साथ कर लिया है वहीं 2007 में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती का बदला अंदाज वर्ष 2022 में किसी बड़े राजनीतिक समीकरण को दावत देने की ओर इशारा कर रहा है। कांग्रेस का अभी फिलहाल कोई जनाधार नही दिखाई पड़ रहा है लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस ने यूपी के विधासभा चुनाव में प्रियंका गांधी को महिला के रूप में आगे करके भविष्य में कुछ नया गुल खिलाने की योजना बना ली है। ऐसी स्थिति में सत्तारूढ़ भाजपा भी छोटे दलों को साथ लेने में गुरेज नहीं किया है। कुल मिलाकर यह साफ हो गया है कि किसी भी दल में जीत को लेकर अपने ऊपर पूर्ण विश्वास नहीं है। इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले ही जोड़ तोड़ की राजनीति व छोटे दलों को साथ लेने की रफ्तार ने तेजी पकड़ रखी है। इससे यह साफ हो गया है कि उत्तर प्रदेश में 2022 का विधानसभा चुनाव इस बार कुछ नया रंग दिखाएगा।



# जहां थे नंबर दो वहां इस बार होगी कड़ी परीक्षा

- पिछले विधानसभा चुनाव में 49 सीटों पर कांग्रेस ने दी थी सीधी टक्कर

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** के मौजूदा विधानसभा चुनाव में अकेले दम पर ताल ठोक रही कांग्रेस पार्टी को चार दर्जन से अधिक उन सीटों पर काफी उम्मीद है जिन पर पिछले विधानसभा चुनाव में उसके प्रत्याशियों ने तगड़ी टक्कर दी थी और दूसरे स्थान पर रहे थे। यही वजह है कि कांग्रेस ने इन सीटों को लेकर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर रखा है। हालांकि इनमें से कुछ सीटों पर तो कांग्रेस को चुनाव से पहले ही झटका लग चुका है क्योंकि उनके पुराने प्रत्याशी पाला बदलकर अब दूसरे खेमे में जा चुके हैं। अब कांग्रेस के सामने इन सीटों पर अपनी उम्मीद पर खरा उतरने की भी चुनौती है।

2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से गठबंधन करने के बाद कांग्रेस के हिस्से में 114 विधानसभा सीटें आई थीं जिन पर प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा था। भाजपा की सुनामी के चलते कांग्रेस को इस चुनाव में सिर्फ सात सीटों पर ही जीत हासिल हुई थी लेकिन इसके बावजूद प्रदेश की 49 ऐसी विधानसभा सीटें रहीं जिन पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने कांटे की टक्कर दी और बहुत मजबूती से चुनाव लड़ते हुए दूसरी पोजीशन भी हासिल की।

क्षेत्रवार अगर देखा जाए तो पश्चिम उत्तर प्रदेश की 15 सीटों मध्य उत्तर प्रदेश की 15 सीटों पूर्वांचल की 16 सीटों और बुंदेलखंड की तीन सीटों पर कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही थी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की नकुड़, गंगोह, शामली, पुरकाजी, बढ़ापुर, नटहौर ,चंदौसी, बिलासपुर, साहिबाबाद, हापुड़, मथुरा, बरेली, बरेली कैंट, बीसलपुर और तिलहर सीट पर कांग्रेस ने अच्छी लड़ाई लड़ी। मध्य उत्तर प्रदेश की पलिया, मोहम्मदी, सांडी, लखनऊ पूर्वी, बछरावां, सलोन, जगदीशपुर,गौरीगंज, जैदपुर,गोविंद नगर, किदवई नगर, नानपारा, महसी,तुलसीपुर और बलरामपुर सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे थे।

फतेहपुर जिले की हुसैनगंज व खागा, प्रतापगढ़ की विश्वनाथगंज, कौशम्बी की चायल, इलाहाबाद पूर्वी, कोरांव, मड़िहान, फरेंदा, कैंपियरगंज, गोरखपुर शहर, रुद्रपुर, मधुबन, जौनपुर, वाराणसी उत्तर, वाराणसी दक्षिण और वाराणसी कैंट सीट पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने जबरदस्त टक्कर देते हुए दूसरा स्थान हासिल किया था। बुंदेलखंड क्षेत्र में भी राठ सुरक्षित, नरैनी सुरक्षित और मानिकपुर सीट पर कांग्रेस को दूसरा स्थान हासिल हुआ था।

दूसरे स्थान पर रहने वाली इन सीटों में नकुड़ से इमरान मसूद, तिलहर से जितिन प्रसाद, गंगोह से नोमान मसूद, शामली से पंकज मलिक, राठ से गयादीन अनुरागी अब कांग्रेस पार्टी से अलग हो चुके हैं । फरेंदा से वीरेन्द्र चौधरी तो सिर्फ 2356 वोटों से ही हारे थे। बिलासपुर से संजय कपूर और मथुरा से प्रदीप माथुर ने भी पिछले चुनाव में अच्छी टक्कर दी थी । इन सभी को इस बार भी मौका दिया गया है। हापुड़ से गजराज सिंह ने भाजपा के विजय पाल को टक्कर दी थी लेकिन वह इस बार रालोद से लड़ रहे हैं।

2020 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस को कोई सीट तो नहीं मिली लेकिन बांगरमऊ और घाटमपुर सीट पर कांग्रेस ने अच्छी लड़ाई लड़ी और नंबर दो पर रही थी। इनमें बांगरमऊ से आरती वाजपेयी को कांग्रेस ने फिर टिकट दिया है जबकि घाटमपुर सीट के प्रत्याशी रहे कृपाशंकर इस बार पाला बदलकर सपा में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस के रणनीतिकार जहां इन सीटों पर अपने को दूसरे नंबर की पार्टी मानते हुए पहले नंबर पर कैसे आया जाए इसकी रणनीति तैयार कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस को इन सीटों पर भी इस बार निराशा ही हाथ लगेगी। इसके पीछे वजह यह बताई जा रही है कि 2017 में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन था। उसी का फायदा कांग्रेस को मिला था क्योंकि समाजवादी पार्टी का जो भी वोट बैंक है वह कांग्रेस की तरफ ट्रांसफर हो गया था लेकिन इस बार कांग्रेस अकेले मैदान में है। बीते सालों के दौरान कांग्रेस की जो स्थिति है उसे देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि 49 सीटों पर दूसरे नंबर पर रही कांग्रेस कहीं और नीचे न खिसक जाए।

# बेटा-बेटी के लिये सब कुछ दांव पर

## पारिवारिक विरासत बढ़ाने में जुटे दिग्गज

**कमल दुबे।** लखनऊ







**यूपी की** नयी विधानसभा के चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही सूबे की सबसे बडी पंचायत में अपनों को पहुंचाने के लिये दिग्गज नेताओं की हसरतें खुल कर सामने आने लगी हैं। हालात तो यहां तक हैं कि भाजपा सांसद ने तो अपने बेटे को टिकट दिलाने के लिये सांसद के पद से त्याग पत्र दिये जाने तक की बात कह दी है। वैसे तो इस कतार में सभी दल के नेता हैं लेकिन सत्ताधारी दल भाजपा में ऐसे नेताओ की एक लम्बी सूची है जो अपने बेटा बेटी या भाई को टिकट दिलाकर माननीय बनाने की जुगत में हैं। पार्टी के सांसदों, केन्द्र में मंत्रियों व राज्य सरकार के मंत्रियों की चाहत पूरी होगी या हसरत अधूरी रह जाएगी यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

भाजपा में ऐसे नेताओ में प्रयागराज से सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी तो खुलकर अपने बेटे मयंक के लिए पैरवी कर रही हैं। वह मयंक के लिए लखनऊ की कैंट विधानसभा सीट से दावा पेश कर रही हैं। वह दो बार इस सीट से विधायक रह चुकी हैं और इसमें एक बार कांग्रेस व एक बार भाजपा के टिकट से जीती तथा योगी सरकार में मंत्री भी रही हैं। डॉ. जोशी तो मयंक को टिकट के लिए अपनी आगे की सांसदी की दावेदारी भी छोड़ने को तैयार हैं। तकरीबन हर बड़े शहर से लोकसभा चुनाव जीते सांसद चाहते हैं कि उनके बेटे राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएं। इसी कड़ी में कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी भी अपने पुत्र अनूप पचौरी को गोविंदनगर सीट से दावेदारी करा चुके हैं। पचौरी इस सीट से विधायक रहने के साथ योगी सरकार में मंत्री भी रहे हैं। इसी तरह पूर्वांचल से आने वाले एक सांसद अपने भाई के टिकट के लिए बैटिंग कर रहे हैं। पिछले चुनाव में भी वह अपने भाई को टिकट दिलाने में कामयाब रहे थे लेकिन जीत उनके हिस्से नहीं आ पायी थी।

योगी सरकार में मंत्री भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही भी अपने बेटे सुब्रत शाही के लिए टिकट की आकांक्षा संजोए हैं और बेटे को टिकट मिलने की सूरत में वह खुद को दूसरे विधानसभा क्षेत्र से लड़ने की तैयारी में हैं। शाही के बेटे सुब्रत अभी ब्लाक प्रमुख हैं। बेटे को राजनीतिक तौर पर स्थापित करने की चाहत रखने वाले शाही राज्य के अकेले मंत्री नहीं हैं। सहकारिता से जुड़े योगी सरकार के मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा भी बेटे गौरव वर्मा के लिए दूसरे विधानसभा क्षेत्र से टिकट की कोशिश में हैं। इसी तरह योगी सरकार में मंत्री जय प्रकाश निषाद भी बेटे को रुद्रपुर सीट से टिकट की ख्वाहिश संजोए हैं। राज्य के कई और मंत्री भी हैं जो अपनी पत्नी के लिए टिकट की चाहत रखते हैं। राज्य सरकार के मंत्रियों की तरह केन्द्र में राज्य मंत्री व मोहनलाल गंज से सांसद कौशल किशोर की पत्नी मलिहाबाद से विधायक हैं लेकिन मंत्री की कोशिश अब पत्नी की जगह बेटे को टिकट दिलाने की है। पार्टी ने किशोर की बात मानी तो उनके बेटे भी माननीय बनने के लिए जनता के बीच होंगे।

केन्द्र व राज्य के मंत्रियों की तरह दो राज्यों के राज्यपाल भी अपने बेटों को राजनीति में स्थापित करने की फिराक में हैं। इसमें बिहार के राज्यपाल फागू चौहान मऊ जिले की मधुबन सीट तलाश रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान के राज्यपाल व भाजपा के दिग्गज नेता कलराज मिश्रा भी हैं। वह बेटे अमित मिश्रा को देवरिया सीट से टिकट दिलाना चाहते हैं। इस सीट से कलराज मिश्र सांसद भी रह चुके हैं तथा केन्द्र की मोदी सरकार में मंत्री भी। इसी कड़ी में लखनऊ की सरोजनीनगर सीट भी है जहां से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के प्रमुख सदस्य दयाशंकर सिंह खुद की दावेदारी पेश कर रहे हैं लेकिन उन्होंने स्पष्ट भी कर दिया है कि उनकी पत्नी स्वाति और उनमें कोई एक ही चुनाव लड़ेगा। योगी सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बेटे के चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट तेज थी लेकिन पार्टी ने मौर्य को सिराथू से प्रत्याशी बना दिया तो मौर्य ने भी परिवार के किसी दूसरे सदस्य के चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लगा दिया।

# इस बार चिर-परिचित चेहरों के बगैर मैदान में उतरी बसपा

**सतीश सिंह।** लखनऊ



**उत्तरप्रदेश विधानसभा** की अधिसूचना जारी होने के बाद पहले चरण के चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपने अपने पत्ते खोल दिये हैं। भाजपा से लेकर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस ने अपने अपने हिसाब से जनसभाएं भी कर ली हैं। पर बसपा सुप्रीमो मायावती इस बार चुनावी मौसम में कहीं निकल नहीं सकी हैं। ऊपर से निर्वाचन आयोग की तरफ से कोरोना को देखते हुए रैलियों जनसभाओं पर रोक लगाने से तो बची खुची कसर पूरी हो गई है। इस बार के चुनाव में अपने चिरपरिचित चेहरों के बगैर बसपा मैदान में है। ऐसे में बसपा को अपने उन नेताओं की कमी जरूर खलेगी जो कभी पार्टी के लिए दिन रात एक करते थे। यह बात दीगर है कि बसपा हमेशा इससे इनकार करती आई है।

मायावती यूपी की सत्ता में चार बार विराजमान हुई और राष्ट्रीय पार्टी होने का खिताब भी अपने नाम किया लेकिन 2012 के बाद से पार्टी का ग्राफ नीचे गिरना शुरू हुआ तो अभी तक थमा नहीं। ऐसे में मायावती अपने खिसकते सियासी जनाधार को रोकने के लिए 2017 से अभी तक चार प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए लेकिन न तो विधायकों के पार्टी छोड़ने का सिलसिला थमा और न ही 2022 के चुनाव में फ्रंटफुट पर पार्टी लड़ती दिख रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण बसपा सुप्रीमो मायावती का अभी तक बाहर नही निकलना है जिसके चलते पार्टी से जुड़े मतदाताओं में नाराजगी के साथ ही भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

**2017 से शुरू हुआ सिलसिला थमा ही नहीं:** बात अगर पिछले चुनाव की करें तो पार्टी के कैडर नेता रहे स्वामी प्रसाद मौर्या से लेकर नसीमुद्दीन सिद्दीकी, इंद्रजीत सरोज का कद पार्टी में न केवल जाने पहचाने चेहरे के रूप में हुआ करता था बल्कि क्षेत्र में भी पार्टी की पहचान बने हुए थे। वहीं इस बार के चुनाव से पूर्व पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राम अचल राजभर, विधानमंडल दल के नेता रहे लालजी वर्मा भी दूसरे दल में हैं। लालजी वर्मा के बाद विधानमंडल दल के नेता बने शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया है। बसपा छोड़ने वाले गुड्डू जमाली पहले विधायक नहीं है। लगभग 75 फीसदी विधायक मायावती का साथ छोड़ चुके हैं। इस तरह से 2017 में बसपा के 19 विधायक जीतकर आए थे जो अब महज तीन बचे हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि यूपी में अपना दल और कांग्रेस से भी कम विधायक बसपा के बचे हैं।

**पार्टी के पास सिर्फ दो ही चेहरे:** वर्तमान में पार्टी के पास सिर्फ दो ही चेहरे हैं। इनमे एक खुद बसपा सुप्रीमो मायावती और उनके बाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा। अधिसूचना जारी होने से पूर्व सतीश चंद्र मिश्रा ने पूरे प्रदेश में ब्राह्मण सम्मेलन कर ब्राह्मण वोट बैंक को पार्टी से जोड़ने की कोशिश की है पर यह प्रयोग कितना सफल होगा इसके बारे में स्थिति नतीजे आने के बाद ही साफ होगी।

**पार्टी तैयार कर रही नए चेहरा:** पार्टी से युवाओं को जोड़ने के लिये बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश को आगे किया है। वहीं सतीश चंद्र मिश्रा ने अपने दामाद परेश मिश्रा और पुत्र कपिल मिश्रा को मैदान में उतारा है। पर राजनीति का ककहरा सीखने में अभी इन्हें काफी वक्त लगेगा।

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर हाई-अलर्ट

## गणतंत्र दिवस को लेकर सीमा सुरक्षा बल ने बताया

**भाषा।** जम्मू

**सीमा सुरक्षा** बल (बीएसएफ), जम्मू के महानिरीक्षक डी. के. बूरा ने सोमवार को कहा कि गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा समस्या उत्पन्न करने के खतरे के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बल के जवान हाई-अलर्ट पर हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने पहले ही सीमा पर दो सप्ताह के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि जम्मू सीमा में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर सुरंग रोधी अभियान शुरू कर दिया है। बूरा ने कहा कि बीएसएफ आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस के साथ संयुक्त गश्त भी कर रही है। बीएसएफ के महानिरीक्षक ने पत्रकारों से कहा, ऐसी जानकारी मिली हैं कि राष्ट्र-विरोधी तत्व समस्या उत्पन्न कर सकते हैं, हमनें सीमा पर और भीतरी इलाकों में (उनके मंसूबों को नाकाम करने के लिए) हाई-अलर्ट कर दिया है। बूरा ने कहा कि खुफिया जानकारी स्पष्ट रूप से सीमा पार से कुछ गतिविधियों की आशंका की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा, हमें घुसपैठ या हथियारों, गोला-बारूद, विस्फोटकों को हमारे इलाके में लाए जाने या मादक पदार्थों की तस्करी जैसी गतिविधियों की जानकारी मिली है। लेकिन हम हाई अलर्ट पर हैं और हम किसी को भी इन नापाक मंसूबों में सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा, हमने इन गतिविधियों से निपटने के वास्ते योजना बनाई है। सीमा पर अधिकतम संख्या में सैनिक और अधिकारी मौजूद हैं। हमने सीमा पर दो सप्ताह तक निगरानी और सीमा पर बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा, इस अवधि के दौरान हर साल सीमाओं पर सुरक्षा की स्थिति पर दबाव रहता है। उन्होंने कहा, लेकिन हम यहां सभी चुनौतियों का सामना करने और राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक मंसूबों को असफल करने के लिए तैयार हैं। बूरा ने कहा, हमारे पास सभी मानव और तकनीकी संसाधन उपलब्ध हैं। हमें विश्वास है कि हम चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम होंगे। आईजी ने सीमा और भीतरी इलाकों में रहने वाले लोगों को आश्वासन दिया कि उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि सीमा पर बीएसएफ काफी सतर्क है। उन्होंने कहा, हम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### दूरदर्शन 59 कैमरों के जरिए गणतंत्र दिवस परेड की हर गतिविधि का सीधा प्रसारण करेगा

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन 59 कैमरों की मदद से गणतंत्र दिवस परेड की हर गतिविधि का सीधा प्रसारण करेगा। देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के 75 विमानों के विशाल बेड़े के विभिन्न करतबों के सीधे प्रसारण के साथ-साथ फ्लाई-पास्ट के नए पहलुओं को प्रदर्शित करने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि दूरदर्शन ने गणतंत्र दिवस समारोह के सीधे प्रसारण के लिए नेशनल स्टेडियम के गुंबद, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन के बीच कई अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर कैमरे लगाए हैं। इनमें कहा गया है कि लोगों को इस पूरे समारोह के विहंगम दृश्य दिखाने के लिए, दो 360 डिग्री कैमरे लगाए गए हैं। इनमें से एक कैमरा राजपथ पर लगा है और दूसरा इंडिया गेट के शीर्ष पर। बयान में कहा गया है कि दोनों 360 डिग्री कैमरों के दृश्य डीडी नेशनल यूट्यूब चैनल पर दो अलग-अलग स्ट्रीम के माध्यम से लगातार लाइव-स्ट्रीम किए जाएंगे। समारोह का सीधा प्रसारण देशभर में दूरदर्शन के सभी चैनलों पर 26 जनवरी सुबह 9:15 बजे से शुरू होकर राजपथ पर होने वाले कार्यक्रमों के अंत तक किया जाएगा।

### राकांपा ने हिंदुत्व पर ठाकरे के बयान का समर्थन किया

**मुंबई।** हिंदुत्व पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ठाकरे के बयान को लेकर उनका समर्थन करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को कहा कि सभी को अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर नफरत फैलाना गलत है और शिवसेना अध्यक्ष ठाकरे ने यही संदेश दिया है। शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की जयंती के अवसर पर रविवार को शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवेसना ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का साथ छोड़ा है, हिंदुत्व नहीं। ठाकरे ने कहा कि मेरा मानना है कि भाजपा का अवसरवादी हिंदुत्व केवल सत्ता के लिए है। शिवसेना ने भाजपा के साथ गठबंधन बनाया था, क्योंकि वह हिंदुत्व के लिए सत्ता चाहती थी। शिवसेना ने हिंदुत्व का इस्तेमाल कभी सत्ता पाने के लिए नहीं किया। इन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के मंत्री एवं राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने कहा कि हर किसी को अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए।

# शिवसेना का हिंदुत्व केवल कागज पर

## महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लगाया आरोप

**भाषा।** मुंबई

हिंदुत्व पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की टिप्पणी के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि शिवसेना का हिंदुत्व केवल कागजों पर है और भाषणों के बाहर नजर नहीं आता। पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर बनाया जा रहा है और उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर का गलियारा भी बनवाया।

उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ शिवसेना औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव तक नहीं कर सकी। फडणवीस ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज कर दिया गया, वहीं शिवसेना केवल बातें करती रही। शिवसेना ने मुगल शासक औरंगजेब द्वारा निर्मित औरंगाबाद को दूसरे मराठा शासक छत्रपति संभाजी (छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे) के नाम पर संभाजीनगर और उस्मानाबाद को धाराशिव कहकर संबोधित किया है।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में शिवसेना और भाजपा का गठबंधन टूट गया था। शिवसेना ने राकांपा और कांग्रेस के साथ मिलकर महा विकास आघाड़ी की सरकार राज्य में बनाई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भाजपा पर राजनीतिक सुविधा के अनुसार हिंदुत्व का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सिकुड़ गया है, क्योंकि अकाली दल एवं शिवसेना जैसे पुराने सहयोगी पहले ही उससे बाहर निकल गए। पार्टी के संस्थापक और अपने पिता बाल ठाकरे की 96 वीं जयंती पर शिवसैनिकों को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा था कि शिवसेना ने सत्ता के माध्यम से हिंदुत्व के एजेंडे को आगे ले जाने के लिए भाजपा से हाथ मिलाया था।

उन्होंने कहा कि शिवसेना ने भाजपा के साथ गठजोड़ किया था, क्योंकि वह हिंदुत्व के लिए सत्ता चाहती थी। शिवसेना ने सत्ता की खातिर कभी हिंदुत्व का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने कहा कि शिवसेना ने हिंदुत्व को नहीं बल्कि भाजपा को छोड़ दिया। मैं मानता हूं कि भाजपा का अवसरवादी हिंदुत्व बस सत्ता के लिए है। फडणवीस ने सोमवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा राम जन्मभूमि आंदोलन में शिवसेना की ओर से किसने भाग लिया? हमने आंदोलन में गोलियां और लाठियां खाईं। आपका (शिवसेना का) हिंदुत्व केवल कागज पर है। भाजपा नेता ने कहा, मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाना सुनिश्चित किया, लेकिन शिवसेना कल्याण (महाराष्ट्र) में दुर्गाडी मंदिर के मुद्दे का समाधान नहीं कर सकी।

# असम में भाजपा, बीपीएफ के बीच विधायक दल स्तर की साझेदारी

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट (बीपीएफ) के साथ विधायक दल स्तर की साझेदारी की है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने यह जानकारी दी। बहरहाल सरमा ने बताया कि राजनीतिक स्तर पर कोई गठबंधन नहीं किया गया है।

सरमा ने रविवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि भाजपा और बीपीएफ विधानसभा में समन्वय करेंगी और सदन के भीतर मिलकर काम करेंगी। उन्होंने कहा, भाजपा विधायक दल ने विधानसभा में एक साझेदार के रूप में बीपीएफ विधायक दल को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि बहरहाल, बीपीएफ के साथ राजनीतिक स्तर पर कोई गठबंधन नहीं है। बीपीएफ पार्टी राज्य में भाजपा नीत पहली सरकार में शामिल थी, लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले वह सत्तारूढ़ गठबंधन से बाहर हो गई और कांग्रेस नीत विपक्षी महागठबंधन में शामिल हो गई थी।

सरमा ने कहा कि बीपीएफ ने कांग्रेस और एआईयूडीएफ (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन बाद में बीपीएफ दल गठबंधन से बाहर हो गया था। वे विधानसभा में निष्पक्ष भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक माहौल के मद्देनजर और सदन में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए व्यापक सर्वसम्मति सुनिश्चित करने के लिए बीपीएफ दल सदन में हमारे साथ समन्वय करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बीपीएफ के साथ इसे लेकर सहमति पर पहुंचने से पहले यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) की मंजूरी ले ली थी।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर किया

**भाषा।** नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के भरण्डा थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया। जायसवाल ने बताया कि भरण्डा थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान देर रात करीब डेढ़ बजे भरण्डा से छह किलोमीटर की दूरी पर थे तभी नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। बाद में सुरक्षा बलों के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

# एक करोड़ 48 लाख की नकदी व गहनों के साथ यात्रा कर रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**भाषा।** मंगलुरु

**कर्नाटक** के मंगलुरु जंक्शन रेलवे स्टेशन से संबद्ध रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने मुंबई एलटीटी-एर्नाकुलम दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन में 1.48 करोड़ रुपए की नकदी और 800 ग्राम सोने के गहनों के साथ यात्रा कर रहे एक व्यक्ति को रविवार को हिरासत में लिया। आरोपी के पास नकदी और गहनों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं था।

आरपीएफ ने बताया कि बाद में इस व्यक्ति को मेंगलुरु सेंट्रल रेलवे पुलिस को सौंप दिया गया। इसने कहा कि व्यक्ति की पहचान महेंद्र सिंह राव (33) के रूप में हुई है जो राजस्थान के उदयपुर का रहनेवाला है। रेलवे पुलिस ने राव के खिलाफ कर्नाटक पुलिस अधिनियम और दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। आरपीएफ कर्मियों ने दुरंतो एक्सप्रेस में एहतियातन जांच के दौरान व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उन्होंने एस4 डिब्बे में सवार इस व्यक्ति के सामान की जांच की और इस दौरान पुराने समाचार पत्रों में लपेटकर रखी गई नकदी मिली।

व्यक्ति ने आरपीएफ कर्मियों को बताया कि वह केरल के कोझिकोड में प्रवीण सिंह की कंपनी शुभ गोल्ड में काम करता है और कंपनी के मालिक के एक दोस्त ने उसे मुंबई में नोट के छह पैकेट और गहनों के तीन पैकेट दिए, जो मालिक को दिए जाने थे। जब्त की गई रकम में 2,000 और 500 रुपए के नोट हैं। यह राशि।,48,58,000 करोड़ रुपए है, जबकि 800 ग्राम स्वर्ण आभूषणों की कीमत 40 लाख रुपए है।



पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट के पास एक गांव में गणतंत्र दिवस 2022 समारोह से पहले सरसों के खेत में तिरंगा झंडा लहराते बच्चे

# गोवा में गठबंधन की पेशकश पर जवाब देने पर बहाने बना रहे हैं चिदंबरमः तृणमूल

**भाषा।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस ने गोवा विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन नहीं बन पाने के लिए पार्टी को जिम्मेदार ठहराए जाने पर सोमवार को कांग्रेस नेता पी चिदंबरम पर निशाना साधा और उनके बयान को व्यापक विपक्षी एकता के साहसिक आह्वान पर कदम उठाने में कांग्रेस की असमर्थता के लिए बहाने पेश करने की कोशिश बताया। तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता से कहा कि वह अपनी खुद की पार्टी की उसे एकजुट रखने की अक्षमता और नाकामी को देखें। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन वर्मा ने पीटीआई-भाषा से कहा, चिदंबरम वृहद विपक्षी एकजुटता के तृणमूल कांग्रेस के परिपक्व और साहसिक आह्वान के जवाब में एक तरह से अपनी पार्टी की ही अवर्णनीय और नुकसानदेह असमर्थता को बयां कर रहे हैं।

पहले उन्होंने कहा कि कोई ठोस जवाब नहीं मिला। अब जब उनकी बात काट दी गई तो वह अलग ही बात कर रहे हैं। उन्हें इस तरह के बहाने बनाना बंद कर देना चाहिए। चिदंबरम ने रविवार को कहा था कि गोवा में अगले महीने होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन करने के तृणमूल कांग्रेस के प्रस्ताव पर विचार नहीं किया गया क्योंकि ममता बनर्जी की अध्यक्षता वाली पार्टी राज्य में कांग्रेस नेताओं को अपने पाले में करने की कवायद में जुट गई।

वर्मा ने पिछले सप्ताह कहा था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से संपर्क कर गोवा में गठबंधन बनाने की पेशकश की थी लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। वर्मा ने कहा कि उन्होंने 24 दिसंबर को नई दिल्ली में चिदंबरम से मिलकर भी गठबंधन का प्रस्ताव दिया था।

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव कुणाल घोष ने भी कहा कि कांग्रेस को दूसरों को जिम्मेदार ठहराना बंद करना चाहिए, जबकि उसके खुद के नेताओं को अपने नेतृत्व पर भरोसा नहीं रहा।

कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के रिश्तों में पिछले साल उस समय खटास देखी गई जब पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस पर भाजपा के खिलाफ लड़ नहीं पाने का आरोप मढ़ा। तृणमूल ने उसे अक्षम और असमर्थ पार्टी भी कहा।

## मंत्रिपरिषद के विस्तार पर शीर्ष नेतृत्व निर्णय लेगाः बोम्मई

**बेंगलुरु( भाषा )।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंत्रिपरिषद विस्तार के लगातार बढ़ते दबाव के बीच सोमवार को संकेत दिया कि वह इस बाबत भाजपा आलाकमान की स्वीकृति का इंतजार कर रहे हैं। बोम्मई ने आगामी 28 जनवरी को अपनी सरकार के छह महीने पूरे होने के मद्देनजर कहा कि इस मौके पर वह एक बुकलेट जारी करेंगे, जिसमें राज्य सरकार की उपलब्धियों का विवरण होगा। मंत्रिपरिषद विस्तार या फेरबदल से जुड़े सवाल पर बोम्मई ने कहा, चार मंत्री पद खाली हैं, जिन पर नियुक्ति की महत्वाकांक्षा होना लाजिमी है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। पार्टी आलाकमान को पता है कि यह कब और कैसे करना है। मैं भी यह मुद्दा आलाकमान के संज्ञान में ला रहा हूं। आलाकमान मुझे जब भी चर्चा के लिए बुलाएगा, मैं उसे पूरा ब्योरा दूंगा। अलग-अलग बोर्ड और निगमों में नियुक्ति के सवाल पर बोम्मई ने कहा कि इस पर पार्टी बैठक में चर्चा होगी और बैठक में निकलने वाले निष्कर्ष के आधार पर संबंधित कदम उठाए जाएंगे। कर्नाटक में 2023 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले बोम्मई पर मंत्रिपरिषद में फेरबदल या विस्तार का दबाव बढ़ रहा है, ताकि रिक्त मंत्री पदों को भरने के साथ ही उसमें नए चेहरों को भी शामिल किया जा सके।



पटना के गांधी मैदान में 26 जनवरी को होने वाले परेड के लिए फुलड्रेस में रिहर्सल करते सुरक्षाबल

## देवेगौड़ा ने इंडिया गेट पर बोस की प्रतिमा लगाने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। वरिष्ठ जनता दल (एस) नेता ने इस बात का उल्लेख किया कि बोस जयंती के शताब्दी वर्ष के दौरान वह देश के प्रधानमंत्री थे।

देवेगौड़ा ने प्रधानमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए ट्वीट किया कि मैं इंडिया गेट पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाने के फैसले का स्वागत करता हूं। 2018 में बोस के नाम पर रॉस द्वीप का नामकरण करने का निर्णय भी सराहनीय था। पूर्व प्रधानमंत्री ने दावा किया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कई विचारधाराओं ने योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हमने महात्मा गांधी के शांति और अहिंसा के मार्ग को चुना।

# विवाहिता पर धर्मांतरण का दबाव बनाने को लेकर उसके पति के दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज

**भाषा।** इंदौर

**मध्य** प्रदेश के इंदौर जिले में 25 वर्षीय विवाहिता को उसकी आपत्तिजनक तस्वीरों के बूते धमकाते हुए उस पर धर्मांतरण और निकाह का दबाव बनाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विवाहिता ने महू थाने में आसिफ युसुफ शेख नामक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उसने ने कथित तौर पर धोखे से उसके कुछ आपत्तिजनक फोटो खींच लिए थे। अधिकारी के मुताबिक 25 साल की महिला का आरोप है कि शेख इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उस पर धर्मांतरण एवं निकाह का दबाव बना रहा था और उसने उससे धन भी ऐंठ लिया था।

उन्होंने विवाहिता की शिकायत के हवाले से बताया कि आरोपी उसके पति का दोस्त है और उसका उसके घर आना- जाना लगा रहता था।

अधिकारी ने बताया कि शेख पर भारतीय दंड विधान की धारा 384 (जबरन वसूली) और मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के संबद्ध प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

महू पुलिस थाने के प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया, हम शेख के खिलाफ महिला के आरोपों की जांच कर रहे हैं। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# नवजोत सिद्धू को मंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान से आया था संदेश

## पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने किया दावा

**भाषा।** नई दिल्ली

**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू को मंत्री बनाने के लिए उनके पास पाकिस्तान से संदेश आया सिद्धू वर्तमान में कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष हैं। दोनों नेताओं के बीच विवाद गहराने के बाद अंततः अमरिंदर को पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद कांग्रेस ने एक दलित चेहरे को आगे करते हुए चरणजी सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी। बाद में कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद अमरिंदर सिंह ने पंजाब लोक कांग्रेस का गठन कर लिया था। आगामी पंजाब चुनाव के मद्देनजर भाजपा का पंजाब लोक कांग्रेस और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन हुआ है। अमरिंदर और ढींढसा की मौजूदगी में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में तीन दलों के बीच सीटों के तालमेल की घोषणा की।

इसके बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पंजाब केप पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि मैं पाकिस्तान की बात कर रहा हूं, पाकिस्तान से यह मैसेज आया कि मुझे कि प्राइम मिनिस्टर (पाकिस्तान के) ने एक रिक्वेस्ट भेजा है, अगर आप सिद्धू को अपनी कैबिनेट में ले सकते हैं तो मैं आपका आभारी रहूंगा। वह मेरा पुराना दोस्त है और अगर वह काम नहीं करेगा तो निकाल देना। सिंह ने यह आरोप भी लगाया कि वर्ष 2017 में राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद जब उन्होंने सिद्धू को अपनी कैबिनेट में शामिल किया था, तब वह कुछ काम नहीं करते थे, इसलिए उन्हें पद से हटा दिया गया था।

अमरिंदर ने कहा कि मैंने सिद्धू को पद से हटाया क्योंकि वह इंकम्पीटेंट (अक्षम), यूजलेस (बेकार) था। 70 दिन में उसने एक फाइल पूरी नहीं की थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इसके बाद भी जब सिद्धू के रवैए में कोई सुधार नहीं हुआ तो उन्हें हटाना पड़ा। उन्होंने कहा कि इसके बाद उन्हें मंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान से संदेश आया था।

# घुसपैठियों को पकड़ा, मादक पदार्थ की तस्करी के प्रयास विफल किए

## बीएसएफ का दावा

**भाषा।** अहमदाबाद

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को कहा कि बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर कर्मियों ने पिछले साल पाकिस्तान के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से तीन पाकिस्तानियों, दो बांग्लादेशियों और 24 भारतीयों को पकड़ा और पड़ोसी देश से नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयासों को भी विफल किया।

सीमा सुरक्षा बल गुजरात फ्रंटियर राजस्थान के बाड़मेर जिले से लेकर गुजरात तक 826 किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का जिम्मा संभालती है जिसमें 85 किलोमीटर तटीय क्षेत्र भी शामिल है। बीएसएफ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पकड़े गए 24 भारतीय नागरिकों में से दो पंजाब के तस्कर थे जो सीमापार अपराधों में शामिल पाए गए और वे राजस्थान के बाड़मेर सेक्टर में सीमावर्ती इलाके में पाकिस्तानी तस्करों से 15 किलोग्राम हेरोइन की खेप लेने आए थे।

बीएसएफ गुजरात के महानिरीक्षक जीएस मलिक ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि इसके अलावा, जून, 2020 से अब तक, बीएसएफ और अन्य एजेंसियों ने गुजरात तट के साथ लगते जखाउ बंदरगाह क्षेत्र से चरस के 1,428 संदिग्ध पैकेट बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि जब्त चरस के पैकेट पाकिस्तानी तस्करों द्वारा कराची तट के पास समुद्र में फेंके गए मादक पदार्थ का हिस्सा हैं। इसके अलावा, सीमा के पास से पकड़े गए तीन पाकिस्तानी घुसपैठियों, जिनमें एक बच्चा और एक बुजुर्ग भी शामिल हैं, को विश्वास बहाली उपाय के तहत पड़ोसी देश लौटा दिया गया था क्योंकि यह पता चला कि वे अनजाने में सीमा पार कर गए थे।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर ने पाकिस्तान की ओर से सीमा पर तैनात रेंजर्स के साथ कार्यात्मक संपर्क के लिए कंपनी कमांडर स्तर पर उचित संचार सुनिश्चित किया और इसमें ईद, दिवाली तथा भारत और पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मिठाई का आदान-प्रदान शामिल है। उन्होंने कहा कि हमने कई चुनौतियों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर प्रभावी रूप से अपना वर्चस्व कायम किया है। मछली पकड़ने की पाकिस्तानी नौकाओं और अन्य घुसपैठ की प्रभावी जांच के कारण दस वर्षों में पहली बार, 2021 में पाकिस्तान की ओर से हरामी नाला क्षेत्र और क्रीक से भारत में कोई घुसपैठ नहीं हुई।

# भारतीय डिजिटल अवसंरचना में 2025 तक 23 अरब डॉलर निवेश की जरूरत: रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग और ऑनलाइन उपयोग को समर्थन देने के लिए डिजिटल अवसंरचना क्षेत्र में 2025 तक 23 अरब अमेरिकी डॉलर तक के निवेश की जरूरत है। डिजिटल अवसंरचना प्रदाता संघ (डीआईपीए) के सहयोग से हाल में जारी अर्नेस्ट एंड यंग (ईवाई) की एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों को ऑनलाइन जोड़ने के लिए 2025 तक भौतिक डिजिटल अवसंरचना में महत्वपूर्ण निवेश जरूरी है।

ईवाई के लीडर प्रशांत सिंघल ने कहा, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, शिक्षा प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारत अग्रणी है। हमारा ई-कॉमर्स बाजार 200 अरब डॉलर का होगा, और शिक्षा प्रौद्योगिकी बाजार 12 अरब डॉलर का हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत डिजिटल नवाचार कर रहा है और इस क्रांति के लिए डिजिटल अवसंरचना की जरूरत है। टॉवर कंपनियां खुद को डिजिटल अवसंरचना कंपनियों में बदल रही हैं। इसके लिए अगले 3-5 वर्ष में 23 अरब अमेरिकी डॉलर तक के निवेश की आवश्यकता होगी।


## अवसंरचना वित्तपोषण बैंक का परिचालन अप्रैल-जून तिमाही से, पहले साल एक लाख करोड़ रुपए का कर्ज देगा

**नई दिल्ली।** नवगठित राष्ट्रीय अवसंरचना एवं विकास वित्तपोषण बैंक (एनएबीएफआईडी) अप्रैल-जून तिमाही में कारोबार शुरू करने की तैयारी कर रहा है। बैंक का परिचालन के पहले साल में एक लाख करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। वित्त मंत्री ने वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट में घोषणा की थी कि सरकार धन की कमी वाले बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन के लिए एक विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) की स्थापना करेगी। संसद ने डीएफआई के रूप में 20,000 करोड़ रुपए के एनएबीएफआईडी की स्थापना के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना एवं विकास वित्तपोषण बैंक, अधिनियम 2021 को लागू किया। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान ऋण देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि संस्था का अगले वित्त वर्ष में एक लाख करोड़ रुपए की ऋण सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। यह बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने जा रहा है, जो राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन (एनआईपी) का हिस्सा है। बजट की घोषणा से लेकर विधेयक के पारित होने और 10 महीने से भी कम समय में बोर्ड के सदस्यों की नियुक्ति तक इतने बड़े संगठन का निर्माण अपने-आप में एक उपलब्धि है। इससे संकेत मिलता है कि इसका जमीनी काम काफी पहले से किया गया था।

## भारत को पनबिजली खरीद दायित्वों को पूरा करने के लिए 18 गीगावॉट क्षमता बढ़ाने की जरूरत: इक्रा

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेटिंग एजेंसी इक्रा** का मानना है कि देश में पनबिजली खरीद दायित्व (एचपीओ) मानदंडों को पूरा करने के लिए 2030 तक लगभग 18 गीगावॉट पनबिजली क्षमता बढ़ाने की जरूरत होगी। केंद्र सरकार ने एचपीओ मानदंडों की अधिसूचना के जरिए पनबिजली खंड में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत उपाए किए हैं। इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीशकुमार कदम ने कहा कि अधिसूचित पनबिजली खरीद दायित्व मानदंडों और 2030 तक उपलब्ध होने वाली बिजली के आधार पर तब तक पनबिजली क्षमता में करीब 18 गीगावॉट की बढ़ोतरी करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह 2030 तक देश की स्थापित पनबिजली क्षमता में करीब 39 प्रतिशत की वृद्धि करनी होगी। उन्होंने कहा कि एसईआरसी (राज्य बिजली नियामक आयोग) ने सिर्फ कुछ राज्यों में एचपीओ मानदंडों को अधिसूचित किया है। कदम ने कहा कि अन्य राज्यों में भी इस दिशा में तेजी से कदम उठाने की जरूरत है।




## डीपीआईआईटी का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को अपना कौशल कार्यक्रम शुरू करने का सुझाव

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने कुशल श्रमबल की कमी का सामना कर रहे इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को साथ आकर क्षेत्र के लिए कौशल कार्यक्रम चलाने का सुझाव दिया है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अनुराग जैन ने सोमवार को कहा कि कुशल भारत अभियान इस तरह के कार्यक्रमों में सहयोग करेगा क्योंकि उसके पास बड़ा कोष है।

जैन ने यहां 300 अरब डॉलर के सतत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात लक्ष्य की रूपरेखा पेश किए जाने पर कहा, जब हम इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग की बात करते हैं, तो सबसे बड़ा मुद्दा कुशल श्रमबल का सामने आता है। उद्योग साथ आकर अपने के लिए कौशल कार्यक्रम क्यों नहीं तैयार करता है? कुशल भारत के जरिए इसको समर्थन दिया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि उद्योग जगत कौशल विकास विश्वविद्यालय स्थापित करने के साथ लोगों को जरूरी प्रशिक्षण दे सकता है। जैन ने कहा, जब हम विदेशी कंपनियों को यहां आकर कारोबार शुरू करने के लिए कहते हैं तो वे यह मुद्दा उठाते हैं कि आपके इंजीनियर रोजगारोन्मुख नहीं हैं। हमें उन्हें प्रशिक्षण देने की जरूरत होगी।

कुशल भारत मिशन 15 जुलाई, 2015 को शुरू किया गया था। मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर जैन ने कहा कि भारत सात-आठ एफटीए के लिए बातचीत को तैयार है। अगले एक-डेढ़ साल में ये आएंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि उद्योग को वाणिज्य मंत्रालय को उचित और व्यापक जानकारी मुहैया करानी चाहिए जिससे इस तरह की वार्ताओं में मदद मिलेगी।

## कोर्ट ने डीएमआरसी, डीएएमईपीएल को 31 जनवरी को अदालत में पेश होने का आदेश दिया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की सहायक कंपनी दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड (डीएएमईपीएल) को 31 जनवरी को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष पेश होने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय से 4,600 करोड़ रुपए से अधिक के मध्यस्थ आदेश को लागू करने से संबंधित विवाद पर जल्द से जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने कहा कि याचिका पर सुनवाई में और देरी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि देरी से दोनों पक्षों को नुकसान है। इससे पहले मध्यस्थता पंचाट ने डीएमआरसी को आदेश दिया था कि वह डीएएमईपीएल को 4,600 करोड़ रुपए का भुगतान करे। इस बारे में डीएमआरसी की तरफ से दायर तमाम याचिकाएं निरस्त हो चुकी हैं। उच्चतम न्यायालय ने भी गत 23 नवंबर को अपने फैसले पर पुनर्विचार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुषंगी इकाई डीएएमईपीएल डीएमआरसी की एयरपोर्ट मेट्रो लाइन के विकास से जुड़ी हुई थी। लेकिन बाद में वह संरचनात्मक खामियों का हवाला देते हुए इससे अलग हो गई थी। इसी सौदे की विवादित रकम का भुगतान किया जाना है।

## इक्रा को सागरमाला एवं जलमार्ग परियोजनाओं के लिए बजटीय समर्थन बढ़ने की उम्मीद

**भाषा।** मुंबई

**सागरमाला** और अंतर्देशीय जलमार्गों जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए बजट में वित्तीय समर्थन बढ़ने से इनके क्रियान्वयन की रफ्तार एवं निवेश दोनों को ही प्रोत्साहन मिलेगा। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह संभावना जताई। इक्रा रेटिंग्स ने बजट से पहले बंदरगाह, पोत परिवहन एवं लॉजिस्टिक क्षेत्रों के लिए जारी अपनी संभावना रिपोर्ट में कहा कि सरकार आने वाले वित्त वर्ष में भी कनेक्टिविटी सुधारने से जुड़ी परियोजनाओं पर अपना ध्यान बनाए रखेगी और बजट में इनके लिए वित्तीय समर्थन भी बढ़ाए जाने की उम्मीद है।

इक्रा का कहना है कि सरकार सड़क संपर्क को बेहतर करने के लिए शुरू की गई भारतमाला परियोजना, रेलवे ढांचागत विकास के लिए समर्पित मालवहन गलियारा (डीएफसी) और जलमार्गों के विकास के लिए चलाई गई सागरमाला परियोजना के लिए बजटीय समर्थन बढ़ा सकती है। इससे इन ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की रफ्तार तेज होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए संसद में बजट पेश करेंगी।

इक्रा के मुताबिक, सरकार ने चालू वित्त वर्ष में भी भारतीय प्रमुख बंदरगाह अधिनियम-2021 को लागू करने के अलावा बाजार-आधारित शुल्क व्यवस्था की शुरुआत कर कई नीतिगत कदम उठाए हैं। सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी वाली बंदरगाह परियोजनाओं के लिए संशोधित प्रारूप भी सरकार ने जारी किया है। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि बंदरगाह क्षेत्र के लिए ए कदम अनुकूल साबित होंगे और इनसे निजी निवेश आकर्षित करने में भी मदद मिलेगी। सागरमाला, अंतर्देशीय जलमार्ग जैसी परियोजनाओं के लिए बजटीय समर्थन बढ़ने से इनके क्रियान्वयन की रफ्तार भी तेज होगी। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में सागरमाला एवं अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं के लिए बजटीय समर्थन करीब 500-600 करोड़ रुपए तक ही सीमित रहा है। इस स्थिति में इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निजी निवेश पर निर्भरता बढ़ जाती है।

## क्विक न्यूज

### भारत की ईंधन मांग में सुधार जारी रहेगा: फिच

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी से संबंधित प्रतिबंधों में ढील के साथ ही आर्थिक गतिविधियां तेज होने से चालू तिमाही में भारत में ईंधन मांग में सुधार जारी रहेगा। फिच रेटिंग्स ने यह अनुमान लगाया है। संक्रमण के मामले बढ़ने और अर्थव्यवस्था तथा गतिशीलता पर इसके असर की आशंका के चलते जोखिम भी बने हुए है। मांग में सुधार से ज्यादातर तेल विपणन कंपनियों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी तथा कीमतो में तेजी के चलते तेल और गैस कंपनियो की वित्तीय सेहत में सुधार की उम्मीद है। फिच रेटिंग्स ने सोमवार कहा, मार्च में खत्म होने वाली वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही के दौरान भारत में पेट्रोलियम उत्पादो की मांग में मामूली मजबूती बनी रहेगी, क्योंकि कोविड-19 महामारी के चलते लागू प्रतिबंधो में ढील से आर्थिक गतिविधियो को बढ़ावा मिलेगा। फिच ने कहा कि चौथी तिमाही में पेट्रोलियम उत्पादो की मांग महामारी से पहले के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है, हालांकि पूरे वित्त वर्ष की मांग अभी भी 2-4 प्रतिशत कम है।

### एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही तीन गुना

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तीन गुना होकर 3,614 करोड़ रुपए रहा। कर्ज में मजबूत वृद्धि और संपत्ति गुणवत्ता में सुधार से बैंक का लाभ बढ़ा है। एक्सिस बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ1,117 करोड़ रुपए था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक की आय बढ़कर 21,101 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 18,355 करोड़ रुपए थी। बैंक ने खुदरा कर्ज में आलोच्य तिमाही में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। एसएमई (लघु एवं मझोले उद्यम) ऋण में 20 प्रतिशत और कंपनी कर्ज में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। एक्सिस बैंक का फंसे कर्ज के एवज में प्रावधान चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 790 करोड़ रुपए रहा जो इससे पहले दूसरी तिमाही में 927 करोड़ रुपए था। आलोच्य तिमाही में बैंक की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) सुधरकर 3.17 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 3.44 प्रतिशत थी। हालांकि, शुद्ध एनपीए इस दौरान 0.74 प्रतिशत से बढ़कर 0.91 प्रतिशत हो गया।

### फ़िल्म अभिनय पर पाठ्यक्रम की घोषणा की

**मुंबई।** वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़डिज़ाइन ने अपने शैक्षणिक सत्र 2022 में फिल्म अभिनय में 6 महीने का सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व महत्वाकांक्षी अभिनेताओं के लिए अनुभवी प्रशिक्षक फारुख नकी आज़मी करेंगे और मार्च 2022 से शुरू होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी बॉलीवुड फिल्म उद्योग में करियर के लिए उम्मीदवारों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करना है और इसमें सीमित संख्या में 25 सीटें हैं जो आवेदन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर आवंटित की जाएंगी। 3 महीने के 2 डिवीजनों में विभाजितए प्रत्येक उम्मीदवार को पहले पहले हाफ में गहन प्रशिक्षण से गुजरना होगा और फिर एक पूण-स्तरीय फीचर फिल्म में प्रदर्शित किया जाएगाए जिसका उपयोग उन्हें अभिनेताओं के रूप में लॉन्च करने के लिए किया जाएगा। फिल्म का निर्माण और वितरण द्वारा ही किया जाएगा। यह एक अनूठी पेशकश है जो इस पाठ्यक्रम को छोटी अवधि के अन्य पाठ्यक्रमों के ऊपर और ऊपर सेट करती है। हाई एंड फीचर फिल्म निर्माण के लिए ब्लैक मैजिक उर्सा मिनी प्रो 12के सुपर 35 मिमी 80 मेगापिक्सल कैमरा के शामिल होने से डब्ल्यूयूडी के फिल्म और वीडियो डिजाइन स्कूल को बढ़ावा मिला है। डॉ.संजय गुप्ता वाइस चांसलरख वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़डिज़ाइन कहते हैं कि हमारे विविध पाठ्यक्रमों के मेनू में फिल्म अभिनय पर पाठ्यक्रम को जोड़ने के लिए बेहद रोमांचित और आशान्वित!

### आरबीआई सोमवार को 75,000 करोड़ रुपए के लिए ओवरनाइट वीआरआर की नीलामी करेगा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को कहा कि वह आज तरलता समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत 75,000 रुपए की राशि के लिए ओवरनाइट वैरिएबल रेपो रेट (वीआरआर) नीलामी करेगा। रिवर्सल की तारीख 25 जनवरी 2022 है। आरबीआई ने 20 जनवरी को 50,000 करोड़ रुपए के लिए वीआरआर नीलामी की थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वह अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नकदी बनाए रखते हुए नकदी को पुनर्संतुलित करना जारी रखेगा।

### श्रीलंका को 1.5 अरब डॉलर की सहायता मिलने की उम्मीद

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने कहा कि उसे भारत से 1.5 अरब डॉलर की और सहायता मिलने की संभावना है। भारत कुछ सप्ताह पहले श्रीलंका को एक अरब डॉलर के सहायता पैकेज और भुगतान संतुलन समर्थन की घोषणा कर चुका है। श्रीलंका के विदेश मंत्री जी एल पीरिस ने कहा कि भारत से आगे और सहायता मिल सकती है। बेसिल राजपक्षे की मैडम निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के साथ नई दिल्ली में हुई बातचीत के परिणामस्वरूप एक राहत पैकेज मिला।

## निर्यातकों के संगठन को बजट में निर्यात को बढ़ावा देने वाले उपायों की आस

**भाषा।** नई दिल्ली

**निर्यातकों** ने सरकार से अगले सप्ताह पेश होने वाले बजट में निर्यात संवर्द्धन की दिशा में जरूरी कदम उठाने का अनुरोध करते हुए कहा है कि कई उत्पादों पर सीमा शुल्क हटाने की भी जरूरत है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने बजट से अपनी अपेक्षाओं का जिक्र करते हुए कहा है कि देश से बाहर जाने वाली खेप की संख्या बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए जाने चाहिए। इसके साथ ही उसने प्लास्टिक से बने उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाने की भी जरूरत बताई है।

निर्यातकों के संगठन ने बजट में लॉजिस्टिक से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन देने और एमएसएमई को समर्थन के लिए भागीदारियों एवं एलएलपी पर आयकर में कटौती की भी मांग की है।

फियो के मुताबिक, मालवहन की लागत बढ़ने और वैश्विक पोत-परिवहन कंपनियों पर निर्भरता होने से निर्यात क्षेत्र गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। महासंघ ने बड़ी भारतीय कंपनियों से वैश्विक स्तर की एक भारतीय पोत-परिवहन शृंखला तैयार करने का आह्वान किया है।

फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, निर्यातकों खासकर एमएसएमई के लिए विदेशी बाजार बड़ी चुनौती बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए दोहरी कर कटौती योजना लाने की हमें जरूरत है जिसमें पांच लाख रुपए की आय सीमा रखी जाए।

टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के चेयरमैन शारदा कुमार सर्राफ ने कहा कि निर्यात विपणन की मदद के लिए सरकार को निर्यात उत्पादन पर शुल्क और करों की वापसी (आरओडीटीईपी) योजना का दायरा बढ़ाना चाहिए। फिलहाल इसके लिए करीब 40,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटन है जो अपर्याप्त है। भारतीय प्लास्टिक निर्यात संवर्द्धन परिषद के चेयरमैन अरविंद गोयनका ने प्लास्टिक से बने उत्पादों पर लगने वाले आयात शुल्क को पॉलिमर की तुलना में कम-से-कम पांच फीसदी ज्यादा रखने का सुझाव दिया है।

## सेबी ने पीएफएस को बोर्ड बैठक से पहले कॉरपोरेट प्रशासन से जुड़े मुद्दे हल करने को कहा

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पीटीसी इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज (पीएफएस) से कहा है कि वह बोर्ड मीटिंग बुलाने से पहले कॉरपोरेट प्रशासन से जुड़े मुद्दों का समाधान करे, जिन्हें इसके पूर्व अध्यक्ष और निवर्तमान स्वतंत्र निदेशकों ने उठाया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पूंजी बाजार नियामक ने पीएफएस को इन मुद्दों पर चार सप्ताह के भीतर कार्वाई रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इससे पहले बिजली समाधान मुहैया कराने वाली फर्म पीटीसी इंडिया की सहायक इकाई पीएफएस के बोर्ड की शनिवार को निर्धारित बैठक सभी स्वतंत्र निदेशकों की गैरमौजूदगी के चलते नहीं हो सकी थी। इसके बाद अब कंपनी को अपनी बोर्ड बैठक आयोजित करने के लिए सेबी की अनुमति लेनी जरूरी है। गौरतलब है कि एक असामान्य घटनाक्रम के तहत पीटीसी इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज (पीएफएस) के सभी तीन स्वतंत्र निदेशकों - कमलेश शिवजी विकमसे, संतोष बी नायर और थॉमस मैथ्यू टी ने कंपनी में कॉरपोरेट प्रशासन के मुद्दों के आधार पर बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। पीटीसी इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजीव के मिश्रा ने शुक्रवार को कहा था कि कंपनी की सहायक इकाई पीएफएस में कथित रूप से कॉरपोरेट प्रशासन के मुद्दों की निष्पक्ष जांच होगी।

## दूरसंचार विभाग मोबाइल विनिर्माण में दखल नहीं देगा : अश्विनी वैष्णव

**भाषा।** नई दिल्ली

**संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि दूरसंचार विभाग मोबाइल फोन विनिर्माण से जुड़े मामलों में दखल नहीं देगा। उनका यह बयान इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि उद्योग इस बात को लेकर चिंता रहा है कि यदि दूरसंचार विभाग ने देश में मोबाइल विनिर्माण को नियंत्रित करने का प्रयास किया, तो इससे उसे भारी-भरकम नियमों को झेलना पड़ेगा।



वैष्णव ने सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर दृष्टि दस्तावेज जारी करने के मौके पर कहा, दूरसंचार विभाग किसी भी हालत में मोबाइल विनिर्माण में नहीं उतरेगा। इस बारे में व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा। फिलहाल इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्राय मोबाइल विनिर्माण से संबंधित मामलों में नोडल संगठन है।

वैष्णव ने कहा कि सरकार श्रम कानूनों को बेहतर करने के लिए उनमें समायोजन कर रही है। इसके जरिए बड़ी कंपनियों द्वारा बड़ी संख्या में श्रमबल की नियुक्ति को समर्थन दिया जाएगा और साथ ही कंपनी परिसर के भीतर ही आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि परिसर के भीतर आवास की अनुमति नहीं है। उन्होंने मोबाइल फोन विनिर्माताओं से कहा कि वे ऐसा गंतव्य बताएं जहां सरकार काम करे और कानूनों को उद्योग की जरूरतों के अनुकूल करने का प्रयास करे।

# पेज एक का शेष

## सपा ने 159 उम्मीदवारों...

वहीं कानपुर नगर की कल्याणपुर विधानसभा सीट से सतीश कुमार निगम, सीतामऊ से हाजी इरफान सोलंकी, आर्य नगर से अमिताभ बाजपेई, महाराजपुर से फतेह बहादुर सिंह गिल, घाटमपुर से भगवती सागर को प्रत्याशी घोषित किया है। जालौन जनपद की माधवगढ़ से राघवेंद्र प्रताप सिंह, कालपी से श्रीराम पाल, उरई से दयाशंकर वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। झांसी जनपद की बबीना से यशपाल यादव झांसी से सीताराम कुशवाहा, मऊरानीपुर से तिलक चंद अहिरवार, गरौठा से दीप नारायण सिंह को सपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। ललितपुर जनपद की ललितपुर से रामप्रसाद, बरौनी से फरीन लाल अहिरवार को सपा ने प्रत्याशी बनाया है। महोबा जनपद की महोबा से मनोज तिवारी, चरखारी से अजय सिंह राजपूत को प्रत्याशी घोषित किया है। बांदा जनपद की तिंदवारी सीट से बृजेश प्रजापति नरैनी से दद्दू प्रसाद को समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है। इसी प्रकार फतेहपुर जनपद की जहानाबाद से मदन गोपाल,, बिंदकी से रामेश्वर दयाल गुप्ता दयालु गुप्ता, फतेहपुर से चंद्र प्रकाश लोधी, अयाह शाह से विशंभर प्रसाद निषाद, हुसैनगंज से उषा वर्मा को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है

## पाकिस्तान को भारत का...

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ सरकार विकास के मुद्दे पर चुनाव मैदान में उतरी है जबकि अखिलेश यादव जिन्ना और पाकिस्तान के सहारे चुनाव जीतना चाहते हैं। उन्होंने अखिलेश यादव पर तुष्टीकरण की पराकाष्ठा का आरोप लगाया। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की लिस्ट अब तक आखिर जारी क्यों नहीं हो पाई है? उत्तर प्रदेश के लोग कह रहे हैं कि अखिलेश यादव ने नाहिद हसन जैसे गुंडे-बदमाशों को टिकट दी है और इसी कारण वे अपने उम्मीदवारों के नाम जारी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उम्मीदवारों के नाम जारी होते ही जनता इन पर टूट पड़ेगी। अखिलेश यादव का बस चलता तो वह नाहिद हसन के साथ याकूब मेमन को भी चुनावी मैदान में उम्मीदवार बनाते। वह तो याकूब मेमन को पहले ही फांसी लग चुकी है। अखिलेश यादव तो कसाब को भी सपा का स्टार प्रचारक बना देते! अखिलेश ने आतंकवादियों को छुड़वाने के लिए कोर्ट में गुहार लगाई थी। आज समझ में आ रहा है कि अखिलेश यादव पाकिस्तान को अपना असली दुश्मन क्यों नहीं मानते हैं। डॉ. पात्रा ने कहा कि एक ओर जहां पूरा देश उत्तर प्रदेश का 73वां स्थापना दिवस मना रहा है। वहीं अखिलेश यादव ने एक इंटरव्यू में कहा है कि पाकिस्तान, हिंदुस्तान का असली दुश्मन नहीं है। देश में उत्तर प्रदेश की छवि बदली है। इसे सुरक्षित और समृद्ध प्रदेश के रूप में बदलने में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने कामयाबी हासिल की है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश में 12वें स्थान से दूसरे स्थान तक का सफर तय कर लिया है। अर्थव्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश देश में छठे से दूसरे स्थान पर आ गया है। यह बदलाव का प्रतीक है। भाजपा ने यूपी के छवि बदल दी है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह चुनाव भाजपा और सपा के एक्सप्रेसवे के बीच में है। भाजपा के एक्सप्रेसवे हैं गंगा एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और सपा के हैं गुंडई एक्सप्रेसवे, रंगदारी एक्सप्रेसवे और माफिया एक्सप्रेसवे। उत्तर प्रदेश की जनता ज्ञानवान और बुद्धिमान है, हमें पूर्ण विश्वास है कि वह विकास को ही चुनेगी।

## पंजाब में भाजपा...

भाजपा ने बीते शुक्रवार को पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 34 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। पार्टी की इस सूची में किसान परिवारों के 12 नेताओं, 13 सिखों और आठ दलितों को टिकट दिया गया था। अमरिंदर सिंह ने भी 22 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है, जिसमें भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान अजितपाल सिंह को नकोदर से प्रत्याशी बनाया गया है। अमरिंदर खुद पटियाला शहर सीट से चुनाव लड़ेंगे।

## लखनऊ की आईपीएल टीम...

फ्रेंचाइजी मालिकों ने इस नई आईपीएल टीम का नाम तय करने के लिए तीन जनवरी को सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के लिए अभियान शुरू किया था। लखनऊ और अहमदाबाद इस साल से आईपीएल में दो नई टीमें होंगी। चकाचौध से भरी इस लीग में अब 10 टीमें हो गई है। लोकेश राहुल आगामी आईपीएल सत्र में लखनऊ फ्रेंचाइजी की कमान संभालेंगे। टीम ने खिलाड़ियों की नीलामी से पहले मार्कस स्टोइनिस और रवि बश्नोई से भी करार किया है।

## सेंसेक्स 1546 अंक...

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में बिकवाली, तीसरी तिमाही के कमजोर वित्तीय परिणाम और बजट से पहले घबराहट से घरेलू बाजार में भारी बिकवाली हुई। एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की कल से होने वाली बैठक से पहले धारणा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि निवेशकों को एफओएमसी की दो दिन की बैठक के नतीजे का इंतजार है। ऐसी उम्मीद है कि फेडरल रिजर्व नीतिगत दर में वृद्धि को लेकर स्पष्ट संकेत देगा। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में, जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत बढ़कर 88.17 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 17 पैसे टूटकर 74.60 पर बंद हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 3,148.58 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## कोर्ट ने शरजील इमाम के...

अभियोजन पक्ष के मुताबिक इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में दिए भाषणों में कथित तौर पर असम और बाकी पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने की धमकी दी थी। इमाम ने जमानत देने का अनुरोध करते हुए कहा था कि उसका भाषण राजद्रोह की श्रेणी में नहीं आता है। उसने सवाल किए थे, हिंसा के लिए कहां आह्वान किया गया है? इसमें राजद्रोह कैसे आ गया? भाषण का संदर्भ सड़क बंद करने से था, यह कैसे राजद्रोही है? इमाम के वकील ने जमानत अर्जी पर जिरह करते हुए अदालत में कहा कि उनके मुवक्किल ने बृहद संघीय ढांचे की मांग की थी और यही उसकी मंशा थी। वहीं अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि उसने केंद्र सरकार के खिलाफ कथित भड़काने, घृणा पैदा करने, मानहानि करने और द्वेष पैदा करने वाले भाषण दिए और लोगों को भड़काया जिसकी वह से दिसंबर 2019 में हिंसा हुई। दिल्ली पुलिस ने अपने आरोप पत्र में कहा, सीएए की आड़ में उसने (इमाम ने) एक विशेष समुदाय के लोगों से अहम शहरों को जोड़ने वाले राजमार्गों को बाधित करने और चक्का जाम करने का आह्वान किया।

## वोकल फॉर लोकल को...

पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र देने के लिए पहली बार इस तकनीक का उपयोग किया गया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी भी इस कार्यक्रम में मौजूद थीं। प्रधानमंत्री ने इसके बाद पुरस्कार विजेता मध्य प्रदेश के इंदौर के अवि शर्मा से बातचीत की और रामायण के विभिन्न पहलुओं पर, कर्नाटक की कुमारी रेमोना इवेट परेरा से भारतीय नृत्य के प्रति उनके जुनून पर और त्रिपुरा की कुमारी पुहाबी चक्रवर्ती से कोविड से संबंधित नवाचार के संबंध में चर्चा की। अवि शर्मा से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने एक घटना का उल्लेख किया जब उन्होंने मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का प्रवचन सुना था वह भी तब जब वह बहुत छोटी थीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उमा भारती का वह प्रवचन अत्यधिक आध्यात्मिक गहराई और ज्ञान को दर्शाने वाला था। उन्होंने कहा, मैं हैरान था कि इतनी छोटी उम्र में उमा भारती धारा प्रवाह वक्तव्य देती थीं, जिस प्रकार से शास्त्रों का बहुत सटीक रूप में उल्लेख करती थीं। मध्य प्रदेश की मिट्टी में कुछ ऐसा है जो ऐसी अद्भुत प्रतिभा को जन्म देता है। इनके अलावा प्रधानमंत्री ने अपने छोटे भाई को मगरमच्छ के हमले से बचाने वाले बिहार के पश्चिम चंपारण के धीरज कुमार से, कोविड से जुड़ी जानकारियों के उपयोग के लिए एक ऐप बनाने वाले पंजाब के मीधांश कुमार गुप्ता और खेल की दुनिया में विशेष पहचान बनाने वाली चंडीगढ़ की कुमारी तरुशी गौर से बातचीत की और उनके अनुभव सुने।

# रूस ने ब्रितानी दावे को किया खारिज

## ● यूक्रेन के नेता को बदलने का मामला

भाषा। मॉस्को

**रूस के** विदेश मंत्रालय ने रविवार को ब्रिटेन का यह दावा खारिज कर दिया कि उनका देश यूक्रेन की सरकार को रूस समर्थित प्रशासन से बदलना चाहता है और यूक्रेन के पूर्व सांसद एवेनी मुराएव इसके लिए संभावित उम्मीदवार हैं। मुराएव रूस समर्थक छोटी पार्टी नाशी के प्रमुख हैं, जिसके पास वर्तमान में यूक्रेन की संसद में कोई सीट नहीं है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन के कई अन्य नेताओं का नाम लिया, जिनके बारे में कहा गया कि उनके रूसी खुफिया सेवाओं के साथ संबंध रहे हैं। मुराएव ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से स्काइप पर बात करते हुए बताया कि ब्रिटेन का दावा हास्यास्पद है और रूसी सुरक्षा को खतरा होने के आधार पर 2018 के बाद से रूस में उनका प्रवेश वर्जित है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध यूक्रेन के सबसे बड़े रूस समर्थक नेता एवं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मित्र विक्टर मेदवेदचुक के साथ संघर्ष के मद्देनजर लगाया गया है। नाशी पार्टी को रूस के प्रति सहानुभूति रखने वाली माना जाता है, लेकिन मुराएव ने फेसबुक पोस्ट पर लिखा, पश्चिम समर्थन और रूस समर्थक नेताओं का दौर यूक्रेन में हमेशा के लिए समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन के तटस्थ दर्जे का समर्थन करते हैं। वहीं, यूक्रेन के राजनीतिक विश्लेषक वोलोदिमिर फेसेंको ने मुराएव को यूक्रेन में रूसी खेमे का अहम नेता बताया, लेकिन साथ ही कहा, मुराएव दूसरे स्थान के खिलाड़ी हैं। मुझे नहीं लगता कि मुराएव का क्रेमलिन से सीधा संपर्क है। रूस के विदेश मंत्रालय ने भी ब्रिटेन के इस दावे को खारिज किया। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने टेलीग्राम ऐप पर कहा, ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय द्वारा फैलाई जा रही झूठी जानकारी इस बात को पुख्ता तौर पर प्रमाणित करती है कि नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) देश यूक्रेन के आसपास तनाव को बढ़ा रहे हैं। हम ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय से उकसावे वाली गतिविधियां बंद करने का अनुरोध



एक प्रशिक्षक यूक्रेन के प्रादेशिक रक्षा बलो, सशस्त्र बलों की स्वयंसेवी सैन्य इकाइयों के सदस्यों को एक शहर के पार्क में प्रशिक्षित करता हुआ

## अमेरिका ने यूक्रेन स्थित दूतावास में कार्यरत अपने कर्मियों के परिवारों को देश छोड़ने का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन स्थित अमेरिकी दूतावास में कार्यरत सभी अमेरिकी कर्मियों के परिवारों को रूसी हमले के बढ़ते खतरों के बीच रविवार को देश छोड़ने का आदेश दिया। मंत्रालय ने कीव स्थित अमेरिकी दूतावास के कर्मियों के आश्रितों को परामर्श दिया कि उन्हें देश छोड़ देना चाहिए। उसने यह भी कहा कि दूतावास में कार्यरत गैर-जरूरी कर्मी सरकारी खर्चे पर देश छोड़कर आ सकते हैं। अमेरिका सरकार ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब यूक्रेन की सीमा पर रूस की सैन्य मौजूदगी बढ़ने के कारण तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने तनाव कम करने के लिए शुक्रवार को वार्ता की, लेकिन इस दौरान सफलता नहीं मिली। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि कीव स्थित दूतावास खुला रहेगा और इस घोषणा का मतलब यूक्रेन से अमेरिकी अधिकारियों को निकाला जाना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस कदम पर लंबे समय से चर्चा हो रही थी और इसका अर्थ यह नहीं है कि अमेरिका यूक्रेन के प्रति समर्थन को कम कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में इन रिपोर्ट को रेखांकित किया कि रूस यूक्रेन के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्वाई की योजना बना रहा है, जबकि रूसी विदेश मंत्रालय ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन के देशों पर यूक्रेन के संबंध में गलत सूचना फैलाकर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया।

## बढ़ते तनाव के बीच नाटो ने प्रतिरोधी योजना का खाका तैयार किया

**ब्रसेल्स।** रूस और पश्चिमी देशों के बीच तनाव सोमवार को बढ़ गया और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने सेना व पोतों की संभावित तैनाती की एक रूपरेखा तैयार की है, वहीं आयरलैंड ने चेतावनी दी कि उसके तट के पास होने वाले रूसी युद्धाभ्यास का ऐसे समय में स्वागत नहीं किया जाएगा जब इस बात को लेकर चिंता प्रबल है कि मास्को यूक्रेन पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। पश्चिमी गठबंधन का बयान एक तरह से व्यक्तिगत रूप से देशों द्वारा की गई घोषणाओं का सार है लेकिन नाटो के तहत उन्हें फिर से दोहराने का उद्देश्य संगठन की प्रतिबद्धता दर्शाना प्रतीत होता है। यह घोषणाओं की एक श्रृंखला में से एक था जिसने संकेत दिया कि पश्चिम यूक्रेन गतिरोध के साथ सूचना युद्ध में अपनी बयानबाजी तेज कर रहा है। रूस ने यूक्रेन की सीमा के पास अनुमानतः एक लाख सैनिकों का जमावड़ा किया है और मांग कर रहा है कि नाटो वादा करे कि वह यूक्रेन को कभी संगठन में शामिल होने की अनुमति नहीं देगा और अन्य कार्वाई, जैसे कि पूर्व सोवियत ब्लॉक देशों में गठबंधन सैनिकों को तैनात करना, कम किया जाएगा। इनमें से कुछ, जैसे यूक्रेन पर स्थाई रूप से प्रतिबंध लगाने की कोई शपथ, नाटो के लिए गैर-शुरुआत करने वाले हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि अड़ियल रुख से पैदा हुए गतिरोध का अंजाम सिर्फ युद्ध होगा। रूस इस बात से इनकार करता रहा है कि वह आक्रमण की योजना बना रहा है, और उसने कहा है कि पश्चिमी देशों के आरोप नाटो के अपने नियोजित उकसावे के लिए केवल एक दिखावा हैं।

## यूक्रेन पर रूसी हमले की आशंका बढ़ने पर एकजुटता दिखाने में जुटा ईयू

**ब्रसेल्स।** यूक्रेन पर रूसी हमले की आशंका बलवती होने के मद्देनजर यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्री सोमवार को यूक्रेन के समर्थन में एकता और प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने की तैयारी करते दिखे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मंशा पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला करने या उसकी सीमाओं पर सेना भेजने की है या नहीं, इसको लेकर अनिश्चितता बढ़ने पर ईयू के विदेश मंत्री सोमवार को ब्रसेल्स में बैठक के लिए एकत्र हुए। ईयू की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने ब्रसेल्स में संवाददाताओं से कहा, यूरोपीय संघ के सभी सदस्य एकजुट हैं। यूक्रेन के हालात पर हम अमेरिका के सहयोग से अभूतपूर्व एकता का प्रदर्शन कर रहे हैं। क्या अमेरिका के कदम का अनुसरण करते हुए ईयू यूरोपीय दूतावास के कर्मियों को यूक्रेन छोड़ने के लिए कहेगा? इस सवाल पर बोरेल ने कहा, हम समान कदम नहीं उठाने जा रहे। बोरेल ने कहा कि वह इस फैसले के बारे में पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकेन से सुनने को लेकर उत्सुक हैं। अधिकारियों और कूटनीतिज्ञों ने नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर बैठक से पहले कहा कि ईयू के विदेश मंत्री यूक्रेन सीमा पर सैन्य जमावड़े को लेकर रूस की निंदा करने वाले यूरोपीय संघ के बयान को एक बार फिर दोहराएंगे।



दक्षिण-पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत वोलोंग में चाइना कंजर्वेशन एंड रिसर्च सेंटर फॉर जाइंट पंडों के शेनशुपिंग बेस में खेलते हुए पांडा के शावक

## न्यूयॉर्क पुलिस विभाग में भारतीय मूल के अधिकारी की हो रही प्रशंसा

भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क पुलिस विभाग में भारतीय मूल के शानदार नए सदस्य सुमित सुलन की एक अपराधी पर गोली चलाकर उसे काबू में करने को लेकर खूब प्रशंसा हो रही है। सुलन ने उस अपराधी को काबू में किया जिसने न्यूयॉर्क शहर के पास घरेलू हिंसा की जांच करने गई पुलिस टीम पर गोलीबारी कर एक पुलिसकर्मी की हत्या कर दी और एक अन्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुलन की मां ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि उनका बेटा अब भी शुक्रवार को हुई मुठभेड़ के मंजर से उबरने की कोशिश कर रहा है और उसके दिमाग में अब भी वही दृश्य चल रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, 47 वर्षीय अपराधी लॉशॉन मैक्नील की शक्रवार को तीन पुलिसकर्मियों जिनके नाम सुमित सुलन, जैसन रिवेरा (22) और विल्वर्ड मोरा (27) हैं, के साथ मुठभेड़ उस समय हुई जब वे घरेलू हिंसा के एक मामले की जांच करने के लिए न्यूयॉर्क शहर के पास स्थित हर्लेम गए थे। उन्होंने बताया कि मैक्नील ने गोली चलाई जिसमें रिवेरा की मौत हो गई और मोरा घायल हो गए। सुलन ने जवाबी गोली चलाई और अपराधी मैक्नील को घायल कर दिया जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुलन की मां दलवीर सुलन (60) ने अखबार से कहा कि उनका बेटा इस घटना से हिल गया है और जो हुआ वह उसे समझ नहीं पा रहा है।

## क्विक न्यूज

### इजरायली पीएम कर सकते हैं भारत दौरा, दोनों देशों में राजनयिक संबंध के 30 साल पूरेः राजदूत

**यरुशलम।** भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने सोमवार को कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस वर्ष भारत की यात्रा कर सकते हैं, क्योंकि दोनों देश आपसी राजनयिक संबंध के 30 वर्ष पूरे होने को लेकर उत्सव मना रहे हैं। इस मौके पर वर्ष भर चलने वाले उत्सव को गति देने के लिए वर्चुअल माध्यम से एक विशेष लोगो जारी किया गया। इस लोगो को लॉ जारी करने के लिए आयोजित वेबिनार में गिलोन ने कहा कि वह भारत में राजदूत बनकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। गिलोन ने दो प्राचीन सभ्यताओं के बीच संबंध को असाधारण और नियमों से परे बताया। गिलोन ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने को लेकर इजरायल के प्रधानमंत्री और अन्य अधिकारी इस वर्ष भारत यात्रा पर आ सकते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से इजरायली प्रधानमंत्री बेनेट को भारत आने का न्योता दिया था।

### भारतीय मूल के तस्कर की मौत की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई स्थगित

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के मादक पदार्थ तस्कर एन. के. धर्मलिंगम की फांसी की सजा के खिलाफ अपील पर सोमवार को सुनवाई होनी थी लेकिन यह अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी मीडिया की एक खबर से मिली। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने बताया कि धर्मलिंगम के नए वकील वायलेट नेटो ने स्थगन के लिए आवेदन किया था। भारतीय मूल और मलेशियाई नागरिकता वाले 33 वर्षीय धर्मलिंगम ने उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ अपील की है जिसने मौत की सजा को चुनौती देने के लिए न्यायिक समीक्षा कार्यवाही शुरू करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के मुताबिक, सुनवाई की कोई नई तारीख तय नहीं की गई है।

### ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री मॉरिसन ने अपने वीचैट अकाउंट पर नियंत्रण खोया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने चीनी सोशल मीडिया ऐप वीचैट पर अपने अकाउंट का नियंत्रण खो दिया है। देश के शीर्ष सांसदों ने सोमवार को चीनी नेताओं पर सोशल मीडिया पर राजनीतिक हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। सिडनी के द डेली टेलीग्राफ के मुताबिक, जनवरी की शुरुआत में मॉरिसन के 76 हजार से अधिक वीचैट फॉलोअर को उनके अकाउंट का नाम बदलकर ऑस्ट्रेलियन चायनीज न्यू लाइफ किए जाने की जानकारी दी गई थी। यही नहीं, अकाउंट से मॉरिसन की तस्वीर भी हटा दी गई थी। अखबार ने दावा किया कि ए बदलाव ऑस्ट्रेलियाई सरकार के संज्ञान में लाए बगैर ही किए गए थे। हालांकि, मॉरिसन के कार्यालय ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया करने से इनकार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया में खुफिया एवं सुरक्षा मामलों की संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जेम्स पैटर्सन ने कहा कि वीचैट ने मॉरिसन के अकाउंट को बहाल किए जाने के सरकार के आग्रह पर अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। पैटर्सन ने आरोप लगाया कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ऑस्ट्रेलिया में मई में प्रस्तावित चुनावों के मद्देनजर मॉरिसन को सेंसर कर रही है।

### जर्मनी में गोलीबारी में कई लोग घायल, हमला करने वाला मारा गया

**बर्लिन।** दक्षिण-पश्चिमी जर्मनी के हीडलबर्ग शहर में एक व्याख्यान हॉल में सोमवार को एक बंदूकधारी ने गोलीबारी कर कई लोगों को घायल कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि अपराधी मारा गया, लेकिन यह नहीं बताया कि वह कैसे मारा गया। इसने पहले ट्विटर पर लोगों से हीडलबर्ग के न्यूएनहाइमर फेल्ड क्षेत्र से दूर रहने को कहा था, जहां शहर का विश्वविद्यालय परिसर स्थित है। पुलिस ने यह नहीं बताया कि कितने लोग घायल हुए हैं और कितने लोगों की हालत गंभीर है। विश्वविद्यालय के प्रेस कार्यालय ने गोलीबारी के बारे में कोई ब्योरा देने से इनकार किया और कहा कि सभी जांच पुलिस कर रही है। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने अज्ञात सुरक्षा सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि बंदूकधारी ने आत्महत्या कर ली। इसने सूत्रों का हवाला दिए बिना यह भी बताया कि माना जाता है कि बंदूकधारी एक छात्र था।

### दक्षिण सूडान में सांप्रदायिक हिंसा में 31 लोग मारे गए

**जुबा (दक्षिण सूडान)।** दक्षिण सूडान के जोंगलेई प्रांत में संदिग्ध मुरले हथियारबंद युवकों के साथ संघर्ष में 31 लोग मारे गए हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। बोर साउथ काउंटी के आयुक्त यूओट एलियर ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि रविवार शाम बैदित गांव में हुई इस घटना में 20 से अधिक लोग घायल हो गए और कुछ मकानों को आग लगा दी गई। आयुक्त ने बताया कि जातीय दिंका समुदाय के 28 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई और तीन बच्चे डूब गए। उन्होंने कहा कि हमलावर कई मवेशियों को लेकर चले गए।

### कोविड-19: बीजिंग में 20 लाख लोगों की जांच

**बीजिंग।** चीन की सरकार ने शीतकालीन ओलंपिक से पहले कोविड-19 वैश्विक महामारी के बढ़ते प्रकोप के कारण शिआन शहर में करीब एक महीने से जारी लॉकडाउन को अब हटा दिया है। शहर की आबादी करीब 1.3 करोड़ है। इस बीच, बीजिंग के एक जिले में करीब 20 लाख लोगों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई। सरकार ने फेंगताई जिले और 14 अन्य स्थानों पर संक्रमण के 25 मामले सामने आने के बाद बीजिंग के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के लोगों को शहर ना छोड़ने को कहा है। फेंगताई के लोग बर्फ से ढके फुटपाथों पर कड़कड़ाती ठंड में जांच के लिए कतारों में खड़े दिखे।

### ब्रिटिश सांसद के दावे की जांच के आदेश

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने सोमवार को पाकिस्तानी मूल की एक सांसद के इस आरोप की कैबिनेट कार्यालय संबंधी आंतरिक जांच का आदेश दिया कि उन्हे उनके मुस्लिम धर्म के कारण मंत्री पद से हटाया गया था। कंजर्वेटिव पार्टी की सांसद नुसरत गनी ने संडे टाइम्स के साथ एक साक्षात्कार में कहा था कि फरवरी 2020 में पद फेरबदल संबंधी पार्टी के सचेतकों और पार्टी अनुशासन से जुड़े प्रभारी सांसदों की बैठक में उनके मुस्लिम होने को एक मुद्दे के रूप में उठाया गया था और कहा गया था कि मेरा मुस्लिम महिला मंत्री होना सहकर्मियों को असहज कर रहा है।

### पाक के हिंदू सांसद यात्रियों के साथ भारत आएंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सत्ताधारी तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के एक हिंदू सांसद ने सोमवार को कहा कि वह इस हफ्ते के अंत तक तीर्थयात्रियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की यात्रा करेंगे। पाकिस्तान हिंदू परिषद के प्रमुख और नेशनल असेंबली के सदस्य डॉ. रमेश कुमार वंक्वानी ने एक बयान जारी करके कहा कि प्रतिनिधि मंडल 29 जनवरी को भारत जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान एयरलाइंस इंटरनेशनल (पीआईए) के एक विशेष चार्टर्ड विमान से जाएगा और भारत में तीन दिन तक रुकेगा। भारत में प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में निजामुद्दीन औलिया की दरगाह, अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह और ताज महल देखने जाएगा।



ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन बकिंघमशायर में मिल्टन कीन्स यूनिवर्सिटी अस्पताल के दौर पर

## यूएई ने अबू धाबी को निशाना बनाने के लिए दागी गईं दो मिसाइलों को नष्ट किया

भाषा। दुबई

**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) ने राजधानी अबू धाबी को निशाना बनाने के लिए हूती विद्रोही समूह द्वारा दागी गईं दो बैलिस्टिक मिसाइलों को सोमवार तड़के बीच में ही रोक दिया और नष्ट कर दिया। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। रोकी गईं और नष्ट की गईं बैलिस्टिक मिसाइलों के अवशेष अबू धाबी के आसपास अलग-अलग इलाकों में गिरे। रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट किया, वायु सुरक्षा प्रणाली ने हूती आतंकवादियों द्वारा सोमवार को देश की ओर दागी गईं, दो बैलिस्टिक मिसाइलों को रोक दिया और नष्ट कर दिया। सरकारी संवाद समिति डब्ल्यूएएम के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि यूएई किसी भी तरह के खतरे से निपटने के लिए तैयार है और देश को सभी तरह के हमलों से बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। मंत्रालय ने जनता से केवल देश में आधिकारिक समाचार स्रोतों की जानकारी पर भरोसा करने का आह्वान किया है। यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अबू धाबी में पेट्रोलियम डिपो और देश के प्रमुख हवाई अड्डे पर हमला करने के एक हफ्ते बाद यह हमला किया गया है। मुसाफ्फा आईसीएडी-3 क्षेत्र और अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नव निर्माण वाले क्षेत्र को निशाना बनाया था।

## चीन ने 39 लड़ाकू विमान ताइवान की ओर भेजे

भाषा। ताइपे

चीन ने 39 लड़ाकू विमानों को ताइवान की ओर भेजा है। इस साल उसके द्वारा ताइवान की ओर भेजा गया लड़ाकू विमानों का यह सबसे बड़ा जत्था है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन द्वारा भेजे गए विमानों में 24 जे-16 लड़ाकू विमान और 10 जे-10 विमान , अन्य सहायक विमान और इलेक्ट्रॉनिक लड़ाकू विमान थे। ताइवान की वायु सेना ने इस गतिविधि का पता चलने पर अपने विमान भी फौरन रवाना किए और वायु रक्षा रडार प्रणाली से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (चीन के) के विमानों पर नजर रखी। से इस संबंध में आंकड़े जारी कर रही है। उनके अनुसार, तब से चीनी पायलट लगभग रोज ताइवान की ओर उड़ान भर रहे हैं। इससे पहले चीन के सर्वाधिक 56 विमानों ने पिछले साल अक्टूबर में ताइवान की ओर उड़ान भरी थी। गौरतलब है कि चीन, ताइवान को अपना क्षेत्र बताते हुए उस पर दावा करता है। वह लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई ताइवान की सरकार को मान्यता देने से इनकार करता है। ताइवान और चीन 1949 के गृह युद्ध में अलग हो गए थे। ताइवान के अंतरराष्ट्रीय संगठनों में शामिल होने का भी चीन लगातार विरोध करता है।

## पाकिस्तान 20 भारतीय मछुआरे भारत को सौंपेगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान देश के जलक्षेत्र में कथित रूप से प्रवेश करने के कारण गिरफ्तार किए गए 20 भारतीय मछुआरों को सोमवार को वाघा बॉर्डर के जरिए भारत को सौंपेगा। एक वरिष्ठ कारागार अधिकारी ने यह जानकारी दी। कराची की लांडी जेल में रखे गए मछुआरों को मानवीय आधार पर रविवार को रिहा कर दिया गया। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक अजीम थेबो ने बताया कि सद्भावना के तहत इन 20 भारतीय मछुआरों की रिहाई के बाद इस जेल में अब 568 भारतीय मछुआरे हैं। रिहा किए गए इन मछुआरों को पाकिस्तानी जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने और बिना अनुमति मछलियां पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## असांजे को ब्रिटेन की शीर्ष अदालत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील करने का अधिकार मिला

भाषा। लंदन

**विकीलीक्स** के संस्थापक जूलियन असांजे को अमेरिका प्रत्यर्पित किए जाने के आदेश के खिलाफ ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में अपील करने की सोमवार को अनुमति मिल गई। मामले में लंदन में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने ऑस्ट्रेलियाई नागरिक को प्रत्यर्पण के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति प्रदान कर दी। इराक और अफगानिस्तान में युद्ध से संबंधित हजारों गोपनीय दस्तावेजों के लीक होने के मामले में 50 वर्षीय असांजे अमेरिका में वांछित हैं। उनके वकीलों ने तर्क दिया कि आत्महत्या के वास्तविक जोखिम के कारण उनके मुवक्किल को अमेरिका प्रत्यर्पित नहीं किया जाना चाहिए। पिछले महीने, अमेरिकी अधिकारियों ने अदालत के उस फैसले के खिलाफ अपील जीत ली थी कि असांजे की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें प्रत्यर्पित नहीं किया जा सकता। अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि विकीलीक्स के संस्थापक को उन गंभीर प्रतिबंधात्मक शर्तों का सामना नहीं करना पड़ेगा जिनका उनके वकीलों ने हवाला दिया है। उच्च न्यायालय ने दिसंबर में निचली अदालत के फैसले को पलट दिया था और कहा था कि अमेरिका का यह आश्वासन पर्याप्त है कि असांजे के साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा। अब, असांजे को हाई कोर्ट से सामान्य सार्वजनिक महत्व के कानून के एक बिंदु के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में अपने प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार मिल गया है।

# अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद तालिबान की यूरोप में पहली वार्ता

भाषा। ओस्लो

**अफगानिस्तान की** सत्ता पर पिछले साल अगस्त में कब्जा करने के बाद तालिबान ने पहली बार यूरोप में पश्चिमी राजनयिकों के साथ आधिकारिक वार्ता शुरू की है। इसके तहत नॉर्वे की राजधानी ओस्लो स्थित एक होटल में वार्ता हुई। तीन दिवसीय वार्ता रविवार को तालिबान और नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ शुरू हुई।

अफगानिस्तान के संस्कृति एवं सूचना उप मंत्री जबीउल्ला मुजाहिद ने रविवार रात को एक संयुक्त बयान ट्वीट किया, बैठक के प्रतिभागियों ने माना कि अफगानिस्तान की सभी समस्या का एकमात्र हल संयुक्त समन्वय और समझ है। मुजाहिद ने इस बात पर जोर दिया कि देश में बेहतर राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा परिणाम के लिए सभी अफगानों को काम करने की जरूरत है। माना जा रहा है कि तालिबान प्रतिनिधि निश्चित रूप से अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों द्वारा रोकी गई 10 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि को जारी करने की मांग करेंगे, क्योंकि अफगानिस्तान दयनीय हालात से गुजर रहा है। तालिबान के प्रतिनिधि शफीउल्ला आजम ने रविवार रात कहा, हम उनसे अफगान संपत्ति को मुक्त करने और एक आम अफगान नागरिक को उसकी राजनीतिक विचारधारा के कारण दंडित नहीं करने की मांग कर रहे हैं। वार्ता से पहले पश्चिमी राजनयिकों ने अफगानिस्तान के महिला अधिकार कार्यकर्ताओं और मानवाधिकार की रक्षा करने वालों से मुलाकात की ताकि अफगानिस्तान की नागरिक संस्थाओं की मांगों को सुनने समेत वहां के माजूदा हालात का आकलन किया जा सके।





फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मध्य फ्रांस के आहुन में कृषि हाई स्कूल की कैंटीन में दोपहर का भोजन करते हुए

टॉक-टाइम

आनंद एल राय

# मैं बेहतर कहानियों के साथ ज्यादा लोगों तक पहुंचना चाहता हूं

निल बटे सन्नाटा और शुभ मंगल सावधान और अपनी नवीनतम फिल्म अतरंगी रे जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्धि पाने वाले निर्देशक आनंद एल राय को ओटीटी पर खूब सराहा गया। शालिनी सक्सेना से बातचीत में वह बता रहे हैं कि उन्होंने इस बार इतना लीक से हटकर विषय क्यों चुना?



**● यह एक लीक से हटकर फिल्म है और एक साहसी प्रयास है। आपने ऐसा विषय क्यों चुना?**

सबसे पहले तो फिल्म को पसंद करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। इसका मेरे दर्शकों के साथ ज्यादा सरोकार है - ताकत उनसे आती है। मेरे लिए, यह ऐसी कहानी के साथ आने में सक्षम होना है जो कि हिम्मत वाली है। इतने सालों के बाद दर्शकों के लिए कुछ नया लाने की मेरी जिम्मेदारी बनती है। यह केवल सफल होने से संबंधित नहीं है। यह इस पर निर्भर करता है कि आप अपने सिनेमा के नएपन में कैसे योगदान करते हैं।

**● आपके लिए अपने चयनित प्रत्येक विषय के साथ मौलिक होना कितना महत्वपूर्ण है?**

एक निर्देशक के लिए कहानी के साथ मौलिक होना बहुत जरूरी है और इसे स्वीकार करने और इसे पसंद करने के लिए मैं दर्शकों का बहुत आभारी हूं। जब उन्हें कुछ पसंद नहीं आया है, तो यह एक असामान्य अनुभव रहा है। इन्होंने मुझे ताकत दी है-चाहे वो तनु वेड्स मनु रिटर्न्स और जीरो जैसी फिल्में हों - उन्होंने मुझे अतरंगी रे जैसा कुछ नया लाने में मदद की है। शायद मैं एक अच्छा छात्र हूं जो हर फिल्म के साथ सीख रहा है। मैं हर बार बेहतर कहानियों के साथ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहता हूं।

**● क्या आपको संदेह था कि कहानी दर्शकों से जुड़ेगी या नहीं?**

मुझे हमेशा से पता था कि मैं नाजुक बर्फ पर चल रहा हूं। लेकिन मैं यह कहानी सुनाना चाहता था। मैं कुछ ऐसा लाना चाहता था जो अतरंगी रे की तरह केंद्रित हो। हो सकता है कि अवचेतन रूप से हमारे आस-पास ऐसी कोई कहानी न हो रही हो। कोई भी इस तरह की स्क्रिप्ट पर काम नहीं कर रहा था। मैं इस फिल्म में एक परिप्रेक्ष्य के साथ एक बाप-बेटी की कहानी बताना चाहता था। मुझे खुशी है कि लोगों ने इसे स्वीकार किया।

**● एआर रहमान फिल्म के लिए राजी कैसे हुए?**

इसका एकमात्र श्रेय मैं यह लेता हूं कि मुझे पूरा यकीन था कि फिल्म में एआर रहमान का संगीत होना चाहिए। जिस क्षण हमने (हिमांशु शर्मा और मैंने) कहानी को अंतिम रूप दिया, सबसे पहला नाम जो आया, वह था रहमान सर। यह एक संवेदनशील कहानी है। वह हमारे लिए शक्ति स्तंभ थे। वह भावनाओं के साथ बहुत अच्छे हैं। हमें यकीन था कि हमें इस फिल्म के लिए उनकी जरूरत है। मेरे मन में कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह टीम का हिस्सा नहीं बनते तो हम प्रोजेक्ट नहीं करते।


**● अपने बैकग्राऊंड के रूप में एक छोटे शहर को चुनने का क्या कारण था?**

रिंकू और विशु जैसे पात्रों को चरित्र चित्रण के साथ तलाशना हमेशा दिलचस्प होता है। इसका स्थान के बजाय स्वाद से अधिक लेना-देना है। यह उस चरित्र के साथ संबंध है जिसे वे जीवन में लाते हैं। यह उस जगह के संबंधित नहीं है जहां चरित्र के संबंधित है जिसे वे जीवंत बनाते हैं। एक छोटा शहर किरदारों में संस्कृति जोड़ता है। यह बहुत अच्छा काम करता है। हर फिल्म मुझे बहुत कुछ सिखाती है।

**● क्या आप हमें अपनी भावी फिल्मों गुड लक जैरी, रक्षा बंधन के बारे में कुछ बता सकते हैं?**

अब जब यह फिल्म पूरी हो गई है तो मैं कुछ दिनों का अवकाश लूंगा। दरअसल, मैं इस समय अपने अवकाश पर हूं। जैसे ही मैं वापस आऊंगा, तो शूटिंग पूरी होने के बाद से मैं आधिकारिक तौर पर रक्षा बंधन के लिए पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम करना शुरू कर दूंगा। गुड लक जैरी के लिए भी ऐसा ही है। शूटिंग पूरी हो चुकी है। अंतिम संपादकीय परिवर्तन किए जा रहे हैं। एक्शन हीरो अगले कुछ दिनों में फ्लोर पर जाएगी। मैं अलग-अलग कहानियों पर काम कर रहा हूं। मैं वास्तव में 2022 का इंतजार कर रहा हूं। मेरे प्रोडक्शन हाउस कलर येलो प्रोडक्शंस के पास देने के लिए बहुत कुछ है।

# हमें सफलता को पुनः परिभाषित करने की जरूरत



समीर सोनी, जिन्होंने हिंदी धारावाहिक समंदर से अपनी शुरुआत की थी, सुप्रिया रमेश के साथ अपनी पुस्तक माई एक्सपेरिमेंट्स विद साइलेंस : द डायरी ऑफ एन इंट्रोवर्ट के बारे में चर्चा कर रहे हैं

**● क्या आप हमें अपनी पुस्तक के बारे में विस्तार से बता सकते हैं?**

इसमें गद्य और पद्य हैं। आत्मान्वेषण के बारे में एक हिस्सा है, यानी, यह पता लगाना कि समाज में और आपके दिमाग में आपका क्या स्थान है। क्योंकि हम एक बहिर्मुखी दुनिया में रहते हैं और यदि आप पाते हैं कि आप खुद का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं या उनसे संबंधित नहीं हैं, तो आप एक बाहरी व्यक्ति की तरह महसूस करते हैं, चाहे आप कहीं भी जाएं। उम्मीद है, कोई भी और हर कोई, जो जुड़ाव नहीं होने के मुद्दों से जूझा है, वह इससे खुद को जोड़ेगा क्योंकि मेरी किताब दुनिया के सभी मिसफिट्स को समर्पित है।

**● यह पुस्तक एक पाठक की कैसे मदद कर सकती है?**

मैंने अपनी यात्रा साझा की है कि मैंने इससे कैसे निपटा। उम्मीद है, कुछ लोग अपनी यात्रा में रहते हुए इससे संबंधित हो सकते हैं और प्रेरित हो सकते हैं। एक और मसला, जो मैं उठाता हूं, वो यह है कि, वास्तव में सफलता क्या है क्योंकि हमारी पीढ़ी - यह जाने बिना कि इसका वास्तव में क्या अर्थ है - सफल होने से त्रस्त है। 21वीं सदी में हमें सफलता को फिर से परिभाषित करने की जरूरत है कि सफल होने का क्या मतलब है।

**● आपको क्या लगता है कि अंतर्मुखी लोगों को निरंतर सत्यापन की आवश्यकता क्यों है?**

मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अंतर्मुखी लोगों को निरंतर सत्यापन की आवश्यकता होती है। यह मैं हूं जिसे निरंतर सत्यापन की आवश्यकता है। यह स्थिर नहीं है बल्कि सत्यापन द्वारा संचालित है। अंतर्मुखी लोगों में ढलने से संबंधित अपनी लड़ाइयां होती हैं। एक बहिर्मुखी दुनिया की तरह, अधिकांश अंतर्मुखी फिट नहीं होते हैं। उदाहरण के लिए, मुझे याद है कि मैं एक आईपीएल मैच देखने जा रहा था। और जैसे 30-40 हजार लोग सचिन -सचिन चिल्ला रहे थे और उसके पीछे पागल हो रहे थे। मुझे यह पसंद आया लेकिन थोड़ी देर बाद मैं घर जाकर टीवी पर वही मैच देखना चाहता था, बिना 30 हजार लोगों के मेरे कानों में चिल्लाए हुए। अंतर्मुखी लोगों को यह भारी लगता है और यदि आप बेहतर नहीं जानते हैं तो आप सोचेंगे कि आपके साथ कुछ गड़बड़ है। मैं विशेषज्ञों की तरह एक वैध निर्णय नहीं लेना चाहता कि वे अपना जीवन कैसे जीते हैं। जो हो रहा है वो यह है कि स्वाभाविक रूप से दुनिया बहिर्मुखी मूल्य प्रणालियों पर हावी और संचालित होती है। बहुत से अंतर्मुखी अपने आप को कम आंकते हैं और उन्हें कुछ करने की आवश्यकता महसूस हो सकती है या उनमें कुछ कमी रह सकती है।

**● आपके अनुसार मानसिक कल्याण क्या है?**

मुझे लगता है कि आपको यह पता लगाने की जरूरत है कि कंडीशनिंग क्या है, आपके लिए क्या सच है और आप अपने साथ कौन सी झूठी मूल्य प्रणालियां लेकर चल सकते हैं। आपके पास एक विश्वास प्रणाली हो सकती है जिसमें कोई बुनियादी वास्तविकता नहीं होगी। यह वही है जो आपको बताया जाता है, यह वही है जो आपको खिलाया जाता है और यह वही है जो समाज ने आपको बताया है। इसलिए, मानसिक कल्याण आत्म निष्कर्षण का एक तरीका है। यह माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने जैसा है क्योंकि दूसरे कहते हैं कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना बहुत अच्छी बात है।

**● वो एक बात क्या है जो आप पाठकों को बताना चाहेंगे?**

अगर आप खुश हैं तो भगवान आपका भला करे। आप हमेशा खुश रहें। लेकिन अगर आप खुश नहीं हैं या आप किसी मसले से जूझ रहे हैं, तो उसकी तह तक जाएं और खुद को खोजें। हो सकता है, आप हीरा हों और इस बात से शर्मिंदा हों कि आप बहुत ज्यादा चमकते हैं।

# भव्य संगीत यात्रा

**मौजूदा महामारी ने एक बार फिर टेढ़ी बॉल फेंकी है। संगीत माध्यम का सबसे शुद्ध रूप है जो सभी के साथ प्रतिध्वनित होता है। शालिनी सक्सेना का कहना है कि जी टीवी का रियलिटी शो स्वर्ण स्वर भारत इस दिशा में एक कदम है**

कोविड-19 ने एक बार फिर एक टेढ़ी बॉल फेंकी है जिससे हम अपने परिवार व दोस्तों के अच्छे स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। हम ऐसे तरीके तलाश रहे हैं जो हमें ईश्वर से जुड़ने में मदद कर सकें। कहा जाता है कि संगीत उन सबसे शुद्ध माध्यमों में से है जो हमारी आत्मा को ईश्वर से जोड़ता है। हमारे शास्त्र बताते हैं कि कैसे साधुओं - संतों ने दिव्यता के साथ संबंध खोजने के लिए भक्ति गीतों का सहारा लिया।

इसे मूल अवधारणा के रूप में ध्यान में रखते हुए, जी टीवी अपनी तरह का पहला भक्ति गायन रियलिटी शो - स्वर्ण स्वर भारत पेश करने के लिए तैयार है। बताया गया है कि यह शो देश के मूल्यों का जश्न मनाएगा और कविता व भावपूर्ण भक्ति संगीत में सुनाई गई अंतर्दृष्टिपूर्ण और संबंधित कहानियों के अनूठे मिश्रण के जरिए हमें अपनी जड़ों की ओर वापस ले जाएगा।

जी टीवी की बिजनेस हेड अपर्णा भोंसले बताती हैं कि संगीत मनुष्य के लिए परम शक्तियों के साथ संवाद करने का सबसे जैविक और शक्तिशाली माध्यम है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। सुश्री भोंसले कहती हैं, ''यह भक्ति संगीत के माध्यम से है, चाहे वह बांसुरी के रूप में हो, शंख नाद के रूप में हो या जप के रूप में हो, जिससे हममें से अधिकांश लोग देवत्व से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। अपने दर्शकों को भक्ति संगीत और पद्य में सुनाई गई भारतीय संस्कृति की कहानियों के जरिए, उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ते हुए, उन्हें सांत्वना के कुछ क्षण प्रदान करते हुए, हमें स्वर्ण स्वर भारत प्रस्तुत करके खुशी हो रही है। यह अपनी तरह का पहला भक्ति गायन रियलिटी शो है जो भारतीय संस्कृति का एक भव्य उत्सव है।''

और भी दिलचस्प बात यह है कि जादुई यथार्थवाद के माध्यम से काल्पनिक कथाओं को चित्रित करने के जरिए, यह शो हमें अपने कुछ अमर देवी-देवताओं जैसे भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी, नारद मुनि, गणपति और हनुमान की वैदिक ग्रंथों और शास्त्रों में दर्ज ऐसी कहानियों से परिचित कराएगा, जो आज भी प्रासंगिक हैं।



फैथॉम पिक्चर्स और कैलासा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित, यह रियलिटी शो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पहल आजादी का अमृत महोत्सव में भी विनम्र योगदान है जो हमारी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाता है।

शो में जाने-माने कवि डॉ कुमार विश्वास, पद्मश्री कैलाश खेर और पद्मश्री सुरेश वाडकर जज होंगे। इनमें से प्रत्येक ने वर्षों से गाए गए अनगिनत भक्ति गीतों के जरिए देवत्व के साथ एक मजबूत जुड़ाव महसूस किया है। इस शो में देश के विभिन्न हिस्सों के गायकों के प्रतिभाशाली समूह को प्रस्तुत किया जाएगा। अभिनेता रवि किशन, जिन्हें हाल ही में एमएक्स प्लेयर के मत्स्य कांड में एक पुलिस वाले की भूमिका निभाते हुए देखा गया था, को होस्ट के रूप में चुना गया है।

खेर बताते हैं कि जज के रूप में वे कैसे और क्यों बोर्ड में आए, तो इसके कई कारण हैं। सबसे पहले, यह शो अनोखा है। बकौल खेर, ''इस तरह का कोई दूसरा शो नहीं है। अवधारणा नई है। मैं रोमांचित हूं कि मुझे न केवल जज के रूप में चुना गया बल्कि सह-निर्माता भी (कैलासा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड) हूं।''

वह बताते हैं कि शो का कॉन्सेप्ट ऐसा है जिसे अंजाम देना आसान नहीं था। ''शो का विचार शानदार था। लेकिन चीजों को हकीकत में उतारना मुश्किल था। टीम को यह प्रेरित करना जरूरी था कि वे जो कर रहे हैं वह शानदार है। इसलिए, हमने सह-निर्माता के रूप में कदम रखा। ''

दूसरा, टेलीविजन, संगीत और फिल्म उद्योग के इतिहास में यह पहली बार है कि मनोरंजन और ज्ञान एक साथ आए हैं। खेर कहते हैं, ''हमने अतीत में ऐसा करने से परहेज किया है। लेकिन अभी नहीं। मकसद, लोगों को यह बताना है कि यदि आपका तन, मन और आत्मा स्वस्थ नहीं हैं, चाहे आप पेशेवर रूप से कितने ही उन्नत हो गए हों, तो चीजों के पीछे आंख बंद करके दौड़ने का कोई मतलब नहीं है। लोग इस शो के माध्यम से मनोरंजन करने के अलावा अपने जीवन को समृद्ध बनाने में भी सक्षम होंगे। पिछले दो वर्षों ने साबित कर दिया है कि हम कोविड-19 के सामने कितने असहाय हैं। अब समय आ गया है कि हम प्रकृति के अनुरूप अपना जीवन व्यतीत करें।''

शो को सुर, सार और भाव के आधार पर जज किया जाएगा। खेर कहते हैं कि सुर को सुरेश वाडकर जी, सार को कुमार विश्वास जी (कितने महत्वपूर्ण शब्द, गीतात्मक मूल्य) द्वारा जज किया जाएगा और मैं भाव (कितनी भक्ति के साथ इसे गाया गया है) का न्याय करूंगा। इस बार हम खुद को जज नहीं कह रहे हैं। हम गुरुवर हैं। ''

डॉ कुमार विश्वास के लिए, बोर्ड में आने का कारण सरल है। हालांकि उन्हें कई प्रस्ताव मिलते थे, लेकिन वे एक ऐसे शो की तलाश में थे, जहां उन्होंने जो सीखा था, उसका उपयोग व्यापक भलाई के लिए किया जा सके। विश्वास कहते हैं, ''मैं एक ऐसे शो का हिस्सा बनना चाहता था जहां मैं उन लोगों की कहानियां साझा कर सकूं, जिन्हें भारतीय कहलाने पर गर्व था, कि ये बच्चे क्या गा रहे थे, इसका किस्सा साझा कर सकूं। जब जी टीवी ने मुझसे संपर्क किया, तो मैंने इसे ठुकराने का कोई कारण नहीं देखा। मैं इस शो के निर्माताओं का आभारी हूं जिन्होंने इस अवधारणा को इतनी खूबसूरती से समझाया।

विश्वास कहते हैं कि वो यह जानकर बहुत खुश हुए कि ऐसे लोग हैं जो इस तरह की एक दिलचस्प अवधारणा के साथ आगे आ सकते हैं। उनका कहना है, ''यह बहुत अच्छा है कि ऐसे लोग हैं जो समाज में आत्मा, विचार और हृदय की मानवता बनाना चाहते हैं। बड़े राष्ट्र ईंट-पत्थर से नहीं बनते, विचार ही मायने रखते हैं। हमारी संस्कृति हजारों साल पुरानी है। अगर दरारें दिखाई दीं हैं तो इसलिए कि हम गुलाम थे और ऐसे लोग हैं जो इस कमी की भरपाई के लिए शो बना रहे हैं, यह एक सुंदर भावना है।''

**- स्वर्ण स्वर भारत का प्रीमियर 22 जनवरी, 2022 को हुआ। यह हर शनि-रविवार को रात 8 बजे प्रसारित होगा।**

# एलाइज कोर्नेट पहुंची क्वार्टर फाइनल में

## सर्वाधिक बार ग्रैंडस्लैम में खेलने के बाद अंतिम आठ में पहुंचने का रिकार्ड बनाया

**आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस**

**एपी**। मेलबर्न

**एलाइज** कोर्नेट के लिए किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना दूर की कौड़ी बना हुआ था लेकिन सोमवार को उन्होंने आखिर अपने 63वें प्रयास में आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोर्नेट ने अपना 32वां जन्मदिन मनाने के दो दिन बाद दो बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सिमोना हालेप को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। वह आस्ट्रेलियाई ओपन में 17वीं बार भाग ले रही हैं।



जीत के बाद एलाइज कोर्नेट

सर्वाधिक बार ग्रैंडस्लैम में खेलने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का रिकार्ड अब कोर्नेट के नाम पर दर्ज हो गया है। इससे पहले यह रिकार्ड तमारिन तनासुगर्ण के नाम पर था जो 2008 में 45वें प्रयास के बाद ग्रैंडस्लैम (विंबलडन) के अंतिम आठ में पहुंची थी। कोर्नेट का अगला मुकाबला अमेरिका की 27वीं वरीयता प्राप्त डेनिली कोलिन्स से होगा जिन्होंने 19वीं वरीय एलिस मर्टन्स को लगभग तीन घंटे तक चले मैच में 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। कोलिन्स 2019 में यहां सेमीफाइनल में पहुंची थी। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में 2020 की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोरेना क्रिस्टीया को 5-7, 6-3, 6-3 से हराया। पुरुष वर्ग में यूएस ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव



दानिल मेदवेदेव

ने 70वीं रैंकिंग के मैक्सिम क्रेसी को 6-2, 7-6 (4), 6-7 (4), 7-5 से पराजित किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव लगातार दूसरा ग्रैंडस्लैम जीतने की कोशिश में है। मेदवेदेव का सामना अब नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा जिसने 2014 अमेरिकी ओपन चैम्पियन मारिन सिलिच को 2-6, 7-6 (7), 6-2, 7-6 (4) से मात दी। मेदवेदेव ने कनाडा के इस खिलाड़ी को पिछले साल यूएस ओपन के सेमीफाइनल में हराया था। कनाडा के एक अन्य खिलाड़ी डेनिस शापावालोव पहले ही अंतिम आठ में जगह बना चुके हैं जहां उनका सामना 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल से होगा। इस बीच 11वीं वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने 32वीं वरीयता प्राप्त अलेक्स डि मिनौर को 7-6 (3), 6-3, 6-4 से हराकर पुरुष एकल में आस्ट्रेलिया की आखिरी उम्मीद भी समाप्त कर दी।

# स्पॉट फिक्सिंग के लिए मुझे ब्लैकमेल किया गया: टेलर

**● जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ने भारतीय व्यवसायी से कोकीन लेने की बात स्वीकारी**

**भाषा**। नई दिल्ली

**जिम्बाब्वे** के पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर ने एक भारतीय व्यवसाई के साथ बैठक के दौरान मूर्खतापूर्वक कोकीन लेने के बाद मैच फिक्सिंग के लिए ब्लैकमेल किए जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि इस मामले की जानकारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को समय पर नहीं देने के कारण उन पर कई साल का प्रतिबंध लग सकता है।

टेलर ने इस गलती को स्वीकार करते हुए सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में दावा किया कि भारतीय व्यवसाई ने उन्हें भारत में प्रायोजक दिलाने और जिम्बाब्वे में एक टी-20 टूर्नामेंट की संभावित योजना पर चर्चा



करने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस व्यवसाई के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि उन्हें अक्टूबर, 2019 में 15,000 डॉलर की पेशकश की गई थी। टेलर ने कहा कि हमने साथ में शराब पी और शाम के समय उन्होंने मुझे कोकीन की पेशकश की। वे खुद भी कोकीन ले रहे थे। मैंने मूर्खता से इसका सेवन कर लिया। इस घटना के बाद मुझे अब तक लाखों बार पछतावा हो चुका है। मुझे उस बात को छुपा कर रखने का पछतावा है कि उस रात उन्होंने कैसे मेरा इस्तेमाल किया। उन्होंने आगे कहा कि अगली सुबह वे लोग फिर से मेरे होटल कमरे में आए और कोकीन लेते हुए मेरा वीडियो मुझे दिखाया। उन्होंने मुझ से कहा कि मैं उनके लिए अंतरराष्ट्रीय मैचों में फिक्सिंग करूं नहीं तो मेरे वीडियो को सार्वजनिक कर देंगे। टेलर ने कहा कि मुझे अपनी सुरक्षा की चिंता थी। मेरे होटल के कमरे में छह लोग थे। मैं उनकी चंगुल में फंस गया था। मैं अपनी मर्जी से ऐसी स्थिति में फंस गया जिसने मेरे जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल संन्यास लेने से पहले 205 एकदिवसीय, 34 टेस्ट और 45 टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेले है। वह हालांकि इसके परिणाम को झेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें पता है कि आईसीसी उस समय इस घटना की जानकारी नहीं देने पर उन पर प्रतिबंध लगा सकती है। आईसीसी ने हालांकि इस मामले में अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

## कोहली ने मीडिया से बेटी की तस्वीरें नहीं छापने का अनुरोध किया

**भाषा**। केपटाउन

**भारत** के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को मीडिया से अनुरोध किया कि उनकी बेटी वमिका की तस्वीरें नहीं छापे। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान प्रसारणकर्ताओं द्वारा दिखाई गई उनकी बेटी की तस्वीरें उनके लिए भी हैरानी का सबब थी।

कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने बार बार मीडिया से उनकी बेटी की तस्वीरें नहीं छापने की अपील की है। रविवार को तीसरे वनडे के दौरान कोहली के अर्धशतक के बाद कैमरा अनुष्का पर चला गया जिनकी गोद में उनकी बेटी वमिका थी। मिनटों के भीतर ही वीडियो वायरल हो गया और ट्विटर पर हैशटैग वमिका ट्रेंड करने लगा। वमिका के चेहरे के स्क्रीन शॉट भी सोशल मीडिया पर साझा किए गए।

## महिला एशिया कप फुटबाल में भारत के सभी मैच रद्द

**भाषा**। मुंबई

**एशियाई** फुटबॉल परिसंघ ने सोमवार को महिला एशियाई कप से भारत के बाहर होने की औपचारिक घोषणा करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण के मामले आने के कारण चीनी ताइपै के खिलाफ मैच से भारतीय टीम के नाम वापिस लेने के बाद उसके सारे मैच रद्द माने जाएंगे।

भारतीय टीम चीनी ताइपै के खिलाफ पूरी टीम उतारने की स्थिति में नहीं थी क्योंकि उसके 12 खिलाड़ी कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने इसके एक दिन बाद जारी बयान में पुष्टि की कि दिशा निर्देशों के अनुसार माना जाएगा कि भारत ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। एएफसी ने कहा कि चीनी ताइपै और भारत के बीच महिला एशियाई कप 2022 का ग्रुप ए का मैच रद्द होने के बाद कोरोना महामारी के बीच एएफसी प्रतियोगिताओं पर लागू विशेष नियमों की धारा 4.1 के अनुसार माना जाएगा कि भारत ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। इसमें कहा गया कि भारत के सभी मैच अब रद्द माने जाएंगे। इसमें यह भी कहा गया कि भारत का ईरान के खिलाफ हुआ एकमात्र मैच अब ग्रुप की अंतिम तालिका तैयार करते समय गिना नहीं जाएगा।

भारत ग्रुप ए में चीन, चीनी ताइपै और ईरान के साथ था। अब इस ग्रुप में तीन ही टीमें मानी जाएंगी। बयान में कहा गया कि तीसरे स्थान की सभी टीमों के बीच अंतिम तुलना में किसी पक्षपात की संभावना से बचने के लिए ग्रुप बी और सी की पहले , दूसरे और तीसरे स्थान की टीमों का चौथे स्थान की टीम के खिलाफ मैच नहीं गिना जाएगा।

## तीसरे वनडे में धीमी ओवरगति के लिए भारत पर जुर्माना

**केपटाउन**। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में धीमी ओवरगति के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ियों पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकेश राहुल की टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम गेंदबाजी की थी। इसे ध्यान में रखते हुए मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने यह जुर्माना तय किया। आईसीसी से जारी बयान के मुताबिक खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवरगति के जुर्माने से संबंधित) के अनुसार प्रत्येक ओवर की देरी के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। राहुल ने इस आरोप को स्वीकार कर लिया कि इसलिए सुनवाई की आवश्यकता नहीं हुई।

# वनडे में हार्दिक और जडेजा की कमी खली: द्रविड़

**● दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से सीरीज हारने के बाद कोच ने कहा**

**भाषा**। केपटाउन

**भारत** के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया कि एक दिवसीय क्रिकेट टीम में संतुलन का अभाव है और छठे सातवें नंबर पर हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा जैसे हरफनमौला खिलाड़ियों की कमी खली। दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भारत को 3-0 से हराया। इसके बाद द्रविड़ पर सवालों की बौछार होना लाजमी थी मसलन गेंदबाजी और बल्लेबाजी में बीच के ओवरों में खराब प्रदर्शन, केएल राहुल की कप्तानी और वेंकटेश अय्यर को शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतारना वगैरह। द्रविड़ ने कहा कि टीम की लय संतुलन पर निर्भर करती है। अगर ईमानदारी से देखें तो जो



खिलाड़ी टीम को संतुलन देते हैं और छठे, सातवें, आठवें नंबर पर हरफनमौला के रूप में विकल्प प्रदान करते हैं, वे चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। द्रविड़ का इशारा हार्दिक पंड्या और जडेजा की ओर था जो फिटनेस कारणों से बाहर हैं।

उन्होंने कहा कि जब वे वापसी करेंगे तो टीम को गहराई मिलेगी। इससे हमें अलग तरीके से खेलने की सहूलियत भी मिलेगी। केएल राहुल की कप्तानी के बारे में पूछने पर कोच ने कहा कि लोगों को समझना होगा कि वह उपलब्ध टीम से जो सर्वश्रेष्ठ कर सकता था, उसने किया।

## श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे

**केपटाउन**। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर शर्मनाक प्रदर्शन पर मंथन करते हुए भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि खिलाड़ियों को स्थिरता और सुरक्षा मिलेगी लेकिन उनसे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

द्रविड़ उनमें से नहीं है जो खिलाड़ियों का नाम लेकर कुछ कहें लेकिन मध्यक्रम के कुछ बल्लेबाजों को कई मौके दिए जाने के बाद प्रदर्शन की उम्मीद से उनका आशय श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की ओर था। उन्होंने कहा कि हमने उन्हें लगातार मौके दिए हैं और हम चाहते हैं कि वह अपनी जगह को लेकर सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने कहा कि लेकिन सुरक्षा और मौके देने के साथ आप प्रदर्शन की भी उम्मीद करते हैं। इस स्तर पर खेलने वालों से यही अपेक्षा रहती है कि जरूरत के समय वे अच्छा प्रदर्शन करें।

हम हरसंभव स्थिरता रखना चाहते हैं। श्रेयस तीन मैचों में 17,11 और 26 रन ही बना सके। द्रविड़ ने कहा कि आप चौथे, पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं तो आपको पता होना चाहिए कि टीम की जरूरत क्या है।

श्रेयस तीनों मैचों में जल्दी आउट हो गया। हमें पता है कि सभी अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं और हम हरसंभव उनका साथ देंगे। लेकिन टीम में हर जगह के लिए प्रतिस्पर्धा बहुत है और इन हालात में यह आसान नहीं होता।

# स्मृति मंधाना को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार

**आईसीसी**

**भाषा**। दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 2021 में सभी प्रारूपों में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार जीत लिया है।

मंधाना के अलावा इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट, दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली और आयरलैंड की गैबी लुईस भी रशेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के लिए नामित थी। मंधाना को आईसीसी वर्ष की टी-20 टीम में भी जगह मिली है। मंधाना ने 2018 में भी यह पुरस्कार जीता था और वह वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर भी चुनी गई थी। वह झूलन गोस्वामी के बाद यह पुरस्कार पाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर है। झूलन को 2007 में यह पुरस्कार मिला था।

पिछला साल कठिन रहने के बावजूद मंधाना ने मैदान पर अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला में भारत आठ मैचों में से दो ही जीत सका और दोनों में मंधाना ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। दूसरे वनडे में उन्होंने नाबाद 80 रन बनाए और आखिरी टी-20 में 48 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ रहे एकमात्र टेस्ट में पहली पारी में 78 रन बनाए।

वहीं वनडे श्रृंखला में भारत को मिली एकमात्र जीत में 49 रन जोड़े। टी-20 श्रृंखला में उन्होंने 15 गेंद में 29 रन और एक अर्धशतक भी बनाया लेकिन भारत श्रृंखला 2-1 से हार गया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दूसरे मैच में उन्होंने 86 रन बनाए।

अपने कैरियर के एकमात्र टेस्ट में उन्होंने शतक जड़ा और प्लेयर आफ द मैच रही। उन्होंने आखिरी टी-20 में अपने कैरियर का दूसरा टी-20 अर्धशतक बनाया। मंधाना ने भारत के पहले दिन रात के टेस्ट में शतक जड़कर उसे यादगार बना दिया।



## जो रूट टेस्ट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने



**दुबई**। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेटर चुना गया जबकि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी बने जिन्होंने भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पछाड़कर यह पुरस्कार हासिल किया। आजम ने 2021 में छह मैचों में 67.50 की औसत से 405 रन बनाए। आजम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में 228 रन बनाए और दोनों मैचों में जीत में प्लेयर आफ द मैच चुने गए।

पहले वनडे में उन्होंने शतक लगाया और आखिरी वनडे में 82 गेंद में 94 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ 0-3 से मिली हार में पाकिस्तान के लिए अकेले वही डटकर बल्लेबाजी करते रहे। उन्होंने तीन मैचों में 177 रन बनाए।

आखिरी वनडे में उन्होंने इमामुल हक के साथ 92 रन की साझेदारी की। उन्होंने पहले 50 रन 72 गेंद में और अगले 50 रन 32 गेंद में पूरे किए जो इस साल उनका दूसरा शतक था। रूट ने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन किया और एक कैलेंडर वर्ष में 1700 से अधिक टेस्ट रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले मोहम्मद युसूफ और सर विवियन रिचडर्स ही यह कमाल कर चुके हैं।

## टी-20: एक रन से चूक गया वेस्टइंडीज

**ब्रिजटाउन**। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज आखिरी ओवर में 28 रन बनाने के बावजूद दूसरे टी-20 मैच में सिर्फ एक रन से चूक गए और इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली।

इंग्लैंड को पहले टी-20 में वेस्टइंडीज ने नौ विकेट से मात दी थी। दूसरे टी-20 में पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 171 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज जैसन रॉय ने 31 गेंद में 45 रन का योगदान दिया।

इसके बाद वेस्टइंडीज ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट 13 ओवर में 78 रन के स्कोर पर गंवा दिए। एक समय उसका स्कोर आठ विकेट पर 111 रन था और उसे तीन ओवर में 60 रन बनाने थे।

वेस्टइंडीज के 10वें नंबर के बल्लेबाज अकील हुसैन ने साकिब महमूद को आखिरी तीन गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़े। वह 16 गेंद में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 44 रन बनाकर नाबाद रहे।

## गुरजीत की हैट्रिक, सिंगापुर को हराकर भारत सेमीफाइनल में

**महिला एशिया कप हॉकी**

**● मोनिका और ज्योति ने दो-दो गोल मारे**

**भाषा**। मस्कट

**गुरजीत** कौर की हैट्रिक के साथ मोनिका और ज्योति के दो-दो गोल के दम पर गत चैंपियन भारत ने महिला एशिया कप हॉकी के पूल ए के मैच में सोमवार को सिंगापुर को 9-1 से हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

भारतीय टीम की पूल ए में तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। टीम ने अपने शुरूआती मुकाबले में मलेशिया को 9-0 गोलों से हराया था जबकि पिछले मैच में जापान ने उसे 2-0 गोल से हराकर उलटफेर किया था। पिछले मैच की नाकामी में पीछे छोड़ते हुए भारत ने सिंगापुर के खिलाफ शानदार खेल दिखाया। गुरजीत (आठवें, 37वें, 48वें मिनट) ने दो पेनल्टी कार्नर को गोल में बदले, जबकि मोनिका (छठें, 17वें मिनट) और ज्योति (43वें, 58वें मिनट) ने दो-दो मैदानी गोल दागे।

वंदना कटारिया (आठवें मिनट) और मारियाना कुजूर (10वें मिनट) ने भी गोल किए। भारत बुधवार को पहले सेमीफाइनल में पूल बी की तालिका में शीर्ष पर रहने वाले कोरिया से भिड़ेगा। पूल ए के एक अन्य मैच में मलेशिया को 8-0 से हराने वाला जापान तालिका में शीर्ष पर रहा। अंतिम चार के एक अन्य मैच में उसका सामना चीन से होगा।

टूर्नामेंट का फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमें ने स्पेन और नीदरलैंड की सह-मेजबानी में इस साल के एफआईएच विश्व कप के लिए स्वत: ही क्वलीफाई कर लिया।

## विराट का सबसे बड़ा योगदान टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देना: वार्न

**भाषा**। नई दिल्ली

**दिग्गज** स्पिनर शेन वार्न ने कहा कि विराट कोहली अपने आप में एक प्रेरणादायक कप्तान रहे हैं लेकिन खेल के पारंपरिक प्रारूप के लिए उनके जुनून के बिना टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता कई देशों में कम हो जाती। कोहली ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की कमजोर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में 1-2 हार के बाद टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। लेकिन लेग-स्पिन के इस पूर्व जादूगर ने कहा कि कोहली का सबसे बड़ा योगदान क्रिकेट के सबसे कठिन प्रारूप को प्राथमिकता देना रहा है।

वार्न ने अपनी डॉक्यूमेंट्री शेन के प्रचार के दौरान कहा कि विराट बहुत अच्छे कप्तान थे और उन्होंने अपने साथियों को प्रेरित किया। मुझे लगता है कि रणनीतिक पहलुओं में वह सुधार कर सकता था लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उसने अपने साथियों को हर समय प्रेरित किया।

## टाइम्स ऑफ इंडिया ने एलएसजेए इलेवन को 32 रन से हराया

**मीडिया प्रीमियर लीग**

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**मैन** ऑफ द मैच राजीव श्रीवास्तव (63) और ऋषि सिंह सेंगर (58) रनों के अर्धशतकों के बाद अनीश ओबेराय (तीन विकेट) की गेंदबाजी से टाइम्स ऑफ इंडिया ने मीडिया प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में एलएसजेए इलेवन को 32 रन से हराया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले गए इस मैच में टाइम्स ऑफ इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 164 रन बनाए। टीम से कप्तान राजीव श्रीवास्तव व ऋषि सिंह सेंगर की सलामी जोड़ी ने प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। राजीव श्रीवास्तव ने 59 गेंदों पर 4 चौके से 63 रन और ऋषि सिंह सेंगर ने 42 गेंदों पर छह चौके से 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करते हुए 125 रन जोड़े। टीम को पहला झटका 16वें ओवर की चौथी गेंद पर लगा जब ऋषि सिंह सेंगर को अभिषेक मिश्रा की गेंद पर दिनेश वर्मा ने कैच लपक कर आउट किया। उस समय टीम का कुल स्कोर 125 रन था। वहीं सत्येंद्र मेहरोत्रा ने नाबाद 15 रन बनाए। एलएसजेए इलेवन से अभिषेक मिश्रा को दो विकेट की सफलता मिली।

जवाब में एलएसजेए इलेवन निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर 132 रन ही बना सका। टीम के सलामी बल्लेबाज सनी बुद्धिराजा 16 रन ही बना सके। छठें नंबर पर उतरे अविनाश शर्मा ने 46 गेंदों पर चार चौकों से सबसे ज्यादा नाबाद 42 रन बनाए। आशुतोष सिंह ने 18 और विशाल टंडन ने 11 रन का योगदान किया। टाइम्स ऑफ इंडिया से अनीश ओबेराय ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए।

## बंगाल वॉरियर्स ने जयपुर पिंक पैंथर्स को बड़े अंतर से हराया

**भाषा**। बेंगलुरु

**गत** चैम्पियन बंगाल वारियर्स और पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में सोमवार को यहां क्रमश जयपुर पिंक पैंथर्स और दबंग दिल्ली के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की कप्तान मनिंदर सिंह के शानदार खेल से गत चैम्पियन बंगाल वारियर्स ने जयपुर को 41-22 के बड़े अंतर से हराया। मनिंदर ने मैच में 13 अंक जुटाए और उन्हें टीम के बाकी खिलाड़ियों का भी अच्छा साथ मिला। जयपुर के लिए अर्जुन देशवाल ने 10 अंक जुटाए लेकिन उन्हें दूसरे साथी खिलाड़ियों का साथ नहीं मिला। दिन के दूसरे मैच में पुणेरी पलटन ने दिल्ली की टीम को 42-25 से करारी शिकस्त दी। पुणे की टीम के लिए मोहित गोयत ने 10 जबकि असलम इनामदार ने आठ अंक का योगदान दिया। सोमवार के खेल के बाद बंगाल की टीम 14 मैचों में सात जीत से 41 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

# राहुल की लचर कप्तानी पर उठे सवाल

**दक्षिण अफ्रीका दौरा**

**भाषा**। नई दिल्ली

**किंकर्तव्यविमूढ़** सा नजर आने वाला कार्यवाहक कप्तान, अपने कैरियर की ढलान पर पहुंचे कुछ सीनियर खिलाड़ी और सीमित ओवरों के क्रिकेट में रूढिवादी रवैए। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारत के प्रदर्शन की कुल जमा तस्वीर यही रही और अब आत्ममंथन के लिए कई सवाल टीम प्रबंधन के सामने होंगे।

इस दौरे पर रवाना होने से पहले ही संकेत मिल गए थे कि सब कुछ ठीक ठाक नहीं रहने वाला है जब तत्कालीन टेस्ट कप्तान विराट कोहली की बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों से ठन गई थी। पूरा प्रकरण टीम की रवानगी से पहले सही नहीं था लेकिन पहले टेस्ट में मिली जीत के बाद यह हाशिए पर चला गया। टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका टीम के सामने कार्यवाहक वनडे कप्तान



केएल राहुल के करने के लिए बहुत कुछ बचा नहीं था। कोहली भले ही स्वीकार नहीं करें लेकिन सच यही है कि बतौर क्रिकेटर वह अपने कैरियर के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। तीन में से दो प्रारूपों में कप्तानी उन्होंने छोड़ी और एक से उन्हें हटा दिया गया। लेकिन वह कोहली हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में यूं ही शुमार नहीं होते।

अपने इर्द गिर्द तमाम सुर्खियों के बावजूद उन्होंने तीसरे टेस्ट में 79 रन बनाए। वनडे में भी उन्होंने दो अर्धशतक जड़े लेकिन वह अपनी चिर परिचित लय में नहीं थे। केपटाउन टेस्ट में डीआरएस का एक फैसला अनुकूल नहीं आने पर प्रसारकों पर भड़ास निकालने से उनकी ख्याति को ठेस पहुंची और भारत की मैच में वापसी की संभावना को भी। टेस्ट श्रृंखला हारने के बाद कोहली ने कप्तानी छोड़ दी लेकिन उनके वारिस के रूप में देखे जा रहे राहुल प्रभावित नहीं कर सके। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि क्या केएल राहुल किसी भी नजरिए से कप्तान लग रहा था। उनसे पूछा गया था कि रोहित की फिटनेस समस्याओं के कारण क्या राहुल को टेस्ट कप्तान बनाया जा सकता है।

समझा जाता है कि कोच राहुल द्रविड़ राहुल को दीर्घकालिन विकल्प के रूप में देखते है और यही वजह है कि उन्होंने उसकी कप्तानी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि उसने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। कप्तानी का मतलब अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराना भी है। वनडे टीम में संतुलन की कमी दिखी।

## भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप का प्रदर्शन सबसे यादगार: शाहीन

**भाषा**। कराची

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर (2021) बनने वाले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने कहा कि उनका सबसे यादगार प्रदर्शन पिछले साल टी-20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच में रहा है जिसमें उन्होंने तीन विकेट झटके थे। अफरीदी ने इस मैच में रोहित शर्मा और लोकेश राहुल को पवेलियन भेजने के बाद विराट कोहली का भी विकेट लिया था। उनकी टीम ने इस मैच को 10 विकेट से जीता था। शाहीन ने कहा कि मैंने टेस्ट में कई बार पांच विकेट लेने के साथ अच्छा प्रदर्शन किया है। मेरे लिए हालांकि सबसे यादगार मैच वह है जिसमें हमने भारत के खिलाफ जीत दर्ज की थी। अफरीदी ने कहा कि मेरे लिए पिछला साल शानदार रहा और उम्मीद है कि आप 2022 में भी मुझ से बेहतर प्रदर्शन देखेंगे।

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 97
लखनऊ, मंगलवार, 25 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मंधाना को आईसीसी सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार
स्पोर्ट्स-12


# सपा ने 159 उम्मीदवारों की जारी की सूची

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को 159 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। इस सूची में सपा का एम और वाई फैक्टर काफी मजबूत नजर आ रहा है। लिस्ट के हिसाब से सपा ने 30 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है। साथ ही 12 यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। सपा ने 9 महिला उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है। उम्मीदवारों की सूची में सपा मुखिया अखिलेश यादव का नाम सबसे ऊपर है। अखिलेश यादव करहल सीट से चुनाव लड़ेंगे, इसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। सपा की नई लिस्ट में भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे का नाम नहीं हैं। रामपुर सीट से सपा सांसद आजम खां को उम्मीदवार बनाया है जो कि मौजूदा समय में जेल में है। इसके साथ ही स्वार विधानसभा सीट से आजम के बेटे अब्दुल्ला को प्रत्याशी बनाया गया है।

शामली जिले की कैराना विधानसभा सीट से नाहिद हसन को सपा ने उम्मीदवार बनाया है जो कि मौजूदा समय में जेल में है। इसके अलावा जसवंत नगर से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, ऊंचाहार से मनोज पांडेय,नकुड़ से धर्मपाल सैनी पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अलावा घोषित प्रत्याशियों में समाजवादी पार्टी ने सहारनपुर जनपद की बेहटा विधानसभा

## ● एमवाई समीकरण को किया मजबूत, 30 मुसलमान और 12 यादवों को बनाया प्रत्याशी

सीट सीट से उमर अली खान, सहारनपुर नगर से संजय गर्ग, सहारनपुर देहात से आशु मलिक, देवबंद से कार्तिकेय राणा, गंगोह से इंद्रसेन को प्रत्याशी बनाया गया है। मुजफ्फरनगर जनपद की चरथावल विधानसभा सीट से पंकज कुमार मलिक, बिजनौर जनपद की नजीबाबाद से तस्लीम अहमद, नगीना से मनोज कुमार पारस, बढ़ापुर से कपिल कुमार, धामपुर से नईम उल हसन, चांदपुर से स्वामी ओमवेश, नूरपुर से राम अवतार सिंह को प्रत्याशी बनाया है। मुरादाबाद की कांठ विधानसभा सीट से कमाल अख्तर, ठाकुरद्वार से नवाब जान, मुरादाबाद से मोहम्मद नासिर, मुरादाबाद नगर से मोहम्मद यूसुफअंसारी, कुंदरकी से जियाउर रहमान, बिलारी से मोहम्मद फहीम इरफान को सपा ने फिर से प्रत्याशी घोषित किया है। इसे प्रकाश संभल जनपद की चंदौसी विधानसभा सीट से कुमारी कमलेश, असमोली से पिंकी सिंह, संभल से इकबाल मसूद, गन्नौर से रामखिलाड़ी सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा रामपुर जनपद की चमरव्वा सीट से नसीर अहमद खान, बिलासपुर से अमरजीत सिंह, मिलक से विजय सिंह को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। अमरोहा





जनपद की धनऔर सीट से विवेक सिंहए नौगांवा सादात से समर पाल सिंह, अमरोहा से महबूब अली, हसनपुर से मुखिया गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा मेरठ जनपद की सरधना से अतुल, हस्तिनापुर से योगेश वर्मा, किठौर से शाहिद मंजूर, मेरठ से रफीक अंसारी, मेरठ दक्षिण से मोहम्मद आदिल को प्रत्याशी बनाया गया है। गाजियाबाद जनपद की साहिबाबाद से अमरपाल, खास गाजियाबाद से विशाल वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। हापुड़ जनपद की धौलाना से असलम अली, गढ़मुक्तेश्वर से रविंद्र चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। गौतमबुध नगर जनपद की नोएडा विधानसभा सीट से सुनील चौधरी, दादरी से राजकुमार को प्रत्याशी घोषित किया गया है। बुलंदशहर जनपद की सिकंदरा से राहुल यादव, डिबाई से हरीश कुमार, खुर्जा से बंसी सिंह को प्रत्याशी बनाया है। अलीगढ़ जनपद की अतरौली से वीरेश यादव छपरा से लक्ष्मी धनगर स्कूल से शायद इस हाल अलीगढ़ से जफर आलम को समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। हाथरस जनपद की हाथरस सीट से बृजमोहन को प्रत्याशी घोषित किया गया है जबकि मथुरा की मार्ट सीट से संजय लाठर व मथुरा खास से देवेंद्र अग्रवाल को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। आगरा जनपद की एत्मादपुर से डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, आगरा कैंट से कुंवर चंद, आगरा दक्षिण से विनय अग्रवाल, आगरा उत्तरी से ज्ञानेंद्र, फतेहाबाद से रूपाली दीक्षित, बाह से मधुसूदन शर्मा को समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है। फिरोजाबाद जनपद की टूंडला से राकेश बाबू, जसराना से सचिन यादव, फिरोजाबाद से सैफउर रहमान, शिकोहाबाद से मुकेश वर्मा, सिरसागंज से सर्वेश सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी प्रकार कासगंज जनपद की कासगंज विधानसभा सीट से मान पाल सिंहए अमापुर से सत्यभान सिंह शाक्य, एटा जनपद की अलीगढ़ विधानसभा सीट से रामेश्वर सिंह यादव, एटा से जुगेंद्र सिंह यादव, जलेसर से रणजीत सुमन को प्रत्याशी बनाया गया है। मैनपुरी जनपद की मैनपुरी विधानसभा सीट से राजकुमार उर्फ राजू यादव, भोगांव से आलोक शाक्य, किशनी से बृजेश कठेरिया को प्रत्याशी घोषित किया गया है। बदायूं जनपद की बिसौली विधानसभा सीट से आशुतोष मौर्य, सहसवान से बृजेश यादव, बिल्सी से चंद्र प्रकाश मौर्य, शेखपुर से हिमांशु यादव, दांतगंज से अर्जुन सिंह को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। बरेली जनपद की बहेड़ी से अताउर रहमान, मीरगंज से सुल्तान बैग, भोजपुरा से सहजिल इस्लाम अंसारी, नवाबगंज से भगवत शरण गंगवार, फरीदपुर से विजय पाल सिंह, बिथरी चैनपुर से अगम मौर्य, बरेली से राजेश कुमार अग्रवाल, बरेली कैंट से सुप्रिया ऐरन, आंवला से पंडित राधा कृष्ण शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। पीलीभीत जनपद के पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र से डॉक्टर शैलेंद्र गंगवार, बरखेड़ा से हेमराज वर्मा, पूरनपुर से आरती को प्रत्याशी घोषित किया गया है। शाहजहांपुर की कटरा विधानसभा सीट से राजेश यादव, जलालपुर से नीरज नलिनी, तिलहर से रोशन लाल वर्मा, पुवाया से उपेंद्र पाल सिंह, शाहजहांपुर से तनवीर खान, गजरौला से राजेश कुमार वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। लखीमपुर जनपद की पलिया से विपिन पाल सिंह काकू, निघासन से आर एस कुशवाहा, गोला गोकरण से विनय तिवारीए, श्रीनगर से रामशरण, लखीमपुर से उत्कर्ष वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसी प्रकार सीतापुर जनपद की महोली से अनूप गुप्ता, सीतापुर से राधेश्याम जयसवाल, हरगांव से रामहित भारती, बिसवां से अफजाल कौसर, सेवता से महेंद्र सिंह झीन बाबू, महमूदाबाद से पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है। हरदोई जनपद की शाहाबाद से आसिफ खान बब्बू, हरदोई से अनिल वर्मा, गोपामऊ से राजेश्वरी, बिलग्राम मल्लावां से बृजेश कुमार वर्मा टिल्लू भैया को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह से उन्नाव जनपद की सफीपुर विधानसभा सीट से सुधीर रावत, मोहान से डॉक्टर आंचल वर्मा, उन्नाव से अभिनव कुमार, भगवंत नगर से अंकित परिहार, पुरवा से उदय राज को प्रत्याशी बनाया है। जनपद रायबरेली की हरचंदपुर से राहुल लोधी, सरेनी से देवेंद्र प्रताप सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। फर्रुखाबाद जनपद की कायमगंज से सर्वेश अंबेडकर, अमृतपुर से डॉक्टर जितेंद्र यादव, फर्रुखाबाद से सुमन मौर्या, भोजपुर से अरशद जमाल को प्रत्याशी घोषित किया गया है। कन्नौज जनपद की छिबरामऊ से अरविंद यादव, तिर्वा से अनिल कुमार पाल, कन्नौज सीट से अनिल कुमार को समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है। इटावा जनपद की भरथना से राघवेंद्र कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है जबकि औरैया जनपद की दिबियापुर से प्रदीप यादव, औरैया से जितेंद्र दोहरे को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। कानपुर देहात जनपद की रसूलाबाद विधानसभा सीट से कमलेश चंद्र दिवाकर, अकबरपुर रनिया से आरती कुशवाहा, भोगनीपुर से नरेंद्र पाल सिंह, बिठूर से मुनिंद्र शुक्ला को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

# पाकिस्तान को भारत का असली दुश्मन नहीं मानते अखिलेश: पात्रा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## ● बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने एक साक्षात्कार को लेकर सपा प्रमुख पर साधा निशाना

**बीजेपी** के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संबित पात्रा ने लखनऊ में एक प्रेस वार्ता करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि जो पाकिस्तान से करे प्यार, वो पाकिस्तान से कैसे करे इनकार!

डॉ. पात्रा ने कहा कि आज सुबह-सुबह हम सब ने एक प्रमुख समाचार पत्र में अखिलेश यादव का एक इंटरव्यू पढ़ा जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत का असली दुश्मन पाकिस्तान नहीं है। यह तो भाजपा है जो पाकिस्तान को अपना दुश्मन मानती है और वोट बैंक के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधती है। उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस के दिन अखिलेश यादव का यह संदेश कि पाकिस्तान भारत का दुश्मन नहीं है, बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है। अखिलेश यादव का पाकिस्तान से प्यार का इजहार करने वाला यह बयान उनकी मानसिकता को दिखाता है। अखिलेश यादव को इस दुर्भाग्यपूर्ण बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए और अपनी इस नापाक हरकद के लिए देश से क्षमा मांगनी चाहिए।

पाकिस्तान को भारत का दुश्मन नहीं बताने वाले बयान पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अखिलेश यादव पर हमले की धार को और तेज करते हुए कहा कि क्या कश्मीर के लोग हमारे भाई नहीं हैं? जिन कश्मीर के लोगों पर रोज पाकिस्तान की गोली चलती है जो निर्दोष कश्मीरी पाकिस्तान की ओर से भेजे जाने वाले आतंकवादी की हरकतों से मारे जाते हैं, क्या उनका जीवन, जीवन नहीं है? पात्रा ने कहा कि जो पाकिस्तान हर समय भारत के खिलाफ षड्यंत्र कर आतंकवादी हमला की कोशिश करता है, क्या भारत का दुश्मन पाकिस्तान नहीं है? डॉ पात्रा ने कहा कि जिन्ना का नाम लेते हुए अखिलेश यादव चुनावी मैदान में उतरे थे और आज वह पाकिस्तान तक पहुंच गए हैं। हमने इस बार चुनाव में यह बात नहीं कही। जिन्ना को भी यूपी के चुनाव में लेकर अखिलेश यादव ही आये थे और अब पाकिस्तान को भी अखिलेश यादव ही यूपी के चुनाव में लेकर आये हैं।

## इस सप्ताह के अंत तक टाटा की हो जाएगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** एयर इंडिया को इस सप्ताह के अंत तक टाटा समूह को सौंपा जा सकता है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने एक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिए पिछले साल आठ अक्टूबर को टाटा संस की एक कंपनी की तरफ से लगाई गई बोली को स्वीकार कर एयर इंडिया के अधिग्रहण को मंजूरी दी थी। एयर इंडिया के साथ उसकी किफायती विमान सेवा एयर इंडिया एक्सप्रेस की भी शत-प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री की जाएगी। साथ ही उसकी ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी एआईएसएटीएस की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह को दी जाएगी। उस समय सरकार की तरफ से कहा गया था कि इस अधिग्रहण से जुड़ी औपचारिकताओं को दिसंबर के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा, हालांकि बाद में इसमें देरी हुई। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि इस सौदे को लेकर बाकी औपचारिकताएं अगले कुछ दिनों में पूरी होने की उम्मीद है और इस सप्ताह के अंत तक विमानन कंपनी को टाटा समूह को सौंप दिया जाएगा।

# पंजाब में भाजपा 65, कैप्टन की पार्टी 37 सीटों पर लड़ेगी

## ● गठबंधन के तीसरे सहयोगी शिअद (संयुक्त) के खाते में आईं 15 सीटें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आगामी** पंजाब विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 65 सीटों पर जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली पंजाब लोक कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन के तीसरे सहयोगी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा नीत शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के खाते में 15 सीटें आई हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सोमवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि पंजाब सीमा पर स्थित राज्य है और देश की सुरक्षा के लिए यहां स्थिर और मजबूत सरकार बनना आवश्यक है।



नई दिल्ली में पंजाब विधान सभा के लिए सीटों के विभाजन की घोषणा के समय उपस्थित कैप्टन अमरिंद सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा

पाकिस्तान द्वारा पंजाब में ड्रग्स और हथियारों की तस्करी और ड्रोन के माध्यम से देश की सुरक्षा को चुनौती देने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का ही माध्यम नहीं है। सरकार बदलना ही इस चुनाव का उद्देश्य नहीं है। यह चुनाव आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए और पंजाब को स्थिरता देने के लिए है, क्योंकि पंजाब सुरक्षित रहता है तो देश सुरक्षित रहता है। पंजाब की 117 विधानसभा सीटों के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था और उसने 23 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। हालांकि वह मात्र तीन सीटें ही जीत सकी थी। वर्तमान में उसके दो ही विधायक हैं, क्योंकि एक सीट पर उपचुनाव में उसके उम्मीदवार को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। नड्डा ने कहा कि पंजाब में एनडीए गठबंधन हुआ है। इसके तहत भाजपा, पंजाब लोक कांग्रेस और शिअद (संयुक्त) मिलकर पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

## लखनऊ की आईपीएल टीम का नाम होगा लखनऊ सुपर जायंट्स

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) की लखनऊ फ्रेंचाइजी का नाम लखनऊ सुपर जायंट्स रखा गया है। टीम के मालिक संजीव गोयनका ने सोमवार को एक वीडियो संदेश में इसका नाम साझा किया। आरपीएसजी समूह की स्वामित्व वाली लखनऊकी टीम ने प्रशंसकों से नाम को लेकर राय मांगी थी, जिसके बाद टीम का नाम लखनऊ सुपर जायंट्स रखने का फैसला किया गया। गोयनका ने नाम की घोषणा करते हुए कहा, नाम बनाओ नाम कमाओ प्रतियोगिता को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। लाखों लोगों ने प्रतिक्रिया दी, जिसके आधार पर हम लखनऊआईपीएल टीम के लिए नाम चुनकर बहुत खुश हैं। न्होंने कहा, आपकी सिफारिशों के आधार पर हमने जो नाम चुना है वह है लखनऊ सुपर जायंट्स। आपकी प्रतिक्रिया और प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। भविष्य में भी हमें अपना समर्थन देना जारी रखें।

# सेंसेक्स 1546 अंक धड़ाम, दो माह में सबसे बड़ी गिरावट

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार में सोमवार को करीब दो महीने में किसी एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच घरेलू बाजार में चौतरफा बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 1,546 अंक का गोता लगाकर 58,000 अंक से नीचे आ गया। बीएसई सेंसेक्स की शुरुआत गिरावट के साथ हुई और एक समय बिकवाली दबाव से यह 2,050 अंक से ज्यादा टूटकर 56,984 अंक के स्तर तक नीचे आ गया था। पर बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 1,545.67 अंक यानी 2.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,491.51 पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 468.05 अंक यानी 2.66 प्रतिशत का गोता लगाकर 17,149.10 अंक पर बंद हुआ। पिछले साल 26 नवंबर के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में किसी एक दिन में अबतक की यह सबसे बड़ी गिरावट है। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है, जब बाजार नीचे आया है। टाटा स्टील का शेयर करीब छह प्रतिशत टूटकर सर्वाधिक




नुकसान में रहा। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, विप्रो, टेक महिंद्रा, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचसीएल टेक में भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

जूलियस बेयर के कार्यकारी निदेशक मिलिंद मुचाला ने कहा, भारतीय बाजार पिछले कुछ दिनों से उल्लेखनीय दबाव में हैं। हाल के उच्चतम स्तर से यह सात प्रतिशत नीचे आ चुका है...गिरावट चौतरफा है। हाल के आईपीओ वाले नए जमाने की कंपनियों में गिरावट ज्यादा तीव्र है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता है। साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर बढ़ाने को लेकर भी चिंता है जिससे दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में गिरावट के साथ घरेलू बाजार नीचे आए हैं।

## कोर्ट ने शरजील इमाम के खिलाफ राजद्रोह का अभियोग तय किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की अदालत ने वर्ष 2019 में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कथित भड़काऊ भाषण देने के मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र शरजील इमाम के खिलाफ सोमवार को राजद्रोह का अभियोग तय किया और साथ ही इस मामले में उसे जमानत देने से इंकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने अपने आदेश में कहा, मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा- 124 (राजद्रोह), धारा-153ए (दो अलग समूहों में धर्म के आधार पर विद्वेष को बढ़ावा देना), धारा-153बी (राष्ट्रीय एकता के खिलाफ अभिकथन), धारा-505 (सार्वजनिक अशांति के लिए बयान), गैरकानूनी गतिविधि (निषेध) अधिनियम (यूएपीए) की धारा-13 (गैरकानूनी गतिविधि के लिए सजा) के तहत आरोप तय किया जाता है। अलग आदेश के तौर पर देखें, नियमित जमानत के लिए शरजील इमाम द्वारा दी गई अर्जी खारिज की जाती है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,491 | ↓ 1546 | |
| निफ्टी | 17,149 | ↓ 468 | |
| सोना | 48,441 | ↑ 192 | /10g |
| चांदी | 65,241 | ↓ 196 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भाजपा में शामिल हुए जलालपुर से सपा विधायक सुभाष राय

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के आंबेडकरनगर जिले की जलालपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक सुभाष राय सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में उन्होंने उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में भगवा दल की सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने राय का पार्टी में स्वागत करते हुए दावा किया कि उत्तर में आज कानून का राज है तथा वहां राष्ट्रवाद और विकास की बयार चल रही है। उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश में जो वातावरण निर्मित हुआ है, उसे देखते हुए सुभाष राय भाजपा में शामिल हुए हैं। यह उनकी घर वापसी है।

# वोकल फॉर लोकल को आगे बढ़ाएं बच्चे: प्रधानमंत्री

## ● मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं के साथ किया संवाद

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का बहुत बड़ा श्रेय बच्चों को देते हुए सोमवार को उनसे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देने के लिए वोकल फॉर लोकल अभियान को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं के साथ संवाद के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का बहुत बड़ा श्रेय भी मैं भारत के बच्चों को देता हूं क्योंकि उन्होंने घर-घर में बाल सैनिक बनकर अपने परिवार को स्वच्छता अभियान के



लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, जैसे आप स्वच्छता अभियान के लिए आगे आए, वैसे ही आप वोकल फॉर लोकल अभियान के लिए भी आगे आइए। उन्होंने बच्चों को सुझाव दिया कि वह घर में उपयोग होने वाली वस्तुओं की एक सूची बनाएं और देखें कि उनमें से कितने ऐसे उत्पाद हैं, जो भारत में नहीं बने हैं और वह विदेशी हैं।

उन्होंने कहा, इसके बाद घर के लोगों से आप आग्रह करें कि भविष्य में जब वैसा ही कोई उत्पाद खरीदा जाए तो वह भारत में बना हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत में बनी चीजों की खरीददारी बढ़ेगी तो इससे देश में उन भारतीय उत्पादों का उत्पादन बढ़ने लग जाएगा और जब उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार के भी नए अवसर भी बनेंगे। उन्होंने कहा, जब रोजगार बढ़ेंगे तो आपका जीवन भी आत्मनिर्भर बनेगा। इसलिए आत्मनिर्भर भारत का अभियान, हमारी युवा पीढ़ी, आप सभी से भी जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 सालों में देश जिस ऊंचाई पर होगा और जो उसका सामर्थ्य बनेगा, उसमें बहुत बड़ी भूमिका युवा पीढ़ी की होगी। उन्होंने कहा, आज देश में जो नीतियां बन रही है और जो प्रयास हो रहे हैं, इन सब के केंद्र में युवा पीढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उन्हें गर्व होता है जब वह देखते हैं कि दुनिया की बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भारतीय हैं, स्टार्टअप की दुनिया में भारत परचम फहरा रहा है, जब नए-नए नवोन्मेष हो रहे हैं और देश के युवा गगनयान मिशन के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यही वह नया भारत है। हिम्मत और हौंसला आज भारत की पहचान है। आज भारत अपनी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की नींव को मजबूत करने के लिए निरंतर कदम उठा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ब्लॉकचैन प्रौद्योगिकी के उपयोग के जरिए वर्ष 2022 और 2021 के पीएमआरबीपी पुरस्कार विजेताओं को डिजिटल प्रमाणपत्र भी प्रदान किए।

# पूरे सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत में रहेगी शीतलहर

## ● अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर** पश्चिम और मध्य भारत में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है, जिससे दिल्ली में ठंडा दिन जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है और पंजाब, हरियाणा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात तथा महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में शीतलहर चल सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि अगले दो से तीन दिनों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों में कड़ाके की ठंड



कड़ाके की ठंड में नई दिल्ली में एक छत पर एक-दूसरे से सट कर बैठे बंदर

पड़ने की संभावना है और इससे ठंडा दिन एवं अत्यंत ठंडा दिन जैसी स्थिति होने का अनुमान है। इसने कहा कि अगले पांच दिनों में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर से भीषण शीतलहर की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों में पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, सिक्किम, मेघालय और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में घना और बहुत घना कोहरा छाने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, एकै ठंडा दिनै तब होता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो और अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस कम हो, जबकि अत्यंत ठंडा दिन तब होता है जब अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 6.5 डिग्री कम होता है। वहीं, शून्य से 50 मीटर के बीच दृश्यता होने पर कोहरा बेहद घना, 51 से 200 मीटर दृश्यता के बीच घना, 201 से 500 के मीटर दृश्यता के बीच मध्यम और 501 से 1000 मीटर के बीच दृश्यता होने पर कोहरे को हल्का माना जाता है।

## भाजपा सरकार में असुरक्षा की भावना व भेदभाव बढ़ा: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर एक बार फिर से निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकाल में भय, भ्रष्टाचार, भेदभाव व जान-माल, मजहब को लेकर असुरक्षा की भावना और भेदभाव बढ़ा है। सोमवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि भय, भ्रष्टाचार, भेदभाव व जान-माल, मजहब की असुरक्षा अर्थात् यूपी की बदतर कानून व्यवस्था, बेरोजगारी व लाखों पलायन आदि विशाल आबादी वाले इस राज्य की सबसे बड़ी समस्याएं हैं, जो लगातार बढ़ती ही जा रही हैं एवं लोगों में कुण्ठा पैदा कर रही हैं तथा समाज व प्रदेश पिछड़ रहा हैए अति.दु:खद। उन्होंने आगे कहा कि यूपी में बीएसपी की रही सरकार में लगभग ढाई लाख गरीब परिवारों को बुनियादी सुविधाएं युक्त आवास उपलब्ध कराया व करीब 15-20 लाख मकानों की तैयारी चल रही थी, किन्तु सरकार बदलने के कारण यह कार्य अधूरा रह गया, जिसे ही भाजपा भुनाने का प्रयास कर रही है। इन्होंने अपना क्या किया।

# सपा की लिस्ट से उसका चरित्र उजागर

## सपा ने उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रदेशवासियों को अपमानित किया

- बालिका दिवस पर बलात्कारियों को टिकट देकर मंसूबा जाहिर किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कहा कि आज उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की सूची ने यूपी के गौरव को धूल धूसरित करने वालों, अस्मिता का मान मर्दन करने वालों का नाम घोषित कर प्रदेशवासियों और उत्तर प्रदेश का अपमान किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने आज ही सवाल किया था कि अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी की चोरी-चोरी चुपके-चुपके जारी की जाने वाली सूची को सार्वजनिक करें। हम समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जी को बहुत धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने अपने समाजवादी दंगाराज, गुण्डाराज, भ्रष्टराज के ब्रांड अम्बेस्डरों की सूची जारी कर दी है। सपा के कई उम्मीदवार है, उनपर मुकदमों की भरमार है। आज को सूची तो बस झांकी है, पूरी पिक्चर अभी बाकी है। प्रदेश में डर और दहशत फैलाने का इन्होंने आज ट्रेलर दिया है। इन्होंने दंगाई, लुटेरे, हत्यारे, बलात्कारी, फ्रॉड के अलंकरण से अलंकृत हैं। उन्होंने जोड़ा कि आज बालिका दिवस है और इनकी सूची में बलात्कारी, महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराध, यौन हिंसा करने वाले लोगों के नाम शामिल हैं। इन्होंने बहन बेटियों को अपमानित करने वालों को टिकट देकर समाज विरोधी चेहरा दिखाया है। हिस्ट्रीशीटर, गैंगेस्टर, दंगाई, बलात्कारियों और मनी लांड्रिंग करने वाले लोगों के नाम जारी कर इन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अपराधियों को टिकट देने सपा की मजबूरी थी, क्योंकि इनके दम पर ही ये प्रदेश में दंगाराज, गुण्डाराज और भ्रष्टाचार का अपना मंसूबा पूरा कर सकते हैं। इनके दम पर ही 2012 में। समाजवादी लूट योजना की नींव रखी गई थी। नाहिद हसन, अब्दुल्ला आजम, आजम खान, सुल्तान बेग, महबूब अली, असलम चौधरी, इरफान सोलंकी जैसे नाम बच्चे बच्चे की जुबान पर हैं। केवल यही नहीं इनकी सूची में ऐसे ऐसे कुख्यात चेहरे हैं जिन्होंने अपराध में विशेषज्ञता अर्जित की हो। इनके उम्मीदवारों ने सीआरपीसी के तहत गंभीरतम धाराओं में अपराध किये हैं। कहा कि समाजवादी पार्टी की लिस्ट नयी है लेकिन अपराधी वही है, ये वही सपा है जिससे यूपी की जनता खफा है। आज दुर्दांत अपराधियों, गुंडों, हिस्ट्रीशीटरों की लिस्ट जारी कर समाजवादी पार्टी ने अपना खतरनाक और डरावना चेहरा जनता को दिखाया है। जिसका जवाब जनता अपने वोट की ताकत से भाजपा को 300 सीटों से ज्यादा देकर देगी।

# जनता में भाजपा सरकार के प्रति भारी आक्रोश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा दुनिया की सबसे ज्यादा झूठ बोलनेवाली पार्टी है। भाजपा ने किसानों, नौजवानों को बड़े बड़े सपने दिखाए लेकिन सबके साथ छल किया। समाजवादी सरकार के कामों के अलावा उसने कुछ किया नहीं सिर्फ रंग बदलती गयी। उसका दूसरा प्रिय काम समाजवादी पार्टी के प्रति भ्रम फैलाना और जनता को गुमराह करना है। जनता ने भी इसलिए ठान लिया है कि वह इस विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया करेगी। अखिलेश ने कहा कि जिस तरह की अभद्र भाषा और अशिष्ट व्यवहार भाजपा द्वारा प्रदर्शित किया जा रहा है उससे लोकतंत्र की मर्यादा गिरती है। भाजपा ने चीन का मुद्दा उठाकर अपने पर ही आत्मघाती हमला किया है। पाकिस्तान के मुकाबले चीन से ज्यादा सुरक्षा को खतरा है यह कथन तो पूर्व चीफ डिफेन्स स्टाफ जनरल विपिन रावत का है। इस मामले में भाजपा नेतृत्व को कम से कम जनरल रावत की प्रतिष्ठा का ख्याल रखना चाहिए था। अनर्गल आरोप लगाने से पहले उन्हें सत्यता की जांच कर लेनी चाहिए थी। इस मामले में भाजपा ने वही भ्रम फैलाया है जैसे अपने विज्ञापनों में वह कलकत्ता, चीन के चित्र दिखाकर अपने विकास का खोखला ढोल पीटता दिखाते है।

इसमें दो राय नहीं कि समाजवादी सरकार के तमाम विकास कार्यों पर भाजपा खोखले दावे करके जनता को भटकाना चाहती है। अभी समाजवादी पार्टी ने 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने और राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों को पुरानी पेंशन बहाल करने का भरोसा दिलाया तो भाजपा नेता बौखला गए। चूंकि भाजपा ने अपने पूरे कार्यकाल में कुछ किया ही नहीं इसलिए उसे समाजवादी इरादों पर भरोसा कैसे होगा जबकि यह सच्चाई सभी जानते हैं कि समाजवादी जो कहते हैं, वह करते हैं। समाजवादियों की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं होता है। अखिलेश ने कहा कि आज स्थिति यह है कि जनता में भाजपा सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। समाज का हर वर्ग दु:खी और परेशान है। भाजपा ने सिवाय महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ाने के कुछ और नहीं किया है। उसके समय में महिलाएं अपमानित और दुष्कर्म की शिकार हुई है। नौजवान परेशान हुए है। किसान को न एमएसपी मिली है, नहीं उसकी आय दुगनी हुई। भाजपा के संकल्प पत्र का एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। भाजपा सिर्फ झूठ नफरत और अफवाहों के सहारे सत्ता चलाती आयी है।

# तीसरे चरण की आज जारी होगी अधिसूचना

- नामांकन के समय जुलूस की अनुमति नहीं
- तीसरे चरण में कुल 21575430 मतदाता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**तीसरे** चरण के विधान सभा चुनाव के लिए, मंगलवार करे अधिसूचना जारी की जाएगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन के लिए तृतीय चरण के मतदान के लिए 25 जनवरी को अधिसूचना जारी की जायेगी। इसके साथ ही तीसरे चरण के 16 जिलों में हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, मैनपुरी, फर्रूखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर एवं महोबा की 59 विधान सभा सीटों के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी। तीसरे

**विधान सभा चुनाव**

चरण की 59 विधान सभा सीटों में 15 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। 5 जनवरी को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार तीसरे चरण में कुल 21575430 मतदाता हैं। इसमें 11612010 पुरूष मतदाता, 9962324 महिला मतदाता तथा 1096 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के नामांकन की अन्तिम 1 फरवरी मंगलवार है। नामांकन की जाँच 2 फरवरी, 4 फरवरी को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। तीसरे चरण का मतदान 20 फ्रवरी रविवार को सम्पन्न होगा। तीसरे चरण की जिन 59 विधान सभा सीटों के लिये नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी, इसमें हाथरस अजा, सादाबाद, सिकन्दराराऊ, टुण्डला अजा, जसराना, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, सिरसागंज, कासगंज, अमांपुर, पटियाली, अलीगंज, एटा, मारहरा, जलेसर अजा, मैनपुरी, भोगांव, किशनी अजा, करहल, कायमगंज, अजा, अमृतपुर, फर्रूखाबाद, भोजपुर, छिबरामऊ, तिर्वा, कन्नौज अजा, जसवन्तनगर, इटावा, भरथना, अजा, बिधूना, दिबियापुर, औरैया अजा, रसूलाबाद अजा, अकबरपुर रनिया, सिकन्दरा, भोगनीपुर, बिल्हौर अजा, बिठूर, कल्याणपुर, गोविन्दनगर, सीसामऊ, आर्यनगर, किदवई नगर, कानपुर कैन्ट, महाराजपुर, घाटमपुर अजा, माधौगढ़, कालपी, उरई अजा, बबीना, झांसी नगर, मऊरानीपुर अजा, गरौठा, ललितपुर, महरौनी अजा, हमीरपुर, राठ अजा, महोबा एवं चरखारी विधान सभा सीट शामिल हैं। प्रत्याशी सुविधा वेब पोर्टल सुविधा के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की कॉपी रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा कर सकते हैं।

# गणतंत्र दिवस पर रखे जाएं सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम: मुकुल गोयल

- डीजीपी ने पुलिस को किया अलर्ट, मानव रहित वायुयान, ग्लाइडर व ड्रोन की उड़ानों पर सतर्क दृष्टि रखने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** मुकुल गोयल ने गणतंत्र दिवस के मौके पर यूपी पुलिस को अलर्ट करते हुए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने अभिसूचना, सुरक्षा और जीआरपी के शीर्ष अधिकारियों के साथ ही सभी जोनल एडीजी, रेंज के आईजी-डीआईजी सभी जिलों के पुलिस कप्तान और लखनऊ गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी व कानपुर नगर कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर को परिपत्र जारी किया है। डीजीपी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोविड.19 के दृष्टिगत विभिन्न आयोजन के सम्बन्ध में दिये गये गाइड लाइन्स व दिशा निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के साथ ही प्रभावी सुरक्षा सम्बन्धी दिशा निर्देशों के संबंध में भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, बाजार, सिनेमाहाल, मॉल, मल्टीप्लेक्स जैसे मनोरंजन के स्थानों आदि पर विशेष रूप से सुरक्षा प्रबन्ध किए जाएं तथा सुरक्षा कर्मियों को विधिवत ब्रीफकरने के उपरान्त ड्यूटी पर लगाया जाए। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा योजना के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अवैध शस्त्रों, कारतूसों, शराब एवं विस्फोटक पदार्थों की तस्करी रोकने एवं संदिग्ध व्यक्तियों के आवागमन पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए स्थायी चेक पोस्ट के अतिरिक्त अस्थायी चेक पोस्ट लगाकर व्यक्तियों एवं वाहनों की आकस्मिक चेकिंग करायी जाए। चेक पोस्टों को विशेष रूप से सतर्क एवं सक्रिय किया जाए। गेस्ट हाउस, होटल, धर्मशालाओं, सरायों की प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित की जाए। नये किरायेदारों के सत्यापन की कार्यवाही अवश्य करा ली जाए। मानव रहित वायुयान, ग्लाइडर एवं ड्रोन आदि की उड़ानों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। केमिकल्स की दुकानों के सत्यापन एवं चेकिंग की व्यवस्था करायी जाए। समारोह स्थलों पर एण्टी सैबोटॉज चेकिंग एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# कांग्रेस ने प्रथम चरण के चुनाव के लिए जारी की 30 स्टार प्रचारकों की सूची

- सोनिया, राहुल और प्रियंका के अलावा डॉ. मनमोहन सिंह का नाम भी शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण को लेकर कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी की ओर से जारी की गई 30 स्टार प्रचारकों की सूची में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी, हार्दिक पटेल और कन्हैया कुमार भी शामिल हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, आराधना मिश्रा मोना, गुलाम नबी आजाद, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद, राज बब्बर, प्रमोद तिवारी, पीएल पुनिया, आरपीएन सिंह, सचिन पायलट, प्रदीप जैन आदित्य, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, आचार्य प्रमोद कृष्णम, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, वर्षा गायकवाड, हार्दिक पटेल, फूलो देवी नीतम, सुप्रिया, इमरान प्रतापगढ़ी, कन्हैया कुमार, प्रनीति शिंदे, धीरज गुर्जर, रोहित चौधरी और तौकीर आलम शामिल हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं, नीरज पुत्री प्रेम शंकर नि0 धरेरा, आगरा उ0प्र0 283202 मेरा फार्मेसी ग्रीन बुक जिसका नंबर 58621 है। वास्तव में कहीं खो गया है, जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**सूचना**

मैं, रश्मि गुप्ता, निवासी 148/117, दुगावां, रानीगंज, लखनऊ यह सूचित करती हूं कि मेरे द्वारा ओमेक्स लि० में बुक कराये गये फ्लैट की रसीद सं. 1656804, दि. 22.8.2018 की मूल प्रति कहीं खो गई है। जिसका उपयोग अवैध होगा।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा यू0पी0 बोर्ड इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0940644 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। शुभम कुमार सिंह पुत्र प्रमोद कुमार सिंह निवासी-द्वितीय वाहिनी पी0ए0सी0 तहसील व जिला-सीतापुर (उ0प्र0)

**सूचना**

मैं, अंकित गुप्ता, निवासी 148/117, दुगावां, रानीगंज, लखनऊ यह सूचित करता हूं कि मेरे द्वारा ओमेक्स लि० में बुक कराये गये फ्लैट की रसीद सं. 1656810 दि. 22.8.2018, 169311 दि. 15.3.2019 व 1740433 दि. 17.1.2020 की मूल प्रति कहीं खो गई है। जिनका उपयोग अवैध होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि विक्रान्त जादौन पुत्र श्री संजय कुमार सिंह की बी0 टेक की मार्कशीट जिसका रोल नं0 A7605217042 है वास्तव में खो गया है। जिस किसी को प्राप्त हो निम्न पते पर सूचित करें। विक्रान्त जादौन पुत्र संजय कुमार सिंह निवासी ठाकुर विहार कालोनी, पिकनिक स्पाट रोड, फरीदीनगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में रेखा सक्सेना पत्नी राजीव कुमार सक्सेना निवासी :- 2, मायाविहार, मोहिब्बुलापुर, सीता. पुर रोड, लखनऊ, मेरा महिन्द्रा एवं महिन्द्रा का शेयर सर्टिफिकेट जिसका Folio No. R 013781 Certificate No. 415841 वास्तव में कहीं खो गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SHETA था, जो अब बदलकर SHWETA SHARMA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SHWETA SHARMA D/o Bir Singh Sharma, 2/88, MIG, Avas Vikas Colony, Sec-2, Yojna-3, Jhunsi, Allahabad.

## सपा ने चुनाव आयोग से की एसपी सीतापुर को हटाने की मांग

**लखनऊ।** मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन नई दिल्ली को पत्र लिखकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने जनपद सीतापुर के पुलिस अधीक्षक व कोतवाली प्रभारी देहात द्वारा सत्तारूढ़ दल भाजपा के पक्ष में मतदान का दबाव बनाने के विरूद्ध शिकायत करते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें जनपद से स्थानान्तरित करने की मांग की है। श्री पटेल के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में जनपद सीतापुर के पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह तथा कोतवाली प्रभारी देहात ओपी तिवारी द्वारा ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व कोटेदारों पर सत्तारूढ़ दल भाजपा के पक्ष में मतदान करने का दबाव बनाया जा रहा है जिससे प्रधान, पंचायत सदस्य व नागरिकों में भय व्याप्त हो गया है।

# चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रही भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के दरवाजे पर अपने चुनाव चिन्ह का स्टीकर लगाना साबित करता है कि बीजेपी को चुनाव आचार संहिता एवं चुनाव आयोग की कोई परवाह नहीं है। भाजपा अन्य एजेंसियों की तरह चुनाव आयोग को भी अपना एक फ्रंटल संगठन समझने की भूल कर रही है।



मोना ने कहा कि भाजपा द्वारा यह कृत्य निश्चित रूप से लोकतंत्र की हत्या व आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। चुनाव आयोग को इस प्रकरण को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहाएए प्रयागराज में भाजपा सदस्यों द्वारा घर घर जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभान्वित लोगों के घरों पर बिना उनकी सहमति के स्टीकर लगाये जा रहें हैंए यह नियमों का खुला उल्लंघन है। मोना ने कहा कि चुनाव आयोग इतने गंभीर प्रकरण पर यदि कार्यवाही नहीं करता है, तो माना जाए कि परोक्ष रूप से चुनाव आयोग भाजपा की मदद कर रहा है। उसकी निष्पक्षता संदेह के घेरे में है। कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा गरीबों में बांटी गई मदद पर फोटो लगाई गई हो। यहां तो वैक्सीनेशन के सर्टिफिकेट पर भी पीएम की फोटो लगाकर प्रचार किया गया। उन्होंने कहा सरकार द्वारा जो भी चीजें जनता को मुहैया करायी जाती हैं, वह जनता पर एहसान नहीं होता बल्कि सरकारें अपना कर्तव्य पूरा करतीं हैं। चुनी हुई सरकार का कर्तव्य होता है कि जनता के द्वारा दिए गए टैक्स का सही सदुपयोग हो और सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार यह कह रही है कि जनता को सुविधा मुहैया कराकर हमने उपलब्धि हासिल की है, तो इस बात की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि साढ़े तेरह करोड़ लोग इस सरकार में गरीबी रेखा के नीचे आ गये, नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में 37.79 प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं।

# प्रशासन पूरी तरह से दबाव में काम कर रहा है: नसीमुद्दीन

- राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आरक्षण मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी को दिया समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतीश अजमानी एवं पूर्व मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी की मौजूदगी में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आरक्षण मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद परवेज सिद्दीकी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने की घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। प्रशासन पूरी तरह से प्रदेश और केन्द्र के दबाव में कार्य कर रहा है। अधिकारी पूरी तरह से सरकार के रिमोट कन्ट्रोल से संचालित हो रहें हैं। उन्होंने कहा गृहमंत्री अमित शाह कैराना में सैकड़ों लोगों के साथ कोविड प्रोटोकॉल तोड़कर प्रचार कर रहे हैं। क्या यह सत्तारूढ़ दल पर चुनाव आयोग कि मेहरबानी मानी जाए। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कल बहराइच में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती एक सभागार में मनायी जानी थी, जिसकी क्षमता 500 कुर्सियों की है लेकिन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मात्र 90 लोग उपस्थित थे। इसके बावजूद कोविड प्रोटोकॉल के नाम पर पुलिस द्वारा परेशान किया गया। वहीं परवेज सिद्दीकी ने कहा कि मौजूदा सरकार में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों का बेहिसाब पलायन हुआ। लोगों में भय का माहौल पैदा किया गया। परवेज सिद्दीकी ने कहा कि अखिलेश यादव कभी भी मुसलमानों के हितैषी नहीं रहे। इनके शासनकाल में सैकड़ों दंगे हुए और आरोपी बरी होते रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि मेरे मुअक्किल इंडोस्टार होमफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ, ऋण द्वारा अपने ग्राहक श्रीमती किरन गुप्ता पत्नी श्री होरी लाल गुप्ता सम्पत्ति एक किता आवासीय भूखण्ड जोकि भूमि खसरा सं.-1298, 1299 का मिन. पैमाईशी रकबा 1000 वर्गफिट अर्थात 92.936 वर्गमीटर स्थित ग्राम-अलीनगर सुनहरा, वार्ड-सरोजनी नगर, परगना-बिजनौर तहसील व जिला-लखनऊ, को क्रय किया जो उपनिबंधक-सरोजनी नगर में बही सं.-1 जिल्द सं.-3345 पृष्ठ सं.-167 से 188 पर क्रमांक सं.-2792 दिनांक 16.04.2007 में पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था एवं सहखातेदार को इस प्रस्तावित बंधक किये जाने के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो उस आपत्ति के विधिक आधार एवं साक्ष्यो के साथ मुझसे सात दिन के अंदर संपर्क कर सकता है, उक्त अवधि में कोई विधिक व पोष्णीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे मुअक्किल द्वारा उक्त आवासीय श्रण प्रदान किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर मेरे मुअक्किल का विधिक प्रभार होगा।

Naveen Kumar Verma-Advocate
Ch.No.9, LGF-3, Krishna Tower,
Chakbast Road, Qaiserbagh, Lucknow, U.P.

# आईटी क्षेत्र में नए व्यवसाय शुरू करने को लेकर हुआ मंथन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) लखनऊ, एपीवी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट के सहयोग से पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उत्तर प्रदेश चैप्टर और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) लखनऊ ने सोमवार को आईटी क्षेत्र में नए व्यवसाय शुरू करने के अवसर पर एक सत्र का आयोजन किया।

सत्र का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उन लाभों के बारे में शिक्षित करना था जो वे आईटी क्षेत्र में उद्यमिता के साथ प्राप्त कर सकते हैं और इसके लिए सिडबी द्वारा की गई पहलों के बारे में ताकि जीवन स्तर में सुधार हो और न केवल धन सृजन किया जा सके न केवल उद्यमियों के लिए, बल्कि राज्य के लिए भी। सत्र में मनीष सिन्हा महाप्रबंधक सिडबी लखनऊ, विजय चोपड़ा प्रबंध निदेशक एपीवी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ, विनायक नाथ प्रबंध निदेशक यूनिकॉर्न एंजेल नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, लखनऊ, डॉ बिंदु सिंह, सहायक प्रोफेसर और प्रभारी इनक्यूबेशन सेंटर



आईआईआईटी लखनऊ और अतुल श्रीवास्तव रेजिडेंट डायरेक्टर यूपी चैप्टर पीएचडीसीसीआई ने सहभागिता की। महाप्रबंधक सिडबी मनीष सिन्हा ने आज के समय में आईटी व्यवसायों के लिए उपलब्ध विशाल दायरे के बारे में एक व्यापक अवलोकन दिया। उन्होंने कहा कि यह आईटी व्यवसायों के लिए, सबसे अच्छा समय है जिसमें नवोदित स्टार्टअप शामिल हैं और चमत्कार करते हैं क्योंकि महामारी ने पारंपरिक सेवाओं का उपयोग करते हुए सामाजिक दूरियों के मानदंडों और प्रतिबंधों के कारण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग में अपरिहार्य वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि हमारे देश में सूचना प्रौद्योगिकी का जबरदस्त दायरा है क्योंकि भारत दुनिया भर में 750 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। उन्होंने यह भी बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी का क्षेत्र कई प्रकार के अवसर प्रदान करता है जो स्वास्थ्य सेवा से लेकर शिक्षा से लेकर विनिर्माण और कृषि तक विभिन्न क्षेत्रों को पूरा करता है, जिससे प्रभावकारिता और डेटा सटीकता में बहुत सुधार होता है, जबकि व्यवसाय कई गुना बढ़ सकते हैं और अधिक राजस्व और रिटर्न उत्पन्न कर सकते हैं।

प्रबंध निदेशक एपीवी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड विजय चोपड़ा ने अपने अनुभव के आधार पर छात्रों को सार्थक सिफारिशें दीं कि वे अपना स्टार्ट अप कैसे शुरू कर सकते हैं। उन्होंने उद्यमी बनने के कुछ लाभों पर भी प्रकाश डाला। जो थे, आत्म सम्मान को पूरा करना और बढ़ावा देना, स्वयं के लिए धन बनाना और व्यवसाय से जुड़ना, लोगों के लिए व्यवसाय और नौकरी के अवसर पैदा करना, अर्थव्यवस्था का विकास करना, सामाजिक प्रभाव पैदा करना आदि। श्री चोपड़ा ने भी सफल उद्यमी की प्रमुख विशेषताओं जैसे आत्म प्रेरणा, एक दूरदृष्टि और जुनून के साथ काम करना, आत्मविश्वासी, एक जोखिम लेने वाला, नेतृत्व गुण, प्रबंधकीय कौशल, अच्छी नेटवर्किंग, ग्राहक केंद्रित बाजार के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि एंजेल नेटवर्क अन्य उधारदाताओं की तुलना में अधिक अनुकूल शर्तें प्रदान करते हैं क्योंकि वे आमतौर पर व्यवसाय की व्यवहार्यता के बजाय व्यवसाय शुरू करने वाले उद्यमी में निवेश करते हैं। डॉ. बिंदु सिंह सहायक प्रोफेसर और प्रभारी इनक्यूबेशन सेंटर आईआईआईटी लखनऊ ने इस सार्थक सत्र के लिए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ के साथ सहयोग करने और अपनी अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए आमंत्रित करने के लिए पीएचडीसीसीआई को धन्यवाद दिया। उन्होंने आईआईआईटीए लखनऊ का एक सिंहावलोकन दिया। अतुल श्रीवास्तव रेजिडेंट डायरेक्टर यूपी चैप्टर पीएचडीसीसीआई ने वेबिनार सत्र के दौरान उपस्थित सभी प्रख्यात वक्ताओं और प्रतिनिधियों का स्वागत और अभिवादन किया और पूरे सत्र को उत्कृष्ट रूप से संचालित किया।

**भागवन्ती एजूकेशन सेन्टर डिग्री कालेज**
मन्धना बिठूर रोड, कानपुर
(सम्बद्धः- सी.एस.जे.एम.विश्वविद्यालय, कानपुर)

आवश्यकता है बी.एस.सी. (भौतिक विज्ञान,रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित) हेतु सहायक आचार्य की शैक्षिक योग्यता विश्वविद्यालय के मानकानुसार होगीं। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय के परिसर कार्यालय में समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित आवेदन करें या ई-मेलः becdc.kanpur@gmail.com

Fullerton Grihashakti
Iraada hai toh Raasta hai

**फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालय : तल 5 एवं 6, बी-विंग, सुप्रीम आईटी पार्क, सुप्रीम सिटी, पोवाई, मुंबई-400076
पंजी. कार्यालय : मेघ टावर्स, तल 3, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनामल्ली हाई रोड, मदुरावोयाल, चेन्नई-600095

**कब्जा सूचना [(परिशिष्ट 4) नियम 8(1)]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, एक हाउसिंग फाइनैंस कम्पनी (राष्ट्रीय आवास बैंक (आरबीआई द्वारा पूर्ण स्वाधिकृत) के साथ विधिवत पंजीकृत) (इसमें आगे "एफआईएचएफसीएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय मेघ टावर्स, तल 3, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनामल्ली हाई रोड, मदुरावोयाल, चेन्नई-600095 में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना निम्नवर्णित तिथि को जारी की गई थी, जिसमें आप संबंधित कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) से उक्त सूचना में वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

इसमें नीचे वर्णित कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों) को और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा प्राप्त कर लिया है।

उक्त कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की यहां नीचे वर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदारों का नाम और ऋण खाता संख्या | मांग सूचना की तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता सं. : 610 5 0 7510 617872<br>(1) संदीप कुमार मिश्रा, पुत्र अखिलेश मिश्रा, (2) सुनीता मिश्रा, पत्नी अखिलेश मिश्रा, (3) अमिता मिश्रा पत्नी संदीप कुमार मिश्रा<br>पता 1 : एच. नंबर 3/316, आवास विकास, हंसपुरम नौबस्ता, निकट केपीवाई इंटर कालेज, कानपुर-208021, उत्तर प्रदेश, पता 2 : 3/316, आवास विकास, हंसपुरम नौबस्ता, निकट केपीवाई इंटर कालेज, कानपुर-208021, उत्तर प्रदेश, | तिथि : 12-08-2021 एवं रू. 27,87,960.88 (रू. सत्ताईस लाख सतासी हजार नौ सौ साठ तथा पैसे अठासी मात्र) | 19-01-2022 (सांकेतिक कब्जा) |
| | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन निम्नानुसार है :- भू खंड अराजी नंबर 17/7 का हिस्सा (परिमाप क्षेत्रफल : 301.66 वर्ग गज), स्थित ग्राम बुधपुर मछरिया, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश चौहद्दी :- पूरब : 30 फीट रोड, पश्चिम : रवीन्द्र पाल का मकान उत्तर : जगपाल कुशवाहा का मकान, दक्षिण : 30 फीट रोड | | |
| 2 | ऋण खाता सं. : 610 5 0 7510 4 5 335 8<br>(1) मनीष कपूर पुत्र कृष्ण गोपाल कपूर (2) जयप्रीत कपूर पत्नी मनीष कपूर<br>पता 1 : एमआईजी-12, एसबीआई कालोनी, बारा-3, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208027 | तिथि : 15-09-2021 एवं रू. 21,54,027.05 (रू. इक्कीस लाख चौवन हजार सत्ताईस तथा पैसे पांच मात्र) | 19-01-2022 (सांकेतिक कब्जा) |
| | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन निम्नानुसार है :- फ्लैट नंबर डी-6, द्वितीय तल परिसर सं. 117/एन/76 एन ब्लॉक, काकादेव, कानपुर नगर, कवर्ड एरिया 50.976 वर्ग मीटर, अविभाजित भूमि अंश 13.779 वर्ग मीटर सहित। चौहद्दी :- उत्तर : फ्लैट नंबर डी-7, दक्षिण : खुला आकाश, पूरब : प्लॉट नंबर 75, पश्चिम : फ्लैट नंबर डी-5 | | |

स्थान : कानपुर, उत्तर प्रदेश
तिथि : 24-01-2022

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# टीईटी परीक्षा में दो मुन्ना भाई समेत चार अभियुक्त गिरफ्तार

**संवाददाता।** मऊ

**●फर्जी दस्तावेज के आधार पर दोनों दे रहे थे परीक्षा, फर्जी दस्तावेज के आधार पर दो परीक्षा केन्द्रों पर दे रहे थे परीक्षा, बिहार प्रांत के कोरियाही थाना लोकहरी जिले के निवासी हैं आरोपी**

**यूपी टीईटी** परीक्षा के दौरान फर्जी दस्तावेज के आधार पर दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे दो मुन्ना भाईयों समेत परीक्षा दिलाने वाले दो परीक्षार्थियों समेत कुल चार आरोपियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। केंद्राध्यक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए चारों आरोपितों को जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि जिले के 73 केन्द्रों पर रविवार को यूपीटीईटी की परीक्षा आयोजित किया गया था। दोनों पालियों की हुई परीक्षा के दौरान सुरक्षा के काफी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बावजूद इसके नकल माफिया सक्रिय दिखाई दिए। हालांकि सिटी मजिस्ट्रेट त्रिभुवन कुमार व पुलिस अधीक्षक सुशील घुले केन्द्रों का भ्रमण करके नकल माफियाओं पर नकेल कसते हुए दिखाई दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई चेकिंग के दौरान थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा शकुंताला पीजी कालेज अमारी से दूसरे की जगह पर परीक्षा देते हुए हरिकुमार पुत्र तेजलन यादव निवासी कोरियाही थाना लोकहरी जनपद मधुबनी बिहार को गिरफ्तार किया गया तथा लिटिल फ्लावर स्कूल सिकठीया से दूसरे की जगह पर परीक्षा देते हुए हरि यादव पुत्र ओकिन्द्र यादव निवासी कोरियाही थाना लोकहरी जनपद मधुबनी बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दस्तावेजों की गहनता के साथ जांच पड़ताल किया गया। जांच के दौरान दोनों के आधार कार्ड एवं आइडी फर्जी पाया गया। खास बात यह भी है कि पकड़े गए दोनों लोग बिहार के मधुबनी जिले के लोकहरी थाना क्षेत्र के कोरियाही गांव के ही निवासी हैं। इन दोनों मुन्ना भाईयों की गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस टीम ने परीक्षा दिलवा रहे दोनों परीक्षार्थियों अनिल कुमार पुत्र कंतु निवासी ओलियापुर थाना घोसी जनपद मऊ तथा आशीष चौधरी पुत्र फूलचन्द्र निवासी मझौली थाना हलधरपुर जनपद मऊ को भी गिरफ्तार कर लिया। केन्द्राध्यक्ष की तहरीर पर अभियुक्तों के खिलाफ धारा 419,420,467,468,471 भादवि व धारा 6,10 परीक्षा अधिनियम का मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

## पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई सुभाषचंद्र बोस की जयंती

**संवाददाता।** बीजपुर/सोनभद्र

**महान स्वतंत्रता** संग्राम सेनानी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती डीएवी पब्लिक स्कूल रिहंदनगर में रविवार को पराक्रम दिवस के रूप में कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मनाया गया। इस बात की जानकारी देते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अनंत मोहन ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार के साथ साथ विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें कोटि कोटि नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने कहा कि हिंदुस्तान के स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। आज पूरा देश उनके जन्मदिन को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने नेताजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले नेताजी ने 1921 में भारतीय प्रशासनिक सेवा की नौकरी छोड़ दी और स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। उन्होंने कहा कि नेताजी के पदचिन्हों पर चलकर हीं भारत को सबल और विकसित बनाया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डॉ आर के झा, बी आर शर्मा, डॉ डी लाल, भक्त रंजन,जय सिंह, मनोज पाण्डेय,एस पी तिवारी,रंजना सिंह,पुष्पा पांडे,सोमनाथ चक्रवर्ती,नरेश जायसवाल,सुरेंद्र कुमार,बृजेश कुमार,अजय सिंह, शंभू आदि उपस्थित थे ।

## क्विक न्यूज

### खुशहाल परिवार दिवस पर 213 महिलाओं ने नसबंदी को अपनाया

**सोनभद्र।** स्वास्थ्य विभाग की तरफसे जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 21 जनवरी को खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां लोगो को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया गया वहीं 213 महिलाएं परिवार नियोजन के अस्थाई साधन नसबंदी को अपनाया। 30 महिलाओं ने परिवार नियोजन के स्थाई साधन अंतरा व आईयूसीडी से लाभान्वित कराया गया। परिवार नियोजन के नोडल डॉ आर जी यादव ने बताया कि कोरोना काल मे परिवार नियोजन के साधनों को लोगों तक पहुंचाने के लिए 21 जनवरी को जनपद के ब्लॉको में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों पर कैंप लगाकर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 213 महिलाओं ने नसबंदी कराया, जबकि 30 महिलाओं ने परिवार नियोजन के अस्थाई साधन अंतरा इंजेक्शन व आईयूसीडी को अपनाया।

### आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से है यूपी की पहचान : प्राचार्य

**सकलडीहा, चंदौली।** 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस क्रम में सोमवार को ऑन लाइन और ऑफलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने अपना विचार प्रकट करते हुए विस्तार से चर्चा किया। वही ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति स्थल पर पहुंचकर सेनानियों को नमन करते हुए माल्यापर्ण किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर डाण्प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश का गौरवपूर्ण इतिहास है। जहां ऋषिमुनी से लेकर संत महात्मा और देवी देवताओं का कर्म और धर्म दिखता है।

### यूबीआई के सहयोग से सीमांत कृषक परिवारों को उन्नत तकनीक आधारित मशरूम कृषि से जोड़ना और स्वावलम्बी बनाना है

**वाराणसी।** बीएचयू(आईसीएआर-आईआईवीआर) और यूनियन बैंक ऑफइंडिया वाराणसी द्वारा ग्रामीण स्वावलंबन और मशरूम कृषि प्रशिक्षण हेतु गोद लिए गए 6 गॉव में से गाँव 'संजोई' में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर कल्याण घड़ेई ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री की प्रेरणा से वाराणसी जनपद के ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर और सामाजिक रूप से विकसित बनाने के लिए विस्तार सेवाएं और उद्यमिता विकास प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने बीज कार्यक्रम के तहत बीएचयू वाराणसी को एक परियोजना स्वीकृत की है इस परियोजना का उद्देश्य जनजाति,पिछड़े,भूमिहीन और सीमांत कृषक परिवारों को उन्नत तकनीक आधारित मशरूम कृषि से जोड़ना और स्वावलम्बी बनाना है। क्षेत्रीय स्तर पर यूनियन बैंक आफइंडिया इस कार्यक्रम में वित्तीय साझेदार के रूप में शामिल है। यूनियन बैंक ऑफइंडिया के उप महाप्रबंधक सुनील कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को प्रेरित किया और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ,सीमांत और भूमिहीन कृषक परिवारों के लोगों के हेतु सस्ते दर पर वित्तीय सहयोग का आश्वासन दिया. अन्य अतिथियों में यूनियन बैंक ऑफइंडिया जंसा के संजीव कुमार, बीएचयू प्रोफेसरों का एक पैनल- डॉ. केशव प्रसाद, डॉ. वीरेंद्र कमलवंशी, डॉ. सुनील गोयल, डॉ. वी. के पासवान, मशरूम विशेषज्ञ सुश्री अनुपमा सिंह उपस्थित थे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य चील्ह आयुष्मान योजना के तहत 30 लोग लाभान्वित

**मिर्जापुर।** आयुष्मान योजना का लाभ अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा इस योजना से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चील्ह पर 30 लोग लाभान्वित हुए है। इस अच्छे कार्य के लिए गणतन्त्र दिवस के अवसर प्रमाण पत्र देकर इस केन्द्र को पुरस्कृत करने का कार्य किया जायेगा। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर बी0के0 भारती ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर बी0के भारती ने बताया कि इस बार गणतन्त्र दिवस के अवसर विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य चील्ह को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए विभाग द्वारा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत करने का निर्णय किया है। इस केन्द्र पर आयुष्मान योजन के तहत 01 अप्रैल से जनवरी 2022 तक 30 लोगों का उपचार किया गया है। उसमें डिलवेरी से लेकर पेट की खराबी तक का उपचार किया गया है। कार्डधारक कही भी एक वर्ष में पांच लाख रूपये तक का निशुल्क उपचार योजना से सम्बन्द्ध 18 सरकारी व 28 निजी चिकित्सालयों में आसारी से करा सकते है।

### चार आरोपियों का बीजपुर पुलिस ने किया चालान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस ने रविवार की रात्रि बीजपुर बाजार परिक्षेत्र स्थित एक अंग्रेजी शराब के सेल्समैन राहुल सिंह पुत्र देव सिंह से से गाली गलौज व कहासुनी करने के आरोप में मौके से कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को पुलिस ने चालान कर सोमवार को अग्रीम कार्रवाई हेतु सम्बंधित न्यायालय में न्यायाधीश के समक्ष पेश किया। चालान किए गए आरोपियों में ग्राम सभा बीजपुर के पुनर्वास प्रथम निवासी 19 वर्षीय अमित कुमार पुत्र रामेश्वर,21 वर्षीय सुनील गुप्ता पुत्र रविचन्द्र गुप्ता व 49 वर्षीय गोपीचंद केवट पुत्र स्व. राजमन एवं मध्य प्रदेश प्रान्त के जनपद सिंगरौली थाना बैढन ग्राम सुईडीह निवासी 23 वर्षीय धर्मेद्र सिंह पुत्र अमरकान्ति सिंह के नाम शामिल हैं।

### डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का शपथ ग्रहण समारोह कचहरी परिसर में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सोनभद्र जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन सदस्य हरीशंकर सिंह एडवोकेट रहे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष सुधाकर मिश्रा तथा संचालन महामंत्री अतुल प्रताप पटेल एवं पूर्व अध्यक्ष दयाराम यादव ने किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विध्यवासिनी प्रसाद सिंह को शपथ मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश सोनभद्र एवं महामंत्री एवं सभी पदाधिकारियों को बिशिष्ट अतिथि हरिशंकर सिंह ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह को जनपद न्यायाधीश सोनभद्र, विशिष्ट अतिथि हरिशंकर सिंह,एमएसीटी न्यायाधीश हरिकृष्ण शुक्ला,वरिष्ठ अधिवक्ता रामप्यारे सिंह,भोला सिंह यादव,सुरेंद्र कुमार पांडेय, रमेश राम पाठक,चन्द्रकान्त शर्मा, धन्नजंय मौर्या आदि लोगों ने सम्बोधित किया। समारोह में मनोज कुमार पांडेय, जगजीवन सिंह,राजबहादुर सिंह,रणजीत सिंह, विश्राम सिंह, स्वदेश कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्राचीन मंदिर से शिवलिंग चोरी

**धानापुर,चंदौली।** थानाक्षेत्र के बिझवल गांव में बीती रात चोरों ने शंकर जी के मंदिर से सैंकड़ो वर्ष पुरानी शिवलिंग उखाड़ ले गए। बताया जाता है कि पुजारी बाबा सुमंत दास प्रतिदिन की भांति रात में पूजा अर्चना कर मंदिर में ताला बंद कर सोने चले गए और प्रातः जब मंदिर में आया तो मंदिर का टूटा दरवाजा देख सन्न रह गए। शोर गुल करने के बाद ग्रामीण एवं ग्राम प्रधान रामजी कुशवाहा भी पहुंच गए और मन्दिर के अंदर देखा तो शिवलिंग गायब था। ग्राम प्रधान ने तत्काल थाने को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर लोगों का कहना है कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि जांच चल रही है जल्द ही यह कृत्य करने वाले को पकड़ लिया जाएगा।

### महाविद्यालय में मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह

**धानापुर,चंदौली।** शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन उच्च शिक्षा निदेशक के निर्देश के अन्तर्गत कॉविड प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुई मनाया गया आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सबसे पहले संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें चंदन प्रथमए विजयए द्वितीयएपवन तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक गीत प्रतियोगिता में दिव्या विश्वकर्मा प्रथमए खुशबू द्वितीयए चंदन तृतीय तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में आकृति प्रथम संध्या द्वितीयएअर्जुन मौर्य तृतीय। नाटक प्रतियोगिता आयुषी प्रथम एऔर रूबी के द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ नौशाद अहमद ने सभी बच्चो को मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**●नुक्कड़ नाटक का मंचन**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** के संसदीय क्षेत्र के नागेपुर, हरसोस गाँव में सोमवार को मतदाता जन जागरूकता रैली निकाली गयी। लोक समिति, विश्व ज्योति जनसंचार समिति और आशा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रेरणा कला मंच के कलाकारों ने राजा नही सेवक चाहिये,गिरोहबन्द नाटक दिखाकर लोगों से आगामी विधान सभा चुनाव में सही,अच्छा और ईमानदार उम्मीदवार को वोट देने की अपील किया। युवाओं ने जो पिलाये हमें शराब समझो उनकी नीयत खराब, ना साड़ी ना नोट से गाँव बदलेगा सही वोट से, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, मास्क और दो गज की दूरी मतदान करना है जरुरी,साबुन से हाथ धोकर जायेंगे और मतदान करके आयेंगे आदि नारा लगाते हुए गाँव में रैली निकाली। इस दौरान आयोजित नुक्कड़ सभा में लोगों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद गाँव में चुनाव को लेकर सरगर्मियाँ और गुटबाजी बढ़ गया है। बहुत सारे संभावित उम्मीदवार अभी से मतदाताओं को रिझाने की कोशिश कर रहे है। लोगों को दारू, मुर्गा, शराब पिला खिलाकर बहुत सारे प्रलोभन भी दे रहे है।



## रिजर्व पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस का रिहर्सल



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

गणतंत्र दिवस बुधवार को है, इसको लेकर रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट वाराणसी में सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक रामकुमार एवं पुलिस महानिरीक्षक ने जवानों की मार्चपाश की सलामी दी तथा इस अवसर पर जवानों ने रिर्हसल भी किया। रिहर्सल में घोड़े, मोटर साइकिल पर सवार जवान अधिकारियों को सलामी दे रहे थे तथा परेड का भी जमकर रिहर्सल किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में एडीजी व आई जी ने तथा रिजर्व पुलिस लाइन के प्रसार निरीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में शहीद जवानों को सलामी देकर श्रद्धाजंलि दी। पुलिस अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस की तैयारी का जायजा लिया एवं उनको परेड की बारीकि से समझाया। इस भारी ठंड में महिला, पुरूष जवान सुबह से ही परेड में शामिल हुए।

### इस गणतंत्र दिवस पर लोगों के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** वैश्विक महामारी मैं लोगों को जागरूक करने की पहल अधिक से अधिक मास्क लगाना और वैक्सीनेशन कि दोनों डोज लगवाने के लिए प्रेरित करना जैसे अभियान चलाएं, हमेशा से लोगों को लिए विशेष बचत का वादा की पहल को आगे बढ़ाते हुए टेक?नो ने आज अपनी पोवा सीरीज से नियो स्मार्टफोन लॉन्च किया। महामारी के दौर में भी लोगों के ऊपर पड़ने वाले भार को कम करने का प्रयास जिससे सभी प्रकार के लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके ऑनलाइन क्लासेस या सभी प्रकार की कोचिंग ऑनलाइन पाने के लिए पोवा सीरीज के ये प्रतिस्पर्धी कीमतों पर डिजिटल युग में जेनरेशन जेड के उपभोक्ता अपने स्मार्टफोन का कई काम के लिए प्रयोग करते हैं, जिसमें भारी मात्रा में डेटा जेनरेट करने की जरूरत होती है।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल शांति की अपील की गई

**सकलडीहा,चंदौली।** हिन्दुस्तान संवाद शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन लगातार कवायद में जुटी है। सोमवार को सीओ अनिरूद्ध सिंह की दिशा निर्देशन में कोतवाल विनोद मिश्रा ने सकलडीहा सहित आसपास गांव में अर्ध्य सैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोगों को निर्भिक होकर मतदान करने की अपील किया। विधान सभा चुनाव शांतिपूर्ण और सकुशल कराने को लेकर जिलाधिकारी संजीव सिंह और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल लगातार भ्रमण कर लोगों को निर्भिक होकर मतदान करने को लेकर अपील कर रहे है।

## पॉलिटेक्निक के छात्रों ने बनाई आकृति, सुंदरीकरण का प्रयास

**संवाददाता।** धानापुर,चंदौली



**क्षेत्र के सिहावल** स्थित महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ़इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के अंतिम वर्ष के छात्रध्छात्राओं ने अपनी तकनीकी शिक्षा का उपयोग करते हुए संस्था के सुंदरीकरण किया। छात्र अजय कुमार मौर्यए सुमित कुमारए रितिक गुसाए मनीष कुमार का कहना है कि संस्था में काफी खाली स्थान पड़ा है जिसे सुन्दर और आकर्षक बनाकर संस्था की तरफ़ लोगों का ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना है कि पठन.पाठन के लिए एक शांत एवं अच्छा वातावरण अत्यंत आवश्यक है। छात्र छात्राओं ने बहुत ही आकर्षण रंगोली और परिसर के आसपास साफ सफाई कर डिज़ाइन बनाया है जो मनमोहक है। अंग्रेज़ी के प्रवक्ता मनीष राय एवं विनोद कुमार विश्वकर्मा वरिष्ठ प्रवक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ने बच्चों के इस लगन की काफी सराहना किया।

## अज्ञात युवक का गला कटा शव मिलने से मची सनसनी

**● धटना स्थल पहुचें पुलिस अधीक्षक**

**संवाददाता।** डाला/सोनभद्र

**चोपन थाना** क्षेत्र के तेलगुडवा पेट्रोल टंकी के पास सोमवार की सुबह आठ बजे एक निर्माणाधीन मकान के भीतर अज्ञात एक युवक का गला कटा हुआ शव मिलने से सनसनी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रताप सिंह व एडिशनल विनोद कुमार मौके पर पहुच कर निरीक्षण किया और मामले का पटापेक्ष करने के लिए टीमों को दिशा निर्देश दिया। निर्माणाधीन मकान स्वामी रामकुमार गौड़ पुत्र दयाराम निवासी तेलगुडवा ने बताया की मकान मे छत डालने के लिए हो रहे सटरिंग को देखने के लिए सोमवार की सुबह कमरे मे प्रवेश किया तो एक अज्ञात मृत व्यक्ति का खुन से लथपथ शव देखकर हतप्रभ रह गया, मृत युवक दो शर्ट, काली स्वेटर,बैंगनी पैंट व स्लेटी मोजे के साथ सैडिंल पहना हुआ है, उसका गर्दन कटा हुआ था और गर्दन पर ही एक ईट रखा हुआ है जिसमें जगह जगह खुन के निशान मौजूद हैं, युवक की सीर पर कई जगहों पर चोट के निशान है, सिर से खुन बहकर सुख गया, मृत युवक को सटरिंग के खम्भों के बीच लिटाया गया है, अज्ञात युवक के पास एक खुन से लथपथ गमछा और एक मोडी हुई नई चड्ढी पडी हुई है। अज्ञात युवक को देखने से प्रतित हो रहा की युवक को कहीं मार कर निर्माणाधीन मकान में हो रहे सटरिंग के बीचो बीचो लाकर लिटा दिया गया। एक अज्ञात युवक की हत्या की सूचना मिलते ही चोपन इंस्पेक्टर के के सिंह व डाला चौकी प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर मौके पर पहुच गए।



## सपा ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**संवाददाता।** मीरजापुर

**समाजवादी** पार्टी की ओर से सोमवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की ९८वीं जयंती पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर वर्चुअल माध्यम से मनाई गई। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर उनके योगदानों को याद किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जननायक नेता थे। उन्होने पिछड़ेए ओबीसी के लिए आरक्षण लागू किया। उनका जीवन हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समर्पित रहा। पूर्व मंत्री मुन्नी यादव ने कहा कि कठिन परीश्रम के बल पर एक बार वह उपमुख्यमंत्री और फिर मुख्यमंत्री बने। जिला उपाध्यक्ष रामगोपाल बिन्द ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर दबे.कुचलों के विकास के लिए लगे रहे। इस अवसर पर जिला महासचिव अभय यादव ने कहा कि उनके योगदान को भुलाया नही ंजा सकता।



# सपा ने छिबरामऊ से अरविंद यादव को मैदान में उतारा





● समाजवादी पार्टी ने तीनों विधानसभा सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार, कन्नौज सदर से अनिल दोहरे, तिर्वा से अनिल पाल को टिकट

संवाददाता। कन्नौज

**विधानसभा** चुनाव में समाजवादी पार्टी ने कन्नौज जनपद की तीनों विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। समाजवादी पार्टी ने छिबरामऊ सीट से अरविंद यादव को उम्मीदवार घोषित किया है। जबकि सदर विधानसभा व तिर्वा विधानसभा सीट पर पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है।

विदित हो कि समाजवादी पार्टी ने कन्नौज जिले की सुरक्षित सदर सीट से वर्तमान विधायक अनिल दोहरे व तिर्वा विधानसभा सीट से पूर्व विधायक विजय बहादुर पाल के पुत्र अनिल पाल को उम्मीदवार घोषित किया था। छिबरामऊ विधानसभा सीट से सपा की टिकट के लिए दो उम्मीदवारों के नाम चल रहे थे जिसमें पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी व अरविन्द यादव का नाम शामिल था। सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय द्वारा जारी की गई उम्मीदवारों की सूची में छिबरामऊ विधानसभा से पुन: अरविन्द यादव को उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। अरविन्द यादव को प्रत्याशी घोषित किए जाते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनाव 2017 में भी अरविन्द यादव को अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन वह भाजपा उम्मीदवार अर्चना पाण्डेय से पराजित हुए थे।

## ताहिर हुसैन को फिर मिली निराशा

**समाजवादी** पार्टी द्वारा छिबरामऊ सीट से अरविन्द यादव को उम्मीदवार घोषित किए जाते ही पूर्व विधायक व छिबरामऊ सीट से दावेदारी कर रहे ताहिर हुसैन सिद्दीकी को निराशा मिली। ताहिर हुसैन को टिकट न मिलने से उनके समर्थक भी निराश दिखे। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव में ताहिर हुसैन बसपा की टिकट से छिबरामऊ सीट से प्रत्याशी थे और चुनाव के बाद उन्होने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था।

## बसपा ने नहीं घोषित किए प्रत्याशी, दूसरे दलों के बागी नेताओं पर नजर

**कन्नौज।** विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन शुरू हो जाएगा लेकिन अभी तक बहुजन समाज पार्टी ने जिले की तीनों विधानसभा सीटों से उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं बसपा समाजवादी पार्टी व भाजपा के बागी उम्मीदवारों पर नजर रखे है और तीनों विधानसभा सीटों से उन्हे उम्मीदवार बनाया जा सकता ळें सदर विधानसभा सीट से जहां भाजपा द्वारा पूर्व आईपीएस असीम अरूण को प्रत्याशी घोषित किए जाने से भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रहे एक पूर्व विधायक पर बसपा की नजर है तो छिबरामऊ विधानसभा में सपा द्वारा अरविंद यादव को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद बसपा की नजर अपनी ही पार्टी के पूर्व विधायक पर है जो पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा के उम्मीदवार रहे हैं। कमोवेश यही हाल तिर्वा विधानसभा सीट पर भी सपा के घोषित उम्मीदवार अनिल पाल से नाराज एक वरिष्ठ सपा नेता पर भी बसपा की नजर है। बसपा से जुड़े सूत्रों की मानें तो बसपा तीनों सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर चुकी है और 25 जनवरी को उनके नामों की घोषणा हो जाएगी। संभवता यह अन्य दलों के बागी हो सकते हैं।

## भाजपा प्रत्याशियों का जनसम्पर्क तेज

**कन्नौज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में तीनों विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं और सभी उम्मीदवारों ने जनसम्पर्क शुरू कर दिया है। भाजपा के सदर सीट से उम्मीदवार असीम अरूण ने सोमवार को मुख्यालय में तहसील सदर व कचहरी परिसर में अधिवक्तों से जनसम्पर्क कर वोट मॉंगें। वहीं तिर्वा विधानसभा से उम्मीदवार कैलाश राजपूत ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जनसम्पर्क किया। छिबरामऊ विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार अर्चना पाण्डेय ने अपने समर्थकों के साथ जनसम्पर्क कर पुन: विजयी बनाए जाने के लिए आर्शीवाद मांगा।

# फतेहपुर में सपा ने 6 में से 5 प्रत्याशी किये घोषित

● खागा (सुरक्षित) से नही घोषित हुआ प्रत्याशी, 48 घंटे में जारी हो सकता है नाम









संवाददाता। फतेहपुर

**भारतीय** जनता पार्टी ने जहॉ बीते दिनों जनपद की 06 विधानसभाओं में से 04 के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी थी। वहीं देर शाम आयी सूची में समाजवादी पार्टी ने भी अपने 05 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। देर शाम प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होने के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि अब जीत सुनिश्चित है। अब प्रत्याशियों के लिए घर-घर जाकर समर्थन मांगा जाएगा और पार्टी की नीतियों व रीतियों को जन-जन तक पहॅुचाने का काम किया जाएगा।

देर शाम जारी हुई समाजवादी पार्टी की सूची में 238 जहानाबाद से पूर्व विधायक मदन गोपाल वर्मा, 239 बिन्दकी से सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयालू गुप्ता व नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन चन्द्र प्रकाश लोधी को पुन: 240 सदर विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया गया है। ज्ञातव्य रहे कि उक्त तीनों सीटों पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वर्ष 2017 के चुनाव में भी मैदान में उतारा था, किन्तु मोदी लहर में पार्टी का गणित धराशायी साबित हुआ था और उक्त सभी प्रत्याशी भारी अंतर से चुनाव हार गये थे। सपा ने इनके अलावा 241 अयाह-शाह विधानसभा से पूर्व राज्यसभा सांसद/सपा के राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर प्रसाद निषाद व 241 हुसैनगंज विधानसभा से पूर्व मंत्री स्व0 मुन्ना लाल मौर्य की धर्मपत्नी ऊषा मौर्य को प्रत्याशी घोषित किया है। बताते चलें कि इसके पूर्व ऊषा मौर्य वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री थीं और बीते वर्ष ही कांग्रेस छोड़कर सपा की सदस्यता ग्रहण की है। जारी हुई सूची के सम्बन्ध में जब पार्टी के कार्यकर्ताओं का मन टटोलने का प्रयास किया गया तो उनका कहना रहा कि सपाध्यक्ष द्वारा जो सूची जारी की गयी है वह सही निर्णय है। पार्टी को भारी बहुमत से जीत दिलाने का जनपद में काम किया जाएगा और भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। सूची जारी होने के बाद घोषित हुए प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी देखी गयी और एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार करते हुए गले मिलते देखे गये। उधर फतेहपुर जिले की खागा (सुरक्षित) सीट पर पार्टी का प्रत्याशी अभी तक घोषित नही हुआ है, जिसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे है। कुछ लोगो का कहना रहा कि उक्त सीट अपना दल (के) गुट को मिल सकती है। जबकि सपा के जानकारों का कहना रहा कि उक्त सीट पर भी अगले 48 घंटे के अन्दर प्रत्याशी घोषित कर दिये जायेंगे। उधर हुसैनगंज से ऊषा मौर्य को प्रत्याशी बनाये जाने पर मौर्य समाज ने आज यहां मिष्ठान वितरित कर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान सूरजदीन मौर्या, जगदीश मौर्या, बीरेन्द्र मौर्या, रामखेलावन मौर्या, प्रेम मौर्या, शैलेन्द्र मौर्या, राजेश मौर्या, अजय पाल मौर्या, बब्लू मौर्या आदि उपसिथत रहे।

## हमलाकर किया घायल

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला नींव रठौरा निवासी मंगल सिंह कठेरिया ने गांव के ही सलमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में कहा कि 18 जनवरी की शाम वह बाजार से सब्जी खरीदकर घर आ रहे थे। रास्ते में सलमान ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर दिया। जिससे पेट में घाव हो गया। आरोपित जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया।

## जान से मारने धमकी

**फर्रुखाबाद।** शमसाबाद ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी सुभाष चंद्र कठेरिया ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 14 जनवरी को मोबाइल पर काल आई। उसने नाम पूछा और खुद को कन्नौज का रहने वाला बताया। नाम बताने के बाद ही वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद दूसरे दिन नंबर बदलकर फोन किया और गाली.गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर विविध आयोजन

संवाददाता। कानपुर देहात





**उत्तर** प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार कक्ष में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, अपनी राजनैतिक, सांस्कृतिक विशेषताओं को धारण करने वाले इस प्रदेश की गरिमा और विशिष्टता को रेखांकित इस कार्यक्रम में किया गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, हमें इस बात का गर्व होना चाहिए कि हमें इतने बड़े प्रदेश में सेवा करने का अवसर मिला है, इसी लिए इस प्रदेश की बेहतरी के लिए हमें निष्ठा और लगन के साथ प्रयास करना चाहिए, हमारे द्वारा किया अच्छा कार्य ही इस प्रदेश को प्रगति के पथ पर ले जायेगा, हमारे डाक्टरों और टीकाकरण में लगे अधिकारियों के प्रयासों का ही परिणाम रहा कि आज हम प्रथम डोज में 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन अपने नागरिकों को लगा सके, इसीलिए जनपद में एक सुरक्षा का माहौल पैदा हो सका, चूंकि इस समय प्रदेश में विधान सभा सामान्य निर्वाचन होने वाला है, इसलिए जरूरी है कि हम एक अच्छा जनप्रतिनिधि चुनने के लिए निर्वाचन में अपनी भागीदारी निभायें, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी बूस्टर डोज अवश्य लगवा ले, इन छोटी-छोटी चीजों से हम प्रदेश को उन्नत के पथ पर अग्रसर कर सकते है।

इस मौके पर बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश विश्व के कई देशों से बड़ा है, कोविड-प्रोटोकॉल और आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए हमें अपने दायित्वों का निर्वाह करना है, सभी नागरिकों का दायित्व है की हम अपना टीकाकरण अवश्य करा ले। जिससे हम अपने को और अपनों को सुरक्षित बनाकर आने वाले चुनाव को भी सफलीभूत कर सकते है। इस कार्यक्रम का संचालन जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने किया, जबकि आयें हुए समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन डीसी मनरेगा हरीशचन्द्र ने किया।

## तीन चोर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। रेलवे रोड चौकी इंचार्ज कामता प्रसाद ने मोहल्ला बाग कूंचा निवासी राहुल सिंह राठौर उर्फ गोलू ठाकुर पुत्र अवधेश सिंह मोहल्ला गढ़ी कोना फाटक निवासी अरमान मंसूरी पुत्र निजाम निजामुद्दीन एवं मोहल्ला नई बस्ती तेलियो वाली गली निवासी देवराज उर्फ राजन पुत्र स्वर्गीय राम सिंह को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशा देही पर सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई।

## भाभी से विवाद में देवर गिरफ्तार

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव हाजीनगला निवासी अचिन कुमार का रविवार रात उसकी भाभी से विवाद हो गया। गाली गलौज व मारपीट करने की शिकायत पर पहुंची पुलिस अचिन को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पूछताछ के बाद सोमवार को उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।

## एके राठौर भी लड़ेंगे चुनाव,नदीम फारुकी लखनऊ तलब

**फर्रुखाबाद।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सपा नेता एके राठौर भी भोजपुर विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। छात्र नेता आदित्य कुमार राठौर ने बसपा से चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांगी है। मालूम हो कि एके राठौर की पत्नी पूनम राठौर जिला पंचायत सदस्य हैं। एके राठौर ने बीते महीने पहले ही सपा की सदस्यता ग्रहण की थी। पूर्व प्रत्याशी जैमिनी राजपूत भी चुनाव लड़ने के लिए सक्रिय हैं जैमिनी ने इसी विधानसभा से बीता चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा था। इससे पूर्व वह कांग्रेस की टिकट पर भी अपना भाग्य आजमा चुके हैं। भाजपा ने अभी तक जिले में किसी प्रत्याशी की घोषणा नही की है। दूसरी पार्टी में जाने के कारण सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी अभी तक 3 विधान सभाओं के प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। जबकि प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं कायमगंज के प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर का जबरदस्त विरोध किया जा रहा है। सपा मुखिया ने टिकटों के बारे में राय लेने के लिए जिलाध्यक्ष को लखनऊ बुलाया है।

# मतदान व वैक्सीनेशन को लेकर डीएम ने की बैठक

संवाददाता। कानपुर देहात

**भारत** निर्वाचन आयोग द्वारा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा राज्यों जहॉं विधान सभा सामान्य निर्वाचन- 2022 की प्रक्रिया गतिमान है, उन राज्यों के मुख्य सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, स्वास्थ्य सचिव के साथ वर्चुअल मीटिंग की गई। आयोग द्वारा कोविड महामारी की वर्तमान एवं अनुमानित स्थिति, वैक्सीनेशन आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह ने वर्चुअल बैठक में दिये गये निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि रोड शो, पद-यात्रा, साइकिल, बाइक, वाहन रैली तथा जुलूस दिनांक 31 जनवरी, 2022 प्रतिबन्धित रहेगें। प्रथम चरण में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची दिनांक 27 जनवरी 2022 को अन्तिम हो जायेगी तथा दिनांक 28 जनवरी 2022 से 08 फरवरी, 2022 तक राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा मैदान की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा जो कम हो, तक भौतिक रूप से मीटिंग्स की अनुमति प्रदान की गई है। द्वितीय चरण में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची दिनांक 31 जनवरी, 2022 को अन्तिम हो जायेगी। अत: दिनांक 01 फरवरी, 2022 से 12 फरवरी 2022 तक राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लडने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा मैदान की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा, जो कम हो, तक भौतिक रूप से मीटिंग्स की अनुमति प्रदान की गई है। आयोग द्वारा डोर-टू-डोर कैम्पेन की सीमा में वृद्धि कर दी गई है। अब डोर-टू-डोर कैम्पेन के तहत 05 व्यक्तियों के स्थान पर 10 व्यक्तियों के साथ (सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर) प्रचार किया जा सकता है। वीडियो वैन के साथ खुली जगह में कोविड मानकों का अनुसरण करते हुए जगह की क्षमता का 50 प्रतिशत अथवा 500 व्यक्ति अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा, जो कम हो, प्रचार-प्रसार किया जा सकता है बशर्ते जन साधारण को और ट्रैफिक के आवागमन के सम्बन्ध में कोई असुविधा न हो। आयोग द्वारा राजनैतिक दलों हेतु अधिकतम 300 व्यक्तियों अथवा हाल की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ै;क्ड।) द्वारा अनुमन्य सीमा के अन्तर्गत इन्डोर मीटिंग की अनुमति पूर्व में ही प्रदान की जा चुकी है, जो जारी रहेगी। आयोग द्वारा राजनैतिक दलों से कोविड अनुरूप व्यवहार निर्वाचन सम्बन्धी समस्त गतिविधियों के दौरान आदर्श आचार संहिता के समस्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

## कुएं में गिरकर वृद्ध की दर्दनाक मौत

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** पानी भरे गहरे कुएं में गिर कर वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। जिसके चलते हडकंप मचा रहा। लगभग 01 घंटे से अधिक के प्रयास के बाद बड़ी मशक्कत से वृद्ध को बाहर निकाला गया हालांकि जीवित रहने की आशा पर आनन-फानन में निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पान मसाला की दुकान खोले हुआ था।कोतवाली क्षेत्र के जनता गांव में पानी से भरे गहरे कुएं में गिरकर देवी प्रसाद उर्फ सोनेलाल शुक्ला उर्फ सोनी शुक्ला उम्र लगभग 70 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। लोगों को जानकारी हुई तो हडकंप मच गया। मौके पर फायर ब्रिगेड पुलिस के अलावा सैकडों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे। लगभग 1 घंटे से अधिक के प्रयास के बाद वृद्ध को बाहर निकाला गया और जीवित रहने की आशा पर आनन-फानन में सीएचसी ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में हडकंप मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। बताते चलें कि मृतक कस्बे की तहसील के समीप पान मसाला की दुकान खोले हुए थे।

# डीएम व एसपी ने नामांकन क्षेत्रों का किया सघन दौरा, दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक स्वप्रिल ममगई ने विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु निर्वाचन क्षेत्रों का नामांकन हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि निर्वाचन आयोग जनपद कानपुर देहात में समाविष्ट 205-रसूलाबाद(अ0जा0), 206-अकबरपुर रनिया, 207 सिकन्दरा एवं 208-भोगनीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का नामांकन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 25 जनवरी 2022 से प्रारम्भ हो जाएगा। उक्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का नाम- निर्देशन पत्र दाखिला, नाम निर्देशन पत्रों की जाँच व वापिसी का कार्य अकबरपुर माती मुख्यालय स्थित निम्नलिखित कक्षों में प्रात: 11-00 बजे से 03-00 बजे तक होगा। निर्वाचन की अधिसूचना का दिनांक 25 जनवरी, 2022 दिन मंगलवार, नाम निर्देशन हेतु अन्तिम दिनांक 01 फरवरी, 2022 (मंगलवार), नाम निर्देशनों की जांच हेतु दिनांक 2 फरवरी, 2022(बुधवार), नाम वापिसी हेतु अन्तिम दिनांक 04 फरवरी 2022 (शुक्रवार), मतदान का दिनांक 20 फरवरी 2022 (रविवार), मतगणना का दिनांक 10 मार्च 2022, (गुरूवार) को होगा। उन्होंने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों का नाम-निर्देशन पत्र दाखिला का कार्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम 205 रसूलाबाद (अ0जा0) का कक्ष संख्या 103 न्यायालय कक्ष अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), 206 अकबरपुर रनियां का कक्ष संख्या 102 न्यायालय कक्ष जिलाधिकारी/जिला मजिस्टेऊट कानपुर देहात, 207 सिकन्दरा का कक्ष संख्या 104 न्यायालय कक्ष अपर जिलाधिकारी न्यायिक कानपुर देहात, 208 भोगनीपुर का कक्ष संख्या 106 न्यायालय कक्ष अपर जिलाधिकारी प्रशासन कानपुर देहात में किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थी के साथ 2 व्यक्तियों को जाने की अनुमति होगी तथा नामांकन कराने हेतु अभ्यर्थी को अधिकतम 2 वाहन ही अनुमन्य होंगे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांकन के समय सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रहे तथा बैरीकैटिंग की व्यवस्था सही प्रकार से की जाये, सीसीटीवी कैमरा पूर्णतया काम करें।

# आज से होगा नामांकन, तैयारियां पूरी



संवाददाता। कन्नौज

**विधानसभा** चुनाव के नामांकन कलेक्ट्रेट परिसर में आज से शुरू होगा। तीनों विधानसभा क्षेत्र के नामांकन कलेक्ट्रेट परिसर के न्यायालयों में होंगे।परिसर में बैरीकेडिंग के साथ सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। साथ ही अन्य तैयारी तेज हो गई है। जिले में विधानसभा चुनाव तीसरे चरण में 20 फरवरी को होगा। नामांकन 25 जनवरी से तीनों विधानसभा क्षेत्र के कलेक्ट्रेट परिसर के न्यायालयों में किए जाएंगे। सोमवार को नामांकन की तैयारी और तेज कर दिनभर काम किया गया। जगह-जगह बैरीकेडिग के साथ नामांकन कक्ष तक आने व जाने को रास्ता बनाए गए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधिकारियों ने कर्मियों की तैनाती करने की जगह तय की। सेक्टर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों के भी ड्यूटी स्थल निर्धारित किए गए। जिलाधिकारी राकेश कुमार ने निरीक्षण कर अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उपजिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया तक कलेक्ट्रेट में आना-जाना प्रतिबंधित रहेगा। नामांकन के लिए प्रत्याशी व अन्य को कोषागार की तरफसे कलेक्ट्रेट के गेट नंबर एक से प्रवेश दिया जाएगा। बाकी सभी गेट बंद रहेंगे। सभी जगह पुलिस बल तैनात रहेगा। प्रत्याशी के साथ एक प्रस्तावक व एक अन्य व्यक्ति को आने की अनुमति रहेगी, जो कोरोना की गाइडलाइन का पालन करते हुए नामांकन करेंगे। वाहन भी तीन से अधिक नहीं ला सकेंगे, जो वन विभाग स्थित कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट से अंदर नहीं जाएंगे।

# बसपा ने सदर से अय्यूब अहमद पर जताया भरोसा

संवाददाता। फतेहपुर

**करीब** 25 सालों से बहुजन समाज पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में समर्पित भावना के साथ बसपा के सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के नारे को साकार करने के मिशन पर जुटे अय्यूब अहमद पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने विश्वास जताते हुए सदर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। अय्यूब अहमद के प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उनके आवास पर जहां बधाई देने वालों का तांता लग गया। वही लोगों ने अय्यूब अहमद को बधाई देते हुए जीत सुनिश्चित कराने का भरोसा दिलाया।

उधर बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद बातचीत के दौरान अय्यूब अहमद ने बताया कि वह बहुजन समाज पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और लगभग 25 सालों से वह पार्टी से जुड़ कर उसकी नीतियों व रीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहन जी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि सदर समेत जिले की सभी 06 सीटों पर बसपा प्रत्याशियों की विजय हो और 05वीं बार बहन जी को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन किया जा सके। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की राजनीति करती है और यही एकमात्र ऐसी पार्टी है। जिसमें सभी वर्गो का हित सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि प्रदेश का चहुंमुखी विकास कराने की जब-जब बात आती है तब लोगों के जेहन में बसपा सुप्रीमो का कार्यकाल याद आता है। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बहन मायावती 05वीं बार आसीन होंगी और भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी का प्रदेश की राजनीति से सूपड़ा साफहो जाएगा।

## गांजा व बाइक समेत अंर्तजनपदीय तस्कर को किया गिरफ्तार

**खखरेरू ( फतेहपुर )।** आने वाले विधानसभा चुनाव को सकुशल शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के द्वारा अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष की अगुवाई में शिवपुरी चौकी इंचार्ज पंकज कुमार सिंह, हे0का0 प्रेम कुमार पाठक, का0 संदीप यादव, शशिशेखर राय व राम कुमार ने रात्रि गश्त एवं वाहन चेकिंग के दौरान धाता रोड ऐमापुर वहद ग्राम ऐमापुर से कैलाश नाथ पाण्डेय पुत्र स्व0 रामचंद्र पाण्डेय उम्र लगभग 58 वर्ष निवासी ग्राम देवल थाना पहाडी जनपद चित्रकूट को 51 सौ ग्राम गांजा व मोटरसाइकिल के साथ सुबह 5:30 बजे गिरफ्तार कर थाना परिसर लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया है।

# दस लोग ही कर सकेंगे अब डोर-टू-डोर कैंपेन

संवाददाता। फतेहपुर

**जिला** मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पत्र के द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा 05 राज्यों जहां विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की प्रक्रिया गतिमान है, उन राज्यों के मुख्य सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, स्वास्थ्य सचिव के साथ 22 जनवरी को वर्चुअल मीटिंग की गयी। आयोग द्वारा कोविड-19 महामारी की वर्तमान एवं अनुमानित स्थिति वैक्सीनेशन आदि बिंदुओं पर विचारोंपरान्त निर्देश दिए गये है। जिसमें रोड शो, पद यात्रा, साइकिल/बाइक/वाहन, रैली तथा जुलूस 31 जनवरी तक प्रतिबंधित रहेंगे। आयोग द्वारा डोर-टू-डोर कैंपेन की सीमा में वृद्धि कर दी गयी है। अब डोर-टू-डोर कैंपेन के तहत 05 व्यक्तियों के स्थान पर 10 व्यक्तियों के साथ (सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर) प्रचार किया जा सकता है।

वीडियो वैन के साथ खुली जगह में कोविड मनको का अनुसरण करते हुये जगह की क्षमता का 50 प्रशिक्षत अथवा 500 व्यक्ति राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा जो कम हो, प्रचार-प्रसार किया जा सकता है। बशर्ते जन साधारण को और ट्रैफिक के आवागमन के संबंध में कोई असुविधा न हो। आयोग द्वारा राजनैतिक दलों हेतु अधिकतम 300 व्यक्तियों अथवा हाल की क्षमता के 50 प्रशिक्षत अथवा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा अनुमन्य सीमा के अंतर्गत इंडोर मीटिंग की अनुमति पूर्व में प्रदान की जा चुकी है, जो जारी रहेगी।

आयोग द्वारा राजनैतिक दलों से कोविड अनुरूप व्यवहार एवं निर्वाचन सम्बधी समस्त गतिविधियों के दौरान आचार संहिता के समस्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने की अपेक्षा की गयी।

# शिक्षा को लेकर किशोरियों ने पीएम को भेजा पोस्टकार्ड

● अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री को अपनी माँगों को पोस्टकार्ड पर लिखकर किया पोस्ट



**अयोध्या।** चैंपियंस फॉर गर्ल्स एजुकेशनए जॉइंट ऑपरेशन फ़ॉर सोशल हेल्प और अवध पीपुल्स फोरम द्वारा जनपद अयोध्या में किशोरियों के साथ शैक्षिणक संवाद कार्यक्रम इस माह चलाया गया। जिसमें लड़कियों ने अपनी मांगों को पोस्टकार्ड लिखकर प्रधानमंत्री जी को प्रधान डाक घर से भेज दिया। फोरम की युवा सामाजिक कार्यकर्ता जगृति सोनकर ने पोस्टकार्ड पोस्ट समय कहा कि 12वी तक शिक्षा को नि:शुल्क और अनिवार्य बना दिया जाए। तो हम में से अनेक लड़कियांए जो निजी स्कूल की फीस वहन करने में सक्षम न होने या 8 के बाद सरकारी स्कूल की अनुपलब्धता के कारण बीच में ही स्कूल छोड़ देती हैं। वे भी अपनी शिक्षा पूरी कर पाएंगीं। यह बात भारत में लाखों किशोरियों के जीवन पर सच बैठता हैए खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की। आस.पास के क्षेत्र में सरकारी माध्यमिक विद्यालयों की कमी एक प्रमुख कारण है।

जिसकी वजह से बच्चे माध्यमिक स्तर पर स्कूली शिक्षा बंद कर देते हैंए खासकर लड़कियां। अधिकांश माध्यमिक विद्यालय जिला या ब्लॉक मु यालय में स्थित होते हैं। शिक्षा की गुणवत्ता में कमीए शिक्षकों की अनुपस्थिति अनुपयुक्त शाला भवनए शौचालयों की अनुपस्थिति सुरक्षा संबंधी चिंताएं नकारात्मक सामाजिक मानदंड माता. पिता की सामाजिक .आर्थिक स्थिति कुछ प्रमुख चुनौतियां हैं। जो लड़कियों की शिक्षा में बाधा डालती हैं। एक बार स्कूल छोड़ने परए लड़कियों को अक्सर घर के काम में लगा दिया जाता है और उनकी जल्दी शादी कर देने या मजदूरी करने के लिए मजबूर किए जाने या मानव तस्करी के जोखिम अधिक हो जाते हैं । सामाजिक कार्यकर्ता आफाक उल्लाह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 प्रारंभिक शिक्षा को 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए मौलिक अधिकार बनाता है। इसके कार्यान्वयन के एक दशक के अनुभव से पता चला है कि इसके कार्यान्वयन में कई कमियों के बावजूदए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के लिए कानूनी जनादेश होने के कारण राज्यों ने इसे लागू करने के लिए बेहतर प्रयास किये हैं । अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस जो जनवरी 24 को मनाया जाता हैए और इसे भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता शुभम पांडेय ने बताया कि यह अभियान चैंपियंस फॉर गर्ल्स एजुकेशन द्वारा चलाये जा रहे एक बड़े पोस्टकार्ड हस्ताक्षर अभियान का हिस्सा है। जो असमए बिहार और उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जा रहा हैए जिसमें 50 जिलों से करीब 30ए000 लड़कियां भाग लेंगी। शिक्षा का अधिकार मंच ;राइट तो एजुकेशन फोरमद्ध इस कई अन्य दक्षिण भारत के राज्यों में भी चलाने की योजना बना रहे हैं। शिक्षा के अधिकार के विस्तार के लड़कियां अपने लिए स्कॉलरशिप की भी मांग कर रही हैंए साथ ही सेकेंडरी स्कूल 5 किमी के भीतर उपलब्ध होए स्कूल जाने और वापस आने के दौरान सुरक्षा के उपाय और शिक्षा के लिए वित्तीय और मानव संसाधनों के आवंटन में वृद्धि की माँगे भी शामिल हैं। अयोध्या 10 मोहल्लों में लगभग 500 लड़कियों से परामर्श किया कि उनका स्कूल कैसा होए वह शिक्षा में क्या चाहती हैं। आज अपनी मांगों को प्रधानमंत्री को भेज रही हैं। मांगों को स्थानीय अधिकारियोंजन प्रतिनिधियोंध्विभिन्न राजनीतिक दलों के उ मीदवारों के पास ले जाने की भी योजना है निर्णयकर्ताओं तक पहुंचे।

# बबुआ ही रह जाएंगे अखिलेश: सिद्धार्थनाथ

● कैबिनेट मंत्री ने सपा अध्यक्ष पर साधा निशाना



**प्रयागराज।** कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रयागराज में सोमवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। आवास पर मीडिया द्वारा उठाए गए सवाल कि अखिलेश यादव के प्रश्न यूपी में बिजली का उत्पादन नहीं हुआ का जबाव देते हुए काबीना मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव रोज सोचते हैं कि कौन सा झूठ आज चलेगा। सुबह उठते ही एक झूठ फेंकते हैं। फिर प्रेस वार्ता कर दिन भर कहानियां रचते रहते हैं।

वास्तविकता यह है कि यूपी को आप अंधकार में छोड़ कर चले गए थे। योगी सरकार में हम बिजली दे रहे 24 घण्टे शहरों में ब्लॉक लेवल पर 20 घंटे जा रहा है गांव में 18 घंटे बिजली रहती हैं। यह 5 साल का रिकॉर्ड है। आप कहते हैं कि भाजपा बिजली नहीं देती है। आपका जमाना बदल गया। आप झूठ बोलते हैं रोज झूठ मत फेंकों। अब झूठ बोलना बंद करिए। नहीं तो आप बबुआ हैं और बबुआ ही रह जायेंगे। अखिलेश यादव के पाकिस्तान परस्त बयान पर करारा प्रहार करते सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव कुछ तो इंसानियत दिखाओ। उत्तर प्रदेश में आप पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं। उत्तर प्रदेश से कितने वीर सैनिक हैं। जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया है शहीद हुए हैं। चाहे 1947 1965 1971 और कारगिल युद्ध रहा हो। आज भी हमें सुरक्षित रखने के लिए बलिदान दे रहे हैं। सैनिक किससे लड़ रहे हैं पाकिस्तान से आज आपको पाकिस्तान दिखता है भारत नहीं दिखता है। भारत का वह दुश्मन है ये तुष्टीकरण की हद पार न करें। यह दुर्भाग्यपूर्ण है ।तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। हद पार न करें नहीं तो उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ जनता इसी चुनाव में सबक सिखाएगी।

# रेलवे ने अयोध्या को दिया तोहफा आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह के द्वारा जनपद अयोध्या में विश्व मानकों के अनुरुपृ पयर्टन सुविधाएं विकसित करने के संकल्पों में एक कड़ी और जुड़ गयी है। अयोध्या से चलने वाली पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन मनवर संगम इंटरसिटी सुबह 9 बजे बस्ती के लिए प्रस्थान करेगी। इसके साथ में विल्हरघाट कोल आईडी की सेवाएं शुरु हो गयी है। लोग बुकिंग करके इसका लाभ ले सकते है। अयोध्या कैंट से बाराबंकी ट्रेन विद्युतीकरण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। जो निर्धारित समय में पूरा हो जायेगा। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि रेलवे के इन्फ्रास्टेक्चर में आधुनिकता का समावेश किया जा रहा है।

सरकार एक बेहतर विजन के साथ विकास के प्लान को धरातल पर उतार रही है। डबल इंजन की सरकार आम आदमी की अपेक्षाओं पर शत प्रतिशत खरी उतरी है। भ्रष्टाचार पर जीरो टारलेंस की नीति के तहत काम किया गया। जिससे विकास की परियोजनाओं में गुणवक्तापूर्ण कार्य हुए तथा सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंची। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश का नेतृत्व आज पथ प्रदर्शक की भूमिका में है।

चाहे अपराध के विरुद्ध कारवाई हो या कोविड काल में जनता को मिलने वाले सुविधाएए यूपी सरकार की तारीफआज वैश्विक स्तर पर हो रही है। अयोध्या का विकास केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में रहा है। इसके लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गयी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को विश्व मानकों के अनुरुप सुविधाएं देने के लिए धरातल पर काम काफी तेजी से चल रहा है। अंतराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट की सौगात अयोध्या मो मिल रही है।

# बालिकाओं को प्रावधानों से परिचित होना आवश्यक: डॉ. अशोक

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विधि विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार को संबोधित करते हुए विधि संकायाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार राय ने बालिकाओं के सरंक्षण के विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों से परिचित कराते हुए उनके क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने जॉन मिल्टन का उद्धरण देते हुए कहा कि शिशु उसी तरह मनुष्य को प्रतिबिंबित करता है और स पूर्ण मानवता को लाभान्वित करता है जिस प्रकार सुबह दिन का रूप लेती है और समूची दुनियां को प्रकाशित करती है। डॉ. राय ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न न्यायिक निर्णयों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रवर्तनीय विधायनों की अनुपलब्धता में भी संविधान के मूलभूत सिद्धान्तों की आत्मा के अनुरूप बाल अधिकारों को सुनिश्चित कराया जा सकता है। उन्होंने क्रियाशील विधायन और निर्जीव विधियों में अंतर स्पष्ट करते हुए विधि के उद्देश्यों को मूर्त रूप में लाने पर बल दिया।



जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव रिचा वर्मा ने कन्या रूण हत्याए ईव टीजिंगए स्टाकिंग जैसे अपराधों पर प्रकाश डालते हुए माता पिता को अपनी सोच बदलने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईव टीजिंगए स्टाकिंग जैसे अपराधों की सूचना बालिकाओं द्वारा परिजनों को देने पर परिजनों को उसे अवाइड करने की सलाह देने के बजाय उन्हें यह बताना चाहिए कि यह अपराध है इसके लिए विधिक कार्यवाही आवश्यक है।

डॉ. सन्तोष पांडेय ने वेबिनार को स बोधित करते हुए कहा कि लैंगिक असमानता एवम बालिकाओं के प्रति हो रहे अत्याचार एअनाचार का सन्दर्भ एक सामाजिक चिंता का विषय है। प्रत्येक जि मेदार नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो बालिकाओं के स मान के विरुद्ध हो। प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत तौर पर तय की स्वैच्छिक जि मेदारी बालिकाओं के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगी अन्यथा सिर्फ विधि निर्माण से अपेक्षित सुधार अस भव है। डॉ. विवेक ने विभिन्न सांविधिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उनके क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला।

## क्विक न्यूज

### ग्रामीणों से निडर होकर मतदान करने की अपील

**जाना बाजार।** गोसाईगंज विधानसभा के मतदान केंद्र बने विद्यालयों में उप जिलाधिकारी बीकापुर और क्षेत्राधिकारी बीकापुर हैदरगंज पुलिस फोर्स के साथ भौतिक सत्यापन के लिए पहुंचे । इस दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें निर्भय होकर मतदान करने की अपील किया । बेला रामबाग विद्यालय में कमी देखकर अध्यापक और ग्राम प्रधान से नाराज होते हुए उप जिलाधिकारी ने व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया । सोमवार को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हैदरगंज थाना क्षेत्र के जजवाराए नगईपुरए कटौनाए बेला रामबागए सिरसा नियाज पुर सहित मतदान केंद्र बनाए गए विद्यालयों का भौतिक सत्यापन उप जिला अधिकारी बीकापुर संदीप श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी बीकापुर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने थानाध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा के साथ किया । भौतिक सत्यापन के दौरान अधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जनता के साथ बैठक भी किया बैठक में अधिकारियों ने शांति और सौहार्द के साथ निर्भय होकर मतदान करने की मौजूद जनता से अपील भी किया । वही बेला रामबाग में विद्यालय में साफसफाई सहित कमियां देखकर उप जिलाधिकारी बीकापुर संदीप श्रीवास्तव रुष्ट दिखाई दिए । उप जिलाधिकारी तत्काल मौके पर मौजूद अध्यापक और ग्राम प्रधान को तत्काल व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया । इस दौरान हैदरगंज थाने के कांस्टेबल विवेक मिश्रा कांस्टेबल मनोज मौर्या महिला कांस्टेबल भी मौजूद रही । बताया गया है कि गोसाईगंज विधानसभा के 272 मतदान केंद्रों के सापेक्ष 463 बूथ बनाए गए हैं विधानसभा में 49 बूथ क्रिटिकल बनाए बनाए गए हैं तो वही 18 बूथ बर्नेबल चयनित है ।

### शिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पहले माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू एप्प ने बड़ा कदम उठाते हुए मतदाता अधिकारों और जिम्मेदारियों पर एक बहुभाषी गाइड जारी की है। इसका मकसद पहली बार मतदाता बने लोगों को आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान सजग फैसला लेने में सशक्त बनाना है। यह कू वोटर गाइड भारत के संविधान में निहित मतदाता के मूल अधिकारों पर ध्यान केंद्रित करती है। उन जिम्मेदारियों को सामने लाती है जिनके बारे में मतदाताओं को वोट डालने से पहले और बाद में विचार करने की जरूरत होती है। इस संबंध में कू के सीईओ और सह संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहा मतदान एक लोकतंत्र में सभी नागरिकों को दिया गया एक मौलिक अधिकार है। हर वोट मायने रखता है। इस तरह पहली बार वाले मतदाताओं को इस महत्वपूर्ण अधिकार का विवेकपूर्ण ढंग से इस्तेमाल सशक्त और शिक्षित करने के लिए हमने राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पहले इस कू वोटर गाइड को लांच किया है। भारत की भाषाई विविधता को सलाम करने वाले एक बहुभाषी माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के रूप में हमने प्रत्येक मतदाता के ज्ञान को समृद्ध करने और चुनावी प्रक्रिया में अधिक विश्वास पैदा करने के लिए गाइड को चार भाषाओं में जारी किया है।

### विस्तार योजना और सकारात्मक प्रतिक्रिया पर दिया जोर

**प्रयागराज।** लीडिंग बिल्डिंग्स प्रोडक्ट्स कंपनी ब्रिलोका के तहत आने वाली सैनेटरीवेयर एवं फॉसेट ब्रांड हिंदवेयर ने उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए फतेहपुर के नरेश एंड ब्रदर्स आउटलेट पर अपने पहले अत्याधुनिक हिंदवेयर गैलेरिया स्टोर का शुभारंभ किया। सुधांशु पोखरियाल चीफऑपरेटिंग ऑफिसर बाथ प्रोडक्ट्स ब्रिलोका ने कहा कि ब्रिलोका में उत्तरी राज्यों में अपनी भौगोलिक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए निवेश कर रहे हैं।जिसमें उत्तर प्रदेश प्रमुख बाजार है। इसके अलावा आकर्षक संभावनाओं और विविध लोगों के हितों के साथ यह हमारी विस्तार योजनाओं में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे फतेहपुर में लाकर रोमांचित हैं। सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने का भी पूर्ण विश्वास है। जिसका उद्देश्य सम्पूर्ण भारत में अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लक्ष्य के अनुरूप होगा।

### आधुनिक शैली को लेकर लोगों की हो भागीदारी

**प्रयागराज।** तमाम अवसरों पर विभिन्न हिस्सों के साथ भागीदारी की जाती है। भारत की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेन ट्रेंड्स ने उत्तर प्रदेश राज्य के जौनपुर जिले में बदलापुर शहर में अपने स्टोर के लांच की घोषणा की है। ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रो मिनी मेट्रो टियर एक दो शहरों और छोटे छोटे कस्बों में लोगों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन को घर घर पहुंचाया है। यह भारत की मनपसंद फैशन की जगह है। बदलापुर में ट्रेंड्स स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है। इसका माहौल भी शानदार है। इसके लिए सभी का सहयोग बेहद जरूरी है। शहर के लोगों को शॉपिंग का विशिष्ट और शानदार अनुभव मिलेगा। जहां वह महिलाओं पुरुषों बच्चों के कपड़े और फैशन का सामान आकर्षक कीमतों पर पाएंगे। इस मौके पर तमाम लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

# योग की छात्रा मोनिका पाण्डेय को कुलाधिपति स्वर्ण पदक

● उप राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का 16वां दीक्षान्त समारोह 28 को, 21 छात्रों को स्वर्ण पदक और 19151 छात्रों को मिलेंगी उपाधियां

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का 16वां दीक्षान्त समारोह 28 जनवरी को सरस्वती परिसर स्थित नवनिर्मित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। दीक्षान्त समारोह भारतीय पारम्परिक परिधान में होगा। छात्र छात्राओं के लिए सफेद धोती कुर्ता या पाजामा पीली साड़ी या सलवार सूट निर्धारित है। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। जबकि मुख्य अतिथि प्रो रमाशंकर दुबे कुलपति गुजरात केन्द्रीय विवि गाँधीनगर दीक्षान्त भाषण देंगे। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि दीक्षान्त में विभिन्न विद्या शाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 21 स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगें। जिनमें 10 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 11 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलेंगे। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2020 तथा जून 2021 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 19151 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी। 11225 पुरूष तथा 7926 महिला शिक्षार्थी शामिल हैं। उपाधि प्राप्त करने के लिये लगभग 400 शिक्षार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है। प्रो सिंह ने बताया कि 16वें दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय अध्ययन केन्द लखनऊ की छात्रा मोनिका पाण्डेय को दिया जायेगा। मोनिका पाण्डेय ने एमए योग विषय की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है तथा समस्त विद्या शाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातक परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वश्रेष्ठ रही हैं। कुलपति प्रो सिंह ने बताया कि विवि स्वर्ण पदक इस बार स्नातकोत्तर वर्ग में विद्या शाखाओं के 06 टापर्स को दिए जाएंगे।



पत्रकार वार्ता करतीं कुलपति प्रो. सीमा सिंह।

### कोविड में परिजनों को खो चुके लोगों का निशुल्क प्रवेश : सीमा

**प्रयागराज।** कुलपति प्रो सीमा सिंह ने विवि द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी भी आज पत्रकारों को दी। उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि वर्चुअल यूनिवर्सिटी की तरफ बढ़ रहा है। विवि ने घर घर तक दूरस्थ शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के लिए ऑनलाइन वीडियो लेक्चर की श्रृंखला तैयार की है। विवि ने अभी तक 179 वीडियो लेक्चर तैयार करा लिए हैं। सोशल मीडिया पर इसके सात हजार से अधिक सब्सक्राइबर हैं। विवि में डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया गति पकड़ रही है। विवि ने कोविड 19 में अपने परिजनों को खो चुके लोगों के लिए निरूशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की है। जिसके अंतर्गत अभी तक 12 शिक्षार्थियों ने विवि के लोकप्रिय कार्यक्रमों एमए योग एमएससी फूड एंड न्यूट्रिशन एमए इतिहास पत्रकारिता आदि विषयों में प्रवेश लिया है। विवि ने समाज की मुख्य धारा से कट चुके जेल बंदियों के लिए भी शिक्षा का बीड़ा उठाया है।

# प्रदेश में फिर बनेगी भाजपा की सरकार

**अम्बेडकर नगर।** भाजपा की सरकार प्रदेश में पुन: वापसी करेगी ऐसी खबरों के बीच विपक्षी दलों से भाजपा में शामिल होने और जनप्रतिनिधियों की लगातार बढ़ती जा रही है। विपक्षी दलों के नेताओं और मौजूदा विधायकों का भाजपा में आस्था व्यक्त करने के क्रम में सोमवार को जलालपुर विधान सभा क्षेत्र के मौजूदा सपा विधायक सुभाष राय सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। सुभाष राय और उनके समथकों को नई दिल्ली के भाजपा की केंद्रीय कार्यालय में मौजूद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा की उपस्थिति में भाजपा का पटका पहना कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाया। सपा में जाने के पूर्व जनपद के कद्दावर नेता सुभाष राय भाजपा में ही थे।

सुलभ नेता की याति प्राप्त है। सपा विधायक सुभाष राय के भाजपा में शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुए सरल, मृदु भाषी और लोकप्रिय विधायक सुभाष राय के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को जलालपुर विधान सभा क्षेत्र में एक और मजबूत स्तंभ मिल गया है। भाजपा को मजबूती मिलेगी। सुभाष राय ईमानदार और संघर्षी व्यक्तित्व के धनी नेता हैं जिनकी जनता में स्वच्छ छवि है। भाजपा में शामिल होने पर विधायक संजू देवी, अनीता कमल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह, मिंटू चेयर मैन सरिता गुप्ता, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम जय राम विमल, पूर्व जिलाध्यक्ष डाक्टर राजित राम त्रिपाठी, ज्ञान सागर सिंह, शिव नायक वर्मा, रमाशंकर सिंह, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह, सुरेश कन्नौजिया, बाबा राम शब्द यादव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, चेयर मैन प्रतिनिधि मनोज गुप्त गुड्डू, जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद, डाक्टर संतोष सिंह, ब्लाक प्रमुख गौरव सिंह, अशोक उपाध्याय आदि प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# डीएम और सीडीओ ने प्रदर्शनी में लगे स्टालों का किया अवलोकन

**अंबेडकरनगर।** विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन वर्तमान समय में लागू आदर्श आचार संहिता एवं कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आयोजित किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरीचौरा शताब्दी समारोह की थीम पर आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन जनपद अंबेडकरनगर के लोहिया भवन मे किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत अनेक शिल्पीध् कर्मकार द्वारा शिल्प कला की प्रदर्शनी एवं सहायता समूहों के माध्यम से यूपी के स्टार्टर पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई । इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों के के छात्र छात्रों द्वारा लगाए गए रंगोली का भी अवलोकन किया गया ।जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन उपरांत प्रशंसा की। कोविड.19 की परिस्थितियों के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल पर कोविड हेल्प डेस्क लगाया गया था। इसी प्रकार के कार्यक्रम जनपद के समस्त विकास खंडों में आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एनए मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा परियोजना निदेशक राकेश प्रसाद जिला कार्यक्रम अधिकारी डीसीएन आरएलएम आरपी यादव एजिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी एवं संबंधित अन्य अधिकारीध् कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



लोहिया भवन मे धूमधाम से मनाया गया यूपी दिवस।

# डीआरएम दफ्तर पर गरजे नार्थ रेलवे सेन्ट्रल रेलवे यूनियन के पदाधिकारी

● डीआरएम आफिस पर किया विरोध प्रदर्शन, 40 सूत्रीय मांगों को लेकर बुलंद की आवाज

**प्रयागराज।** नार्थ सेन्ट्रल रेलवे मेन्स यूनियन प्रयागराज मण्डल की स्थानीय शाखाओं के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने मण्डल मंत्री डी एस यादव की अगुवाई में मण्डल रेल प्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे की मनमानी के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अंतिम दिन सोमवार को भोजनावकाश के समय यूनियन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डीआरएम आफिस बिल्डिंग में ऊपर से लेकर नीचे तक जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे डी एस यादव का कहना था कि मण्डल स्तर पर रेल कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण में अधिकारियों की उदासीनता एवं हठ धर्मिता के खिलाफ नार्थ सेन्ट्रल रेलवे मेंस यूनियन ने 40 सूत्रीय मांगों को लेकर 17 से 24 जनवरी तक जन जागरण अभियान छेड़ रखा था।



डीआरएम द तर पर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी।

प्रमुख मांगों में सहायक लोको पायलटों से गार्ड का काम करवाना गार्ड और ड्राइवर के लाइन बाक्स को समाप्त करने की योजना रात्रि ड्यूटी भत्ता का भुगतान न करना टिकट चेकिंग कर्मचारियों के पदोन्नति एवं स्थानान्तरण में नियमों की अनदेखी करना उम्मीद कार्ड और आईकार्ड न बनाना रनिंग रूमों और रेस्ट हाऊसों में समुचित सुविधाएं मुहैया न कराना मैनुअली पास पीटीओ कर्मचारियों को जारी न करना यूनियन पदाधिकारियों के स्थानांतरण के मामले में रेलवे बोर्ड के नियमों की अनदेखी करना रेलवे आवासों में उचित सुधार न करना आदि समस्याओं को लेकर यूनियन पदाधिकारियों ने अपने अपने कार्यक्षेत्रों में काला फीता बांधकर विरोध किया।

कहा कि इस दौरान कर्मचारियों से जनसंपर्क और सभाओं का आयोजन किया गया। मण्डल मंत्री डीएस यादव ने कहा कि पीएनएम के मुद्दे को सुलझाने में अधिकारी उदासीन रहे।

जिससे कर्मचारियों में बहुत आक्रोश व्याप्त है। इंजीनियरिंग कर्मचारियों से तीस दिन बाहर ड्यूटी लेने के बाद भी उन्हें केवल पंद्रह दिन का टीए देना उचित नही है। रनिंग कर्मचारियों के ओवरटाइम के भत्ते का मामला दो सालों से लंबित हैं। उसका निस्तारण न करना उनके रिक्त पदों को न भरना कर्मचारियों में आक्रोश का प्रमुख कारण है। कोविड महामारी में केन्द्र के नियमों का पालन न करके 50 प्रतिशत के स्थान पर सभी कर्मचारियों को ड्यूटी पर बुलाना खुद महामारी को बढ़ावा देना है। जिसके लिए आज रेल कर्मचारी लामबन्द हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण नही करता तो आन्दोलन और भी उग्र होगा।

## कांग्रेसी रणनीति

### देवताओं की कसम

**यह** राजनीतिक निराशा की पराकाष्ठा है। गोवा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों से एक या दो नहीं, बल्कि तीन देवताओं के सामने कसम खाने को कहा गया कि वे चुनाव में जीतने पर वे पांच साल तक कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे। नेतृत्व की यह रणनीति गोवा के मतदाताओं को अश्वस्त करने की है जिनको विश्वास है कि कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देना भाजपा उम्मीदवारों को वोट देने के समान है। जनता की यह समझ 2017 चुनाव के बाद कांग्रेस से बड़े पैमाने पर पालाबदल से बनी है। 2017 में 17 सीटें जीतने वाली पार्टी अंततः घट कर 2 तक पहुंच गई। 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' को निश्चित रूप से भगवान से प्रार्थना करने की जरूरत है ताकि उसके लोग एकजुट रहें। उसके विधायक न केवल गोवा में, बल्कि 2014 के बाद से देश के अनेक राज्यों में पाला बदल चुके हैं। अधिकांश मामलों में पालाबदल से भाजपा को लाभ हुआ है। पालाबदल का सबसे खराब मामला अरुणाचल प्रदेश में हुआ जहां मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू समेत 44 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा समर्थित एक क्षेत्रीय पार्टी में शामिल हो गए। नवंबर में मेघालय में कांग्रेस के 17 विधायकों में से 12 तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। इसके परिणामस्वरूप उसका प्रमुख विपक्षी दल का दर्जा चला गया। 2016 में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा आठ अन्य विद्रोही कांग्रेस विधायकों के साथ सदन की सदस्यता से अयोग्य सिद्ध होने के बाद भाजपा में शामिल हो गए।



लेकिन केवल कांग्रेस को ही पालाबदल करने वाले विधायकों से नुकसान नहीं उठाना पड़ रहा है। सिक्किम में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के 10 विधायक भाजपा में शामिल हो गए। असम में अनेक भाजपा विधायक और मंत्री तक कांग्रेस से आए हैं। त्रिपुरा में भी यही स्थिति है। मणिपुर की भी स्थिति अलग नहीं है। यहां तक कि बिहार में भाजपा की सहयोगी जदयू को उस समय धक्का लगा जब अरुणाचल प्रदेश में उसके 7 विधायकों में से 6 भाजपा में चले गए। उत्तर प्रदेश में वर्तमान विधानसभा चुनाव के पहले 36 विधायकों ने पाला बदला जिससे ज्यादातर समाजवादी पार्टी को लाभ हुआ, पर भाजपा और रालोद भी इससे लाभान्वित हुए। ऐसे में जब विधायक सत्ता के लालच या अन्य कारणों से पाला बदल करते हैं तो कोई नैतिकता या आदर्श उनको अपने घर में नहीं बांधे रख पाते हैं। 1960 व 1970 के दशक में राज्य विधायिकाओं में भारी पालाबदल की ऐसी ही घटनायें सामने आई थीं। इसका सबसे शानदार उदाहरण हरियाणा के एक निर्दलीय विधायक गया लाल थे जिन्होंने कुछ ही घंटों में दो बार पार्टियां बदलीं और कुछ ही दिनों में तीसरी बार पालाबदल किया। 'आया राम, गया राम' कहावत ने उन्हें अमर बना दिया है। पालाबदल की इन घटनाओं के कारण दलबदल-विरोधी कानून बनाया गया, पर विधायकों ने इसकी अनेक कमियों का लाभ उठाया। कर्नाटक में 2019 में विधायकों ने दंड से बचने के लिए पालाबदल का एकदम नया तरीका खोजा। किसी गतिविधि से अयोग्य ठहराने जाए जाने के पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पालाबदल से लोकतंत्र विकृत होता है। इससे निर्वाचित प्रतिनिधि जनादेश का मजाक उड़ाते हैं। यदि इस्तीफा या पुनः चुनाव पालाबदल-विरोधी कानून से बचने के लिए काफी है तो कानून में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में विधायकों को कसम दिलाने के बजाय एक कठोर कानून लाना ज्यादा अच्छा होगा जिससे मतदाताओं का विश्वास बहाल होगा।

# भूमि संबंधी विवाद निपटाने का तरीका

आंध्र प्रदेश सरकार ने एक नई शुरुआत की है। उसने भूमि अधिकार में स्वच्छता लाने के लिए सभी भूमि रिकार्डों के पुनः सर्वेक्षण का आदेश दिया है।



**अमर देवुलापल्ली**
(लेखक आंध्र प्रदेश सरकार के मीडिया सलाहकार हैं)



जमीन संबंधी मुकदमेबाजी देश में एक भयानक विभीषिका है। भूमि रिकार्ड आसाने सी उपलब्ध नहीं हैं या उनको अद्यतन नहीं बनाया जाता है। भूमि का पंजीकरण एक परेशान करने वाली प्रक्रिया है तथा भूमि का स्वामित्व सिद्ध करना कठिन है। आंध्र प्रदेश सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए चरणबद्ध तरीके से भूमि रिकार्डों के पुनः सर्वेक्षण का फैसला किया है ताकि 2023 के अंत तक संपत्ति स्वामियों को विधिक अधिकार दिए जा सकें। पहले चरण में भूमि का सर्वेक्षण कुछ गांवों में कर नए भूमि रिकार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरे राज्य में की जाएगी तथा जून, 2023 तक पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी द्वारा शुरू की गई इस प्रक्रिया पर 1,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे जिसमें सर्वे टीमों के साथ ही नवीनतम जियो टैगिंग व सेटेलाइट मैपिंग तकनीकों का प्रयोग हो रहा है। भूमि रिकार्ड को अंतिम रूप मिलने के बाद डिजिटल तरीके से निर्धारित भूमि माप के परिचय पत्र जारी किए जाएंगे। इस कार्ड में भूमि के नक्शे के साथ ही एक क्यूआर कोड भी होगा। भूमि विवाद का मुख्य कारण भूमि रिकार्ड हैं जो औपनिवेशिक युग के हैं और स्वामित्व की वैधता जांचने के लिए उनका कोई पुनः सर्वेक्षण नहीं हुआ। मजेदार बात है कि कुछ समय पहले किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, सिविल विवादों में अदालती सुनवाई पर औसतन लगभग 497 रुपये प्रति दिन खर्च होते हैं। विश्व बैंक के एक अध्ययन से पता चलता है कि अदालतों में ये भूमि विवाद भूमि स्वामित्व रिकार्डों तथा विधिक स्वामियों से संबंधित हैं जिससे मामले निपटाने में सालों का समय लगता है। नीति आयोग के एक अध्ययन के अनुसार औसतन भूमि विवाद हल करने में 20 साल का समय लगता है। समुचित भूमि दस्तावेजों के अभाव में बेनामी लेनदेन होता है। 2012 में काले धन पर जारी श्वेत पत्र में कहा गया था कि देश में काले धन का निवेश बेनामी संपत्तियों में होता है। हालांकि, देश भर में यही स्थिति है, पर आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी भूमि रिकार्ड हमेशा के लिए ठीक करने का कदम उठाया था। उल्लेखनीय है कि भूमि रिकार्डों की यह व्यवस्था जमींदारी व्यवस्था से विरासत में मिली तथा स्वतंत्रता के बाद भूमि प्रशासन व लेनदेन को राज्यों को हस्तांतरित किया गया। देश के 6.4 लाख गांवों का सर्वेक्षण कर 19वीं शताब्दी के अंत व 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में उनके नक्शे बनाए गए। आंध्र प्रदेश में 1927-28 में ब्रिटिश शासन ने दो बार भूमि सर्वेक्षण कराए थे।

जगनमोहन रेड्डी द्वारा विधिक स्वामियों को स्थाई भूमि रिकार्ड देने के लिए शुरू यह योजना देश में अपने किस्म की पहली है। इसका उद्देश्य विधिक रूप से भूमि संरक्षण है। इस पहल का लक्ष्य भूमि लेनदेन को सहज व विवाद-मुक्त बनाना है जिससे भूमि स्वामियों को मिले स्थाई भूमि अधिकार की राज्य सरकार गारंटी करेगी। जगन्ना शाश्वत भूहाक्कलू-स्थाई भूमि अधिकार भू रक्षा योजना में भूमि रिकार्डों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है जिनको पारदर्शी तरीके से रखा जाएगा। 6 नवंबर, 2017 से 9 जनवरी, 2019 तक चली 'प्रजा संकल्प यात्रा' के दौरान वाईएससीआरपी प्रमुख ने वैध भूमि स्वामियों की समस्यायें समझीं जो सालों से मुकदमेबाजी में फंसे थे। उन्होंने देखा कि लोग अपनी मेहनत का पैसा लगाने के बाद सालों से प्लाट, घर, खेत व अन्य भूमि संबंधी विवादों में फंसे थे। इस यात्रा ने 341 दिन में राज्य के 134 विधानसभा क्षेत्रों के 2,516 गांवों का हालचाल जाना तथा 3,468 किलोमीटर की पदयात्रा की। मुख्यमंत्री बनने के बाद जगनमोहन रेड्डी ने इस विवाद के समाधान को प्राथमिकता देते हुए ऐतिहासिक योजना शुरू की। इसकी शुरुआत 21 दिसंबर, 2020 को कृष्णा जिले के जगय्यापेट के निकट टेकलापड्डु गांव में हुई। मुख्यमंत्री द्वारा औपचारिक सर्वेक्षण प्रक्रिया शुरू करने के दस दिन पहले आंध्र प्रदेश सरकार ने भारतीय सर्वेक्षण के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर कर इस सबसे बड़े भूमि सर्वेक्षण व भवन स्वामित्व सर्वेक्षण को शुरू किया। भूमि सर्वेक्षण के लिए 1,000 करोड़ का बजट रखा गया है। सरकार ने लगभग 14,000 सर्वेक्षक रखे हैं जिनको भातरीय सर्वेक्षण ने प्रशिक्षण दिया है। सर्वेक्षण में 17,000 गांवों की 1.26 करोड़ एकड़ जमीन, 13,371 गांवों में सरकार व निजी स्वामियों की 85 लाख एकड़ गैर-कृषि जमीन तथा 110 शहरी क्षेत्रों में 40 लाख सरकारी व निजी संपत्तियां तथा 10 लाख प्लाट शामिल हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद सर्वेक्षण की गई जमीन के हर टुकड़े को एक यूनीक आइडेंटीफिकेशन नंबर दिया जाएगा। इस श्रमसाध्य प्रक्रिया को देखते हुए पूरा कार्यक्रम तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में लगभग 5,000 गांव, दूसरे चरण में 6,500 गांव तथा तीसरे चरण में 5,500 गांव शामिल होंगे।

राज्य सरकार ने मौके पर भूमि विवाद निपटाने के लिए मोबाइल न्यायाधिकरण भी स्थापित किए हैं। इस पहल को शुरू करते हुए मुख्यमंत्री ने टीमों को स्पष्ट कर दिया है कि 'हर नए सर्वेक्षण के साथ हर अचल संपत्ति के सटीक राजस्व रिकार्ड तैयार किए जाएंगे जिनमें ठीक-ठीक अक्षांश व देशांतर शामिल होंगे। इसके लिए ड्रोन, कांटीनुअस आपरेटिंग रिफ्रेंस स्टेशन-सीओआरएस व रोवर्स जैसे अद्यतन उपकरणों का प्रयोग किया जाएगा।' भूमि की पहचान निर्धारित होने के बाद सर्वे पत्थर लगाए जांएगे। सर्वेक्षण पूरा होने पर एक डिजिटल कडास्ट्रल तैयार किया जाएगा तथा गांव में जमीनों के सारे विवरण नक्शे में दिखेंगे।

इस प्रकार 18 जनवरी को मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी का एक और ड्रीम प्रोजेक्ट उस समय अस्तित्व में आ गया जब पहले चरण में गुंटूर जिले के 37 गांवों में पंजीकरण शुरू हुआ। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि 51 गांवों में 29,563 एकड़ का पुनः सर्वेक्षण पूरा हो गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि पुनः सर्वेक्षण से भविष्य में मुकदमेबाजी की संभावना नहीं बचेगी तथा योजना पूरी होने के बाद भूमि समझौते गांव के स्तर पर किए जा सकेंगे। मंडल मोबाइल मजिस्ट्रेट टीमों ने 51 गांवों की 3,304 आपत्तियों का निपटारा कर अधिकारियों को स्थाई भूमि अधिकार सार्टीफिकेट देने में सहायता की। कार्यक्रम के अनुसार सर्वेक्षण पूरा होने पर पंजीकरण ग्राम सचिवालय स्तर पर हो जाएंगे। पहले चरण की प्रक्रिया पूरी होने के पहले ही महाराष्ट्र सरकार ने योजना में दिलचस्पी प्रकट करते हुए 11 वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम भेजी है।

महाराष्ट्र सर्वे सेटलमेंट कमिश्नर निरंजन कुमार सुधांशु के नेतृत्व वाली यह टीम भूमि व सर्वेक्षण परियोजना का अध्ययन कर रही है। उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भूमि के पुनः सर्वेक्षण के बाद दशकों पुरानी सर्वेक्षण संबंधी समस्यायें हल हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने वाईएसआर जगन्ना शाश्वत भूहक्कू व भू रक्षा योजना को एक महान सुधार व क्रान्तिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि 100 साल बाद सरकार जमीनों का पुनः सर्वेक्षण करा रही है ताकि समुचित व वैज्ञानिक सर्वेक्षण के बाद विधिक स्वामियों को स्पष्ट भूमि अधिकार मिल सके।

# अंततः कांग्रेस ने नहीं नेताजी बोस ने दिलायी जीत!

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली और पश्चिम बंगाल के तत्कालीन कार्यवाहक राज्यपाल न्यायमूर्ति पीबी चक्रवर्ती के बीच बातचीत हुई। 1956 में क्लेमेंट एटली भारत दौरे पर आए थे और तत्कालीन गवर्नर के अतिथि के रूप में रुके थे। याद रखें, एटली वह व्यक्ति थे, जिन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में, भारत को स्वतंत्रता देने के निर्णय पर हस्ताक्षर किए थे।

चक्रवर्ती ने तब आरसी मजूमदार की किताब ए हिस्ट्री ऑफ बंगाल के प्रकाशक को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में, मुख्य न्यायाधीश ने लिखा, ''जब मैं कार्यवाहक गवर्नर था, लॉर्ड एटली, जिन्होंने भारत से ब्रिटिश शासन को हटाकर हमें स्वतंत्रता दी थी, अपने भारत दौरे के दौरान गवर्नर के महल में दो दिन बिताए। उस समय, मैंने उनके साथ उन वास्तविक कारकों के बारे में लंबी चर्चा की, जिन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए प्रेरित किया था।'' चक्रवर्ती कहते हैं, ''एटली से मेरा सीधा सवाल यह था कि चूंकि गांधी का भारत छोड़ो आंदोलन कुछ समय पहले बंद हो गया था और 1947 में ऐसी कोई नई मजबूर स्थिति पैदा नहीं हुई थी, जिसके लिए जल्दबाजी में ब्रिटिश प्रस्थान की आवश्यकता होगी, उन्हें क्यों छोड़ना पड़ा? ..'' एटली ने कई कारणों का हवाला दिया, उनमें से प्रमुख नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश ताज के प्रति वफादारी का क्षरण था। वह सब कुछ नहीं हैं। चक्रवर्ती कहते हैं, हमारी चर्चा के अंत में, मैंने एटली से पूछा कि भारत छोड़ने के ब्रिटिश फैसले पर गांधी के प्रभाव का क्या प्रभाव था। इस सवाल को सुनकर, एटली के होंठ एक व्यंग्यात्मक मुस्कान में मुड़ गए क्योंकि उन्होंने धीरे-धीरे इस शब्द को चबाया - मि..नी..मा..ला।

यह चौंकाने वाली बातचीत पहली बार 1982 में लेखक रंजन बोरा द्वारा ऐतिहासिक समीक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित की गई थी, नेताजी, भारतीय राष्ट्रीय सेना और भारत की मुक्ति के युद्ध पर उनके लेख में। एटली के दावे के महत्व को समझने के लिए हमें 1945 के समय में वापस जाना होगा। द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हो चुका था। ब्रिटेन और अमेरिका के नेतृत्व में मित्र देशों की शक्तियों ने जीत हासिल की थी। हिटलर के जर्मनी के नेतृत्व वाली धुरी शक्तियों को परास्त कर दिया गया था। विजेता पराजित सेनाओं पर न्याय थोपना चाहते थे।



भारत में, नेताजी बोस के आईएनए के अधिकारियों पर राजद्रोह, यातना और हत्या का मुकदमा चलाया गया। कोर्ट मार्शल की इस श्रृंखला को लाल किला परीक्षण के रूप में जाना जाने लगा।

ब्रिटिश सशस्त्र बलों में सेवारत भारतीय लाल किले के परीक्षणों से भड़क गए थे। फरवरी 1946 में, 78 जहाजों पर सेवारत रॉयल इंडियन नेवी के लगभग 20,000 नाविकों ने साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह कर दिया। वे नेताजी के चित्रों के साथ मुंबई और कराची में घूमे और अंग्रेजों को %जय हिंद% और अन्य आईएनए नारे लगाने के लिए मजबूर किया। विद्रोहियों ने यूनियन जैक को अपने जहाजों पर उतारा और अपने ब्रिटिश आकाओं की बात मानने से इनकार कर दिया। इस विद्रोह के बाद रॉयल इंडियन एयर फ़ोर्स और जबलपुर में ब्रिटिश इंडियन आर्मी यूनिट्स में भी इसी तरह के विद्रोह हुए। अंग्रेज डरे हुए थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, 25 लाख भारतीय सैनिकों को ब्रिटिश सेना से हटा दिया जा रहा था।

1946 में सैन्य खुफिया रिपोर्टों ने संकेत दिया कि भारतीय सैनिकों में आग लग गई थी और उनके ब्रिटिश अधिकारियों की बात मानने पर भरोसा नहीं किया जा सकता था। उस समय भारत में केवल 40,000 ब्रिटिश सैनिक थे। अधिकांश घर जाने के लिए उत्सुक थे और 25 लाख युद्ध-कठोर भारतीय सैनिकों से लड़ने के मूड में नहीं थे, जिन्हें ध्वस्त किया जा रहा था। इन्हीं परिस्थितियों में अंग्रेजों ने भारत को स्वतंत्रता प्रदान करने का निर्णय लिया।

विचार किसी भी तरह से महात्मा गांधी या पंडित नेहरू के महत्वपूर्ण योगदान को स्वतंत्रता के मूल्य के प्रति जागरूक करने के लिए नहीं बल्कि नेताजी सुभाष के वास्तविक योगदान और उनके और आईएनए द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में एक बहस छेड़ने के लिए है। अहिंसक आंदोलन द्वारा निभाई गई भूमिका में स्कूली पाठ्यपुस्तकों का बोलबाला है, जबकि आईएनए की भूमिका कुछ सरसरी अनुच्छेदों में खारिज कर दी गई है। समय आ गया है कि हम आधुनिक भारतीय इतिहास पर दोबारा गौर करें और भारत को आजादी दिलाने में नेताजी के अपार योगदान को स्वीकार करें।

1938 में बोस कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में इतने लोकप्रिय थे कि सदस्यों ने उन्हें 1939 में फिर से चुनाव लड़ा। गांधीजी ने फिर से चुनाव को मंजूरी नहीं दी और समय के साथ युवा नेता को पार्टी से बाहर कर दिया। 1940 में, नेताजी को कलकत्ता में नजरबंद कर दिया गया, जहाँ से उन्होंने जर्मनी में शामिल होने के लिए फरार होने का फैसला किया, जो ब्रिटेन के खिलाफ द्वितीय विश्व युद्ध लड़ रहा था। रास्ते में कई वीज़ा की आवश्यकता के साथ भूमि मार्ग कठिन था। एक कठिन संघर्ष के बाद, कलकत्ता छोड़ने के तीन महीने बाद, अप्रैल 1941 में नेताजी बर्लिन पहुँचे।

जापान द्वारा अमेरिका और ब्रिटेन पर युद्ध की घोषणा के बाद, हिटलर ने सुझाव दिया कि नेताजी अंग्रेजों के खिलाफ अधिक उपयोगी हो सकते हैं। इसलिए वह पनडुब्बी से आधी दुनिया में आगे बढ़ने के लिए तैयार हो गया। देशभक्त रास बिहारी घोष द्वारा स्थापित एक प्रारंभिक आईएनए को संभालने के लिए जल्द ही वह 1943 के मध्य तक टोक्यो के रास्ते सिंगापुर पहुंचे। 10,000 से भी कम की भीड़ से, नेताजी ने कुछ ही हफ्तों में ब्रिटिश भारतीय युद्धबंदियों को राजी करके 50,000 सैनिकों की अनुशासित सेना में सेना का निर्माण किया, जो युद्ध के अंत तक लड़ी।

दुःख की बात है कि इसने एक आकस्मिक हवाई दुर्घटना में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जान ले ली। भारत की देशभक्ति का सबसे चमकीला दीप बुझ गया।

## आप की बात

### लोगों की पसंद पर ध्यान दें

**महात्मा** गांधी के पसंदीदा भजन 'अबाइड विद मी' को इस साल के गणतंत्र दिवस के समापन समारोह से हटा दिया गया है। भारतीय सेना की कार्यक्रम पत्रिका के अनुसार इसके बजाय 'सारे जहां से अच्छा' यह धुन बजायी जाएगी। क्या इसका मतलब यह है कि उस समारोह में अभी तक 'सारे जहां से अच्छा' यह धुन नहीं बजायी गई? समापन समारोह में कितनी और कौन सी धुन बजाई जाती है, बहुतों को पता नहीं। कई भारतीय कवियों ने देश के सुंदर वर्णन के साथ कविताएँ लिखी हैं। उनकी एक कविता 'अबाइड विद मी' की जगह 1950 से शामिल की जा सकती थी। जो व्यक्ति इस मिट्टी से जुड़ा है, वह कविता के माध्यम से भारत का सबसे अच्छा वर्णन कर सकता है। 'सारे जहां से अच्छा' की धुन सुनते ही अंग रोमांचित हो जाता हैं। यह धुन आसानी से समझ में आती है। 'अबाइड विद मी' को बजाए जाने पर भी देश के लोगों को उसे समझना आसान नहीं है। ऐसे में उसका अर्थ समझना तो दूर की बात है। एक भारतीय व्यक्ति द्वारा लिखी गई कविताएँ जिन्हें आसानी से समझा जा सकता है, उन्हें धुन के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि गांधीजी के विचारों के बारे में देश में अलग-अलग मत हैं।

– **जयेश राणे**, मुंबई

### जवानों की मस्ती का विरोध क्यों?

**इंडियन** नेवी के जवानों की गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल का एक विडियो बहुत लोकप्रिय हो रहा है। जिसमें जवान लंबी और उबाऊ रिहर्सल के बाद एक पुराने जमाने की एक बहुत लोकप्रिय फिल्म के गाने की धुन पर नियंत्रित और संयमित रूप से थिरकते दिख रहे हैं। इस वीडियो में नौसेना की मर्यादा और जवानों की गरिमा का भरपूर ध्यान रखा गया है। देखने पर यह वीडियो कहीं से भी मन को व्यथित नहीं करता। इसके उलट जवानों के हल्के -फुल्के मनोरंजक क्षणों को दर्शाता यह वीडियो मन को प्रफुल्लित करता है। साथ ही यह नौ-सेना बैंड की रचनात्मकता को दर्शाते हुए यह जनता को मेहनत को देखने आने को प्रोत्साहित भी करता है। लंबे समय से कोरोना महामारी की वेदना और उबाऊ अंतराल के बाद और एक अदृश्य भय से ध्यान हटाने के उद्देश्य से बनाया गया यह वीडियो सराहनीय कदम है। लेकिन लगता है विपक्ष को जवानों की यह प्रसन्नचित मस्ती रास नहीं आ रही। वे जवानों को एक पत्थर की मूर्ति और उबाऊ रूप में ही देखना पसंद करते हैं। शायद वे नहीं चाहते कि अपना कोई जवान हल्के क्षणों में भी आनंदित हो! जवान कोई रोबोट नहीं हैं।

– **युवराज पल्लव**, हापुड़


### तालिबानियों की गुहार

**अफ़गानिस्तान** के तालिबानी कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के नेतृत्व में तालिबान के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिमी सरकार के अधिकारियों और अफगान नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ, ओस्लो में तीन दिवसीय वार्ता शुरू की है। बंद कमरे में तालिबान के प्रतिनिधि एक प्रकार के भिखारी के समकक्ष नज़र आ रहे हैं। उन लोगों ने विदेशी बैंकों में जो पैसा जब्त किया गया है उसे वापस करने तथा विदेशी सहायता को फ़ौरन शुरू करने की मांग कर रहे हैं। पश्चिमी वार्ताकार इन मांगो के बदले वहां मानवाधिकारों की बहाली खासकर महिलाओं को उनके अधिकार वापस किये जाने की मांग रख रहे हैं। मगर ध्यान देने की बात ये है की इस समय वह देश दुनिया का सबसे बड़े त्रासदी के दहलीज़ पर खड़ा है। भुखमरी, बीमारी, बेरोजगारी का दुनिया का सबसे बड़ा संकट से गुजर रहा है। ऐसे में तालिबान नहीं, दुनिया को आम अफ़ग़ानियों का ख्याल करना होगा। वहां की जनता ने कोई गलती नहीं की है, इसलिए उन्हें सजा नहीं मिलना चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**एक** समय की बात है, वे दोस्त थे। भाजपा के साथ गठबंधन में हमारे 25 साल बर्बाद हो गए।

– **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

**यह** विचार कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण करना चाहता है, बकवास है... पुतिन सम्मान के पात्र हैं।

– **के अचिन स्कूमबैच**
जर्मन नौसेना प्रमुख





**मुझे** 2021 के लिए असम बैभव पुरस्कार प्रदान करने के असम सरकार के फैसले से मैं बहुत प्रभावित हूं।

– **रतन टाटा**
उद्योगपति



# पश्चिम में इतिहास दोहराने की जुगत में बीजेपी

- कृषि कानून वापसी के बाद जाटलैंड में अब हिन्दुत्व का कार्ड
- बीजेपी के गीतों में अयोध्या, काशी के बाद मथुरा सजाने का भी जिक्र

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ



**उप्र के** विधान सभा चुनाव के लिए बीजेपी ने एक बार फिर तीन सौ पार का नारा दिया है। इसमें बीजेपी के सामने चुनाव के पहले फेज में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की बड़ी चुनौती है। 10 फरवरी को पहले चरण के तहत 58 सीटों पर मतदान होना है। 2017 के चुनाव में बीजेपी ने इनमें से 53 सीटों पर जीत हासिल की थी। इन 58 सीटों पर पिछली बार समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी को दो-दो सीट और राष्ट्रीय लोक दल को एक सीट पर जीत मिली थी। पश्चिम यूपी के 16 जिलों में कुल 136 विधानसभा सीटें हैं। 2017 में भाजपा इनमें से केवल 27 पर चुनाव हारी थी। राष्ट्रीय लोकदल और समाजवादी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। इस बार अखिलेश बाजी को पलटना चाहते हैं। 10 फरवरी को पहले चरण में जहां चुनाव होना है उनमें से अधिकांश इलाके तीन कृषि कानूनों के खिलाफआंदोलित रहे किसानों के प्रभाव वाले इलाके माने जाते हैं। यहां चुनाव में किसानों के अलावा कैराना से एक समुदाय का कथित पलायन, गन्ना किसान और भगवान कृष्ण के मुद्दे पर जोर आजमाइश के आसार नजर आ रहे हैं। इस बीच बीजेपी के प्रचार में जो गीत गाए जा रहे हैं उसमें कहा जा रहा है कि यूपी में हम फिर से भगवा लहराएंगे और अयोध्या, काशी के बाद मथुरा भी सजाएंगे। जाहिर है कि हिन्दुत्व का मुद्दा भी इस क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा। केंद्र सरकार ने केंद्रीय कृषि कानून को वापस ले लिया है इसलिए किसानों व जाटलैड में बीजेपी अब भगवाकरण पर जोर दे रही है। पिछले विधान सभा चुनाव में मोदी लहर से भगवाकरण से बीजेपी को काफी फायदा हुआ था। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम यूपी में हिन्दुत्व को धार देनी शुरू कर दी है। इन दो बड़े नेताओं के दौरे भी पश्चिम यूपी में शुरू हो गए हैं। सपा मुखियाा अखिलेश यादव ने रालोद के जयंत चौधरी के साथ मिलकर इस क्षेत्र में संयुक्त प्रत्याशी उतारे हैं। कांग्रेस, सपा, बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है जबकि बीजेपी ने अपने एजेंडे के तहत पश्चिम यूपी में एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया है। विपक्षी दलों ने यहां किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। बीजेपी का दावा है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने गन्ना बहुल इलाके के किसानों के बकाया भुगतान के साथ ही कैराना से पलायन समाप्त करने और नोएडा में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा समेत क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। इस इलाके में अभी हाल ही में हुए आंदोलनों पर नजर डालें तो मुजफ्फरनगर में पिछले साल सितंबर के पहले हफ्ते में तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों की एक बड़ी महापंचायत हुई और इसमें भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों के उत्पीड़न के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर दंगा कराने का आरोप लगाया था। इस बार पश्चिम यूपी में कई चुनौतियां भाजपा के सामने हैं लेकिन बीजेपी ने इस क्षेत्र के लिए 2014, 2017 और 2019 में जो रणनीति अपनाई थी उसी पर काम कर रही है। 2013 में मुजफ्फरनगर में हुए साम्प्रदायिक दंगों के बाद पश्चिमी उप्र में एसपी के लिए चुनौतियां खड़ी हो गई थीं और 2014 के लोकसभा चुनाव, 2017 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को इसका फायदा मिला था। मुख्यमंत्री से लेकर बीजेपी के शीर्ष नेता दावा करते हैं कि 2017 में बीजेपी की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। इस बात को भाजपा अपने चुनाव प्रचार में जोर-शोर से उठा रही है। विपक्ष लगातार इस बात का आरोप लगा रहा है कि बीजेपी सरकार ने किसानों की बात सुने बिना काले कृषि कानून थोप दिए और एक साल बाद उन्हें वापस लिया लेकिन सात सौ से अधिक किसानों की जान चली गई। इसका हिसाब किसान बीजेपी सरकार से लेंगे। पश्चिम यूपी में विकास की उपलब्धियां गिनाने के साथ योगी अपनी सभाओं में यह भी दावा करते हैं कि उन्होंने कैराना को माफिया से मुक्त कराया और पलायन करने वाले परिवार वापस अपने घरों में लौटे हैं। मुख्यमंत्री गन्ना किसानों के भुगतान को भी सरकार की उपलब्धियों में गिनाते हैं। बीजेपी ने 2012 में सपा सरकार में इसी अंचल के शामली जिले के कैराना से पलायन के मुद्दे को हवा दी थी और बीजेपी के दिवंगत सांसद हुकुम सिंह ने इसे लोकसभा में भी उठाया था। पश्चिम के इसी क्षेत्र मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पिछले साल दिसंबर के शुरू में ट्वीट किया था कि अयोध्या काशी भव्य मंदिर निर्माण जारी है, मथुरा की तैयारी है। इसके बाद सपा समेत विपक्षी राजनीतिक दलों ने हिंदुत्व के एजेंडे पर बीजेपी पर ध्रुवीकरण का आरोप लगाया था। अखिलेश यादव ने इसे एक नया मोड़ देने की कोशिश की और कहा कि भगवान श्रीकृष्ण हर रोज उनके सपने में आते हैं और कहते हैं कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। प्रदेश के गन्ना मंत्री के अनुसार पश्चिम यूपी गन्ना किसानों की बड़ी बेल्ट है जिनके लिए योगी सरकार ने एक लाख 55 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वह ऐतिहासिक है। कभी कैराना में माफिया का राज था और वहां के लोग आतंक के साये में पलायन कर रहे थे, आज कैराना माफिया से मुक्त है, पलायन कर रहे लोग लौट आए हैं। यह कई बड़े कारण हैं जो बीजेपी की बड़ी जीत की वजह बनेंगे।

# फिर मिलेगा बहुमत या विधानसभा होगी त्रिशंकु

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में चुनावी बिसात बिछ चुकी है। राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव चरण वार प्रत्याशियों के रूप में अपने अपने पासे भी डालने शुरू कर दिए हैं लेकिन अब देखना यह है कि क्या उत्तर प्रदेश की जनता पिछले तीन विधानसभा चुनावों की भांति पूर्ण बहुमत की सरकार देती है या फिर वर्ष 2002 की तरह त्रिशंकु सरकार को न्योता देने वाली है।

उत्तर प्रदेश के पिछले तीन विधानसभा चुनावों क्रमशः 2007, 2012 व 2017 के नतीजों पर नज़र डालें तो एक बात के संकेत मिलते हैं कि यूपी के मतदाता किसी एक पार्टी को बहुमत देते चले आ रहे हैं। वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव ने बसपा प्रमुख मायावती को 206 सीटों के साथ सत्ता के शीर्ष पर पहुंचाया, 2012 के चुनाव ने समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव को 224 सीटों के साथ प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया और 2017 में 312 सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में जीत का परचम लहराकर योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया। देखा जाए तो पिछले विधानसभा चुनावों में बड़ी पार्टियों ने स्पष्ट बहुमत हासिल ज़रूर किया है लेकिन इस बार के मौजूदा चुनाव में चाहे सत्तापक्ष भारतीय जनता पार्टी हो या विपक्ष का सबसे बड़ा दल समाजवादी पार्टी ही क्यों न हो सभी चुनाव से पहले ही छोटी पार्टियों को अपने साथ लाने में जुट गए थे। विधानसभा चुनाव को देखते हुए मौजूदा समय में स्थिति यह है कि सत्तापक्ष भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त देने के लिए जहां समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय लोक दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी समेत एक दर्जन से ऊपर दलों को अपने साथ कर लिया है वहीं 2007 में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती का बदला अंदाज वर्ष 2022 में किसी बड़े राजनीतिक समीकरण को दावत देने की ओर इशारा कर रहा है। कांग्रेस का अभी फिलहाल कोई जनाधार नही दिखाई पड़ रहा है लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस ने यूपी के विधासभा चुनाव में प्रियंका गांधी को महिला के रूप में आगे करके भविष्य में कुछ नया गुल खिलाने की योजना बना ली है। ऐसी स्थिति में सत्तारूढ़ भाजपा भी छोटे दलों को साथ लेने में गुरेज नहीं किया है। कुल मिलाकर यह साफ हो गया है कि किसी भी दल में जीत को लेकर अपने ऊपर पूर्ण विश्वास नहीं है। इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले ही जोड़ तोड़ की राजनीति व छोटे दलों को साथ लेने की रफ्तार ने तेजी पकड़ रखी है। इससे यह साफ हो गया है कि उत्तर प्रदेश में 2022 का विधानसभा चुनाव इस बार कुछ नया रंग दिखाएगा।



# जहां थे नंबर दो वहां इस बार होगी कड़ी परीक्षा

- पिछले विधानसभा चुनाव में 49 सीटों पर कांग्रेस ने दी थी सीधी टक्कर

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** के मौजूदा विधानसभा चुनाव में अकेले दम पर ताल ठोक रही कांग्रेस पार्टी को चार दर्जन से अधिक उन सीटों पर काफी उम्मीद है जिन पर पिछले विधानसभा चुनाव में उसके प्रत्याशियों ने तगड़ी टक्कर दी थी और दूसरे स्थान पर रहे थे। यही वजह है कि कांग्रेस ने इन सीटों को लेकर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर रखा है। हालांकि इनमें से कुछ सीटों पर तो कांग्रेस को चुनाव से पहले ही झटका लग चुका है क्योंकि उनके पुराने प्रत्याशी पाला बदलकर अब दूसरे खेमे में जा चुके हैं। अब कांग्रेस के सामने इन सीटों पर अपनी उम्मीद पर खरा उतरने की भी चुनौती है।

2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से गठबंधन करने के बाद कांग्रेस के हिस्से में 114 विधानसभा सीटें आई थीं जिन पर प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा था। भाजपा की सुनामी के चलते कांग्रेस को इस चुनाव में सिर्फ सात सीटों पर ही जीत हासिल हुई थी लेकिन इसके बावजूद प्रदेश की 49 ऐसी विधानसभा सीटें रहीं जिन पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने कांटे की टक्कर दी और बहुत मजबूती से चुनाव लड़ते हुए दूसरी पोजीशन भी हासिल की।

क्षेत्रवार अगर देखा जाए तो पश्चिम उत्तर प्रदेश की 15 सीटों मध्य उत्तर प्रदेश की 15 सीटों पूर्वांचल की 16 सीटों और बुंदेलखंड की तीन सीटों पर कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही थी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की नकुड़, गंगोह, शामली, पुरकाजी, बढ़ापुर, नटहौर ,चंदौसी, बिलासपुर, साहिबाबाद, हापुड़, मथुरा, बरेली, बरेली कैंट, बीसलपुर और तिलहर सीट पर कांग्रेस ने अच्छी लड़ाई लड़ी। मध्य उत्तर प्रदेश की पलिया, मोहम्मदी, सांडी, लखनऊ पूर्वी, बछरावां, सलोन, जगदीशपुर,गौरीगंज, जैदपुर,गोविंद नगर, किदवई नगर, नानपारा, महसी,तुलसीपुर और बलरामपुर सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे थे।

फतेहपुर जिले की हुसैनगंज व खागा, प्रतापगढ़ की विश्वनाथगंज, कौशम्बी की चायल, इलाहाबाद पूर्वी, कोरांव, मड़िहान, फरेंदा, कैंपियरगंज, गोरखपुर शहर, रुद्रपुर, मधुबन, जौनपुर, वाराणसी उत्तर, वाराणसी दक्षिण और वाराणसी कैंट सीट पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने जबरदस्त टक्कर देते हुए दूसरा स्थान हासिल किया था। बुंदेलखंड क्षेत्र में भी राठ सुरक्षित, नरैनी सुरक्षित और मानिकपुर सीट पर कांग्रेस को दूसरा स्थान हासिल हुआ था।


दूसरे स्थान पर रहने वाली इन सीटों में नकुड़ से इमरान मसूद, तिलहर से जितिन प्रसाद, गंगोह से नोमान मसूद, शामली से पंकज मलिक, राठ से गयादीन अनुरागी अब कांग्रेस पार्टी से अलग हो चुके हैं । फरेंदा से वीरेन्द्र चौधरी तो सिर्फ 2356 वोटों से ही हारे थे। बिलासपुर से संजय कपूर और मथुरा से प्रदीप माथुर ने भी पिछले चुनाव में अच्छी टक्कर दी थी । इन सभी को इस बार भी मौका दिया गया है। हापुड़ से गजराज सिंह ने भाजपा के विजय पाल को टक्कर दी थी लेकिन वह इस बार रालोद से लड़ रहे हैं।

2020 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस को कोई सीट तो नहीं मिली लेकिन बांगरमऊ और घाटमपुर सीट पर कांग्रेस ने अच्छी लड़ाई लड़ी और नंबर दो पर रही थी। इनमें बांगरमऊ से आरती वाजपेयी को कांग्रेस ने फिर टिकट दिया है जबकि घाटमपुर सीट के प्रत्याशी रहे कृपाशंकर इस बार पाला बदलकर सपा में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस के रणनीतिकार जहां इन सीटों पर अपने को दूसरे नंबर की पार्टी मानते हुए पहले नंबर पर कैसे आया जाए इसकी रणनीति तैयार कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस को इन सीटों पर भी इस बार निराशा ही हाथ लगेगी। इसके पीछे वजह यह बताई जा रही है कि 2017 में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन था। उसी का फायदा कांग्रेस को मिला था क्योंकि समाजवादी पार्टी का जो भी वोट बैंक है वह कांग्रेस की तरफ ट्रांसफर हो गया था लेकिन इस बार कांग्रेस अकेले मैदान में है। बीते सालों के दौरान कांग्रेस की जो स्थिति है उसे देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि 49 सीटों पर दूसरे नंबर पर रही कांग्रेस कहीं और नीचे न खिसक जाए।

# बेटा-बेटी के लिये सब कुछ दांव पर

## पारिवारिक विरासत बढ़ाने में जुटे दिग्गज

**कमल दुबे।** लखनऊ







**यूपी की** नयी विधानसभा के चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही सूबे की सबसे बडी पंचायत में अपनों को पहुंचाने के लिये दिग्गज नेताओं की हसरतें खुल कर सामने आने लगी हैं। हालात तो यहां तक हैं कि भाजपा सांसद ने तो अपने बेटे को टिकट दिलाने के लिये सांसद के पद से त्याग पत्र दिये जाने तक की बात कह दी है। वैसे तो इस कतार में सभी दल के नेता हैं लेकिन सत्ताधारी दल भाजपा में ऐसे नेताओ की एक लम्बी सूची है जो अपने बेटा बेटी या भाई को टिकट दिलाकर माननीय बनाने की जुगत में हैं। पार्टी के सांसदों, केन्द्र में मंत्रियों व राज्य सरकार के मंत्रियों की चाहत पूरी होगी या हसरत अधूरी रह जाएगी यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

भाजपा में ऐसे नेताओ में प्रयागराज से सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी तो खुलकर अपने बेटे मयंक के लिए पैरवी कर रही हैं। वह मयंक के लिए लखनऊ की कैंट विधानसभा सीट से दावा पेश कर रही हैं। वह दो बार इस सीट से विधायक रह चुकी हैं और इसमें एक बार कांग्रेस व एक बार भाजपा के टिकट से जीती तथा योगी सरकार में मंत्री भी रही हैं। डॉ. जोशी तो मयंक को टिकट के लिए अपनी आगे की सांसदी की दावेदारी भी छोड़ने को तैयार हैं। तकरीबन हर बड़े शहर से लोकसभा चुनाव जीते सांसद चाहते हैं कि उनके बेटे राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएं। इसी कड़ी में कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी भी अपने पुत्र अनूप पचौरी को गोविंदनगर सीट से दावेदारी करा चुके हैं। पचौरी इस सीट से विधायक रहने के साथ योगी सरकार में मंत्री भी रहे हैं। इसी तरह पूर्वांचल से आने वाले एक सांसद अपने भाई के टिकट के लिए बैटिंग कर रहे हैं। पिछले चुनाव में भी वह अपने भाई को टिकट दिलाने में कामयाब रहे थे लेकिन जीत उनके हिस्से नहीं आ पायी थी।

योगी सरकार में मंत्री भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही भी अपने बेटे सुब्रत शाही के लिए टिकट की आकांक्षा संजोए हैं और बेटे को टिकट मिलने की सूरत में वह खुद को दूसरे विधानसभा क्षेत्र से लड़ने की तैयारी में हैं। शाही के बेटे सुब्रत अभी ब्लाक प्रमुख हैं। बेटे को राजनीतिक तौर पर स्थापित करने की चाहत रखने वाले शाही राज्य के अकेले मंत्री नहीं हैं। सहकारिता से जुड़े योगी सरकार के मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा भी बेटे गौरव वर्मा के लिए दूसरे विधानसभा क्षेत्र से टिकट की कोशिश में हैं। इसी तरह योगी सरकार में मंत्री जय प्रकाश निषाद भी बेटे को रुद्रपुर सीट से टिकट की ख्वाहिश संजोए हैं। राज्य के कई और मंत्री भी हैं जो अपनी पत्नी के लिए टिकट की चाहत रखते हैं। राज्य सरकार के मंत्रियों की तरह केन्द्र में राज्य मंत्री व मोहनलाल गंज से सांसद कौशल किशोर की पत्नी मलिहाबाद से विधायक हैं लेकिन मंत्री की कोशिश अब पत्नी की जगह बेटे को टिकट दिलाने की है। पार्टी ने किशोर की बात मानी तो उनके बेटे भी माननीय बनने के लिए जनता के बीच होंगे।

केन्द्र व राज्य के मंत्रियों की तरह दो राज्यों के राज्यपाल भी अपने बेटों को राजनीति में स्थापित करने की फिराक में हैं। इसमें बिहार के राज्यपाल फागू चौहान मऊ जिले की मधुबन सीट तलाश रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान के राज्यपाल व भाजपा के दिग्गज नेता कलराज मिश्रा भी हैं। वह बेटे अमित मिश्रा को देवरिया सीट से टिकट दिलाना चाहते हैं। इस सीट से कलराज मिश्र सांसद भी रह चुके हैं तथा केन्द्र की मोदी सरकार में मंत्री भी। इसी कड़ी में लखनऊ की सरोजनीनगर सीट भी है जहां से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के प्रमुख सदस्य दयाशंकर सिंह खुद की दावेदारी पेश कर रहे हैं लेकिन उन्होंने स्पष्ट भी कर दिया है कि उनकी पत्नी स्वाति और उनमें कोई एक ही चुनाव लड़ेगा। योगी सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बेटे के चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट तेज थी लेकिन पार्टी ने मौर्य को सिराथू से प्रत्याशी बना दिया तो मौर्य ने भी परिवार के किसी दूसरे सदस्य के चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लगा दिया।

# इस बार चिर-परिचित चेहरों के बगैर मैदान में उतरी बसपा

**सतीश सिंह।** लखनऊ



**उत्तरप्रदेश विधानसभा** की अधिसूचना जारी होने के बाद पहले चरण के चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपने अपने पत्ते खोल दिये हैं। भाजपा से लेकर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस ने अपने अपने हिसाब से जनसभाएं भी कर ली हैं। पर बसपा सुप्रीमो मायावती इस बार चुनावी मौसम में कहीं निकल नहीं सकी हैं। ऊपर से निर्वाचन आयोग की तरफ से कोरोना को देखते हुए रैलियों जनसभाओं पर रोक लगाने से तो बची खुची कसर पूरी हो गई है। इस बार के चुनाव में अपने चिरपरिचित चेहरों के बगैर बसपा मैदान में है। ऐसे में बसपा को अपने उन नेताओं की कमी जरूर खलेगी जो कभी पार्टी के लिए दिन रात एक करते थे। यह बात दीगर है कि बसपा हमेशा इससे इनकार करती आई है।

मायावती यूपी की सत्ता में चार बार विराजमान हुई और राष्ट्रीय पार्टी होने का खिताब भी अपने नाम किया लेकिन 2012 के बाद से पार्टी का ग्राफ नीचे गिरना शुरू हुआ तो अभी तक थमा नहीं। ऐसे में मायावती अपने खिसकते सियासी जनाधार को रोकने के लिए 2017 से अभी तक चार प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए लेकिन न तो विधायकों के पार्टी छोड़ने का सिलसिला थमा और न ही 2022 के चुनाव में फ्रंटफुट पर पार्टी लड़ती दिख रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण बसपा सुप्रीमो मायावती का अभी तक बाहर नही निकलना है जिसके चलते पार्टी से जुड़े मतदाताओं में नाराजगी के साथ ही भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

**2017 से शुरू हुआ सिलसिला थमा ही नहीं:** बात अगर पिछले चुनाव की करें तो पार्टी के कैडर नेता रहे स्वामी प्रसाद मौर्या से लेकर नसीमुद्दीन सिद्दीकी, इंद्रजीत सरोज का कद पार्टी में न केवल जाने पहचाने चेहरे के रूप में हुआ करता था बल्कि क्षेत्र में भी पार्टी की पहचान बने हुए थे। वहीं इस बार के चुनाव से पूर्व पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राम अचल राजभर, विधानमंडल दल के नेता रहे लालजी वर्मा भी दूसरे दल में हैं। लालजी वर्मा के बाद विधानमंडल दल के नेता बने शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया है। बसपा छोड़ने वाले गुड्डू जमाली पहले विधायक नहीं है। लगभग 75 फीसदी विधायक मायावती का साथ छोड़ चुके हैं। इस तरह से 2017 में बसपा के 19 विधायक जीतकर आए थे जो अब महज तीन बचे हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि यूपी में अपना दल और कांग्रेस से भी कम विधायक बसपा के बचे हैं।

**पार्टी के पास सिर्फ दो ही चेहरे:** वर्तमान में पार्टी के पास सिर्फ दो ही चेहरे हैं। इनमे एक खुद बसपा सुप्रीमो मायावती और उनके बाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा। अधिसूचना जारी होने से पूर्व सतीश चंद्र मिश्रा ने पूरे प्रदेश में ब्राह्मण सम्मेलन कर ब्राह्मण वोट बैंक को पार्टी से जोड़ने की कोशिश की है पर यह प्रयोग कितना सफल होगा इसके बारे में स्थिति नतीजे आने के बाद ही साफ होगी।

**पार्टी तैयार कर रही नए चेहरा:** पार्टी से युवाओं को जोड़ने के लिये बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश को आगे किया है। वहीं सतीश चंद्र मिश्रा ने अपने दामाद परेश मिश्रा और पुत्र कपिल मिश्रा को मैदान में उतारा है। पर राजनीति का ककहरा सीखने में अभी इन्हें काफी वक्त लगेगा।

# कोरोना से बचना है तो लगवाएं टीका

● डीएम ने भैसौंधा-इटखरी गांव का दौरा कर लिया वैक्सीनेशन का जायजा



**चित्रकूट।** डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सोमवार को विकासखंड कर्वी की ग्राम पंचायत भैसौंधा एवं इटखरी का औचक निरीक्षण कर कोरोना वैक्सीनेशन का जायजा लिया। डीएम शुक्ल ने ग्रामीणों से कहा कि कोविड-19 की तीसरी लहर को देखते हुए अधिक से अधिक वैक्सीनेशन कराएं। जो लोग बाहर गए हैं उनके परिवारिक जनों से जानकारी करके फॉलोअप कराई जाए। ग्राम प्रधानों से कहा कि जो बाहर से लोग आ रहे हैं उनको घर पर रहने के लिए प्रेरित करें। अगर उन्हें सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार की शिकायत हो तो उन्हें दवा दिलवाएं। इस संक्रमण से बचने के लिए वैक्सीन लाभदायक है। इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है। जिन लोगों को प्रथम डोज लगने के बाद 84 दिन पूर्ण हो गए हैं उन व्यक्तियों को सेकंड डोज अधिक से अधिक लगवाएं। 31 दिसंबर 2007 से पूर्व जिस बालक/ बालिकाएं की उम्र 15 वर्ष से 18 वर्ष हो चुकी है को भी वैक्सीनेशन कराया जाए। एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा पंचायत सहायकों से कहा कि आप वैक्सीनेटर को ले जाकर प्रेरित करके मजरों में घर- घर जाकर वैक्सीनेशन कराएं। पंचायत सहायकों से कहा कि 15 से 18 वर्ष आयु के लोगों की सूची आप बनाया है उन्हें प्रेरित करके घर-घर जाकर ही वैक्सीनेशन कराएं तथा समय से फीडिंग भी कराई जाए। जिन लोगों को द्वितीय डोज के 9 माह पूर्ण हो चुके हैं उन्हें बुस्टर डोज लगवाएं। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से यह भी कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सभी लोग शत-प्रतिशत मतदान करें। पहले सबको मताधिकार का अधिकार नहीं था लेकिन आज हमारे भारत के संविधान में सबको मताधिकार का अधिकार दिया गया है, आप लोग बढ़-चढ़कर अपने मत का प्रयोग करें लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए इस महापर्व पर आप लोग भागीदारी बनें। भारत निर्वाचन आयोग चाहता है कि सभी लोग अपने मत का प्रयोग करें। पंचायतों राज व्यवस्था में ग्राम पंचायतों को काफी सशक्त बनाया गया है। आप लोग मतदाता सूची को भी देख लें अगर नाम नहीं है तो बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से आवेदन करके अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाले।

जो 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं तो वह मतदाता बन सकते हैं। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से खाद्यान्न वितरण, वरासत आदि की भी जानकारी की तथा बूथों का निरीक्षण कर विद्युत, पेयजल, फर्नीचर, रै प आदि व्यवस्था को भी देखा। उप जिला अधिकारी कर्वी पूजा यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, नायब तहसीलदार कर्वी रामानंद मिश्रा सहित लेखपाल, सचिव, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम प्रधान आदि लोगों सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अधिसूचना के साथ ही आज से शुरू हो जाएंगे नामांकन

**उरई (जालौन)।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र के अनुसार विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 के द्वारा जनपद जालौन हेतु निर्धारित तृतीय चरण में स पन्न होने वाले तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 219-माधौगढ़, 220-कालपी एवं 221-उरई (अनु. जाति) हेतु नाम निर्देशन की अधिसूचना 25 जनवरी मंगलवार को जारी होगी एवं उसी से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। विधानसभावार अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन प्रपत्रों को प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु विधान सभावार स्थल बनाएं गए। 219-माधौगढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु जिला मजिस्ट्रेट जालौन का न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट उरई, 220-कालपी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट नामामि गंगे का न्यायालय कक्ष, कलेक्ट्रेट उरई, 221-उरई (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु एसडीएम उरई सदर का न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट उरई में होगा।

## अखिलेश से प्रभावित महिलाओं ने ली सपा की सदस्यता



सपा की सदस्यता लेती महिलाएं।

**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव के समक्ष एक दर्जन से ज्यादा महिलाओं ने सपा की विचारधारा व सपा मुखिया अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की। सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार में महिलाओं के साथ जुल्म और अत्याचार की बाढ़ आ गई है। बाबा के शासन काल में हाथरस और उन्नाव जैसी घटनाओं ने देश-प्रदेश को कलंकित किया। सपा सरकार में महिलाओं के हितों को तमाम योजनाएं चलाई गईं। बाबा ने सभी योजनाओं का बन्द करने का काम किया। भाजपा संविधान, लोकतंत्र, किसान, मजदूर व महिला विरोधी सरकार है।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में पूर्व मु यमंत्री अखिलेश यादव के विकास कार्यों की चर्चा है। सपा की सरकार बनने पर महिलाओं को 15 सौ रुपया समाजवादी पेंशन देकर स मानित किया जायेगा। भाजपा बेरोजगारी, महंगाई और विकास के मुद्दे से जनता का ध्यान हटाना चाहती है। महिला सभा की जिलाध्यक्ष उर्मिला निषाद ने कहा कि महिलाएं, युवा, किसान, मजदूर दस मार्च को योगी सरकार की विदाई करेंगे। इस मौके पर सुभाष पटेल, महिला सभा की जिला महामंत्री रामा यादव, माया जोशी, गीता देवी, सुमन गुप्ता, खुशबू साहू, किरन वर्मा आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में सपा जिला कार्यालय में बिहार के पूर्व मु यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। सपा जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन पर रोशनी डाली। कहा कि डॉ लोहिया के समाजवाद के सिद्धांत पर चलते हुए कर्पूरी ठाकुर ने संघर्ष की राजनीति कर लोगों को समाजवाद से जोड़ने का संदेश दिया। इस मौके पर सपा नेता अनिल शर्मा, मो गुलाब खां, अरशद खान, रोहित यादव, रमेश यादव, तीरथ वर्मा, गया प्रसाद सविता, रामचन्द्र वर्मा, अजीत यादव, राधे यादव, चन्द्रभान यादव आदि मौजूद रहे।

### जनपद न्यायालय 24 घंटे के लिए बंद

# सिस्टम अधिकारी अनुराग कोरोना पाजिटिव पाये गये

**चित्रकूट।** प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने बताया कि कोविड-19 जांच के उपरांत सिस्टम अधिकारी जनपद न्यायालय चित्रकूट कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। मु य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद न्यायालय को 24 घंटे बंद रखने की अनुशंसा की है। उक्त के अनुपालन में जनपद न्यायालय चित्रकूट को 24 घंटे के लिए बंद किया जाता है और जनपद न्यायालय का न्यायिक कार्य तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है। वाह्य न्यायालय मऊ व ग्राम न्यायालय मानिकपुर तथा किशोर न्याय बोर्ड चित्रकूट का कार्य यथावत संपादित रहेगा। अवकाश के दिनों के समान ही अंतर्गत धारा 167 दंप्रसं तहत रिमांड कार्य जेल में निरुद्ध बंदियों के रिमांड सहित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नामित रिमांड मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालयों का रिमांड कार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा, नोडल ऑफिसर कोविड-19, 25 जनवरी को जनपद न्यायालय तथा परिसर में अवस्थित परिवार न्यायालय में सघन सैनेटाइजेशन का कार्य तत्काल प्रभाव से कराना सुनिश्चित करें। कोविड-19 जांच में धनात्मक पाए गए कर्मचारी अनुराग जायसवाल स्वयं को क्वॉरेंटाइन करना सुनिश्चित करें और रिपोर्ट प्राप्त होते ही उसे नोडल ऑफिसर कोविड-19 मु य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार पंचम को अवगत कराना सुनिश्चित करें। कर्मचारी के संपर्क में आए सभी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अपना अपना कोविड-19 परीक्षण कराना सुनिश्चित करें, न्यायालय परिसर का संपूर्ण सैनेटाइजेशन होने के उपरांत जनपद न्यायालय खुलेगा।

## चुनावी सरगर्मी के बीच पुलिस वाहन चेकिंग को लेकर सक्रिय

**जालौन (उरई)।** विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से स पन्न कराने के साथ चुनावों में पैसों के दुरुपयोग रोकने के लिए पुलिस वाहनों की चेकिंग अभियान चला रही है। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने देवनगर चौराहे पर चार पहिया वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चुनाव में होने वाली किसी तरह की गड़बड़ी को रोकने व चुनावों में पैसों के दुरुपयोग रोकने के पुलिस प्रयास कर रही है। चुनावों में काले धन का इस्तेमाल रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सी ओ संतोष कुमार, कोतवाली निरीक्षक शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने देवनगर चौराहे पर चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग की। वाहनों की डिग्गी खोल कर गहना से देखी गयी। इसके साथ ही वाहनों में मौजूद, बैग, अटैची का निरीक्षण किया तथा लोगों को निर्देश दिए कि कोई व्यक्ति अगर पैसा लेकर चले तो वह पैसे का पूर्ण विवरण लेकर चले।

# बेटियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ देने में चित्रकूट मंडल रहा अव्वल

● सर्वाधिक 8838 बच्चियां कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित


जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू

**चित्रकूट।** कन्या सुमंगला योजना में 8838 बच्चियों को लाभ देकर चित्रकूट ने मंडल में अव्वल दर्जा हासिल किया है। बांदा जिला दूसरे स्थान पर है, जबकि महोबा और हमीरपुर क्रमशः तीसरे और चौथे पायदान पर हैं। योजना के तहत बच्चियों को छह चरणों में रूपए 15000 दिए जा रहे हैं। सोमवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा ने बताया कि अब तक 8838 बच्चियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिया गया है। मंडल में चित्रकूट सबसे अधिक लाभ देने वाला जिला बन गया।उन्होंने बताया कि जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला के निर्देशन में टीम भावना के साथ काम किया जा रहा है। प्रयास है कि पात्र अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने बताया किछह चरणों में कुल 15000 रुपए इस योजना के तहत पात्र बच्चियों को उनके अभिभावकों के बैंक खाते के मार्फत दिया जा रहा है।

### छह चरणों में भुगतान

जिला प्रोवेशन अधिकारी ने बताया कि बच्ची के जन्म पर 2000 रुपए, जन्म के एक साल बाद संपूर्ण टीकाकरण होने पर रुपए 1000, कक्षा एक में प्रवेश पर तीसरी किस्त के रूप में रुपए 2000, कक्षा 6 में प्रवेश पर रुपए 2000, नौवीं कक्षा में प्रवेश पर रुपए 3000 और उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने पर रुपए 5000 मिलेंगे।यह रकम अभिभावक उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में जाएगी।

### तीन लाख से अधिक न हो सालाना आय

बच्ची के अभिभावक की वार्षिक आय रुपए 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस आय सीमा के भीतर वाले अभिभावकों को ही कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिए जाने का प्रावधान है।

### आकड़ों पर एक नजर

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि चित्रकूट में 8838, बांदा में 7196, महोबा में 6638 हमीरपुर में 6162, बच्चियों को योजना का लाभ मिल रहा है।

## क्विक न्यूज

### मनरेगा में पांचों ब्लाकों में हुई धांधली

**चित्रकूट।** जिले के पांचों ब्लाकों में मनरेगा से कराये कार्यों में जमकर धांधली देखने को मिल रही है। डीसी मनरेगा ने पूरे जिले में बिना कार्यों के सत्यापन के धडाधड भुगतान कर दिये हैं। सोमवार को केन्द्र सरकार की मनरेगा में बडे स्तर पर घपले सामने आ रहे हैं। सभी ब्लाकों में ऐसी फर्मों से सामान की खरीद की गई है, जिनका जीएसटी में पंजीयन नहीं है। फर्म के नाम पर फर्जीवाडा कर सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं। सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाई जा रही है। भुगतान कराने में 40 फीसदी सामग्री पर खर्च करना था। बडे पैमाने पर मनरेगा में गडबडी की जा रही है। जिले भर में जनवरी में पक्के कार्यों का भुगतान किया गया है। मामला तूल पकडने पर बिना कार्यों के सत्यापन के लाखों के भुगतान हो गये। मनरेगा में नियम है कि साठ फीसदी लेबर और 40 फीसदी सामग्री पर खर्च होना चाहिए। विभागीय कर्मियों की मनमानी से लेबर पर कम सामग्री पर ज्यादा भुगतान किया है। डीसी मनरेगा ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना में लाखों का घोटाला किया है।

### चौपाल लगा, करें भयमुक्त मतदानः सीओ

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर सीओ राजापुर एसपी सोनकर ने थाना क्षेत्र के गांव में जनचौपाल लगाकर आम जनता को भयमुक्त स्वतंत्र रुप से मतदान की अपील की। सोमवार को सीओ राजापुर एसपी सोनकर ने राजापुर थाने के लमियारी, विलास, तीरधुमाई गंगू, सिरावलमाफी में पुलिस की मौजूदगी में जनचौपाल लगाई। जनचौपाल में उन्होंने कहा कि सभी लोग भयमुक्त होकर स्वतंत्र होकर मतदान करें। मतदान के लिए कोई किसी प्रकार का दबाव या प्रलोभन देता है तो तत्काल पुलिस थाने को सूचित करें। उचित कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कोरोना के मद्देनजर गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग के प्रति जागरूक किया। जिला पुलिस की पहल भरोसा की बाबत आम जनता को जागरूक कर भरोसा पत्र बांटकर निर्भीक होकर मतदान की अपील की। इस मौके पर दरोगा कन्हैयालाल पाण्डेय, दरोगा सूबेदार बिन्द व ग्रामीण मौजूद रहे।

### छज्जा गिरने से मजदूर घायल

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के छेरिहा गांव में अपने ही नवनिर्मित घर में मजदूरी कर रहे रहीश (27) के ऊपर घर का छज्जा गिरने से ग भीर रुप से घायल हो गया। ये हादसा सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे हुआ। बताया गया कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के छेरिहा गांव का रहीश (27) अपने घर में मजदूरी कर रहा था। अचानक छज्जा गिरने से वह ग भीर रुप से घायल हो गया। उसके साथ काम कर रहे मजदूरों ने टै पो से मानिकपुर स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर हालत ग भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रहीश के साथ मजदूरी कर रहे विष्णु ने बताया कि नये निर्माणाधीन घर में काम कर रहे थे। अचानक छज्जा गिरने से काफी चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में रहीश का इलाज जारी है।

### घने कोहरे के चलते डंपर चालक ने मारी ट्रक में टक्कर

**जालौन (उरई)।** मौरम लादकर उरई से बकेवर जा रहे डंपर के चालक ने घने कोहरे में सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में चालक व क्लीनर बाल बाल बचे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। सोमवार की सुबह तकरीबन 8 बजे घने कोहरे के बीच एक डंपर बालू लादकर बकेवर जा रहा था। जैसे ही डंपर पं. दीनदयाल उपाध्याय चौराहे से मुड़कर औरैया रोड पर पहुंचा तो वहां एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। ट्रक का चालक भी ट्रक से उतरकर ढाबा पर चाय पी रहा था। डंपर चालक विवेक निवासी महेबा कोहरे के चलते सड़क किनारे खड़े ट्रक को देख नहीं पाया। डंपर का अगला हिस्सा तो ट्रक के बगल से निकल गया। लेकिन डंपर का एक कोना ट्रक की बॉडी में घुस गया। जिसके चलते अगला डंपर चालक डंपर से नियंत्रण खो बैठा और डंपर का अगला हिस्सा भी ट्रक की बॉडी से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि स्पीड कम होने की वजह से कोई बड़ी दुघर्टना नहीं हुई। डंपर सवार चालक व क्लीनर दोनों की सुरक्षित बच गए।

### तमंचाधारी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई)।** किसी घटना को अंजाम देने की फिरा त में खड़े युवक को पुलिस ने गिर तार किया है जिसके पास से देशी तमंचा व 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। एसएसआई दिलीप कुमार मिश्रा को सूचना मिली कि औरइया चुंगी के पास पर संदिग्ध अवस्था में 1 युवक खड़ा है। मुकबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को गिर तार कर लिया है जिसने पूछताछ के दौरान अपना नाम सोम कुमार कंजड निवासी शाहगंज बताया है। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस को 315 बोर देशी तमंचा व 2 जिंदा कारतूस मिले हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया तथा जेल भेज दिया है।

## उरई में दिनदहाड़े दुकान से पचास हजार लूटकर भागा बदमाश

**उरई( जालौन )।** जिला मु यालय उरई के अति व्यस्त घंटाघर चौराहे के समीप जनरल स्टोर की दुकान पर झाड़ू खरीदने आये युवक ने गुल्लक से 50 हजार लूटकर भागने में सफल रहा। जबकि घटना के सामने ही पुलिस पिकेट का पहरा था। घंटाघर चौराहे पर उरई के पटेल नगर निवासी कैलाश गुप्ता पुत्र रामसेवक जनरल स्टोर की दुकान खोले है। वह 50 हजार रुपये बैंक से निकालकर लाये थे और गुल्लक में रख दिए। इसी दौरान एक बदमाश झाड़ू खरीदने आया। इस दौरान बदमाश ने कैलाश को चकमा देने के लिए 80 रुपये नीचे गिरा दिए और जब दुकानदार झुककर रुपये उठाने लगे इसी का फायदा उठाकर गुल्लक में रखे 50 हजार रुपये उठाकर भाग गया। जब बदमाश को पकड़ने के लिए दुकानदार आबाज लगा रहे थे वहीं पचास मीटर दूरी पर खड़ी पुलिस तमाशा देख रही थी।

# आगजनी और चोरी के आरोप में पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा

● ब्रह्मकुमारी प्रजापिता ईश्वरीय आश्रम में लगाई गई थी आग ● आश्रम में रखा कीमती सामान जलकर हो गया था खाक चढ़ौती के रुपये कर लिए गये थे चोरी


आश्रम में आगजनी का आरोपी पुलिस हिरासत में।

**कोंच (जालौन)।** गत रोज ब्रह्मकुमारी प्रजापिता ईश्वरीय आश्रम में घुसकर रात के अंधेरे में आगजनी की घटना घटित होने से आश्रम में रखा तमाम कीमती सामान जलकर खाक हो गया था, साथ ही आरोपी चढ़ौती के रुपये भी चोरी कर ले गये थे।वहीं उक्त घटना के आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस को आखिरकार सफलता हाँथ लग गयी।इंचार्ज प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह के निर्देशन में सुरई चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा ने सोमवार की सुबह पहाड़गांव रोड से घटना के आरोपी कुँवर यादव पुत्र बुद्ध सिंह निवासी सुभाष नगर को गिर तार कर दफा 380,430 में निरुद्ध कर न्यायालय में पेश किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

नगर के मुहल्ला सुभाष नगर में स्थित ब्रह्मकुमारी प्रजापिता ईश्वरीय आश्रम की करीब 7 फिट ऊंची दीवार फांदकर आरोपी बीती 13 जनवरी की रात आश्रम के अंदर प्रवेश कर गया था।आरोपी ने आश्रम के अंदर बने एक कमरे में लगा अलमुनियम का गेट तोड़कर कमरे में रखे रुई के दर्जनों गद्दे, टंगे पर्दे व सत्संग हेतु रखे साउंड सिस्टम में आग लगा दी थी जिसके चलते उक्त सारा सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया था। आरोपी गोलक में रखे चढ़ौती के रुपये भी चोरी कर ले गया था।वहीं घटना की सूचना मिलते ही सीओ शाहिदा नसरीन सहित प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही,चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा, सर्वेश कुमार ने आश्रम पहुंचकर घटना की हर एक बिंदु पर बारीकी से जांच पड़ताल की थी। घटना को लेकर आश्रम की प्रमुख मीना दीदी ने बताया था कि इससे पहले करीब एक माह पूर्व भी अज्ञात व्यक्तियों ने आश्रम में घुसकर चढ़ौती के करीब 10 से 15 हजार रुपये चोरी कर लिये थे लेकिन उन्होंने इस घटना को नजरंदाज कर दिया था।

# प्रशासन बूथों की व्यवस्थाओं को लेकर मशक्कत करने में जुटा

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**विधानसभा** चुनावों को लेकर तैयारी चल रही है। प्रशासन चुनावों में बनाए गए बूथों को लेकर मशक्कत कर रहा है। हालांकि अभी भी कई बूथों पर अव्यवस्थाएं नजर आ रही हैं। जबकि मतदान के लिए एक माह से भी कम समय शेष रह गया है।

जालौन नगर व ग्रामीण क्षेत्र में आगामी 20 फरवरी को विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान होना है। एक माह से भी कम समय शेष है। चुनाव को लेकर बनाए गए बूथों पर अभी तक व्यवस्थाएं दुरूस्त नजर नहीं आ रही हैं। जालौन तहसील क्षेत्र में मतदान के लिए उरई, जालौन विधान सभा के साथ ही कालपी विधान सभा का भी कुछ क्षेत्र आता है।

जालौन नगर क्षेत्र में छत्रसाल इंटर कॉलेज में पोलिंग बूथ बनाया गया है। इस बूथ को देखने पर मिला कि इंटर कॉलेज में लगा हुआ हैंडपंप महीनों से खराब पड़ा है। पेयजल की आपूर्ति के लिए हैंडपंप सहारा है लेकिन हैंडपंप को अभी तक दुरूस्त नहीं कराया गया है। इसी प्रकार इंटर कॉलेज परिसर में बने शौचालयों की हालत भी खराब है।

जो शौचालय दुरूस्त हैं वहां गंदगी पड़ी है और जहां हालत कुछ ठीक है वहां या तो शौचालय की दीवारें जर्जर हैं अथवा शौचालय उपयोग में नहीं है। इंटर कॉलेज में बनाए जाने वाले सभी बूथों पर रैंप की भी व्यवस्था नजर नहीं आई। उक्त संदर्भ में नायब तहसीलदार आलोक कटियार ने बताया कि प्रशासन बूथों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगा हुआ है, शीघ्र ही व्यवस्थाएं दुरूस्त करा ली जाएंगी।

# कोविड नियमों का पालन करते हुए मनेगा गणतंत्र दिवस:जिलाधिकारी

● सरकारी कार्यालयों पर प्रातः 8:30 बजे शिक्षण संस्थाओं में 10 बजे होगा ध्वजारोहण

**उरई (जालौन)।** डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि गणतंत्र दिवस को कॉविड 19 के नियमों का पालन करते हुए मनाया जाएगा। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष को निर्देश दिए कि सभी सरकारी एवं गैर सरकारी भवनों पर भी 25 एवं 26 जनवरी को रोशनी की समुचित व्यवस्था कराई जाए। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में 26 जनवरी 2022 के राष्ट्रीय पर्व को मनाए जाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शहर में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कराएं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को भी कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए मनाए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 2022 को सभी सरकारी कार्यालय में ध्वजारोहण प्रातः 8:30 बजे एवं शिक्षण संस्थाओं पर 10 बजे किया जाएगा। महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण का कार्यक्रम गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका परिषद उरई द्वारा प्रातः 7:30 बजे माल्यार्पण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में प्रातः 9:30 परेड की सलामी व अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रातः 10:40 बजे से 11 बजे तक जिला कारागार में फल वितरण नगर मजिस्ट्रेट मु य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लहरिया पुरवा डूडा कॉलोनी साफ-सफाई मिष्ठान वितरण परियोजना अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा कराया जाएगा।

क्रीड़ा अधिकारी द्वारा इंदिरा स्टेडियम में प्रातः 11:30 पुरुषों की 5 किलोमीटर व महिलाओं की 3 किलोमीटर क्रॉस दौड़ का आयोजन कराया जाएगा। अपराह्न 2 बजे जिला अस्पताल पुरुष व महिला में फलों का वितरण मु य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कराया जाएगा। सीडीओ डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट कुमार वीरेंद्र मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक भगवत पटेल, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, डिप्टी कलेक्टर अजीत सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज कुमार आदि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र में तीस दिवसीय महिलाओं को प्रशिक्षण पूर्ण

**जालौन (उरई)।** ब्लॉक परिसर स्थित आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र पर 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम को नेशनल अकादमी ऑफ रुडसेट, बेंगलुरु द्वारा मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण कराकर संपन्न कराया गया। 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम में 18 से 45 वर्ष की आयु की 34 ग्रामीण गरीब परिवार के एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। जिनमें 27 महिलाओं को प्रशिक्षण कुशलता पूर्वक पूरा किया। इस दौरान आरसेटी के संचालक विभाष कुमार साहा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क संपन्न होता है। प्रशिक्षण के उपरांत महिलाओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किया जाता है। इसके अलावा महिलाएं स्वरोजगार को अपना सकें इसके लिए प्रशिक्षणोंपोरांत महिलाओं के विभिन्न ऋण योजनाओं में पत्रावलियां बैंको को भेज कर क्रेडिट लिंक कराया जाता है।

# सुरक्षित माहवारी प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला में दी गयी जानकारी

● ग्रामीणांचल की महिलाओं व किशोरियों ने तोड़ी चुप्पी


कार्यशाला में किशोरियों को जानकारी देते प्रशिक्षक।

**उरई (जालौन)।** नेशनल बालिका दिवस के मौके पर यूनोप्स के द्वारा कुसमरा बावनी व परौसा ग्राम में सुरक्षित माहवारी प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं व किशोरियों ने भाग लिया। जैसुखपुर की आशा कार्यकत्री प्रीति ने बताया बताया कि माहवारी एक जैविक प्रक्रिया है। हर माह 5 से 7 दिनों के बीच का समय माहवारी के चक्र होता है। इससे घबराने, डरने, छुपाने, की बात नहीं है। यह शर्म संकोच की भी बात नहीं है। माहवारी पर चुप्पी तोड़नी होगी और हमें इसके प्रति अधिक से अधिक लोगों को जानकारी देनी होगी। ग्राम कुसमरा बावनी की आशा कार्यकत्री संपत ने कहा कि सुरक्षित महावारी प्रबंधन के लिए हर तीन से चार घंटे पर माहवारी के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले कपड़े, सैनेटरी पैड को बदलते रहे। माहवारी के दौरान उपयोग में लाये गए कपड़ें, सेनेटरी पैड को जमीन में गड्ढा खोदकर दबा दें। इसी प्रकार से माहवारी के दौरान यूज किए जाने वाले कपड़ों को अच्छी तरह से साबुन से धो करके तेज धूप में सुखाकर पुनः उपयोग में लाए जा सकते हैं।

ग्राम परौसा की आशा कार्यकत्री अनुसूईया देवी ने कहा कि किशोरी उम्र में 11 साल से लेकर 15 साल के बीच में माहवारी की शुरुआत होती है। शुरुआत में यह अनियमित हो सकती है। किंतु बाद में धीरे-धीरे सामान्य प्रक्रिया बन जाती है इस दौरान दर्द होने पर, घबराहट होने पर, या किसी भी तरह की बेचैनी होने पर तत्काल चिकित्सक की सलाह लें। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर महिलाओं को किशोरियों को चुप्पी तोड़ी नहीं होगी और माहवारी के प्रबंधन के लिए बात करनी होगी। सामाजिक कार्यकर्ता और यूनोप्स जिला सलाहकार देवेन्द्र गांधी ने कहा कि महिलाओं की उम्र में से 5 से 10 साल की जिंदगी इस सामान्य प्रक्रिया में गुजरती है। किंतु समाज में व्याप्त प्रक्रिया समाज में व्याप्त कुरीतियों और जानकारी न होने के कारण तमाम तरह की धारणाएं, कुरीतियां समाज में व्याप्त है, जिनको दूर करने की जरूरत है। यह प्रयास उसी दिशा में एक कड़ी है उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर महिला और पुरुषों को जागरूक होने की जरूरत है। सुंदर और सुंदरी कहानी के माध्यम से कहानी के माध्यम से उन्होंने माहवारी की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी पहले कभी किसी के द्वारा नहीं दी गई है। उन्हें इसकी जानकारी दी गई है। वह इसे अधिक से अधिक लोगो को बताएंगे तकि हर व्यक्ति जागरूक हो सके।

# भव्य तरीके से मना उत्तर प्रदेश दिवस

## आजादी का अमृत महोत्सव और चौरी चौरा थीम पर किया गया आयोजन, शहीद स्मारकों पर दी गई श्रद्धांजलि



संवाददाता। अमेठी

**शासन के** निर्देशानुसार आज जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी.चौरा थीम पर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय सहित सभी विकास खंडों एवं नगर निकायों में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। जनपद के सभी शहीद स्मारकों पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर नगर पालिका गौरीगंज के प्रांगण में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज सभी संसाधनों से परिपूर्ण है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैए उत्तर प्रदेश अपने आप में बृहद सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत रूप से अपने कर्तव्यों जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन करते हुए अपने स्तर पर ही बेहतर करने का प्रयास करना है तभी हमारा प्रदेश विकास की नई उचाईयों को छूयेगा। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगो से विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 में निष्पक्षरूप से अपने मतदान का प्रयोग करने एवं जनपद में कोविड.19 के नये वैरिएण्ट के संक्रमण से बचाव हेतु मास्कए सेनिटाईजर एवं सोशल डिस्टेसिंग सहित शासन व प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने अपील की है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने पूरे विश्व में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को श्रेष्ठतम तथा अनुकरणीय बताते हुए तथा उत्तर प्रदेश की प्रगति एवं यहां के लोगो में आपसी भाईचारा अमन.चैन एवं सौहार्द के भावना की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास की नई ऊचाईयों तक ले जाने के लिए हम सभी को सजगता के साथ समर्पित भाव से कार्य करने की जरूरत है। आज उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकासखंड भेटुआ में एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत मूंज से बने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई।

# एडीजी ने पुलिस लाइन में की अधिकारियों के साथ मंत्रणा



**रायबरेली।** आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा करने पहुंचे एडीजी बृजभूषण पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ की बैठक,दिए दिशा निर्देश एडीजी ने कहा बूथवार स्तर पर लगातार की जा रही निगरानी आपराधिक प्रवृति वाले लोगों पर रखी जा रही नजर, उनके खिलाफ की जा रही आवश्यक कार्यवाही अवैध शराब को लेकर भी महकमा है गंभीर, लगातार कराई जा रही चेकिंग अवैध शराब व लिक्विड मनी के फ्लो पर भी लगाया जा रहा है अंकुश कुछ अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों पर गैंगस्टर के तहत की जा रही कार्यवाही अवैध संपत्तियों को भी किया जा रहा है जब्त चुनाव सकुशल निपटाने के लिए विभाग ने कस ली है कमर पुलिस किसी भी कीमत पर अराजक तत्वों को नहीं बख्शेगी ।

## क्विक न्यूज

### पत्रकार प्रेमचंद्र त्रिपाठी का निधन

**लालगंज रायबरेली।** वरिष्ठ पत्रकार प्रेमचंद्र त्रिपाठी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में श् शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर क्षेत्र के अनेको गणमान्यो ने घर व अत्येष्टि स्थल पहुंचकर श्रंद्वाजलि अर्पित की। क्षेत्र में तीन दशक से अधिक समय तक पत्रकारिता जगत में अपना परचम लहराने वाले प्रेमचंद्र त्रिपाठी(70) की रविवार की सांय सीने में दर्द व सांस फूलने की शिकायत पर सीएचसी से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। रायबरेली के निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिनके अंतिम दर्शन के लिये घर पर लोगो की भारी भीड़ लगी रही। मृत शरीर का गेंगांसो गंगा तट पर अंतिम संस्कार किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र अतुल त्रिपाठी ने दी। इस मौके पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह, अनूप बाजपेई, महेश शर्मा, रवींद्र सिंह, रत्ना पाण्डेय समेंत भारी संख्या में राजनेता व समाज सेवियों ने अपनी श्रद्वांजलि अर्पित की है।

### महिलाओं पर छींटाकशी करने वाले के खिलाफ हुई कार्रवाई

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के निर्देश पर क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफलगातार कार्यवाही की जा रही है ।उसी परिप्रेक्ष्य में चौकी इंचार्ज नरपतगंज वीरेंद्र सिंह यादव ने नरपतगंज निवासी प्रदीप कुमार पुत्र धनीराम के खिलाफधारा 294 आईपीसी के तहत कार्रवाई की है ।मामले की जानकारी देते हुए चौकी इंचार्ज ने बताया कि प्रदीप कुमार नरपतगंज चौराहे पर आने जाने वाली महिलाओं पर छींटाकशी कर रहा था ।उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### सर्राफा दुकानदार हुआ टप्पेबाजों का शिकार

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज नगर के तिकोना पार्क स्थित शर्राफे की दुकान को निशाना बनाते हुए 2 बदमाशों ने 16 ग्राम सोने की चौन पार कर दिया है। टप्पे बाजों के द्वारा की गई इस वारदात से पीड़ित दुकानदार शरद कुमार पुत्र सुशील गुप्ता ने बताया कि सोमवार को दोपहर बाद उनकी दुकान में बाइक से दो युवक आए और सोने के जेवरात दिखाने की बात कही। उनके द्वारा दो सोने की चौन दिखाई गई, तभी अचानक मोलभाव करते हुए दोनों युवक 16 ग्राम सोने की चौन लेकर बाइक से चंपत हो गए। मौके पर पहुंचे कोतवाल राजेश सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया और सामने की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से युवकों की सीसीटीवी फुटेज निकलवा कर मामले के खुलासे का आश्वासन दिया है

### पूर्व कैबिनेट मंत्री की माता का निधन

**रायबरेली।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय की माता जी का बीतीरात निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थी और पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। श्री पाण्डेय की माता जी के निधन की सूचना पर जनपद में राजनीतिज्ञों एव शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गयी। डॉ0 पाण्डेय के निवास स्थान पर शुभचिंतको एवं परिवारीजनो की भीड़ लगने लगी। माता जी अपने पीछे तीन पुत्र डा0 मनोज कुमार पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय, अमिताब पाण्डेय समेत पुत्रवधु एवं नाती पोतो से भरा पूरा परिवार छोड़क इस दुनिया से विदा हो गयी। डा0 पाण्डेय की माता जी का अंतिम संस्कार डलमऊ गंगाघाट पर वैदिक रीतिरिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में शुभचिंतकगण एवं परिवारीजन उपस्थित रहे।

### समरता भोज के जरिए भाजपा ने दिया समानता का संदेश

**ऊंचाहार,रायबरेली।** जब तक समाज में समानता नहीं आयेगी तब तक समाज का उत्थान नहीं हो सकता है । इसलिए समाज के हर व्यक्ति में परस्पर प्रेम और समानता का भाव पैदा हो । इसी उद्देश्य को लेकर भाजपा समाज के हर व्यक्ति को एक सूत्र में पिरोने का काम कर रही है । यह विचार भाजपा ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष कौशल ने सोमवार को आयोजित समरसता भोज में व्यक्त किए । ऊंचाहार के बीर बाबा मंदिर के पास आयोजित खिचड़ी सहभोज में भाजपा नेता ने कहा कि जब तक समाज के हर व्यक्ति को समान भाव , समान स्थान और समान अधिकार नहीं मिल जाता , तब तक आदर्श समाज की कल्पना करना व्यर्थ है । समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो और उसमें समान अधिकार का भाव हो सभी हम उत्थान कर सकेंगे और एक सशक्त समाज की स्थापना कर सकेंगे । सामाजिक समरसता सह भोज कार्यक्रम ककोर बीर बाबा मंदिर ककोरन में खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन बतरस संगठन द्वारा किया गया था। जिसमें अभिलाष चंद्र कौशल मुख्य अतिथि के रूप में रहे सामाजिक समरसता के एकता और सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने का काम किया जाए समाज में सभी एक जैसा व्यवहार करें ऊंच नीच का भेदभाव खत्म किया जाए ।समाज में जो अंतिम वक्त पर बैठे हुए व्यक्तियों को उचित सम्मान मिले । भोज के उपरांत भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र सुदामापुर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस को डीएम व सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



संवाददाता। अमेठी

**जिला मजिस्ट्रेट** जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र व मुख्य विकास अधिकारीध्नोडल अधिकारी स्वीप डा अंकुर लाठर ने आज निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस के माध्यम से जनपद वासियों को मतदान करने के लिए जागरुक करने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस लोगो को विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस बस 24 जनवरी को क्लेक्ट्रेट परिसर से चलकर विधानसभा गौरीगंज अमेठी मुसाफिरखाना व तिलोई में विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जनपद में 27 फरवरी 2022 को मतदान करने हेतु जागरूक करेगी। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस भ्रमण के दौरान निर्वाचन विषय से सम्बन्धित क्विजए गीत संगीतए नुक्कड़ नाटक इत्यादि कार्यक्रमो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करेगी। मतदाता जागरूकता एक्स्प्रेस बस पर जनपद के शिक्षा विभागए एनएसएस तथा भारत स्काउट एंड गाइड उ0प्र0 के उपस्थित वैलंटियर्स भी उपस्थित रहेंगेए जो मतदाताओं को जागरूक करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान करें।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने चुनाव को लेकर तैयारियों की गहन समीक्षा

संवाददाता। अमेठी



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीजी

**आगामी विधान** सभा चुनाव.2022 के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ बृजभूषण शर्मा द्वारा फायर स्टेशन गौरीगंज में समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी । जिसके अन्तर्गत महोदय द्वारा चुनाव सम्बन्धी अभिलेखों का निरीक्षण करते हुये चुनावी तैयारियों कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में सभी बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा चुनाव को निष्पक्ष सकुशल शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारीगणों को चिन्हित व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करनेए लाइसेंस धारकों से शत प्रतिशत शस्त्र जमा कराने चुनाव रजिस्टर का अभिलेखीकरण करने सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखने ग्राम चौकीदारों व अभिसूना इकाई के माध्यम से महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनायें प्राप्त कर तत्काल कार्यवाही करनेए अवैध शराबध्शस्त्रध्मादक द्रव्यों की बिक्री तश्करी निष्कर्षण परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने सम्बन्धी ग्रामीण संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ संगोष्ठी स्थापित कर शांति.व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपील करने व चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आये अर्धसैनिक बलों के ठहरने हेतु कॉलेजों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है एवं गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14;1 के अन्तर्गत अवैध रुप से अर्जित संपत्तियों को सीज करने की कार्यवाही एवं जिलाबदर अपराधियों के संबंध में निर्देशित किया गया कि जिलाबदर अपराधी दूसरे जिलें में किस स्थान पर रह रहा है उस जिले से उसका सत्यापन कराया जाये । इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या के0पी0 सिंहए पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण समस्त थाना प्रभारी सहित अन्य अधि0 कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# मित्रता हो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली

**क्षेत्र के पूरे** स्वयंबर सिंह मजरे ज्योना गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन पंडित चंद्रिका प्रसाद शास्त्री गौरी शंकर धाम पारा कला द्वारा अपने मुखारविंदो से विभिन्न प्रसंगों को कथा पंडाल में उपस्थित श्रोताओं के समीप सुनाएं श्री शास्त्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा माता देवकी के कहने पर उनके छह पुत्रों को वापस लाकर देना तथा सुभद्रा हरण का प्रसंग एवं श्री कृष्ण सुदामा चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए या भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता से सीखा जा सकता है, उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने बाल सखा श्री कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे सुदामा विहीन चरण पादुका के साथ लोगों से पूछते पूछते द्वारिकाधीश के महलो के समीप पहुंचे महल के बाहर उपस्थित द्वारपालों द्वारा सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझ कर रोक दिया गया तब उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण उनके बाल सखा है, इस पर द्वारपाल अचंभित हो गए और यह सारा वृत्तांत महल में जाकर श्री भगवान श्री कृष्ण से कहे जैसे ही भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा नाम सुना तो सुनते ही भगवान नंगे पांव सुदामा सुदामा नाम का उच्चारण करते हुए हुए तेजी से द्वार की तरफ निकल पड़े और सुदामा को देख उन्होंने अपने सीने से लगा लिया महल में ले जाकर सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया और सुदामा द्वारा लाए गए उनकी कुल पूंजी एक मुट्ठी चावल को क्रमशः ग्रहण करते हुए भगवान कृष्ण ने दो बार में सुदामा को दो लोक वार दिए श्रीकृष्ण द्वारा तीसरी बार चावल ग्रहण करने पर रानी रुक्मणी ने श्रीकृष्ण को रोक दिया अन्यथा भगवान अपना निवास स्थान बैकुंठ लोक भी सुदामा को प्रदान कर देते भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की ऐसा मित्र भाव देख सभी भगवान श्री कृष्ण का यशगान करने लगे श्री शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत के अंतिम अन्य प्रसंगों का वर्णन किया गया जिससे कथा पंडाल में उपस्थित सभी प्रफुल्लित हो उठे कथा समापन पश्चात महा आरती एवं आयोजक द्वारा विशाल ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर मुख्य यजमान श्यामलाल सा पत्नीक सहित उनके सुपुत्र ग्राम प्रधान उमेश कुमार कुन्नु राम कुमार राजकुमार अंजनी कुमार दुर्गेश कुमार शशि शर्मा सहित भारी तादाद में लोग उपस्थित रहे।



### मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमेठी। राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र अमेठी के तत्वाधान में खेल मंत्रालय यूपी के माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी अमेठी राकेश कुमार मौर्य एवं खादी ग्रामोद्योग के राकेश पांडे एवं आर आर पी जी के भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अर्जुन प्रसाद पांडेए नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज एवं कॉलेज की प्राचार्य डॉ संगीता सिंहए प्रशासनिक अधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और मतदाता जागरूकता के उपलक्ष में गीतडांस नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किए गए उत्कृष्ट योगदान करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।**

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर विधायक हरचन्दपुर सहित कई लोगों के खिलाफ एनसीआर दर्ज

संवाददाता। रायबरेली

**विधान सभा** सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद जनपद रायबरेली के थाना खीरों में सुरेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा एक औपचारिक शिकायत ईमेल के माध्यम से की गयी है। जिसमें 179 विधानसभा क्षेत्र हरचन्दपुर रायबरेली उत्तर प्रदेश से भाजपा प्रत्याशी के रूप में घोषित होने के 10 घंटे पश्चात ही राकेश सिंह द्वारा अपने फेसबुक पेज से पोस्ट डाली गई है कि उनके द्वारा 179 हरचन्दपुर के किसानों की फसल को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए ग्राम निहस्था में 25 बीघे भूमि में अस्थाई गोशाला का शुभारम्भ करवा दिया गया है तथा यह भी शिकायत की गई है कि राकेश सिंह द्वारा जनता को सीधे तौर पर प्रलोभन दिया जा रहा है कि प्रति जानवर 50 रुपये की धनराशि उनके द्वारा दी जाएगी जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। उक्त शिकायत के आधार पर जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि 22 जनवरी 2022 को स्थानीय लोगों तथा उक्त स्थल के आसपास के ग्रामों के लोगों द्वारा गोवंशों को उक्त परिसर में इकट्ठा किया गया है तथा यदुवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पुट्ट सिंह, राजकुमार गुप्ता, गौरव सिंह, मोहित सिंह एवं अन्य लोगों के साथ विधायक राकेश सिंह भी उस स्थल पर आये थे। प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में राकेश सिंह विधायक, 179 हरचन्दपुर द्वारा अपने सोशल मीडिया पर भी यह बात पोस्ट की गई है कि आज मैंने अपनी विधानसभा हरचन्दपुर के किसानों की फसल को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए ग्राम निहस्था थाना खीरों में 25 बीघे भूमि में अस्थाई गोशाला का शुभारम्भ करवा दिया है। मैं विधानसभा के सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों से आग्रह करता हूँ कि पूरी विधानसभा में जहां कहीं भी जिस गांव में भी छुट्टा जानवर, हमारे अन्नदाता किसान भाईयों की फसल को नुकसान पहुँचा रहे हों तो उन्हें ग्राम निहस्था विकास खण्ड खीरों में पहुँचाने की कृपा करें, जो व्यक्ति जितने जानवर पहुँचायेगा उसे प्रति जानवर 50 रूपये के अनुसार वहीं पर धनराशि किराया खर्च के रूप में दी जाएगी, सतावं हरचन्दपुर में बहुत जल्द यह सुविधा प्रारम्भ की जायेगी। साक्ष्य स्वरूप वायरल की गई पोस्ट की छायाप्रति संलग्न है।

# रुपए नहीं मिले तो जच्चा-बच्चा जीवन के साथ खेल गई नर्स

**ऊंचाहार,रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए लाई गई एक प्रसूता व उसके नवजात के साथ स्टाफ नर्स ने रुपए के लिए ऐसी हरकत कर दी जिससे मानवता तार-तार हो गई है । पीड़ित ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने की गुहार लगाई है मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे जगत सिंह मजरे खरौली का है। गांव की प्रसूता सीमा पत्नी राहुल को प्रसव पीड़ा होने पर रविवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था ।प्रसूता के देवर अर्जुन पाल का आरोप है कि उस समय प्रसव ड्यूटी पर तैनात स्टाफनर्स ने उससे रुपए की मांग की। जब उसने रुपए देने से इंकार कर दिया तो नर्स ने प्रसूता को भर्ती करने से इंकार कर दिया गया । उसके बाद अधिकारियों से शिकायत की गई । तत्पश्चात प्रसूता को भर्ती किया गया ।लेकिन स्टाफ नर्स उसके पास नहीं गई। आरोप है कि दाई ने किसी तरह प्रसव कराया। उसके बाद जब स्टाफ नर्स को जानकारी हुई तो उसने दाई के साथ भी दुर्व्यवहार किया। और प्रसूता के गुप्तांग के साथ छेड़छाड़ की। यही नहीं उसने नवजात को भी ध्यान नहीं दिया।और जबरन जच्चा-बच्चा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।पीड़ित का आरोप है कि नर्स द्वारा की गई गलत हरकत के कारण जच्चा बच्चा दोनों की हालत गंभीर हो गई है। और उसे जैसा जिला चिकित्सालय में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया है ।पीड़ित ने स्वास्थ विभाग के उच्चाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने और दोषी स्टाफनर्स के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। उधर सीएससी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि मामले में कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है ।यदि शिकायती पत्र मिलता है तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

### बेमौसम हो रही बरसात से किसानों की चिंताएं बढ़ीं

**जगदीशपुर अमेठी ।** कड़ाके की ठण्ड के चलते आम जनमानस तो परेशान हो ही रहा है वहीं दूसरी तरफ बेमौसम हो रही बरसात ने किसानों की चिंताए बढा दी है बरसात होने के चलते खेत में खडी फसल को भी नुकसान हो रहा है ।जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित विभिन्न गांवों में बेमौसम बारिश होने से खेत में अधिकतम पानी होने के चलते सरसों मटर की फसल को काफी बडा नुकसान हो रहा है ।बारिश की मार से प्रभावित किसानों की चिंताए काफी बढ गई है और उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं हफ्ते भर पहले शुरू हुई बारिश का सिलसिला जारी है पिछले दिन रात को शुरू हुई बारिश दूसरे दिन दोपहर तक जारी रही जिसके चलते खेतों में पानी भर जाने के कारण निचले सतह पर लगी सरसों व मटर की फसल पीली पड़ गई ।क्षेत्र के किसान रामदीन विष्णु जगदत रमेश सुबराती सुधीर रवि पवनेन्द्र ने बताया कि पानी बरसने व मौसम न खुलने के चलते जमीन गीली हो गयी है जिससे मटर का पौधा गलने लगा है और पीला पड रहा है इसके साथ ही साथ फली में दाग आ गये हैं जिससे मटर का उत्पादन भी कम होने की सम्भावना बनी है ।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर श्रावस्ती में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा प्रदेश** सरकार के आदेशानुसार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रात:काल जिले के सभी विकास खण्ड मुख्यालयों पर स्थित शहीद स्मारकों पर पुष्पमाला अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया। विकास खण्ड सिरसियाए गिलौलाए इकौनाए हरिहरपुररानी एवं जमुनहा कैम्पस में स्थित शहीद स्मारकों पर खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा पुष्पमाला अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया। वहीं उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जनता इंटर कॉलेजए पटना खरगौराए विकास खण्ड हरिहरपुररानी में चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अनेक बालिकाओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम के साथ ही साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सभी संसाधनों से परिपूर्ण है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश अपने आप में वृहद सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को समेटे हुए है। हम सभी को व्यक्तिगत रूप से अपने कर्तव्योंए जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन करते हुए अपने स्तर पर ही और बेहतर करने का प्रयास करना हैए ताकि हमारा प्रदेश और नई उंचाईयों की ओर अग्रसर होता रहे।

### दो दिवसीय ब्लॉकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती।** नेहरू युवा केंद्र श्रावस्ती के तत्वाधान में दो दिवसीय हरिहरपुर रानी ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन भिनगा स्टेडियम मे किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल खेले गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेयए जिला क्रीडाधिकारी शिव कुमार यादवए कौशलेंद्र ने प्रतिभाग किया। 1500 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान धर्मेंद्र कुमार व द्वितीय स्थान सुरेश यादव तृतीय स्थान इकबाल अहमद ने प्राप्त किया। 800 मीटर रेस पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान धर्मेंद्र द्वितीय स्थान इकबाल अहमद तृतीय स्थान हरीश कुमार ने प्राप्त किया। 400 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मुकेश कुमार द्वितीय स्थान राजकुमार तिवारी तृतीय स्थान शकील ने प्राप्त किया। 200 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान आशीष यादव द्वितीय स्थान मोहम्मद आलम तृतीय स्थान मोहम्मद सलमान सिद्दीकी ने प्राप्त किया। 100 उमजमत पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान आशीष यादव द्वितीय स्थान दिव्यांशु देव तृतीय स्थान मोहम्मद सलमान सिद्दीकी ने प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में 800 मीटर में प्रथम स्थान अंशु मौर्य द्वितीय स्थान हेमा शर्मा तृतीय स्थान उजमा बानो ने प्राप्त किया। 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान षणलता पांडे द्वितीय स्थान अंशु मौर्य तृतीय स्थान रुचि तिवारी ने प्राप्त किया। 200 मीटर में प्रथम स्थान रेनु यादव द्वितीय स्थान अश्मिता मौर्य तृतीय स्थान रुचि तिवारी ने प्राप्त किया। 100 मीटर में प्रथम स्थान स्वर्णलता पांडे द्वितीय स्थान रेणु यादव तृतीय स्थान प्रिया राणा ने प्राप्त किया। फ़ुटबॉल टीम मुकद्दर अली कप्तान की टीम विजेता व अकील अहमद कप्तान की टीम उपविजेता रही। खो खो टीम ;पुरुषद्ध मोहम्मद आलम कप्तान की टीम विजेता और अरविंद कुमार कप्तान टीम उपविजेता रही। खो.खो टीम महिला स्वर्णलता पांडे कप्तान टीम विजेता और आराधना राणा टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेताओ को पदकए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संचालन का कार्य नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक श्रवण कुमार व नीतीश कुमार द्वारा किया गया।

# सपा और बसपा में दल-बदलुओं की भरमार!

संवाददाता। बस्ती

● पांचों विधानसभा क्षेत्रों में दोनों दलों के संभावित उम्मीदवार बदल चुके हैं पाला

● बसपा के पांचों प्रत्याशी पहली बार हाथी की सवारी कर रहे

चुनाव विशेष

**2022 का** चुनाव बहुत ही रोचक होने जा रहा है। रोचक इस लिए क्यों कि पहली बार पाचों विधानसभाओं में एक साथ सभी दलबदलू नेता अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। बसपा और सपा का एक भी ऐसा संभावित प्रत्याशी नहीं हैं, जिसने दल न बदला हो। 2017 और 2022 में दर्जन भर से अधिक नेताओं की निष्ठा बदली है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, यह लोग कितने अवसरवादी हैं, और इन सभी का लक्ष्य जनता की सेवा नहीं बल्कि मलाई खाना रहता है। अब देखना हैं, कि इन दलबदलूओं को लेकर मतदाताओं का क्या रुख रहता है। देखा जाए तो पांचों विधानसभाओं में बसपा और सपा के जितने भी टिकट के दावेदार हैं, उन सभी ने पाला बदला है। एक तरह से नये चुनाव चिन्ह पर पाला बदलने वाले नेताओं को सात मार्च को होने वाले चुनाव में मतदाता किस तरह जबाव देती है, नकार देती हैं, या फिर सिर आंखों बैठाती है। पूरे प्रदेश में बस्ती शायद ऐसा पहला जिला होगा जहां पर बसपा और सपा के सभी संभावित प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी निष्ठा न बदली हो। कई दिग्गज तक पाला बदलने में जरा भी देरी नहीं की। यह अपने आप में एक इतिहास साबित होगा। इन दलबदलूओं के चलते दोनों पार्टियों को कितना नुकसान और फायदा होगा, इसका पता तो 10 मार्च को चलेगा। मगर इतना तय है, कि इन दलबदलूओं के आने से पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्त्ता परेशान और हैरान हैं, उन्हें इस बात का डर सता रहा है, कि कहीं पाला बदलने वालों के सामने उनकी बलि न चढ़ा दी जाए। कहा भी जा रहा है, अगर सपा ने दलदलूओं पर जुआ खेला तो परिणाम के प्रभावित हो सकता हैं, ऐसे में सरकार बनाने के सपने को धक्का लग सकता है। लोगों का मानना है, कि सपा ने दलबदलजूओं को टिकट दिया तो इसका सबसे अधिक लाभ भाजपा को होगा। साइकिल और हाथी की सवारी कर नया पार करने का सपना देखने वालों में से कितने का सपना सच होता है, यह क्षेत्रों की जनता तय कर चुकी है। वैसे भी जिले की सम्मानित मतदाताओं ने दलबदलुओं पर अधिक विश्वास नहीं किया, इसमें हर्रैया अपवाद है। बार-बार पाला बदलने से नेताओं के सामने पहचान बनाने का संकट खड़ा हो जाता है। क्षेत्र में कभी हाथी तो कभी साइकिल चुनाव चिन्ह पर बटन दबाने की अपील करने वाले खुद जनता के सामने हंसी का पात्र बनकर रह जाते है। पाला बदलने की शुरुआत हर्रैया विधानसभा क्षेत्र से करते हैं। यहां पर साइकिल की सवारी छोड़ हाथी की सवारी करने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह अपने मकसद में कितना सफल होगें यह तो समय ही बताएगा। सपा ने यहा पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। कप्तानगंज में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी बसपा छोड़ सपा में आए, यह भले ही चुनाव नहीं लड़ रहे, और इनके स्थान पर इनके पुत्र कबिंद्र चौधरी ने सपा से टिकट की दावेदारी ठोंकी है। यहां से राना कृष्ण किंकर सिंह पाला बदलते-बदलते अब भाजपा से टिकट मांग रहें हैं। सुरक्षित महादेवा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व बसपा के विधायक दूधराम ने भी बहन जी का साथ छोड़कर साइकिल की सवारी करने लगे। सदर विधानसभा क्षेत्र से दो बार बसपा के टिकट पर विधायक रहे नंदू चौधरी ने भी अचानक हाथी की सवारी करना बंद कर दिया, और साइतिकल पर सवार होकर टिकट मांग रहें हैं। इसी विधानसभा से 2017 में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले विपिन शुक्ल ने न सिर्फ पाला बदला, बल्कि क्षेत्र भी बदल दिया, सपा के यह पहले टिकट के दावेदार जिन्होने पार्टी के साथ क्षेत्र भी बदला। रुधौली विधानसभा से 2012 में बसपा के टिकट पर विधायक बनने वाले राजेंद्र चौधरी ने भी पाला बदलकर सपा में आ गए। 2017 के चुनाव में यह पुन: बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े। इसी विधानसभा क्षेत्र से सपा से टिकट के मजबूत दावेदार सईद खां भी 2017 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। एक तरह से देखा जाए कई विधानसभाओं में पाला बदलने वालों के बीच टिकट के लिए लड़ाई हो रही है। इनमें बस्ती सदर और रुधौली शामिल है। आमजन के बीच चर्चा हैं, कि राजनैतिक दलों का स्तर इतना गिर गया है, कि वह अपने मूल कार्यकर्त्ताओं पर भी विश्वास करने को तैयार नहीं है। वहीं दलबदलू ठेका पटटी एवं अन्य अनियमित स्रोत से धन इक्कठा कर राजनीति में पूरी तरह हावी हो चुके है, और इस तरह के दलदलूओं की बात पार्टियों में खूब ठीक से सुनी जाती है, क्यों कि ऐसे लोगों जीताउ केंडिडेट माना जाता है। वहीं मूल कार्यकर्त्ताओं को इस लिए हाशिए पर ठकेल दिया जाता है, क्यों कि उनके पास अनैतिक रुप से कमाया धन और उनके पास लक्जरी वाहन नहीं रहता।

# देश को अब तक हुए नुकसान से बचाने का वक्तः बृजभूषण



संवाददाता। गोंडा

**यह चुनाव सड़क,** नाली जैसे मुद्दे का नहीं है। बल्कि इस चुनाव में यह विचार करना होगा, मनन और चिंतन करना होगा कि देश को किस दिशा में ले जाना है। यह बात कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पंत नगर वार्ड के प्रबुद्धजनों के साथ एक बैठक में कहीं। कैसरगंज सांसद ने बताया कि पूर्व की सरकारों ने देश को जो क्षति पहुंचाई है उसे अब सुधारने का वक्त है। देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का होना चाहिए, इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करके दिखा दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने प्रदेश के विकास को आशातीत गति प्रदान की। इस देश को सिकंदर के समय से ही गद्दारों ने कई बार कमजोर करने का प्रयास किया। आजादी के बाद भी कुछ इसी तरह की घटनाएं हुई, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद भारत वर्ष हर क्षेत्र में न केवल प्रगति कर रहा है, बल्कि काफी मजबूत भी हुआ है। इस दौरान मोहल्ले के बुजुर्गों से उन्होंने आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस मौके पर एक बुजुर्ग महिला ने उन्हें विशेष रुप से आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार डॉ0 ओंकार पाठक, विक्रम वीर शुक्ला, अजय शंकर श्रीवास्तव उर्फबंटी आदि ने सांसद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राधेश्याम गुप्ता, उमाशंकर अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार, सभासद श्रीमती लक्ष्मी, मोहित कुमार, नीरज मौर्य, संजीव सिंह, मोहित पांडेय उर्फ गुड्डू, एसएन सिंह, बीपी पाठक आदि मौजूद थे।

# बेजुबानों को खुले में छोड़ने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा:सीडीओ

**बस्ती।** सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि कोई भी व्यक्ति यदि अपने पशुओं को खुले में छोडेगा तो उसके विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करायी जायेंगी।कार्रवाई करने का निर्देश सभ्साी एसडीएम, सीओ, बीडीओ एवं नगर निकायों के ईओ को दे दिया गया है। उन्होने कहा है कि अधिकारी क्षेत्र का नियमित भ्रमण करे तथा यह सुनिश्चित कराये कि किसी भी सड़क या खेत पर निराश्रित गोवंश विचरण करते हुए न दिखें। वे यह भी सुनिश्चित कराये कि किसानों को खेत की रखवाली के लिए खेत में न सोना पड़े। उन्होने निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र में ऐसे स्थलो को चिन्हित कर ले, जहॉ अन्य जनपदों से तथा स्थानीय ग्रामवासियों के स्तर से गोवंश छोड़े जाते है। निराश्रित गोवंशों को नजदीक के गोआश्रय स्थल में भेजवाये। स्थानीय आवश्यकता को देखते हुए गोआश्रय स्थल या पशुवाड़ा का मनरेगा से निर्माण करा सकते है। उन्होने कृत कार्यवाही के संबंध में प्रतिदिन आख्या भी तलब किया है। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन शाम को 06.00 बजे संकलित रिपोर्ट उपलब्ध कराये। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव द्वारा प्रतिदिन शाम को वीडियों कांफ्रेन्सिग के माध्यम से कोरोना की स्थिति, टीकाकरण के साथ-साथ गोवंशीय पशुओं को संरक्षित किए जाने के संबंध में ही बैठक की जाती है। उनके निर्देशानुसार अगले तीन दिनों में निराश्रित गोवंश को निर्धारित गोआश्रय स्थल या बाड़ें में रखा जाना है।

# प्रधानों और सचिवों ने डकारे 33.45 लाख

## जिला विकास अधिकारी को भेजी गई डीपीआरओ की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

संवाददाता। बस्ती

● जिले के एक दर्जन से अधिक प्रधानों और सचिवों ने कर रखा है गबन

● पिछले तीन साल से विभाग नहीं कर पा रहा वसूली

● गबन करने वालों में आधा दर्जन महिला प्रधानों के पति शामिल

● सबसे अधिक कुदरहा ब्लॉक के प्रधान ने किया सरकारी धन का गबन

**जिले में बड़े** पैमाने पर ग्राम पंचायत निधि प्रथम के धन का गबन करने का खुलासा हुआ। यह खुलासा डीपीआरओ की ओर से जिला विकास अधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट से हुआ। जिले के छह ब्लॉकों के 13 प्रधान और इतने ही सेक्रेरियों ने 33 लाख 45 हजार 300 रुपये का गबन कर रखा है। गबन साबित होने बाद भी विभाग पिछले तीन सालों से कार्रवाई करना तो दूर की बात अबभी वसूली तक नहीं की गई, जबकि गबन के आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज होना चाहिए, मगर विभाग की मेहरबानी कहें या फिर चढ़ावा का नाम दें, वह भी नहीं किया। एक तरह से विभाग ने सरकारी धन का बंदरबांट करने वालों को अभयदान दे दिया, यह अभयदान किस कारण दिया गया, यह कहने नहीं बल्कि समझने की बात है। ताज्जुब की बात यह है, कि गबन करने वालों में आधा दर्जन महिला प्रधान शामिल है, जिन्हें यह तक नहीं मालूम कि उनके पतियों या परिवार के सदस्यों ने किस लिए गबन किया। अब इसमें यह नहीं पता चला कि कितने सचिव विकास विभाग और कितने पंचायत विभाग के सचिवों ने गबन किया। सबसे अधिक गबन भ्रष्टाचार का केंद्र रहे कुदरहा, बनकटी और गौर में किया गया।रिकार्ड के मुताबिक बहादुरपुर के बभनियांव ग्राम पंचायत के प्रधान संतराम ने 36 हजार, इसी ब्लॉक के ग्राम भेलवल के प्रधान मुन्ना ने तीन लाख दो हजार 500 सौ, बनकटी के ग्राम मनिकौरा कला के प्रधान राम सागर ने एक लाख 13 हजार, 806 रुपया, इसी ब्लॉक के ग्राम कैथवलिया की महिला प्रधान इसरावती ने 32 हजार 725, कुदरहा ब्लॉक के गाना ग्राम पंचायत की महिला प्रधान रीता देवी ने एक लाख 39 हजार 450 रुपया, इसी ब्लॉकम के ग्राम मंझरिया के प्रधान धमेंद्र कुमार ने 27 हजार 661 रुपया, इसी ब्लॉक के ग्राम अमईपार की महिला प्रधान कुसुम ने सात हजार 496 रुपया, साउंघाट ब्लॉक के ग्राम विक्षौर की महिला प्रधान इसरावती ने 46 हजार 959 रुपया, इसी ब्लॉक के कड़रखास के प्रधान बाबूराम ने चार लाख 22 हजार 602 रुपया, दुबौलिया के चकोही के प्रधान श्रीनिवास पाठक ने पां लाख 64 हजार, इसी ब्लॉक के ग्राम बरसावं की महिला प्रधान सोना देवी ने 29 हजार 165 रुपया, गौर के कलिगढ़ा की महिला प्रधान ने सबसे अधिक 26 लाख 14 हजार 655 रुपया और इसी ब्लॉक के ग्राम पंचायत सरदहा शुक्ल के प्रधान रतन ने सेक्रेटरी के साथ मिलकर 8 हजार 282 रुपये का गबन किया।

# नोटिस प्राप्त करें वाहन स्वामीः नगर मजिस्ट्रेट

**गोंडा।** विधान सभा निर्वाचन-2022 के प्रभारी अधिकारी यातायात/नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने वाहन स्वामियों, विद्यालयों के प्रबन्धकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि विधान सभा चुनाव में मतदान कार्मिकों को मतदान केन्द्र तक लाने व ले जाने के दृष्टिगत जिन वाहनों को अधिग्रहित किया है, उनके द्वारा भेजी गई नोटिस को वाहन स्वामी प्राप्त कर लें। साथ ही यह भी सुनिश्चित कराएं कि निर्वाचन के पूर्व उनके वाहन न सिर्फदुरूस्त हो जाएं, बल्कि वाहन चालकों का भी प्रबंध कर लिया जाय।उन्होंने बताया कि कतिपय वाहन स्वामियों स्वामियों एवं विद्यालय प्रबन्धकों द्वारा नोटिस न प्राप्त करके तरह-तरह की बहानेबाजी की जा रही है, ऐसे सभी वाहन स्वामियों के वाहन की आरसी निरस्त करने की कार्यवाही शुरू की जा रही है तथा जिन विद्यालयों के प्रबन्धकों द्वारा नोटिस प्राप्त न करके हीलाहवाली व बहानेबाजी की जा रही उनके विद्यालयों की मान्यता रद्द करने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेशित कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधान सभा निर्वाचन में मतदान कार्मिकों को मतदान केन्द्रों तक लाने व ले जाने के लिए 5200 वाहनों को अधिगृहीत किया गया है, जिसके लिए थानों के माध्यमों से वाहन स्वामियों को नोटिस प्राप्त कराने की कार्यवाही तेजी से चल रही हैं। उन्होंने थानावार नोटिस वापस कर देने वाले वाहन स्वामियों की सूची मांगी है। ताकि आरसी निरस्तीकरण के साथ ही वाहन को सीज करने व विद्यालयों की मान्यता रद्द करने की कार्यवाही कराई जा सके।

# गांजे के साथ दबोचे गए तस्कर

संवाददाता। बस्ती। विक्रमजोत




**छावनी पुलिस** ने बीते रविवार को थाना क्षेत्र के शंकरपुर नहर पुलिया के पास से एक पशु तस्कर को एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष छावनी रोहित उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शंकरपुर नहर पुलिया से चंद्र पलिया जाने वाले मार्ग पर मौजूद एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान आजाद बंजारा पुत्र भुवर बंजारा निवासी बंजरिया थाना बखिरा जनपद संत कबीर नगर हाल मुकाम इल्फातगंज थाना टांडा जनपद अंबेडकर नगर के रूप में हुई। पूँछताँछ में आरोपी ने बताया कि बीते 16 जनवरी को वह और उनके साथी फूलचंद पुत्र माता प्रसाद निवासी गुंडा कुंवर, आनंद कुमार पुत्र राम हृदय निवासी पूरेनाथू, रामसूरत पुत्र खेदु, भूडोले पुत्र दशरथ व भरत पुत्र सीताराम निवासी तुरसी, रोजन पुत्र टिकोरी निवासी जमदाशाही थाना वाल्टरगंज शराफत अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी नेतारी कला थाना बखिरा संतकबीरनगर, ट्रक चालक व वाहन स्वामी अब्दुल हकीम पुत्र टिकारी निवासी जमदाशाही थाना वाल्टरगंज जानवर उठाए गए थे और गुंडा कुंवर के पास स्थिति स्कूल के पीछे ट्रक में लाद रहे थे कि अचानक पुलिस के आने पर वह और रोजन , सराकत अली व अब्दुल हकीम वहां से भाग निकले। गाड़ी और अन्य साथी पकड़े गये। बताया कि करीब एक महीना पहले दिसम्बर में पूरेमहा गांव से तीन भैंस पड़ियां वह उठाये थे जिनमें एक भैंस लंगड़ी थी जिसे लेकर वह और संजय उर्फ इरशाद लेकर संतकबीरनगर जनपद के मगहर थाना क्षेत्र के मोहम्मद पुर गांव में संजय के घर रुके थे। जिसे संजय बिहार ले जाकर ठिकाने लगा दिया। उसने बताया कि वह गांजा लाता है और अपने साथियों को पीने के लिए देता है। रविवार को वह अपने साथियों को जानवर इकट्ठा करने के लिए बताने निकला था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ स्थानीय थाने में पंजीकृत पशु क्रूरता अधिनियम व गो हत्या निवारण अधिनियम और चोरी के मामले में दर्ज मामले और बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय रवाना किया गया। बताया कि मामले में अभी दो आरोपी वांछित चल रहे हैं जिनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार करने वालों की में थानाध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्याम मोहन त्रिपाठी, चौकी प्रभारी विक्रमजोत योगेंद्र कुमार, उप निरीक्षक नंदलाल सरोज, हेड कांस्टेबल संपूर्णानंद पांडेय, कांस्टेबल अरविंद पटेल एवं अमरजीत यादव शामिल रहे।

# बाजी पलटी तो खांटी कार्यकर्ताओं की लगेगी लॉटरी!

संवाददाता। बस्ती

● अभी तक भाजपा ने किसी भी स्थानीय और खांटी कार्यकर्त्ता को नहीं दिया मौका

● स्थानीय और खांटी कार्यकर्त्ताओं में टिकट न मिलने से निराशा व्याप्त

● सेवा करते-करते कार्यकर्त्ताओं के पास शरीर और आत्म सम्मान ही बचता है



● महादेवा विधानसभा से स्थानीय कार्यकर्ता को चुनाव में मौका देने की उठी मांग

**राजनैतिक चर्चाओं** के बीच एक चर्चा लखनउ से दिल्ली तक हो रही है, कि भाजपा खांटी कार्यकर्त्ताओं को मौका देने जा रही है। पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्त्ताओं की लिस्ट बनी हुई हैं, लखनउ के दरबार में 'ये नहीं तो वो, वो नहीं तो वो, की जैसी स्थित से महादेवा विधानसभा भी अछूता नहीं है। सूत्रों के हवाले बताते हैं कि यदि महादेवा विधानसभा में परिवर्तन होता है, तो ऐसी स्थित में स्थानीय कार्यकर्त्ता ही टिकट पाएगा। ऐसे में भाजपा के पूर्व महामंत्री 'रविंद्र गौतम' के नाम की चर्चा जोरों पर है। अगर इन्हें टिकट मिलता है, तो जहां विचार धारा का सम्मान होगा, वहीं इस बात की चर्चा रहेगी कि पार्टी में खाटी लोगों की पूछ होती। कार्यकर्त्ता लखनउ और दिल्ली अपनी गाढ़ी की कमाई से इस उम्मीद के साथ यात्रा कर रहे हैं, कि उनकी भी सुनी जाएगी। देखना यह हैं कि उट किस करवट बैठता है।सुरक्षित महादेवा विधानसभा क्षेत्र के लोग इस बात का इंतजार कर रहें है कि पार्टी कब स्थानीय कार्यकर्त्ता को टिकट देती है। सवाल कर रहे हैं, इस बार अगर स्थानीय कार्यकर्त्ता को मौका नहीं मिला तो आखिर उन्हें कब मिलेगा? कब तक खाटी कार्यकर्त्ताओं की उपेक्षा होती रहेगी। एक कार्यकर्त्ता जो पिछले 25-30 साल से पार्टी के लिए सबकुछ कुर्बान कर देता हैं, और अंत में उसके पास मात्र शरीर और आत्म सम्मान ही बचता है, को अगर मौका नहीं मिलेगा तो उसे लगेगा कि अगर यही सेवा किसी और पार्टी के लिए किया होता तो कम से कम कुछ करने को मौका तो मिलता। ऐसे भी खाटी कार्यकर्त्ता हैं, जिनके परिवार का भरण-पोषण बहुत मुस्किल से हो पाता है। वहीं कुछ ऐसे भी बाहरी लोग हैं, जिन्होंने साल भर भी पार्टी की सेवा नहीं की, उन्हें मौका देकर राजा बना दिया। पार्टी में भले ही न हो, मगर गांव गढ़ी में चर्चा अवश्य होती है, कि क्या भाजपा इतनी कमजोर पार्टी है, कि उसे अपनों पर भी भरोसा नहीं रहा। कहने को तो पार्टी के नेता बराबर यह कहते रहते हैं कि पहले पार्टी की सेवा करो, तब मेवा खाने का मौका मिलेगा। मगर जब मेवा खाने का मौका आता तो वे वही लोगा सबसे पहले अपने कार्यकर्त्ताओं की ही उपेक्षा करते है। क्षेत्र के लोग इस बार स्थानीय एवं खाटी कार्यकर्त्ता को मौका देने की मांग कर रहे हैं, और चेतावनी भी दे रहे हैं, कि अगर इस बार स्थानीय कार्यकर्त्ता को अवसर नहीं मिला तो विधानसभा का जीतना मुस्किल हो जाएगा। क्षेत्र के लोगों का कहना है, कि अगर पार्टी ने श्रीगौतम को मौका दिया तो कार्यकर्त्ता उन्हें चुनाव जीतवा कर यह साबित कर देगें कि पार्टी का निर्णय गलत नहीं था। पार्टी इसी बहाने एक इतिहास भी रचने में कामयाब होगी, जिसमें पहली बार किसी पार्टी ने स्थानीय कार्यकर्त्ता को मौका दिया, और उनके जीतकर दिखा दिया।

# निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है उत्तर प्रदेश

● डीएम की अध्यक्षता में मनाया गया उप्र स्थापना दिवस

संवाददाता। संतकबीरनगर



दीप प्रज्जवलित करती जिलाधिकारी

**उत्तर प्रदेश** स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के कुशल निर्देशन में विकास भवन परिसर के डी0पी0आर0सी0 हॉल में ''उत्तर प्रदेश दिवस'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ ने दीप प्रज्जवलित एवं मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की भव्यता पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज सभी संसाधनों से परिपूर्ण है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, उत्तर प्रदेश अपने आप में बृहद सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत रूप से अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन करते हुए अपने स्तर पर ही बेहतर करने का प्रयास करना है तभी हमारा प्रदेश विकास की नई उचाईयों को छूयेगा। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 राम, कृष्ण, कबीर सहित अनेकानेक सूफी संतों के आदर्शो और विचारों से ओत-प्रोत है, हमें इनके आदर्शो और विचारों से सीख लेकर उसे अपनी कार्य शैली में लाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने पूरे विश्व में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को श्रेष्ठतम तथा अनुकरणीय बताते हुए तथा उत्तर प्रदेश की प्रगति एवं यहां के लोगो में आपसी भाईचारा, अमन-चैन एवं सौहार्द के भावना की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास की नई ऊचाईयों तक ले जाने के लिए हम सभी को सजगता के साथ समर्पित भाव से कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन मनरेगा लोकपाल पी0के0 लाल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सीडीओ एस0एन0 श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी डा0 श्वेता त्रिपाठी, बीएसए दिनेश कुमार, जिला विकास अधिकारी, डी0सी0 मनरेगा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्रीमती प्रियंका यादव, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं काफी भारी संख्या में महिलाएं एवं दर्शकगण उपस्थित रहे।

# बेटियां लिखे-पढ़ें-आगे बढ़ें और देश को तरक्की की ओर ले जाएंः डीएम



अपनी दोनों बेटियों के साथ जिलाधिकारी

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपद के सभी बेटियों को बधाई देते हुए निरंतर आगे बढ़ने, शिक्षित बनने, और देश की तरक्की में अपना योगदान देने की शुभकामनाएं दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है, बालिका दिवस को मनाने का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ तरक्की के हर पायदान पर उनकी उपस्थिति दर्ज करने हेतु उन्हें प्रेरित करना है। इसी क्रम में सीएमओ कार्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इन्द्र विजय विश्वकर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर लिंग अनुपात के विषय में जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मोहन झा, डॉ0 एस0डी0 ओझा, डॉ0 ओ0पी0 चतुर्वेदी, डॉ0 वी0के0 सोनी, डॉ0 मुबारक अली, अनवार अहमद, मनीष मिश्रा सहित समस्त अधीक्षक, समस्त बी0सी0पी0एम0 उपस्थित रहे।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई



चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिला समाजवादी** पार्टी कार्यालय खलीलाबाद सोमवार को महान समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान पर चर्चा की गई। जयंती के अवसर पर बस्ती मंडल के विधान परिषद सदस्य संतोष यादव सनी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री, दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता रहे 1952 की पहली विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद वह बिहार विधानसभा का चुनाव कभी नहीं हारे राजनीति में इतना लम्बा सफर बिताने के बाद जब वह मरे तो अपने परिवार को विरासत में देने के लिए एक मकान तक उनके नाम नहीं था। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गौहर अली खान, सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, राम भवन शर्मा, राम दरश यादव, रमेश चंद यादव, श्याम विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र यादव, मनोहर सिंह सहित सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सपा ने सदर, हरगांव, बिसवां, महोली, महमूदाबाद, सेउता, महोली से घोषित किए नाम

# सीतापुर के छह सपा प्रत्याशियों की सूची जारी








संवाददाता। सीतापुर

**समाजवादी पार्टी** ने सोमवार की शाम यूपी विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की अगली सूची जारी कर दी है। सपा की इस सूची में सीतापुर की छह विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। सदर सीट पर राधेश्याम जायसवाल, महोली से अनूप गुप्ता, हरगांव से रामहेत भारती, बिसवां से अफ्जाल कौसर, सेवता से महेन्द्र सिंह झीन बाबू और महमूदाबाद से नरेन्द्र वर्मा पर सपा ने भरोसा जताया है। जबकि सिधौली, मिश्रिख और लहरपुर सीट को सपा ने अभी होल्ड पर रख दिया है। सीतापुर में प्रत्याशी चयन को लेकर सपा भी भाजपा की राह पर नजर आ रही है। हांलाकि सपा ने भाजपा से एक सीट पर बढ़त बनाकर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। आपको बता दें, कि भाजपा ने जिले की पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए थे, लेकिन चार पर अभी तक होल्ड किए है। इसी तरह सपा ने आज छह सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है जबकि तीन पर होल्ड रखा

### सपा कार्यालय पर फूंका पूर्व मंत्री रामहेत भारती का पुतला

**संवाददाता, सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आज कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पूर्व मंत्री रामहेत भारती का पुतला दहन किया। सपा कार्यकर्ता पूर्व मंत्री रामहेत का विरोध इस बात को लेकर कर रहे थे कि उन्हें हरगांव से प्रत्याशी न बनाया जाए। कार्यकर्ताओं की मांग है कि जो दावेदार लंबे अरसे से सपा की नीतियों पर क्षेत्र में काम कर रहे हैं, यह उनके साथ अन्याय होगा। दरअसल, बसपा से सियासी सफर शुरू करने वाले हरगांव से तीन बार विधायक व बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे रामहेत भारती 2019 में भाजपा में चले गए थे। कुछ दिन पहले ही वो भाजपा छोड़कर सपा में आ गए हैं, अब हरगांव से उनकी सशक्त दावेदारी मानी जा रही है। सीतापुर में विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया 27 जनवरी से शुरू होनी है। यानी महज दो दिन नामांकन शुरू होने में बचे हैं, लेकिन अभी तक समाजवादी पार्टी द्वारा नौ विधानसभाओं में से एक पर भी प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। लिहाजा, दावेदारों और उनके समर्थकों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। वहीं, आम मतदाता भी यह जानने को बेहद उत्सुक है कि सपा किस सीट पर किस उम्मीदवार को मैदान में उतारेगी। हर कोई यह पता करने में लगा हुआ है कि सपा कब प्रत्याशियों के नामों का ऐलान करेगी।



# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद सीतापुर के कार्यकर्ताओं ने प्रांतीय आवाहन पर कलेक्ट्रेट परिसर में तमिलनाडु के तंजावुर में कक्षा 12 की छात्रा लावण्या द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने के विरोध में तमिलनाडु के महामहिम राज्यपाल को कड़ी कार्यवाही के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा।

विद्यार्थी परिषद सीतापुर की नगर सह मंत्री स्वाती पटवा ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद निरंतर छात्र हित के मुद्दे को लेकर सजग रहती है । तमिलनाडु के मिशनरी विद्यालय में छात्रा लावण्या को धर्म परिवर्तन को लेकर लंबे समय से दबाव बनाया जा रहा था जिसके चलते उसे काफी प्रताड़ना का सामना भी करना पड़ा विगत 19 जनवरी को तमिलनाडु के तंजावुर में छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ऐसे धार्मिक उन्माद को बढ़ावा देने वाले तमिलनाडु सरकार की घोर निंदा करती है। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आस्था गुप्ता ने बताया कि तमिलनाडु में छात्रा की आत्महत्या बेहद शर्मनाक है अबे उपराज्यपाल को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करती है कि ऐसे मिशनरी विद्यालय पर कठोरतम कार्यवाही करते हुए प्रबन्धक सहित अन्य सम्बन्धियों की जांच करते हुए हत्या सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए।

इस ज्ञापन में विभाग संयोजक आकाश अवस्थी जिला सहसंयोजक शिवम वर्मा नगर सोशल मीडिया प्रमुख सौरभ यादव नगर सह मंत्री आकाश मिश्रा, आयुष शुक्ला शिवम दिक्षित चिराग अनुराग रिंकू शालू मोनिका गौतम श्याम नफीस अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनाव में देनी होगी जमानत राशि

# चालीस लाख व्यय कर सकेंगे उम्मीदवार

### ● सदर तहसील में दाखिल होंगे नौ विधानसभा क्षेत्रों के परचे

संवाददाता। सीतापुर

**18वीं विधानसभा** के गठन के लिए यूपी में चुनावी बिगुल बज चुका है, चुनावी समर में कूदने वाले संभावित उम्मीदवार हार-जीत का गणित लगाने में जुटे हैं। सीतापुर में चौथे चरण में मतदान होगा, इसके लिए यहां की नौ विधानसभा क्षेत्रों के लिए सीतापुर सदर तहसील में 27 जनवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और तीन फरवरी तक चलेगी। चार फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच तथा सात फरवरी को नामवापसी एवं प्रतीक चिंह आवंटन होगा। इसके लिए तैयारियां अंतिम दौर में है। अगर हम बात करें इस चुनाव में लगने वाले नामांकन प्रपत्रों की तो, इस चुनाव में उम्मीदवार चार सेटों में परचा दाखिल कर सकेंगे, आवेदक की आयु 25 वर्ष होनी चाहिए, प्रत्याशी का नाम किसी भी विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में सम्मिलित होना चाहिए, जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। नामांकन पत्र के साथ ही उम्मीदवार को आरओ-




एआरओ के समक्ष शपथ पत्र प्रारूप् 26 संलग्न करना होगा, दस रूपये का शपथ पत्र नोटरी से प्रमाणित होना चाहिए, शपथ पत्र में कोई कालम खाली नहीं होगा, सूचनाएं हां या नहीं, अथवा शून्य, लागू नहीं होता लिखा जाएगा। आवेदक को नामांकन पत्र के साथ विद्युत, पानी, टेलीफोन, सरकारी आवास के किराये से संबंधित नो डयूज भी प्रस्तुत करना होगा, अगर उम्मीदवार किसी भी दल से है, तो उसे फार्म एक और बी देना होगा, साथ ही आवेदक को चुनावी व्यय भुगतान के लिए नया बैंक खाता खोला जाएगा, जिसकी सूचना नामांकन के समय प्रस्तुत की जाएगी, यह खाता नामांकन से एक दिन पहले का होना चाहिए, इस चुनाव में उम्मीदवार 40 लाख तक चुनावी खर्च कर सकेंगे, पहले यह राशि 20 लाख रूपये मुकर्रर थी, उम्मीदवार समेत पांच लोग ही नामांकन परिसर में प्रवेश पा सकेंगे। अगर हम बात करें जमानत राशि की तो इस चुनाव में सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों को दस हजार तो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति वर्ग के उम्मीदवार को पांच हजार रूपये जमानत राशि तय की गई है। आपको बता दें कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की विधानसभा में 403 सीटें हैं। सत्ररहवीं विधानसभा कार्यकाल मई 2022 में खत्म हो रहा है। ऐसे में सात चरणों में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए एक बार फिर जनादेश लेने को माननीय जनता की अदालत में पहुंचने की तैयारी में लगे हैं, हालांकि पहले चरण के लिए महारथी अपनी सेनाओं के संग रण में पहुंच भी चुके हैं और जनता का आर्शीवाद पाने की जुगत में लगे है। सीतापुर की नौ विधानसभा क्षेत्रों में 23 फरवरी को वोट डाले जाएंगे।

# सीतापुर में मिले कोरोना के 207 नये केस



### ● स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** कोरोना संक्रमण ने तीसरी लहर में अब तक के अपने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। सोमवार को इस लहर के सर्वाधिक 207 नए केस मिले हैं। एक साथ इतने अधिक मामले आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। जबकि आम नागरिकों की धड़कनें भी तेज हो गई हैं। जिले में अब सक्रिय मामलों की संख्या एक हजार के करीब पहुंच गई है। पिछले एक सप्ताह में एक सैकड़ा फिर डेढ़ सैकड़ा और उसके ऊपर रोजाना मामले आ रहे थे, लेकिन सोमवार को सभी रिकार्ड ध्वस्त हो गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 207 लोग संक्रमित हुए है। इनमें 72 महिलाएं और 135 पुरुष शामिल है। 10 वर्ष से कम आयु के 13 बच्चे संक्रमित हुए है। 11 से 20 आयु वर्ग के बीच 27 लोग संक्रमित हुए है। सबसे ज्यादा 21 से 55 आयु वर्ग के बीच 138 लोग पॉजिटिव मिले है। जबकि 55 साल से अधिक उम्र के 29 लोग संक्रमित हो गए हैं। जिले में अब कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या एक हजार के करीब पहुंच गई है। इतने अधिक केस एक साथ बीते साल अप्रैल में आए थे। उस समय दूसरी लहर अपने चरम पर थी। अब जब तीसरी लहर में एक साथ इतने केस आ गए है, इसलिए इस समय सावधानी बरतना और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना बेहद जरूरी है।

### बंजर जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा
### दो पक्षों में हुआ बवाल, पुलिस मौके पर पहुंची

**सीतापुर।** ब्लॉक बेहटा थाना तंबौर तहसील लहरपुर जिला सीतापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हजरत पुर सरकारी बंजर जमीन को लेकर हुआ विवाद ग्रामीणों का कहना है कि हजरत पुर में सरकारी बंजर जमीन का टुकड़ा कई वर्षों से ऐसे ही पड़ा था लेकिन कुछ गांव के दबंग लोग उस सरकारी जमीन के टुकड़े पर अवैध कब्जा करने लगे हैं कब्जा करने वाले नफीस पुत्र मोहर्रम अली सफीक जहीर इब्राहिम खा लतीफबराती खा यह लोग अवैध कब्जा कर रहे हैं ग्राम सभा इस्माइलगाज के रहने वाले है और हजरतपुर ग्राम सभा की जमीन पर अवेध रूप से कब्जा किया है जब गांव के लोगों ने इन्हें रोकने का प्रयास किया तो यह सब लोगों ने घर की औरतों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया शरीफवकील खलील शाकिर अली फारुख पेरू दर्जी इरफान तेली सोनासर शादाब रईस आरिफविरोध किया तो इन लोगों को मजबूरन डायल 112 करना पड़ा जब मौके पर आकर गाड़ी 1819 संदीप कांस्टेबल रमेश दीवान मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को थाने ले गए अब देखना यह है इस बाबत में अनिरुद्ध लेखपाल साहब से बात की गई तो उन्होंने बताया 1 साल पूर्व उस बंजर जमीन की हमने पैमाइश की थी और बताया गया था कि इस सरकारी जमीन पर कोई कब्जा नहीं करेगा लेखपाल ने बताया जानकारी मिली है घटना की जांच कर अवैध कब्जा हटाया जाएगा।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

### ● वैक्सीन लगवाने स्वास्थ्य केंद्र गईं थीं

संवाददाता । मैगलगंज-खीरी

मालगाड़ी की चपेट में आने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। लगभग दिन के एक बजे के पास हुई दुर्घटना की सूचना जब परिजनों को मिली तो तो दोनों महिलाओं के परिवार में कोहराम मच गया।

खखरा नई बस्ती में रहने निवासी बुजुर्ग महिला शांति देवी पत्नी स्वर्गीय राम नारायण उम्र लगभग सत्तर वर्ष अपने पड़ोस की दूसरी महिला सुमन पत्नी राजू शर्मा उम्र लगभग 35 वर्ष के साथ खखरा स्वास्थ्य केंद्र पर वैक्सीन लगवाने के लिए गई थी। वापस आते समय नवनिर्मित रेलवे ट्रैक पर चल रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ऐसा प्रतीत होता है कि मालगाड़ी किस



ट्रैक पर आ रही है। यह समझने में गलती करने पर हुई दुर्घटना में दोनों महिलाओं को जान गवानी पड़ी। दुर्घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो आनन-फानन में घटना स्थल पर पहुंचे और शवों को घर ले आए। सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर मैगलगंज चिरंजीवी मोहन ने दोनों महिलाओं के शवों को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेज दिया।

# यूपी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

### ● लखनऊ के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

### ● डीएम ने दी यूपी दिवस की शुभकामनाएं

संवाददाता लखीमपुर खीरी

शासन के निर्देश पर खीरी में प्रशासन के तत्वावधान में उप्र दिवस पर विविध कार्यक्रम हुए। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में उप्र दिवस पर मुख्य कार्यक्रम हुआ। जिसमें राजधानी लखनऊ में आजादी का अमृत महोत्सव व चौरीचौरा शताब्दी महोत्सव के तहत आयोजित उप्र दिवस के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया।

जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने जनपद वासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देकर



उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने यूपी दिवस पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। कार्यक्रम के अंत में डीडीओ अरविंद कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। जनपद स्तर पर डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने माध्यमिक स्तर पर व बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय ने बेसिक शिक्षा स्तर पर विविध वर्चुअल प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम भी हुए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीडीओ अरविंद कुमार, डीआईओ,स ओपी त्रिपाठी, बी,स, डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, ,डीआईओ विपिन कुमार, सीवीओ डॉ अजीत सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों व जीआईसी, जीजीआईसी, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, गुरु नानक विधिक सभा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व अध्यापक समिति जीआईसी के छात्र शामिल हु,।

# गणतंत्र दिवस परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल



**लखीमपुर खीरी।** गणतंत्र दिवस 2022 के अवसर पर पुलिस लाइन खीरी में आयोजित होने वाले भव्य रैतिक परेड का सोमवार को फुल ड्रेस रीहर्सल किया गया। इस दौरान नागरिक पुलिस, अग्निशमन सेवा, रेडिओ शाखा, यातायात पुलिस, यूपी 112, एसएसबी, एनसीसी की विभिन्न टोलियों द्वारा अपनी तैयारी का संयुक्त प्रदर्शन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक खीरी अरुण कुमार सिंह द्वारा परेड रीहर्सल का निरीक्षण कर सभी का उत्साहवर्धन किया गया तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वोत्तम प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# मतदाता जागरूकता कैंपेन ने पकड़ा जोर

### ● बड़ी तादात में जुड़ रहे युवा

संवाददाता लखीमपुर खीरी

**विधानसभा** सामान्य निर्वाचन 2022 के लिए जनपद खीरी में मिशन मोड में मतदाता जागरूकता कैंपेन क्रियान्वित है। इससे बड़ी तादाद में युवाओं के जुड़ने का सिलसिला भी अनवरत जारी है। इसकी एक बानगी सोमवार को कलेक्ट्रेट में देखने को मिली।

सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह कलेक्ट्रेट स्थित अपने दफ्तर में निर्वाचन संबंधी कामकाज निपटा रहे थे। इसी बीच खीरी टाउन कस्बे के मोहल्ला पट्टी रामदास निवासी 19 वर्षीय युवा आदर्श वर्मा उनसे मिलने पहुंचे। डीएम से मिलकर आदर्श ने बताया कि रविवार को ट्विटर पर वोटर अवेयरनेस कैंपेन से जुड़ने पर बात हुई थी, हमने मिलने की इच्छा जाहिर कीए प्राप्त समय पर मिलने आया हूं। डीएम ने आदर्श को खीरी टाउन कस्बे में मतदाता जागरूकता कैंपेन की विविध गतिविधियों को



क्रियान्वित करने पर चर्चा की। इस दौरान आदर्श के साथ उनके मित्र यश वर्मा भी मौजूद रहे। डीएम से मुलाकात से युवा आदर्श का चेहरा खिल उठा।

आदर्श वर्मा बताते हैं कि वह इन दिनों वाईडी कॉलेज से स्नातक कर रहे हैं। ट्विटर व फेसबुक पर सक्रियता से डीएम स्वयं मतदाता जागरूकता कैंप से चला रहे हैं। वही विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 से जुड़ी हर छोटी-बड़ी गतिविधि की भी जानकारी साझा करते हैं। डीएम कि इस वोटर अवेयरनेस कैंपेन से प्रभावित होकर वह भी इसका हिस्सा बनना चाहते हैं। अपने कस्बे में लोगों को मत व मतदान का महत्व बताएंगे। वही वह मित्रों के जरिए भी जनपद में मतदान प्रतिशत 90 फीसद पार का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास करेंगे।

### माध्यमिक व बेसिक शिक्षा में हुईं विविध प्रतियोगिताएं

**शासन** के निर्देश पर यूपी दिवस पर जनपद खीरी में माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा स्तर पर विविध वर्चुअल कार्यक्रम हुए। माध्यमिक विद्यालयों में जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी के नेतृत्व में एवं बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में बीएसए डॉ लक्ष्मी पांडे के नेतृत्व में विभिन्न वर्चुअल कार्यक्रम हुए। जिसमें यूपी दिवस की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई गई।

### सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता

**लखीमपुर खीरी।** इतिहास संकलन समिति के स्वामी विवेकानंद जयंती से शुरू युवा चेतना पखवाड़े के अंतर्गत व्यापक युवा संवाद, युवा चुनौतियां, संघर्ष, भविष्य के संकटों, युवा शक्ति की रचनात्मक कार्य दिशा, ऊर्ध्वगामी, आदर्शोन्नमुखी चिंतन व वर्चुअल एवं प्रत्यक्षवार्ता की जा रही है। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठियों में मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभाग प्रमुख राजेश दीक्षित ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। जिंदगी में छोटे रास्ते की तलाश ही हमारे संपूर्ण व्यक्तित्व एवं सोच को काट कर छोटा कर देती है। चालाकी से छोटे मोटे काम तो अवश्य किये जा सकते हैं मगर किसी बड़े कार्य, महान लक्ष्य की प्राप्ति चालाकी से नहीं होती है। उसके लिए कठोर परिश्रम, आत्म अनुशासन, लगन की जरूरत होती है। युवाओं को अपने हौसलों को वज्र संकल्पों में बदलना होगा। उन्हें अपनी प्रतिभा को निरंतर प्रेरणा का मार्ग, समस्त योग्यताओं को समपर्ण का सशक्ति सबल देना होगा।

# कायस्थों ने धूमधाम से मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**लखीमपुर खीरी।** श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा द्वारा मां भारती के सच्चे सपूत, देश,वं कायस्थ रत्न, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, महान वीर साहसी पराक्रमी नेता सुभाष चन्द्र बोस जी की पावन जयन्ती को पराक्रम दिवस के रूप मे अत्यन्त धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष,डवोकेट राजेश श्रीवास्तव द्वारा एवं संचालन प्रख्याति खरे महासचिव महिला संभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभा के संरक्षक/पूर्वाध्यक्ष राजीव रतन खरे एवं जिलाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। तत्पश्चात सभा के पदाधिकारी रविकांत श्रीवास्तव, अनीता निगम, प्रख्याति खरे, प्रीती निगम, लक्ष्मी निगम, प्रदीप सक्सेना मुकेश, अनूप सक्सेना, डा. रवि श्रीवास्तव, डा. ओपी श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, विशाल सक्सेना,



डा. अजय सक्सेना अज्जू, डा. विनीत श्रीवास्तव, डा. अनमोल निगम, नितिन श्रीवास्तव, सौरभ सिन्हा आदि ने नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए और इस अवसर पर शास्त्री पार्क के बाहर चाय का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत मे जिलाध्यक्ष ने सभी उपस्थिति साथियों का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

# कोर्नेट 63वें प्रयास में पहुंची क्वार्टर फाइनल में

## गत चैंपियन रूस के दानिल मेदवेदेव ने भी अंतिम आठ में प्रवेश किया

**आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस**

**एपी** । मेलबर्न

**एलाइज** कोर्नेट के लिए किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना दूर की कौड़ी बना हुआ था लेकिन सोमवार को उन्होंने आखिर अपने 63वें प्रयास में आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोर्नेट ने अपना 32वां जन्मदिन मनाने के दो दिन बाद दो बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सिमोना हालेप को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। वह आस्ट्रेलियाई ओपन में 17वीं बार भाग ले रही हैं।


सिमोना हालेप के खिलाफ खेलतीं एलाइज कोर्नेट

सर्वाधिक बार ग्रैंडस्लैम में खेलने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का रिकार्ड अब कोर्नेट के नाम पर दर्ज हो गया है। इससे पहले यह रिकार्ड तमारिन तनासुगर्ण के नाम पर था जो 2008 में 45वें प्रयास के बाद ग्रैंडस्लैम (विंबलडन) के अंतिम आठ में पहुंची थी। कोर्नेट का अगला मुकाबला अमेरिका की 27वीं वरीयता प्राप्त डेनिली कोलिन्स से होगा जिन्होंने 19वीं वरीय एलिस मर्टन्स को लगभग तीन घंटे तक चले मैच में 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। कोलिन्स 2019 में यहां सेमीफाइनल में पहुंची थी। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में 2020 की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोरेना क्रिस्टीया को 5-7, 6-3, 6-3 से हराया।

पुरुष वर्ग में यूएस ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने 70वीं रैंकिंग के मैक्सिम क्रेसी को 6-2, 7-6 (4),



6-7 (4), 7-5 से पराजित किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव लगातार दूसरा ग्रैंडस्लैम जीतने की कोशिश में है। मेदवेदेव का सामना अब नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा जिसने 2014 अमेरिकी ओपन चैम्पियन मारिन सिलिच को 2-6, 7-6 (7), 6-2, 7-6 (4) से मात दी। मेदवेदेव ने कनाडा के इस खिलाड़ी को पिछले साल यूएस ओपन के सेमीफाइनल में हराया था। कनाडा के एक अन्य खिलाड़ी डेनिस शापावालोव पहले ही अंतिम आठ में जगह बना चुके हैं जहां उनका सामना 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल से होगा। इस बीच 11वीं वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने 32वीं वरीयता प्राप्त अलेक्स डि मिनौर को 7-6 (3), 6-3, 6-4 से हराकर पुरुष एकल में आस्ट्रेलिया की आखिरी उम्मीद भी समाप्त कर दी।


# स्पॉट फिक्सिंग के लिए मुझे ब्लैकमेल किया गया: टेलर

**● जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ने भारतीय व्यवसायी से कोकीन लेने की बात स्वीकारी**

**भाषा** । नई दिल्ली

**जिम्बाब्वे** के पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर ने एक भारतीय व्यवसाई के साथ बैठक के दौरान मूर्खतापूर्वक कोकीन लेने के बाद मैच फिक्सिंग के लिए ब्लैकमेल किए जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि इस मामले की जानकारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को समय पर नहीं देने के कारण उन पर कई साल का प्रतिबंध लग सकता है।

टेलर ने इस गलती को स्वीकार करते हुए सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में दावा किया कि भारतीय व्यवसाई ने उन्हें भारत में प्रायोजक दिलाने और जिम्बाब्वे में एक टी-20 टूर्नामेंट की संभावित योजना पर चर्चा



करने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस व्यवसाई के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि उन्हें अक्टूबर, 2019 में 15,000 डॉलर की पेशकश की गई थी। टेलर ने कहा कि हमने साथ में शराब पी और शाम के समय उन्होंने मुझे कोकीन की पेशकश की। वे खुद भी कोकीन ले रहे थे। मैंने मूर्खता से इसका सेवन कर लिया। इस घटना के बाद मुझे अब तक लाखों बार पछतावा हो चुका है। मुझे उस बात को छुपा कर रखने का पछतावा है कि उस रात उन्होंने कैसे मेरा इस्तेमाल किया। उन्होंने आगे कहा कि अगली सुबह वे लोग फिर से मेरे होटल कमरे में आए और कोकीन लेते हुए मेरा वीडियो मुझे दिखाया। उन्होंने मुझ से कहा कि मैं उनके लिए अंतरराष्ट्रीय मैचों में फिक्सिंग करूं नहीं तो मेरे वीडियो को सार्वजनिक कर देंगे। टेलर ने कहा कि मुझे अपनी सुरक्षा की चिंता थी। मेरे होटल के कमरे में छह लोग थे। मैं उनकी चंगुल में फंस गया था। मैं अपनी मर्जी से ऐसी स्थिति में फंस गया जिसने मेरे जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल संन्यास लेने से पहले 205 एकदिवसीय, 34 टेस्ट और 45 टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेले है। वह हालांकि इसके परिणाम को झेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें पता है कि आईसीसी उस समय इस घटना की जानकारी नहीं देने पर उन पर प्रतिबंध लगा सकती है। आईसीसी ने हालांकि इस मामले में अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

## कोहली ने मीडिया से बेटी की तस्वीरें नहीं छापने का अनुरोध किया

**भाषा** । केपटाउन

**भारत** के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को मीडिया से अनुरोध किया कि उनकी बेटी वमिका की तस्वीरें नहीं छापे। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान प्रसारणकर्ताओं द्वारा दिखाई गई उनकी बेटी की तस्वीरें उनके लिए भी हैरानी का सबब थी।

कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने बार बार मीडिया से उनकी बेटी की तस्वीरें नहीं छापने की अपील की है। रविवार को तीसरे वनडे के दौरान कोहली के अर्धशतक के बाद कैमरा अनुष्का पर चला गया जिनकी गोद में उनकी बेटी वमिका थी। मिनटों के भीतर ही वीडियो वायरल हो गया और ट्विटर पर हैशटैग वमिका ट्रेंड करने लगा। वमिका के चेहरे के स्क्रीन शॉट भी सोशल मीडिया पर साझा किए गए।

# महिला एशिया कप फुटबाल में भारत के सभी मैच रद्द

**भाषा** । मुंबई

**एशियाई** फुटबॉल परिसंघ ने सोमवार को महिला एशियाई कप से भारत के बाहर होने की औपचारिक घोषणा करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण के मामले आने के कारण चीनी ताइपै के खिलाफ मैच से भारतीय टीम के नाम वापिस लेने के बाद उसके सारे मैच रद्द माने जाएंगे।

भारतीय टीम चीनी ताइपै के खिलाफ पूरी टीम उतारने की स्थिति में नहीं थी क्योंकि उसके 12 खिलाड़ी कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने इसके एक दिन बाद जारी बयान में पुष्टि की कि दिशा निर्देशों के अनुसार माना जाएगा कि भारत ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। एएफसी ने कहा कि चीनी ताइपै और भारत के बीच महिला एशियाई कप 2022 का ग्रुप ए का मैच रद्द होने के बाद कोरोना महामारी के बीच एएफसी प्रतियोगिताओं पर लागू विशेष नियमों की धारा 4.1 के अनुसार माना जाएगा कि भारत ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। इसमें कहा गया कि भारत के सभी मैच अब रद्द माने जाएंगे। इसमें यह भी कहा गया कि भारत का ईरान के खिलाफ हुआ एकमात्र मैच अब ग्रुप की अंतिम तालिका तैयार करते समय गिना नहीं जाएगा।

भारत ग्रुप ए में चीन, चीनी ताइपै और ईरान के साथ था। अब इस ग्रुप में तीन ही टीमें मानी जाएंगी। बयान में कहा गया कि तीसरे स्थान की सभी टीमों के बीच अंतिम तुलना में किसी पक्षपात की संभावना से बचने के लिए ग्रुप बी और सी की पहले , दूसरे और तीसरे स्थान की टीमों का चौथे स्थान की टीम के खिलाफ मैच नहीं गिना जाएगा।

## तीसरे वनडे में धीमी ओवरगति के लिए भारत पर जुर्माना

**केपटाउन**। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में धीमी ओवरगति के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ियों पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकेश राहुल की टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम गेंदबाजी की थी। इसे ध्यान में रखते हुए मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने यह जुर्माना तय किया। आईसीसी से जारी बयान के मुताबिक खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवरगति के जुर्माने से संबंधित) के अनुसार प्रत्येक ओवर की देरी के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। राहुल ने इस आरोप को स्वीकार कर लिया कि इसलिए सुनवाई की आवश्यकता नहीं हुई।

# वनडे में हार्दिक और जडेजा की कमी खली: द्रविड़

## दक्षिण अफ्रीका से 3-0 से सीरीज हारने के बाद कोच ने स्वीकारा

**भाषा** । केपटाउन

**भारत** के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया कि एक दिवसीय क्रिकेट टीम में संतुलन का अभाव है और छठे सातवें नंबर पर हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा जैसे हरफनमौला खिलाड़ियों की कमी खली। दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भारत को 3-0 से हराया। इसके बाद द्रविड़ पर सवालों की बौछार होना लाजमी थी मसलन गेंदबाजी और बल्लेबाजी में बीच के ओवरों में खराब प्रदर्शन, केएल राहुल की कप्तानी और वेंकटेश अय्यर को शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतारना वगैरह। द्रविड़ ने कहा कि टीम की लय संतुलन पर निर्भर करती है। अगर ईमानदारी से देखें तो जो खिलाड़ी टीम को संतुलन देते हैं और छठे, सातवें, आठवें नंबर पर



हरफनमौला के रूप में विकल्प प्रदान करते हैं, वे चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। द्रविड़ का इशारा हार्दिक पंड्या और जडेजा की ओर था जो फिटनेस कारणों से बाहर हैं।

उन्होंने कहा कि जब वे वापसी करेंगे तो टीम को गहराई मिलेगी। इससे हमें अलग तरीके से खेलने की सहूलियत भी मिलेगी। केएल राहुल की कप्तानी के बारे में पूछने पर कोच ने कहा कि लोगों को समझना होगा कि वह उपलब्ध टीम से जो सर्वश्रेष्ठ कर सकता था, उसने किया।

## श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद: द्रविड़

**केपटाउन**। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर शर्मनाक प्रदर्शन पर मंथन करते हुए भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि खिलाड़ियों को स्थिरता और सुरक्षा मिलेगी लेकिन उनसे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

द्रविड़ उनमें से नहीं है जो खिलाड़ियों का नाम लेकर कुछ कहें लेकिन मध्यक्रम के कुछ बल्लेबाजों को कई मौके दिए जाने के बाद प्रदर्शन की उम्मीद से उनका आशय श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की ओर था। उन्होंने कहा कि हमने उन्हें लगातार मौके दिए हैं और हम चाहते हैं कि वह अपनी जगह को लेकर सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने कहा कि लेकिन सुरक्षा और मौके देने के साथ आप प्रदर्शन की भी उम्मीद करते हैं। इस स्तर पर खेलने वालों से यही अपेक्षा रहती है कि जरूरत के समय वे अच्छा प्रदर्शन करें। हम हरसंभव स्थिरता रखना चाहते हैं। श्रेयस तीन मैचों में 17,11 और 26 रन ही बना सके। द्रविड़ ने कहा कि आप चौथे, पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं तो आपको पता होना चाहिए कि टीम की जरूरत क्या है।

श्रेयस तीनों मैचों में जल्दी आउट हो गया। हमें पता है कि सभी अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं और हम हरसंभव उनका साथ देंगे।

# स्मृति मंधाना को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार

**आईसीसी**

**भाषा** । दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 2021 में सभी प्रारूपों में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार जीत लिया है।



मंधाना के अलावा इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट, दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली और आयरलैंड की गैबी लुईस भी रशेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के लिए नामित थी। मंधाना को आईसीसी वर्ष की टी-20 टीम में भी जगह मिली है। मंधाना ने 2018 में भी यह पुरस्कार जीता था और वह वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर भी चुनी गई थी। वह झूलन गोस्वामी के बाद यह पुरस्कार पाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर है झूलन को 2007 में यह पुरस्कार मिला था।

पिछला साल कठिन रहने के बावजूद मंधाना ने मैदान पर अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला में भारत आठ मैचों में से दो ही जीत सका और दोनों में मंधाना ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। दूसरे वनडे में उन्होंने नाबाद 80 रन बनाए और आखिरी टी-20 में 48 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ रहे एकमात्र टेस्ट में पहली पारी में 78 रन बनाए।

वहीं वनडे श्रृंखला में भारत को मिली एकमात्र जीत में 49 रन जोड़े। टी-20 श्रृंखला में उन्होंने 15 गेंद में 29 रन और एक अर्धशतक भी बनाया लेकिन भारत श्रृंखला 2-1 से हार गया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दूसरे मैच में उन्होंने 86 रन बनाए।

अपने कैरियर के एकमात्र टेस्ट में उन्होंने शतक जड़ा और प्लेयर आफ द मैच रही। उन्होंने आखिरी टी-20 में अपने कैरियर का दूसरा टी-20 अर्धशतक बनाया। मंधाना ने भारत के पहले दिन रात के टेस्ट में शतक जड़कर उसे यादगार बना दिया।

## जो रूट टेस्ट और बाबर आजम वनडे के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने

**दुबई**। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को सोमवार को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ आईसीसाी एक दिवसीय क्रिकेटर चुना गया जबकि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी बने जिन्होंने भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पछाड़कर यह पुरस्कार हासिल किया। आजम ने 2021 में छह मैचों में 67.50 की औसत से 405 रन बनाए। आजम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में 228 रन बनाए और दोनों मैचों में जीत में प्लेयर आफ द मैच चुने गए।

पहले वनडे में उन्होंने शतक लगाया और आखिरी वनडे में 82 गेंद में 94 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ 0-3 से मिली हार में पाकिस्तान के लिए अकेले वही डटकर बल्लेबाजी करते रहे। उन्होंने तीन मैचों में 177 रन बनाए लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिल सका। आखिरी वनडे में उन्होंने इमामुल हक के साथ 92 रन की साझेदारी की। उन्होंने पहले 50 रन 72 गेंद में और अगले 50 रन 32 गेंद में पूरे किए जो इस साल उनका दूसरा शतक था। रूट ने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन किया और एक कैलेंडर वर्ष में 1700 से अधिक टेस्ट रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे



खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले मोहम्मद युसूफ और सर विवियन रिचडर्स ही यह कमाल कर चुके हैं। एशिया में हो या अपने देश में और किसी भी गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, रूट ने जबर्दस्त बल्लेबाजी की है। श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट में उनकी पारी हो या भारत के खिलाफ चेन्नई या लॉर्डर्स पर, सभी आधुनिक दौर की बेहतरीन पारियों में से एक है। उन्होंने गेंदबाजी करते हुए 14 विकेट भी लिए। भारत के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में उन्होंने 2018 रन बनाए और भारतीय स्पिनरों का उनके अनुकूल हालात में डटकर सामना किया।

इस वर्ग में अश्विन, काइल जैमीसन और दिमुथ करूणारत्ने भी नामित थे। दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लिजेले ली को सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर चुना गया।

# विराट का सबसे बड़ा योगदान टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देना: वार्न

**भाषा** । नई दिल्ली

**दिग्गज** स्पिनर शेन वार्न ने सोमवार को कहा कि विराट कोहली अपने आप में एक प्रेरणादायक कप्तान रहे हैं लेकिन खेल के पारंपरिक प्रारूप के लिए उनके जुनून के बिना टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता कई देशों में कम हो जाती। कोहली ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की कमजोर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में 1-2 हार के बाद टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। लेकिन लेग-स्पिन के इस पूर्व जादूगर ने कहा कि कोहली का सबसे बड़ा योगदान क्रिकेट के सबसे कठिन प्रारूप को प्राथमिकता देना रहा है।

वार्न ने बुक माय शो पर प्रसारित हो रही अपनी डॉक्यूमेंट्री शेन के प्रचार के दौरान कहा कि विराट बहुत अच्छे कप्तान थे और उन्होंने अपने साथियों को प्रेरित किया। मुझे लगता है कि रणनीतिक पहलुओं में वह सुधार कर सकता था लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उसने अपने साथियों को हर समय प्रेरित किया। वॉर्न ने कहा कि कोहली ने जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा दिया, उससे भारत के पूर्व कप्तान के लिए उनके मन में सम्मान कई गुना बढ़ गया है।

टेस्ट क्रिकेट में 709 विकेट लेने वाले इस पूर्व गेंदबाज ने कहा कि सबसे पहले मैं कहना चाहूंगा कि विराट कोहली के लिए मेरे मन में काफी सम्मान है। मुझे लगता है कि वह एक शानदार क्रिकेटर और खेल के लिए महान दूत हैं। मुझे लगता है कि हम सभी को विराट कोहली और बीसीसीआई को टेस्ट क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए धन्यवाद देना चाहिए। यह इस खेल का शीर्ष प्रारूप है। वार्न का मानना है कि अगर कोहली और भारतीय क्रिकेट बोर्ड टेस्ट क्रिकेट के महत्व को बनाए रखने के लिए जोर नहीं लगाया होता तो टी-20 लीग के युग में लोगों का इस प्रारूप से मोहभंग हो जाता।

# भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप का प्रदर्शन सबसे यादगार: शाहीन अफरीदी

**भाषा** । कराची

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर (2021) बनने वाले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने कहा कि उनका सबसे यादगार प्रदर्शन पिछले साल टी-20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच में रहा है जिसमें उन्होंने तीन विकेट झटके थे। अफरीदी ने इस मैच में रोहित शर्मा और लोकेश राहुल को पवेलियन भेजने के बाद विराट कोहली का भी विकेट लिया था। उनकी टीम ने इस मैच को 10 विकेट से जीता था।

शाहीन ने कहा कि मैंने टेस्ट में कई बार पांच विकेट लेने के साथ अच्छा प्रदर्शन किया है। मेरे लिए हालांकि सबसे यादगार मैच वह है जिसमें हमने भारत के खिलाफ जीत दर्ज की थी। अफरीदी ने कहा कि मेरे लिए



पिछला साल शानदार रहा और उम्मीद है कि आप 2022 में भी मुझ से बेहतर प्रदर्शन देखेंगे। अफरीदी ने भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल के विकेट को टी-20 विश्व कप में अपना सबसे बेशकीमती विकेट बताया। उन्होंने कहा कि गेंद थोड़ी हरकत कर रही थी और हम जानते थे कि रोहित को जल्दी आउट कर सकते हैं, लेकिन जिस गेंद पर राहुल आउट हुए उस गेंद ने मुझे भी चौंका दिया। इस 21 साल के गेंदबाज ने बताया कि टीम के अनुभवी खिलाड़ी शोएब मलिक ने उन्हें राहुल के खिलाफ ऐसी गेंद डालने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो गेंद ज्यादा स्विंग नहीं कर रही थी लेकिन मैं अच्छी गति से गेंदबाजी कर रहा था और मलिक ने मुझसे कहा कि गेंद को आगे टप्पा कराओ और उसे खुद कुछ स्विंग करने दो। मुझे उम्मीद नहीं थी कि गेंद इतनी अधिक स्विंग करेगी।

## पाक के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर आफताब का निधन

**भाषा** । कराची

**पाकिस्तान** के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और प्रथम श्रेणी मैच की एक पारी में 428 रन बनाने वाले आफताब बलोच का सोमवार को निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। बलोच ने 1973-74 में कराची में सिंध की तरफ से बलोचिस्तान के खिलाफ 428 रन की पारी खेली थी। सिंध ने तब अपनी पारी सात विकेट 951 रन बनाकर समाप्त घोषित की।

बलोच ने पाकिस्तान की तरफ से दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 1969 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करते हुए 25 रन बनाए थे।

उन्होंने अपना दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच इसके छह साल बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था।

इस मैच में उन्होंने 12 और नाबाद 60 रन बनाए थे। इसके बाद उन्हें कभी पाकिस्तानी टीम में नहीं चुना गया।

# राहुल की कप्तानी पर उठे सवाल, कुछ कैरियर ढलान पर

**दक्षिण अफ्रीका दौरा**

**भाषा** । नई दिल्ली

**किंकर्तव्यविमूढ़** सा नजर आने वाला कार्यवाहक कप्तान, अपने कैरियर की ढलान पर पहुंचे कुछ सीनियर खिलाड़ी और सीमित ओवरों के क्रिकेट में रूढिवादी रवैए। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारत के प्रदर्शन की कुल जमा तस्वीर यही रही और अब आत्ममंथन के लिए कई सवाल टीम प्रबंधन के सामने होंगे।

इस दौरे पर रवाना होने से पहले ही संकेत मिल गए थे कि सब कुछ ठीक ठाक नहीं रहने वाला है जब तत्कालीन टेस्ट कप्तान विराट कोहली की बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों से ठन गई थी। पूरा प्रकरण टीम की रवानगी से पहले सही नहीं था लेकिन पहले टेस्ट में मिली जीत के बाद यह हाशिए पर चला गया। टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका टीम के सामने कार्यवाहक वनडे कप्तान



केएल राहुल के करने के लिए बहुत कुछ बचा नहीं था। कोहली भले ही स्वीकार नहीं करें लेकिन सच यही है कि बतौर क्रिकेटर वह अपने कैरियर के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। तीन में से दो प्रारूपों में कप्तानी उन्होंने छोड़ी और एक से उन्हें हटा दिया गया। लेकिन वह कोहली हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में यूं ही शुमार नहीं होते।

अपने इर्द गिर्द तमाम सुर्खियों के बावजूद उन्होंने तीसरे टेस्ट में 79 रन बनाए। वनडे में भी उन्होंने दो अर्धशतक जड़े लेकिन वह अपनी चिर परिचित लय में नही थे। केपटाउन टेस्ट में डीआरएस का एक फैसला अनुकूल नहीं आने पर प्रसारकों पर भड़ास निकालने से उनकी ख्याति को ठेस पहुंची और भारत की मैच में वापसी की संभावना को भी। टेस्ट श्रृंखला हारने के बाद कोहली ने कप्तानी छोड़ दी लेकिन उनके वारिस के रूप में देखे जा रहे राहुल प्रभावित नहीं कर सके। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा , क्या केएल राहुल किसी भी नजरिए से कप्तान लग रहा था। उनसे पूछा गया था कि रोहित की फिटनेस समस्याओं के कारण क्या राहुल को टेस्ट कप्तान बनाया जा सकता है।

समझा जाता है कि कोच राहुल द्रविड़ राहुल को दीर्घकालिन विकल्प के रूप में देखते है और यही वजह है कि उन्होंने उसकी कप्तानी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि उसने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। कप्तानी का मतलब अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराना भी है।वनडे टीम में संतुलन की कमी दिखी। वह समय के साथ सीखेगा। भारत ऐसी टीम से हारा जो बदलाव के दौर से गुजर रही है और जिसके कोच पर नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप लगे हैं। भारतीय टीम ने बेखौफ क्रिकेट नहीं खेली और ना ही कोई सूझबूझ दिखाई। चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में चमके लेकिन इसके अलावा सकारात्मक क्रिकेट नहीं खेल सके। दोनों छह पारियों में 200 रन भी नहीं बना सके और अब उनका कैरियर निस्संदेह अवसान की ओर दिख रहा है। हनुमा विहारी जैसे खिलाड़ी लंबे समय से इंतजार में है।

गेंदबाजी की बात करें तो इशांत शर्मा को बाहर रखना इस बात का परिचायक है कि टीम प्रबंधन को अब उन पर भरोसा नहीं रहा। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। आर अश्विन और भुवनेश्वर कुमार ने निराश किया। शॉर्ट गेंदों के सामने श्रेयस अय्यर की तकनीकी कमियों की भी कलई खुल गई।